www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
रायपुर, बुधवार, 4 अक्टूबर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –170 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



सरकार बनने पर कराएंगे जातिगत जनगणना पृष्ठ 2
■ बिहार के क्षितिज से उगे सूर्य का प्रकाश अब सारे देश में फैले
■ मायावती ने शुरू किया बड़ा अभियान, किसी गठबंधन से कोई संबंध नहीं पृष्ठ 6
■ राष्ट्रपति पद की अगली बहस के लिए केवल चार उम्मीदवार चाहते हैं रामास्वामी
■ धोखाधड़ी के मुकदमे का सामना करने को कोर्ट में पेश हुए ट्रम्प पृष्ठ 7
अन्नू रानी ने जीता सोना पृष्ठ 8

# कोई आकंठ भ्रष्टाचारी मोदी से आंख नहीं मिला सकता : पीएम

## कांग्रेस की तुलना में भाजपा सरकार आदिवासियों के विकास के लिए पांच गुना ज्यादा बजट देती है : मोदी

- कांग्रेस धान खरीदी पर झूठ बोल रही है , धान का एक एक दाना केंद्र सरकार खरीदती है
- आमसभा स्थल लोगों से खचाखच भरा रहा, बड़ी संख्या में पहुंची थी महिलाएं

**जगदलपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु) । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज जगदलपुर पहुंचे थे जहां उन्होंने लालबाग मैदान के सरकारी कार्यक्रम में एन एम डी सी के नगरनार स्टील प्लांट का वर्चुअल लोकार्पण के साथ बस्तर जिले को कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की। लालबाग में आमसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर छत्तीसगढ़ को कांग्रेस ने कुछ दिया है तो केवल घोटालेबाज की सरकार दी है कांग्रेस ने झूठा प्रचार किया। छत्तीसगढ़ में अपराध का बोलबाला बढ़ रहा है इसलिए छत्तीसगढ़ बदलाव की बात कह रहा है ।

पीएम मोदी ने कहा कि अपराध चरम पर है। अपराध में छत्तीसगढ़ और राजस्थान में स्पर्धा है। हत्याओं में छत्तीसगढ़ आगे है। कांग्रेस के कारनामनों से छत्तीसगढ़ त्रस्त है। चारों तरफ भ्रष्टाचार का बोल-बाला है। पीएम मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में विकास सिर्फ पोस्टर और बैनर में हैं। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को झूठा प्रचार दिया है। कांग्रेस ने दशकों तक बस्तर को नजर अंदाज किया। अटल जी की सरकार ने छत्तीसगढ़ को बनाया कांग्रेस को आपकी चिंता नहीं है। आदिवासी समाज के लिए पांच गुना बजट दे रहे हैं। जगदलपुर में सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ 5 साल में छत्तीसगढ़ की जो हालत की है उसे पूरा देश देख रहा है। इनके विधायकों और मंत्रियों ने जो कारनामे किए हैं उससे हर कोई त्रस्त है। छत्तीसगढ़ में अपराध चरम पर है, हत्याओं के मामले में छत्तीसगढ़ अग्रणी राज्य की श्रेणी में पहुंच गया है, कभी-कभी तो लगता है कि छत्तीसगढ़ और राजस्थान में आपराधिक मामलों में स्पर्धा चल रही है।




## प्रधानमंत्री ने नगरनार इस्पात संयंत्र राष्ट्र को किया समर्पित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नगरनार संयंत्र, रेल परियोजनाओं के शिलान्यास लोकार्पण समारोह में करीब 27 हजार करोड़ के विकास कार्यों की सौगात देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ भारत का भाग्य बदलने में बहुत बड़ी भूमिका अदा करेगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना तब सिद्ध होगा, जब हर प्रदेश, हर जिला, हर गांव विकसित हो। इस संकल्प को शक्ति देने के लिए मंगलवार को यहां लगभग 27 हजार करोड़ रुपए की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। मैं आप सभी को, छत्तीसगढ़ की जनता को बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

**27 हजार करोड़ के विकास की दी सौगात**

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लिए फिजिकल, डिजिटल, जरूरत के हिसाब से विकास होना चाहिए। यही वजह है कि हमारी सरकार ने पिछले 9 वर्षों में इंफ्रास्ट्रक्चर पर होने वाले खर्च को बढ़ाकर इस साल 10 लाख करोड़ रुपए कर दिया है। यह पहले के मुकाबले 6 गुना ज्यादा है। यह जो आज देश में रेल, रोड, एयरपोर्ट पावर प्रोजेक्ट, गाड़ियां, गरीबों के घर, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल बना रहे हैं, इन सब में स्टील का बहुत बड़ा महत्व है। स्टील निर्माण में भारत आत्मनिर्भर हो, इसके लिए बीते 9 वर्षों में अनेक कदम उठाए गए हैं। एक बड़ा स्टील निर्माता राज्य होने के कारण छत्तीसगढ़ को इसका बहुत लाभ मिल रहा है। छत्तीसगढ़ की इस भूमिका को विस्तार देते हुए आज नगरनार में भारत के सबसे आधुनिकतम स्टील प्लांट में से एक का लोकार्पण हुआ है। यहां बनने वाला स्टील भारत की इंजीनियरिंग और तेजी से बढ़ते डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बहुत काम आने वाला है। नई ऊर्जा देने वाला है। बस्तर में जो स्टील बनेगा, उससे हमारी सेना और भी सक्षम होगी। निर्यात में भी भारत का डंका बजेगा। नगरनार प्लांट के कारण बस्तर ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### कांग्रेस को स्टील प्लांट का मालिक नहीं बनने दूंगा : प्रधानमंत्री

जगदलपुर में पीएम मोदी ने कहा कि ये (कांग्रेस सरकार) झूठी बातें फैलाकर स्टील प्लांट पर कब्जा करना चाहते हैं और इसके जरिए मोटी कमाई करना चाहते हैं। स्टील प्लांट बस्तर के लोगों का है। मैं किसी भी कांग्रेस नेता को इस स्टील प्लांट का मालिक नहीं बनने दूंगा।

### सरकारी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति पर उठाए सवाल

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में अटल जी की सरकार थी, उन्होंने जनजाति विभाग बनाया। कांग्रेस ने इतने समय तक क्या किया। ये भाजपा की ही सरकार है जिसने मेडिकल कॉलेज , इंजीनियरिंग कॉलेज बनाया, ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### मां दंतेश्वरी मंदिर में की पूजा अर्चना



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मदन केसरी हवाई अड्डे से सीधे मां दंतेश्वरी मंदिर पहुंचे और मां की पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद लिया इसके पश्चात वे राजमहल भी पहुंचे।

### आप पार्टी के सभी प्रमुख पदाधिकारी गिरफ्तार

जगदलपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा 3 अक्टूबर को हुई। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनज़र आम आदमी पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता तरुणा साबे बेदरकर सहित सभी प्रमुख पदाधिकारियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सभा के पहले दिन आम आदमी पार्टी ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

**मुख्यमंत्री का पीएम पर तंज**

# ईडी-आईटी वाले गली-गली घूम रहे तो डर लगेगा ही : भूपेश

## मोदी स्पष्ट करें नहीं बचेंगे स्टील प्लांट, शांतिपूर्वक किया बस्तर बंद



**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु) । बस्तर के सरकारी कार्यक्रम में आज सरकार के किसी मंत्री के नहीं पहुंचने के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डर वाले बयान पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पलटवार किया ।उन्होंने कहा कि पत्रकारों तक को जेल में डाल देते हैं, इसलिए सब डरते हैं। जितने कुत्ते-बिल्ली नहीं घूमते, उतने ईडी-आईटी वाले घूम रहे हैं, तो डरेंगे ही। जो एक बार जेल चला गया, जमानत ही नहीं होना है तो डरेंगे ही।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जगदलपुर में भाजपा के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सरकार पर लगाए आरोपों पर एक-एक कर जवाब दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कह रहे लघु वन उपज भी केंद्र की सरकार खरीदती है, इस पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पलटवार करते हुए कहा कि इससे बड़ी झूठ की बात और क्या हो सकती है, समर्थन मूल्य घोषित करना अलग बात है, वैल्यू एडिशन रोजगार उत्पन्न करना यह काम छत्तीसगढ़ सरकार कर रही है ।पूरे देश का तीन चौथाई लघु वनोपज छत्तीसगढ़ से खरीदा जाता है। मध्य प्रदेश में भी उनकी सरकार है वहां क्यों खरीदी नहीं होता ?

मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति आयोग में भी यह बात मैंने उठाई थी, भारत सरकार को चिट्ठी लिखी कोदो-कुटकी का समर्थन मूल्य तो घोषित कर दो, वह तो घोषित नहीं किया ।राज्य सरकार ने घोषित किया और खरीदी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब मिलेट मिशन चल रहा है तो घोषणा तो कर सकते है। एमएसपी भी घोषित नहीं किया, वह एमएसपी भी राज्य सरकार ने ही घोषित किया, और खरीदी हम लोग कर रहे हैं ।सबसे बड़ा मिलेट्स प्लांट छत्तीसगढ़ के कांकेर में हैं। कांग्रेस शासित राज्यों में अपराध को लेकर कॉम्पटीशन हो रहा है, कौन आगे है ? प्रधानमंत्री के इस ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## सार संक्षेप

### दिल्ली में भूकंप के झटके

**नई दिल्ली ।** दिल्ली-एनसीआर, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान समेत मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में मंगलवार दोपहर 2.53 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.6 रही। इसका केंद्र नेपाल के बझांग जिले में था। बताया जा रहा है कि नेपाल में दो बार भूकंप आया। पहला 2.25 बजे, जिसकी तीव्रता 4.6 थी। दूसरा झटका 2.53 बजे आया जिसकी तीव्रता 6.2 रहीं। उत्तर प्रदेश में तीव्रता 5.5 मापी गई।

### 107 सांसदों, विधायकों के खिलाफ हेट स्पीच के मामले हैं दर्ज

**नई दिल्ली ।** भारत में इस समय 107 मौजूदा सांसदों व विधायकों के खिलाफ हेट स्पीच के मामले दर्ज हैं। यह जानकारी एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) की ताजा रिपार्ट में दी गई है। सांसदों व विधायकों के चुनावी हलफनामे के आधार पर तैयार की गई रिपोर्ट में कहा गया हैकि 33 मौजूदा सांसदों के खिलाफ इस तरह के मामले दर्ज हैं। इसमें से 66 फीसदी यानि 22 सांसद अकेले भाजपा के हैं। जबकि दो सांसद कांग्रेस पार्टी के, एक निर्दलीय व एक-एक सांसद आठ क्षेत्रीय पार्टियों के हैं।

### कनाडा 40 राजनयिकों को वापस बुला ले : भारत

**नई दिल्ली ।** कनाडा और भारत के बीच खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर कड़वाहट बढ़ती जा रही है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों के बाद से भारत भी लगातार जवाबी कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में अब भारत ने कनाडा से कहा है कि वह अपने 40 राजनयिकों को 10 अक्टूबर तक भारत से वापस बुला ले। साथ ही चेतावनी दी कि अगर तय समय में उन्हें वापस नहीं बुलाया गया तो उनकी राजनयिक छूट खत्म कर दी जाएगी।

### नायडू को राहत नहीं

**नई दिल्ली ।** उच्चतम न्यायालय ने आंध्र प्रदेश में कौशल विकास केंद्रों की स्थापना में कथित घोटाले से संबंधित एक मामले में पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को तत्काल राहत देने की उनकी गुहार ठुकराते हुए मंगलवार को कहा वह इस मामले से उच्च न्यायालय में पेश दस्तावेज प्राप्त राज्य सरकार से होने के बाद नौ अक्टूबर को इस पर विचार करेगा।

# रायगढ़ में भरोसे का सम्मेलन में शामिल होने आज आएंगे खड़गे



**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधान सभा चुनाव के मद्देनजर दिग्गज नेताओं का प्रदेश दौरा जारी है। इसी कड़ी में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 4 अक्टूबर को दौरे पर आ रहे हैं। वे यहां रायगढ़ जिले के कोंड़ातराई में आयोजित 'भरोसे का सम्मेलन' को संबोधित करेंगे। खड़गे का बीते 2 महीनों के भीतर यह चौथा दौरा है। इससे पहले वे जांजगीर-चांपा जिला में आयोजित भरोसे का सम्मेलन में शामिल हुए थे। इसके बाद राजनांदगांव और फिर बलौदाबाजार-भाटापारा जिला में कार्यक्रम में शामिल हुए थे। श्री खड़गे विशेष विमान से सुबह 11 बजे दिल्ली से उड़ान भरेंगे। दोपहर 12:30 बजे रायगढ़ पहुचेगे। रायगढ़ से हेलीकॉप्टर के जरिए कार्यक्रम स्थल कोंड़ातराई के लिए रवाना होंगे ।कोंड़ातराई में दोपहर 1 बजे से साढ़े 3 बजे तक कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

कार्यक्रम के बाद खड़गे हेलीकॉप्टर से रायगढ़ एयर स्ट्रीप लौटेंगे और वहां से साढ़े 5 बजे दिल्ली के लिए रवाना होंगे। रायगढ़ में आयोजित 'भरोसे का समेलन' के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रायगढ़ जिले के लिए कई सौगातों की घोषणा भी करेंगे। सभा स्थल पर पिछले चार साल के दौरान कांग्रेस की उपलब्धियों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इस कार्यक्रम में प्रदेश स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक के नेता भी शामिल होंगे।

# दिल्ली में न्यूजक्लिक का दफ्तर सील

## पत्रकारों से घंटों की गई पूछताछ, 30 से ज्यादा स्थानों पर रेड की गई

**नईदिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल के अधिकारियों ने यहां के 'न्यूजक्लिक' कार्यालय को सील कर दिया और पत्रकार उर्मिलेश, औनिंद्यो चक्रवर्ती, अभिसार शर्मा, परंजय गुहा ठाकुरता समेत इतिहासकार सोहेल हाशमी से घंटों तक पूछताछ की, लेकिन शाम को उन्हें रिहा कर दिया। सूत्रों के अनुसार, लोधी कॉलोनी में स्पेशल सेल पुलिस स्टेशन में पूछताछ के दौरान पुलिस ने उन्हें 25 सवालों की सूची सौंपी, जिसमें विभिन्न विषय, जैसे उनकी अंतर्राष्ट्रीय यात्राएं, दिल्ली के शाहीनबाग में नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के खिलाफ प्रदर्शन



- दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने की पूछताछ
- उर्मिलेश, औनिंद्यो, अभिसार, परंजय गुहा शामिल

व किसान आंदोलन में भागीदारी वगैरह शामिल थे। मुख्य रूप से दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र पर केंद्रित तलाशी के दौरान फिलहाल कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। एक अन्य घटनाक्रम में, संस्थापक और प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ को फोरेंसिक टीम की मौजूदगी में पोर्टल के दक्षिणी दिल्ली कार्यालय में लाया गया। सूत्र बताते हैं कि न्यूजक्लिक से जुड़े विभिन्न स्थानों पर ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### जाति जनगणना ने उड़ा दी मोदी की नींद : कांग्रेस

कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि बिहार में जाति जनगणना के आंकड़े सामने आने के बाद अब देश में यह मांग जोर पकड़ने लगी है और इस चौंकाने वाले आंकड़े ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नींद उड़ा दी है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा, कल जब से बिहार के जाति जनगणना के चौंका देने वाले आंकड़े सामने आए हैं, पूरे देश में जाति जनगणना की माँग ज़ोर पकड़ रही है। मोदी साहिब की नींद उड़ी हुई है। जब पाठ्यक्रम के बाहर का कोई सवाल ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# एनडीए में शामिल होना चाहते थे केसीआर: मोदी

**निजामाबाद** (तेलंगाना), 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को दावा किया कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने उनसे भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल करने का अनुरोध किया था, लेकिन उन्होंने ऐसा करने से इनकार कर दिया। एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बीआरएस प्रमुख ने ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) चुनाव के बाद उनसे मुलाकात की थी। बीआरएस नगर निकाय में बहुमत हासिल करने में विफल रही थी जबकि भाजपा ने 48 सीटें जीती थीं। मोदी ने कहा कि उन्होंने केसीआर से कहा कि बीआरएस को एनडीए में शामिल करने के बजाय भाजपा विपक्ष में बैठना पसंद करेगी। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि केसीआर ने उनसे दोबारा मुलाकात कर कहा था कि वह सत्ता की बागडोर अपने बेटे केटीआर को सौंपना चाहते हैं। मोदी ने दावा किया, उन्होंने मुझसे केटीआर को आशीर्वाद देने का अनुरोध किया। मैंने उनसे पूछा कि क्या आप राजा महाराजा हैं ? यह लोकतंत्र है और लोग तय करेंगे कि किसका शासन होना चाहिए। आखिरी बार वो मुझसे मिले थे।

# सुप्रीम कोर्ट पहुंचा बिहार जाति जनगणना मामला

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के पहले गांधी जयंती के दिन बिहार सरकार ने जाति जनगणना के आंकड़े जारी कर दिए। इसके बाद राजनीति भी तेज हो गई है। राजद-जदयू की सरकार इसे मास्टरस्ट्रोक बता रही है वहीं भाजपा का कहना है कि यह आधी-अधूरी रिपोर्ट है। राजनीतिक सरगर्मी के बीच जाति जनगणना वाला मामला अब सप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। दो गैर-सरकारी संगठन यूथ फॉर इक्वैलिटी और सोच एक प्रयास ने इस बाबत सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। देश की सर्वोच्च अदालत इसपर 6 अक्टूबर को सुनवाई करेगी। उससे पहले अदालत ने कोई बयान नहीं दिया है। असल में बिहार सरकार ने जाति जनगणना की रिपोर्ट न जारी करने का आश्वासन दिया था। दोनों एनजीओ यूथ फॉर इक्वैलिटी और सोच एक प्रयास ने इन आंकड़ों को जारी न करने के लिए कोर्ट से गुहार लगाई थी। तब हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इसपर कोई भी आदेश ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

- 6 अक्टूबर को होगी सर्वोच्च अदालत में सुनवाई
- रिपोर्ट को सार्वजनिक करने पर जताई गई आपत्ति

### नीतीश की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक, विपक्षी दलों ने गिनाई खामियां

जातीय गणना के आंकड़े जारी होने के बाद मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। इस बैठक में नौ दलों को बुलाया गया था। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में सीएम सचिवालय में बैठक हुई। बैठक में जाति आधारित गणना के आंकड़ों पर चर्चा हुई है, वहीं, बीजेपी के नेता और 'हम' संयोजक जीतन राम मांझी ने मौजूदा जाति आधारित गणना में कई खामियों को सरकार के सामने रखा, जिस पर मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लेते हुए सम्बंधित अधिकारी को उसे दूर करने की बात कही।

# कश्मीर में विदेशी आतंकी बने खतरा 150 से ज्यादा आतंकवादी सक्रिय

**जम्मू,** 3 अक्तूबर(देशबन्धु) । कश्मीर में इस साल अभी तक 40 से ज्यादा विदेशी आतंकियों के मारे जाने के बावजूद वे शांति के लिए खतरा बने हुए हैं क्योंकि बताया जा रहा है 150 से ज्यादा अभी भी कश्मीर में एक्टिव हैं। इन विदेशी आतंकियों के प्रति सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर वे कहां से आ रहे हैं जबकि सेना कहती है कि घुसपैठ पूरी तरह से रोक दी गई है। जबकि पुलिस दावा करती थी कि घुसपैठ में सिर्फ कमी आई है। पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह की स्वीकारोक्ति है कि कश्मीर में विदेशी आतंकियों की संख्या अभी भी चिंताजनक है। पर वे इस सवाल का जवाब नहीं दे पाते थे कि आखिर वे कहां से आ रहे हैं। दरअसल एलओसी के उन घुसपैठ के रास्तों को पूरी तरह से पाट पाना असंभव ही है जो गहरी खाईयों और नदियों से गुजरते हैं तथा जहां बर्फबारी हमेशा ही तारबंदी को नुक्सान पहुंचा रही है। ऐसे में सेना के दावों पर पर भी प्रश्नचिन्ह लगता था जिसमें अक्सर कहा जा रहा है कि उस पार से घुसपैठ शून्य हो चुकी है। हालांकि उस पार से आने वाले अधिकतर घुसपैठियों को अब तारबंदी को पार करने से पहले ही मार गिराने में अत्याधुनिक उपकरण कामयाबी दिला रहे हैं। फिलहाल इसके प्रति कोई ठोस जानकारी नहीं है कि कितने विदेशी आतंकी कश्मीर में एक्टिव है।

**सम्मान** पियरे एगोस्टिनी, फेरेंक क्रॉस्ज व ऐनी एल हुइलियर को पुरस्कार के लिए चुना

# तीन वैज्ञानिकों को 2023 का भौतिकी का नोबेल पुरस्कार

- इलेक्ट्रॉनों की गतिशीलता का अध्ययन करने का तरीका किया विकसित

**स्टॉकहोम, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। भौतिकी में 2023 का नोबेल पुरस्कार पियरे एगोस्टिनी, फेरेंक क्रॉस्ज और ऐनी एल हुइलियर को प्रदान किया गया है। पदार्थ में इलेक्ट्रॉनों की गतिशीलता का अध्ययन करने के तरीके विकसित करने के लिए इन वैज्ञानिकों को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुना गया है।**

*नोबेल समिति ने एक्स पर कहा, रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने पदार्थ में इलेक्ट्रॉन गतिशीलता के अध्ययन के लिए प्रकाश के एटोसेकंड पल्स उत्पन्न करने वाले प्रयोगात्मक तरीकों के लिए पियरे एगोस्टिनी, फेरेंक क्रूज और ऐनी एल हुइलियर को भौतिकी में 2023 का नोबेल पुरस्कार देने का फैसला किया है। 'पदार्थ में इलेक्ट्रॉन गतिशीलता के अध्ययन के लिए प्रकाश के एटोसेकंड पल्स उत्पन्न करने के प्रायोगिक तरीकों' के लिए यह पुरस्कार इन वैज्ञानिकों को दिया जाएगा। इस पुरस्कार के तहत दी जाने वाली राशि इस साल बढ़ाकर 1.1 करोड़ स्वीडिश क्राउन (करीब 10 लाख अमेरिकी डॉलर) कर दी गई है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज की ओर से प्रदान किया जाता है। यह इस सप्ताह यह दूसरा नोबेल पुरस्कार घोषित किया गया है।*



*चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार काटालिन कारिको और ड्रयू वीसमैन को एमआरएनए कोविड-19 टीकों के विकास में योगदान के लिए देने की घोषणा सोमवार को की गई थी। हंगरी के वैज्ञानिक कैटालिन कारिको और अमेरिकी सहयोगी ड्रयू वीसमैन को एमआरएनए मॉलीक्यूल की खोज के लिए पुरस्कार जीता है।*

***अब तक भौतिकी में 116 नोबेल पुरस्कार दिए गए***

*वर्ष 1901 से अब तक भौतिकी में 116 नोबेल पुरस्कार दिए गए हैं इनमें चार महिलाएं शामिल हैं। वर्ष 1903 में मैरी क्यूरी, 1963 में मारिया गोपर्ट मेयर, 2018 में डोना स्ट्रिकलैंड और 2020 में आंद्रिया घेज को नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।*

*नोबेल पुरस्कार डायनामाइट के आविष्कारक और व्यवसायी अल्फ्रेड नोबेल की वसीयत के तहत स्थापित पुरस्कार है। यह पुरस्कार विज्ञान, साहित्य और शांति लाने के लिए हासिल की गई उपलब्धियों के लिए 1901 से निरंतर प्रदान किए जा रहे हैं। यह दुनिया भर में वैज्ञानिकों के लिए सर्वोच्च सम्मान है।*

## बोमन ईरानी ने कहा, 'महात्मा वर्सेस गांधी' के लिए मैंने 30 किलो वजन घटाया

**मुंबई।** 'मुन्ना भाई' फिल्म फ्रेंचाइजी, 'मैं हूं ना', 'वीर-जारा', 'खोसला का घोसला' और कई अन्य फिल्मों से पहचान बनाने वाले अभिनेता बोमन ईरानी ने 'महात्मा वर्सेस गांधी' में राष्ट्रपिता की भूमिका निभाने की अपनी यात्रा को याद किया। उन्होंने इस फिल्म के लिए 30 किलो वजन कम किया था। अभिनेता ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर महात्मा गांधी के किरदार में कुछ तस्वीरें साझा की, जिसके लिए उन्हें शारीरिक परिवर्तन से गुजरना पड़ा। उन्होंने कैप्शन में लिखा कि हमें हर दिन गांधी जी के सिद्धांतों के बारे में सोचना चाहिए। मुझे फिरोज खान की महात्मा वर्सेस गांधी में उनका किरदार निभाने का सौभाग्य मिला। इस किरदार को निभाने के लिए मैंने 30 किलो वजन कम किया लेकिन जीवन भर सीखने का मौका मिला।

# कोविड के बाद युवाओं में हार्ट अटैक के मामलों में बढ़ोतरी

## युवाओं में दिल का दौरा पड़ने के मामलों में वृद्धि होने से चिंता बढ़ी



**राजकोट,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजकोट में युवाओं में दिल का दौरा पड़ने के मामलों में वृद्धि होने से चिंता अधिक बढ़ गई है। यहां पर बीते 24 घंटों में 5 और लोगों की दुखद मौतें हुई हैं। बढ़ती संख्या स्वास्थ्य पेशेवरों और समुदाय के लिए चिंता का विषय है। राजकोट के पास खोखद्दल कस्बे के निवासी 34 वर्षीय राशिद खान को सोमवार सुबह बेहोश पाया गया। खान को तत्काल राजकोट सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने कहा कि दिल का दौरा पड़ने से उसकी मौत हुई है। राशिद खान, मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। वह एक मजदूर के रूप में काम करता था और 8 भाई-बहनों में सबसे छोटा था। वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. दिनेश राज ने युवा व्यक्तियों में, विशेष रूप से कोविड के बाद, दिल के दौरे के बढ़ते मामलों के बारे में चिंता जताई। उन्होंने महामारी और इस खतरनाक प्रवृत्ति के बीच एक संभावित संबंध का सुझाव दिया। डॉक्टर ने कहा कि तनावपूर्ण लाइफस्टाइल के कारण हाई ब्लड प्रेशर युवाओं में बढ़ रहा है। इसी तरह, 21 वर्षीय धारा परमार बेहोश हो गईं और उनके आवास पर संदिग्ध हृदय गति रुकने से उनकी मौत हो गई। वहीं, जीआईडीसी मेटोडा में एक फैक्ट्री में रसोइया के रूप में कार्यरत 30 वर्षीय विजय संकेत भी बेहोश हो गए और उनकी मौत हो गई। मौत का कारण दिल का दौरा माना जा रहा है। एक अन्य घटना में, राजकोट के बाहरी इलाके कोठारिया शहर के निवासी 45 वर्षीय राजेश को 2 अक्टूबर को सुबह 10 बजे के आसपास अपने खेत में अचानक दिल का दौरा पड़ा।

राजकोट सिविल अस्पताल पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। राजकोट के एक आवासीय अपार्टमेंट में सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करने वाले नेपाल के 35 वर्षीय निवासी ललित परिहार घर पर दुखद रूप से गिर गए और माना जाता है कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही दिल का दौरा पड़ने से उनकी मृत्यु हो गई।

# ब्रॉडवे के ओपेरा संगीत की प्रेमी हैं वाणी कपूर

**मुंबई,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। ब्लॉकबस्टर संगीत की शौकीन अभिनेत्री वाणी कपूर हाल ही में ब्रॉडवे के ओपेरा संगीत को देखने के लिए न्यूयॉर्क शहर गई थी। अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान, 'वॉर' अभिनेत्री ने स्वीकार किया कि उन्हें हमेशा से संगीत पसंद रहा है और वह उसे बहुत प्रेरणादायक मानती हैं। संगीत के प्रति अपने प्रेम के बारे में बताते हुए वाणी ने कहा कि मुझे संगीत हमेशा से पसंद रहा है। हाल ही में न्यूयॉर्क की यात्रा के दौरान मुझे लगातार कुछ लोकप्रिय संगीत कार्यक्रम देखने का मौका मिला। उन्होंने आगे कहा कि एक लाइव नाटक या संगीत इतना आकर्षक होता है कि प्रत्येक क्षण को मंच पर इतनी अच्छी तरह से निखारा जाता है कि इसे कभी दोहराया नहीं जा सकता। मैंने हमेशा हल्का, खुश महसूस किया है और मैं इससे रचनात्मक रूप से प्रेरित हुई हूं। अपने बयान में उन्होंने कहा कि ब्रॉडवे थिएटर में लाइव दर्शकों के साथ रहने की ऊर्जा खास है। ब्रॉडवे शो में वापस जाना जादू के लिए वापस जाने जैसा है, जो हर पल को वास्तव में अद्भुत और अद्वितीय बनाता है।



भू-वैज्ञानिकों ने भवनों के निर्माण के शोध में किया खुलासा

# वैज्ञानिक नीति से भवनों का निर्माण होना जरूरी

**शिमला,** 3 अक्तूबर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश से हुए नुकसान के बाद भू-वैज्ञानिकों ने भवनों के निर्माण में वैज्ञानिक नीति के इस्तेमाल की जरूरत बताई है। वैज्ञानिकों ने सलाह दी है कि किसी भी निर्माण से पहले वहां की मिट्टी की जांच करवाना जरूरी की जाए।

बारिश से शिमला सर्किल में लोक निर्माण विभाग ने 138 करोड़ रुपए के नुकसान का आकलन किया है। यह केवल सड़कों को हुई क्षति का आंकड़ा है। भवनों, डंगों और अन्य सामुदायिक संपत्तियों के नुकसान को जोड़ा जाए तो शहर में 500 करोड़ से ऊपर की क्षति हुई है। शहर में अधिकतम नुकसान उन इलाकों में हुआ है जहां तलछटी चट्टानों पर भारी बारिश से दबाव पड़ा।

शिव मंदिर में जहां भूस्खलन की वजह से 20 लोगों ने जान गंवाई थीं उसमें भू-वैज्ञानिकों ने अपने शोध में खुलासा किया है कि जमीन में पानी रिसने से यह हादसा हुआ था। पानी रिसने से चट्टानों की संरचनात्मक अखंडता में

**निर्माण से पहले वहां की मिट्टी की जांच करवाना जरूरी**

कमजोरी आई जिससे भूस्खलन हुआ। शहर में विभिन्न इलाकों में हुए नुकसान के पीछे भी तलछटी चट्टानों पर बड़ी इमारतों का निर्माण और जल निकास का न होना मुख्य वजह सामने आई है। शिमला शहर का निर्माण 20,000 लोगों के लिए हुआ था लेकिन आज यहां दो लाख से ऊपर लोग रह रहे हैं। राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के प्रावधानों के मुताबिक शहर में दो मंजिलों से ऊपर के घरों के निर्माण पर रोक लगनी चाहिए और हर बड़े निर्माण कार्य से पहले जियोलॉजिकल सर्वे होना चाहिए।

शिमला के खनन अधिकारी एवं भू-वैज्ञानिक गौरव शर्मा ने बताया कि शहर के मुख्य पहाड़ मजबूत हैं। बिना मिट्टी की जांच करवाए शहर में हर जगह चार-पांच मंजिलों के मकानों का निर्माण किया जा रहा है जो खतरनाक है। शिमला के पहाड़ों को जरूरत है, एक पूर्ण जल निकास नीति की। इससे बारिश का पानी पहाड़ों में रिसने के बजाय किसी और तरीके से उपयोग हो। खनन विभाग के भू-वैज्ञानिकों ने वर्ष 2012 में नगर निगम को चार रिपोर्ट सौंपी थीं। इसमें कृष्णानगर में हो रहे अनियंत्रित निर्माण के बारे में आगाह किया था। रिपोर्ट में कृष्णानगर इलाके को भूस्खलन के लिहाज से असुरक्षित घोषित किया था। भू-वैज्ञानिकों ने कहा था कि कृष्णानगर में बड़े निर्माण कार्य न हों लेकिन प्रशासन ने रिपोर्ट को अनदेखा कर दिया था।

# दिल्ली के मुखर्जी नगर में आने वाले लाखों छात्रों की कहानी पर आधारित है '12वीं फेल'

**मुंबई,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। निर्देशक विधु विनोद चोपड़ा ने आगामी फिल्म '12वीं फेल' का ट्रेलर जारी कर दिया है। यह एक विचारोत्तेजक सामाजिक फिल्म है। फिल्म के बारे में बात करते हुए उन्होंने इसे उम्मीद और कभी हार न मानने की इच्छाशक्ति की कहानी बताया।




फिल्म के बारे में विस्तार से बताते हुए विधु विनोद चोपड़ा ने कहा कि आज के समय में मैं आशा की एक कहानी, कभी हार न मानने की कहानी बताना चाहता था। 12वीं फेल उससे भी ज्यादा है। उन्होंने कहा कि मैं इस फिल्म को बनाने में हंसा हूं, रोया हूं, गाया हूं और मजा लिया है। मुझे सच में विश्वास है कि जब यह फिल्म सिनेमाघरों में आएगी तो इसे यूनिवर्सल कनेक्ट मिलेगा।

फिल्म में अभिनेता विक्रांत मैसी मुख्य भूमिका में हैं और इसमें चंबल के एक छोटे से गांव से दिल्ली के मुखर्जी नगर में यूपीएससी की तैयारी के व्यस्त केंद्र तक नायक की यात्रा की झलक है। कहानी एक व्यक्ति की आईपीएस अधिकारी बनने की सीढ़ी चढ़ने की कठिन इच्छा के इर्द-गिर्द घूमती है। ट्रेलर में विश्वसनीय टोन और सौंदर्य है, जो अपने स्पष्ट फिल्मी टोन के बावजूद इसे बहुत विश्वसनीय बनाते हुए एक देहाती माहौल बनाने में कामयाब होता है।

गांवों से आईपीएस और आईएएस परीक्षाओं की तैयारी करने आने वाले अधिकांश लोगों के पास बहुत कम पैसा और सामान होता है, हालांकि वे फिर भी अपने लिए एक रास्ता तय करते हैं। '12वीं फेल' का पूरा परिदृश्य कुछ व्यक्तियों की मिट्टी से उठकर सरकारी अधिकारी बनने की इच्छाशक्ति के इर्द-गिर्द है। ट्रेलर में कुछ बहुत ही दमदार और जोरदार डायलॉग्स हैं, जैसे, 'अपनी सीट और वर्दी की वजह से लोगों से अपना सम्मान न कराएं बल्कि उन्हें अपना सम्मान दें ताकि वे स्वयं सीट और वर्दी का सम्मान करें।'

ऐसा ही एक और डायलॉग है ये लोग जो आईपीएस की तैयारी करने आते हैं, मवेशियों के झुंड की तरह आते हैं। उनके पास कुछ भी नहीं है और वे छोटी, गरीब पृष्ठभूमि से आते हैं। लेकिन ऐसा नहीं है कि वे कुछ लेकर नहीं आते, उनमें इच्छाशक्ति और जोश है। यह अटूट है, और यह पर्याप्त से भी अधिक है।

'12वीं फेल' अनुराग पाठक के उपन्यास पर आधारित है जो यूपीएससी प्रवेश परीक्षा देने वाले लाखों छात्रों की वास्तविक जीवन की कहानी पर आधारित है। यह दर्शाता है कि कैसे ये लोग बड़ी संख्या में आते हैं, उनके पास बहुत कम चीजें होती हैं। युवाओं की भावना के साथ-साथ भयावह बाधाओं के सामने कठोर लचीलेपन का जश्न मनाने वाली यह कहानी कई महत्वाकांक्षी यूपीएससी छात्रों और उनके संघर्षों की लाखों कहानियों का पुनर्कथन है।

12वीं फेल विधु विनोद चोपड़ा द्वारा निर्मित और निर्देशित है। यह 27 अक्टूबर को दुनिया भर में हिंदी, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होने के लिए तैयार है।

# चलती ट्रेन में हुई प्रसव पीड़ा, बोकारो रेलवे स्टेशन पर गूंजी किलकारी



**रांची,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। झारखंड के बोकारो रेलवे स्टेशन पर सोमवार की रात एक महिला यात्री का सफल प्रसव कराया गया। महिला की स्थिति ऐसी नहीं थी कि उसे प्रसव के लिए हॉस्पिटल ले जाया जा सके। प्रसूता और शिशु दोनों स्वस्थ हैं। डिलीवरी के बाद उन्हें बोकारो सदर हॉस्पिटल ले जाया गया। बताया गया कि बिहार के नालंदा की रहने वाली पूजा देवी अपने पति वीरेंद्र कुमार के साथ सोमवार रात हटिया-पटना एक्सप्रेस पर सवार हुई थी। रांची से बोकारो के बीच मुरी के पास उसे प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। इसकी जानकारी कोच अटेंडेंट को दी गई। तब तक ट्रेन मुरी स्टेशन से खुल चुकी थी। अटेंडेंट ने इसकी सूचना बोकारो स्टेशन प्रबंधन को दी। रात लगभग दस बजे ट्रेन जब बोकारो पहुंची तो महिला सुरक्षाकर्मियों के सहयोग से प्रसूता को उतारकर स्टेशन पर स्थित आरपीएफ सहायता बूथ पर लाया गया। रेलवे के चिकित्सक डॉ. एचपी सिंह ने आरपीएफ की एसआई मीना कुमारी, सहयोगी मीरा कुमारी, मनीषा कुमारी और पिंकी डुमोलिया की मदद से सफल प्रसव कराया। डॉक्टर की देखरेख में प्लेटफार्म पर नवजात की किलकारी गूंजी तो प्रसूता सहित हर किसी के चेहरे पर मुस्कान थी।

# गूगल जैसा नहीं है सर्च इंजन बिंग : सत्या नडेला



**वाशिंगटन,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और सीईओ सत्या नडेला ने स्वीकार किया है कि कंपनी का बिंग सर्च इंजन गूगल जितना अच्छा नहीं है और एप्पल का डिफॉल्ट सर्च इंजन बन रहा है। बिंग को वैश्विक खोज बाजार में बढ़ने में मदद मिल सकती है।

द वर्ज की रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार देर रात ऐतिहासिक यूएस बनाम गूगल एंटीट्रस्ट ट्रायल में एक गवाही के दौरान, नडेला ने कहा कि वह खोज को अब तक की सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर श्रेणी के रूप में देखते हैं।

उन्होंने कहा कि जब तक मैंने खोज नहीं देखी, तब तक मैं विंडोज और ऑफिस को आकर्षक व्यवसाय मानता था। उन्होंने कहा कि यदि एप्पल बिंग पर स्विच करता है, तो माइक्रोसॉफ्ट एप्पल को सौदे के सभी आर्थिक लाभ देने के लिए तैयार है, और वह इस प्रक्रिया में प्रति वर्ष 15 बिलियन डॉलर तक निवेश के लिए तैयार है।

नडेला ने कहा कि वह ऐप्पल उपयोगकर्ताओं के खोज इंजन में बिंग ब्रांड को छिपाने और कंपनी की किसी भी गोपनीयता इच्छा का सम्मान करने के इच्छुक हैं। उन्हें यह कहते हुए उद्धृत किया गया, 'उपयोगकर्ता के व्यवहार में बदलाव के मामले में डिफॉल्ट ही एकमात्र ऐसी चीज है जो मायने रखती है।' नडेला के लिए, एप्पल का डिफॉल्ट सर्च इंजन बनना पैसे के बारे में नहीं होगा, कम से कम सीधे तौर पर नहीं। गवाही के दौरान उन्होंने कहा कि हमें कम लालची और अधिक प्रतिस्पर्धी होने की जरूरत है।

यह पूछे जाने पर कि क्या माइक्रोसॉफ्ट ने एप्पल का डिफॉल्ट सर्च इंजन बनने की कोशिश की, नडेला ने कहा हां लेकिन प्रयास सफल नहीं हुआ। उन्होंने कहा, न केवल गूगल सौदे का अर्थशास्त्र एप्पल के लिए बेहद अनुकूल है, बल्कि रिपोर्ट के अनुसार, एप्पल को यह भी डर हो सकता है कि अगर गूगल ने डिफ़ॉल्ट स्थिति खो दी, तो वह क्या करेगा। गूगल के पास जीमेल और यू ट्यूब जैसी बेहद लोकप्रिय सेवाएं भी हैं।

नडेला ने कहा कि एआई में बाजार को थोड़ा हिलाने की क्षमता है, लेकिन उनका यह भी मानना है कि यह 'गूगल के प्रभुत्व को और मजबूत कर सकता है।' अमेरिकी न्याय विभाग का आरोप है कि गूगल, जिसका खोज बाज़ार में लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा है, ने प्रतिस्पर्धा और नवाचार को ख़त्म करने के लिए अपने खोज इंजन के प्रभुत्व का दुरुपयोग किया है।

# आमिर खान, सनी देओल और राजकुमार संतोषी 'लाहौर, 1947' के लिए साथ आए



**मुंबई,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। आगामी फिल्म 'लाहौर 1947' के लिए निर्देशक राजकुमार संतोषी ने अभिनेता आमिर खान और सनी देओल से हाथ मिलाया है। आगामी फिल्म 'लाहौर, 1947' आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनाई जाएगी।

इस प्रोजेक्ट में आमिर खान के साथ सनी देओल, राजकुमार संतोषी भी साथ काम कर रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि यह फिल्म आमिर खान प्रोडक्शंस की 17वीं फिल्म होगी। आमिर खान प्रोडक्शंस ने इसकी घोषणा सोशल मीडिया पर की।

बयान में कहा गया, 'राज कुमार संतोषी द्वारा निर्देशित सनी देओल अभिनीत फिल्म 'लाहौर 1947' की घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित और खुश हैं।

हम बेहद प्रतिभाशाली सनी और मेरे पसंदीदा निर्देशकों में से एक राज संतोषी के साथ सहयोग करने के लिए उत्सुक हैं। हमने जो यात्रा शुरू की है वह सबसे समृद्ध होने का वादा करती है। हम आपका आशीर्वाद चाहते हैं। आमिर इस फिल्म का निर्माण आमिर खान प्रोडक्शंस के तहत कर रहे हैं, जबकि राजकुमार संतोषी इस परियोजना का निर्देशन करेंगे। फिल्म में मुख्य अभिनेता के तौर पर सनी देओल लीड रोल में होंगे।

राजकुमार संतोषी और सनी देओल इससे पहले 'घायल', 'दामिनी,' और 'घातक' के रूप में बॉक्स ऑफिस पर तीन हिट फिल्में दे चुके हैं।

'अंदाज अपना अपना' के बाद आमिर खान और राजकुमार संतोषी 'लाहौर, 1947' में साथ नजर आएंगे।

# स्टेच्यू ऑफ यूनिटी में आयोजित की जाएगी पुलिस बैंड प्रस्तुति



**गांधीनगर,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां) गुजरात के स्टेच्यू ऑफ यूनिटी में शनिवार, रविवार को भी नि:शुल्क पुलिस बैंड प्रस्तुति आयोजित की जाएगी। स्टेच्यू ऑफ यूनिटी एरिया डेवलपमेंट एंड टूरिज्म रेगुलेटरी अथॉरिटी, एकतानगर के अपर कलेक्टर गोपाल बामणिया ने मंगलवार को यहां बताया कि एकतानगर आज एक वैश्विक पर्यटन स्थल बन गया है। स्टेच्यू ऑफ यूनिटी एरिया डेवलपमेंट एंड टूरिज्म रेगुलेटरी अथॉरिटी, एकतानगर के अध्यक्ष मुकेश पुरी और सीईओ उदित अग्रवाल के मार्गदर्शन में अब से शनिवार और रविवार के दिन भी शाम के समय नि:शुल्क पुलिस बैंड प्रस्तुति का आयोजन पर्यटकों के मनोरंजन के लिए किया जाएगा।

**अवकाश के दिनों में स्टेच्यू ऑफ यूनिटी परिसर पूरी तरह से पर्यटकों के लिए खुला रहेगा**

उन्होंने बताया कि स्टेच्यू ऑफ यूनिटी में आने वाले पर्यटकों के लिए मनोरंजन और आकर्षण की सुविधा बढ़ाने के उद्देश्य से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी एरिया डेवलपमेंट एंड टूरिज्म रेगुलेटरी अथॉरिटी द्वारा लगातार विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आगे बढ़ते हुए हाल ही में प्राधिकरण द्वारा यह निर्णय लिया गया है।

सात अक्टूबर से प्रत्येक शनिवार को शाम छह से सात बजे तक स्टेच्यू ऑफ यूनिटी के परिसर में और रविवार को इसी अवधि में चिल्ड्रेन न्यूट्रिशन पार्क के बगल में एकता फूड कोर्ट के पास पुलिस बैंड की प्रस्तुति आयोजित होगी। पुलिस की एसआरपी यूनिट के जवान विभिन्न पुलिस बैंड प्रस्तुतियों से पर्यटकों का मनोरंजन करेंगे।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में प्राधिकरण ने एक और बड़ा कदम उठाते हुए आगामी सार्वजनिक अवकाश जैसे दो अक्टूबर यानी महात्मा गांधी जयंती, 27 नवम्बर यानी गुरु नानक देव की जयंती और 25 दिसम्बर यानी क्रिसमस के दिन स्टेच्यू ऑफ यूनिटी परिसर को खुला रखने का निर्णय किया था। तीनों अवकाश के दिन सप्ताह के सोमवार को आ रहे हैं और सामान्यत: स्टेच्यू ऑफ यूनिटी परिसर सोमवार के दिन बंद रहता है। लेकिन, प्राधिकरण ने यह निर्णय किया है कि इन तीनों अवकाश के दिनों में स्टेच्यू ऑफ यूनिटी परिसर पूरी तरह से पर्यटकों के लिए खुला रहेगा, ताकि पर्यटक सार्वजनिक अवकाश के दिन भी अपने परिवार व प्रियजनों के साथ स्टेच्यू ऑफ यूनिटी और इसके आसपास के आकर्षक स्थलों को घूमने का आनंद ले सकें।

# स्वस्थ व मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान आवश्यक

देश की आजादी के बाद सबसे बड़ी क्रांति यह थी कि लोक सभा तथा राज्यों की विधान सभाओं के निर्वाचन के लिए सार्वजनिक वयस्क मताधिकार को अपनाया गया। घोर पिछड़ेपन, घोर दरिद्रता तथा घोर निरक्षरता वाले, नए-नए स्वाधीन हुए देश में हर नागरिक को जिसकी आयु 21 वर्ष से कम न हो (अब घटाकर 18 कर दी गई है) और जो किसी विधि के अधीन अनिवास, चित्तविकृति, अपराध या भ्रष्ट अवैध आचरण के आधार पर अन्यथा अयोग्य न हो, वोट का अधिकार देना संविधान निर्माताओं के लिए एक बहुत बड़ी आस्था और जनसाधारण में विश्वास का काम था (अनुच्छेद 326)। अनुच्छेद 324 कहता है कि एक निर्वाचन आयोग होगा। वह संसद और प्रत्येक राज्य विधानमंडल के वास्ते तथा राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति के पदों के वास्ते सभी निर्वाचनों का अधीक्षण, निदेशन और नियंत्रण करेगा।

देश की आजादी के बाद जुलाई 1948 को ही भारतीय नेताओं ने चुनावी प्रक्रिया की तैयारियां शुरू कर दी थी। हालांकि, तब-तक चुनाव कराने के लिए कोई कानून नहीं थे। डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर के नेतृत्व में, ड्राफ्टिंग कमिटी (मसौदा समिति) ने कड़ी मेहनत कर संविधान का मसौदा तैयार किया था, जो 26 नवंबर, 1949 को पारित हुआ। हालांकि, इसे लागू 26 जनवरी, 1950 से किया गया। भारत को उस दिन चुनाव कराने के लिए नियम और उप-नियम मिले और देश आखिरकार 'भारत गणराज्य' बना। यह एक असाधारण सफ़र की महज़ शुरुआत थी। वैसे तो 15 अगस्त 1947 को भारत आज़ाद हो गया था लेकिन पहले चुनाव 1951 में हो पाए और बीच के वर्षों में भारत, किंग जॉर्ज टप के अधीन संवैधानिक राजतंत्र था। साथ ही, लुई माउंटबेटन इसके गवर्नर जनरल थे। यह जानना जरूरी है कि आज़ाद भारत के पहले आम चुनाव 25 अक्टूबर, 1951 और 21 फ़रवरी, 1952 के बीच हुआ था।

संविधान लागू होने के बाद चुनाव आयोग का गठन किया गया।चुनाव कराने की ज़िम्मेदारी भारतीय नौकरशाह, सुकुमार सेन को दी गई। इस तरह वे भारत के पहले मुख्य चुनाव आयुक्त बने।

इसमें सबसे बड़ी चुनौती थी भारत की आबादी, जो उस समय करीब 36 करोड़ थी। दुनिया की आबादी का करीब 17 फ़ीसदी हिस्सा मतदान करने वाला था। यह उस समय का सबसे बड़ा चुनाव था। चुनाव में करीब 1,874 उम्मीदवार और 53 राजनैतिक पार्टियां उतरी थीं, जिनमें 14 राष्ट्रीय पार्टियां थीं और इन दलों ने 489 सीटों पर चुनाव लड़े थे।

संविधान के लागू होने पर, भारत ने वोट डालने के लिए उसी उम्र को योग्य माना जो दुनिया भर में अपनाई जा चुकी थी। इससे 21 साल से ज्यादा उम्र वाले लगभग 17.3 करोड़ लोग वोट डालने के लिए योग्य पाए गए। जनगणना के आंकड़ों के आधार पर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र तय किए जाने थे, जो 1951 में हो पाया। अशिक्षित आबादी, चुनाव चिह्न डिज़ाइन, मतपत्र और मतदान पेटी, मतदान केंद्र आदि समस्या व चुनौती थी। साथ ही यह पक्का करना था कि मतदान केंद्रों के बीच सही दूरी हो। मतदान अधिकारियों को नियुक्त कर प्रशिक्षण सहित अनेक परेशानियों और चुनौतियों का सामना भी करना पड़ा।

- **पहला आम चुनाव में पहली बार 45.7 प्रतिशत मतदाता वोट डाले**
- **हर वोट देश के नवनिर्माण में महत्वपूर्ण**

हालांकि इन चुनौतियों को पार करने में समय लगा। आखिर में जब चुनाव हुए, तो योग्य आबादी में से 45.7 प्रतिशत मतदाता, पहली बार वोट डालने के लिए अपने घरों से बाहर निकले। इस तरह भारत, दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र बना, जहां लोगों ने, लोगों के लिए एक सरकार चुनी। एक वोट या एक मतदान देश व प्रदेश के लिए क्या उपयोगी साबित होगी ? मतदान का महत्व कितना है ? और क्यों हैं ? इस विषय पर अनेक पुस्तकें लिखे जा चुके हैं, लेकिन क्या देश व प्रदेश हित के लिए मतदान करना वास्तव में एक जरूरी है ? ऐसे सामान्य प्रश्न में ही गम्भीर उत्तर छुपा हुआ है। जिस तरह से फसलों के लिए पानी, पानी के लिए पेड़-पौधे-हरियाली, खेती लिए इंसान की जरूरत है और इंसान के लिए अनाज-पानी, आवास, शिक्षा, अस्पताल, सड़क, बिजली, रोजगार जैसी बुनियादी जरूरतों की आवश्यकता होती है। ऐसे में स्वस्थ व मजबूत लोकतंत्र के लिए प्रत्येक वोट महत्वपूर्ण है। निर्वाचन आयोग, राजनीतिक दलों व आम मतदाताओं की भूमिका, सक्रियता,संवेदनशीलता से भरे होते हैं। अलग-अलग वर्ग के मतदाताओं को कई बार भ्रम की स्थितियों का सामना करना पड़ता है। इस पर निर्वाचन आयोग लगातार सुधार व नियम-प्रक्रियाओं में संशोधन समय-समय पर करते हैं ताकि मतदाता आसानी से अपने मत या वोट के महत्व को बेहतर तरीके से समझ सके।

लोकतंत्र की सफलता तभी होगी जब लोग मतदान करेंगे। देश की प्रगति के लिए सबको मिलकर वोट देना चाहिए। मतदान सभी का संवैधानिक अधिकार है। इसका उपयोग सभी लोगों को स्वेच्छा के साथ करना चाहिए। हम खुशनसीबों में से है कि हमें सरकार चुनने का अधिकार मिला है। हमें इसकी सराहना और कदर करनी चाहिए। यह भारतीय लोकतंत्र की खूबसूरती ही है कि कोई हवाई जहाज का मालिक हो या ठेला चलाने वाला आम नागरिक, सबको वोट देने का अधिकार है। सभी का मत बराबर है।

अतएव देश व प्रदेश के समुचित विकास, स्वस्थ व मजबूत लोकतंत्र के लिए हर मतदाताओं को मतदान करना आवश्यक है।

**एल.डी. मानिकपुरी**
**सहायक जनसम्पर्क अधिकारी**

रायपुर, बुधवार 4 अक्टूबर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# जातिगत जनगणना से बदलेंगे सियासी समीकरण

बिहार में जातिगत जनगणना के सार्वजनिक किये गये आंकड़ों से देश का राजनैतिक परिदृश्य पूर्णत: बदल जाने का अनुमान है। इसका असर अति पिछड़े एवं पिछड़े वर्गों को लेकर होने वाले सियासी गणित पर तो पड़ेगा ही, विमर्श भी ध्रुवीकरण की बजाय सशक्तिकरण की राह पकड़ लेगा। अगर ऐसा होता है तो यह भारतीय जनता पार्टी के लिये सबसे बुरा समाचार साबित होने जा रहा है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रिपोर्ट कार्ड इस मामले में बेहद खराब है। भाजपा का सबसे बड़ा नुकसान तो यह होगा कि उसका एक विशाल वोट बैंक उसकी झोली से सरक जायेगा। एकाध साल पहले की बात होती तो मामला दूसरा होता। तब 'मोदी नहीं तो कौन' का सवाल उठा दिया जाता था। अबकी ऐसा नहीं है। लगभग एक दशक तक कई उतार-चढ़ाव देखने के बाद कांग्रेस लय में लौट आई है और उसके साथ अन्य 27 दल दमदारी से खड़े हैं जिन्हें इस बदले हुए सियासी माहौल का फायदा इसलिये मिलेगा क्योंकि यह मांग (जातिगत जनगणना की) इसी कुनबे से आई है। दूसरी ओर भाजपा इसे नकारती रही है। जो भी हो, इस साल के 5 राज्यों के होने वाले विधानसभा चुनावों पर तो इसका असर पड़ेगा ही, बावजूद इसके कि ज्यादातर में भाजपा की स्थिति वैसे भी नाजुक है, लोकसभा-2024 का चुनावी विमर्श भी इसी के इर्द-गिर्द घूम सकता है।

बिहार में जातिगत जनगणना के निष्कर्ष गांधी जयंती पर बिहार सरकार द्वारा सार्वजनिक कर दिये गये। अनुमानों के काफी नज़दीक के निकले इन आंकड़ों ने बतलाया कि राज्य में 36 प्रतिशत अति पिछड़ा, 27 फीसदी पिछड़ा, 19.65 प्रतिशत अनुसूचित जाति एवं 1.68 फीसद अनु. जनजाति के लोग हैं। यानी कि अति पिछड़ा व पिछड़ा वर्ग मिलकर 63 फीसदी हो जाते हैं। अगर उनमें अनु. जाति व अनु. जनजाति को मिलाया जाये तो यह आंकड़ा 84 फीसद हो जाता है। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस एवं उसके सहयोगी तमाम दल 'जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी हिस्सेदारी' के लिये आवाज़ उठाते आ रहे हैं। चूंकि कोविड-19 के चलते वर्ष 2021 में जनगणना नहीं हो सकी थी, इसलिये केन्द्र सरकार इसके आंकड़े उपलब्ध न होने के बहाने करती रही है। वैसे अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान और पिछले दिनों लोकसभा के सत्र में भी राहुल गांधी ने कहा था कि अगर मौजूदा सरकार 2011 की जनगणना के आधार पर आरक्षण नहीं करती तो उनकी सरकार के आने पर ऐसा किया जायेगा। बिहार के नीतीश कुमार व तेजस्वी यादव की जनता दल यूनाइटेड-राष्ट्रीय जनता दल सरकार ने इस मामले पर लीड लेते हुए जातिगत जनगणना करा डाली।

इसका असर दूर तलक इसलिये जायेगा क्योंकि पिछड़े वर्ग ही एक तरह से भाजपा का मुख्य काडर है। अब उसकी अपेक्षा भाजपा से बढ़ेगी। चूंकि यह दल मनुवादी व्यवस्था से चलता है, जिसमें सवर्णों के अलावा अन्य जातियों के प्रति या तो प्रेम है ही नहीं अथवा है भी तो दिखावा मात्र। ऐसे वर्णों में गैर हिन्दू, दलित एवं पिछड़े वर्ग आते हैं, इसलिये भाजपा नेतृत्व के लिये यह सम्भव ही नहीं होगा कि वह ओबीसी को अधिकार सम्पन्न करेगी। इसकी कमान अब भी ऊंची जातियों के लोगों के हाथों में होने से वे ऐसा होने नहीं देंगे।


फिर, भाजपा की नकेल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हाथों में होने से वह ऐसा कुछ भी करने की इज़ाज़त नहीं देगा जिससे उच्च वर्णों का महत्व कम हो। इस तरह देखें तो भाजपा जातिगत जनगणना के भंवर में फंसती नज़र आ रही है। भाजपा की दिक्कत यह है कि उसने केन्द्र में पिछले साढ़े नौ वर्षों के अपने शासनकाल में लोगों के सशक्तिकरण की दिशा में कुछ भी नहीं किया है। कहने को वह कुछ समय में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था या पांच ट्रिलियन इकानॉमी बनाने और 2047 तक दुनिया का इसे सबसे विकसित देश बनाने का दावा करती है लेकिन वास्तविकता यही है कि देश बदहाल है। लोगों की माली हालत बहुत खराब हो गई है। शासकीय नौकरियां निकल नहीं रही हैं और दिखावे के लिये मोदी जो थोड़े से नियुक्ति पत्र वर्चुअली बांटते हैं, वह ऊंट के मुंह में जीरा भी नहीं है। हर साल 2 करोड़ रोजगार देने के वादे के कहीं आसपास भी सरकार नहीं है और जनसंख्या में सबसे बड़ा वर्ग होने के नाते ओबीसी ही सर्वाधिक प्रभावित हुआ है। एक-एक कर तमाम शासकीय उपक्रमों के होते निजीकरण ने नौकरियां ही खत्म कर दी हैं तो आरक्षण कहां से मिलेगा? भाजपा की आशंका यह भी हो सकती है कि अगर ओबीसी वर्ग को अपने हकों का एहसास हुआ तो वह रोजगार सृजित करने की मांग जोर-शोर से उठाएगा और भाजपा सरकार उसकी यह मांग पूरी न कर सकी तो उसका वोट बैंक उससे छिटक सकता है। अब यह मांग देशव्यापी भी हो सकती है क्योंकि अनेक ऐसे राज्य हैं जहां स्पष्टतया ओबीसी बहुमत में हैं। नीतीश कुमार ने एक तरह से लोगों के सामने पिटारा खोल दिया है और उसमें पड़े उपहार जनता को बांटने के लिये इंडिया गठबन्धन तैयार बैठा है।

इस जनगणना के जारी आंकड़ों से इंडिया का उत्साहित होना स्वाभाविक है। राहुल गांधी ने तो इसके सार्वजनिक होने के बाद दी प्रतिक्रिया में कहा है कि इसे क्रियान्वित करना उनका प्रण है। इसका संदेश अन्य राज्यों के ओबीसी वर्गों तक जायेगा। सामने मिल रहे तत्काल लाभ को छोड़कर वे न तो विश्व की तीसरी सबसे बड़ी इकानॉमी बनने का इंतज़ार करेंगे न ही उसके 5 ट्रिलियन के आकार वाली अर्थव्यवस्था बनने का। स्वाभाविक है कि यह वर्ग 2047 का भी इंतज़ार नहीं करेगा। भाजपा संकट में है।

# बिहार के क्षितिज से उगे सूर्य का प्रकाश अब सारे देश में फैले

इस बार की गांधी जयंती खास रही। यह दिन गौतम बुद्ध के मुस्कुराने का दिन साबित हुआ। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के मुस्कुराने का भी दिन था। शाहू महाराज व महात्मा फुले भी मुस्कुरा उठे। बीपी मंडल, कर्पूरी ठाकुर, कांशीराम, वीपी सिंह के साथ हर उस व्यक्ति के मुस्कुराने का दिन था, जो समतामूलक समाज की कल्पना करते हैं और उसके आकांक्षी हैं। एक बहुत साहसिक कदम उठाकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जो जातिगत जनगणना कराई और उसके आंकड़े सार्वजनिक किये उसका राजनैतिक से ज्यादा सामाजिक महत्व है। बेशक, उसका रास्ता सियासी गलियारों से होकर ही गुजरेगा। बिहार के क्षितिज से उगे सूर्य का प्रकाश पूरे देश में फैले- इसकी उम्मीद व कामना की जानी चाहिये। 'जिसकी जितनी आबादी, उसकी उतनी हिस्सेदारी' के नैसर्गिक सिद्धांत पर आधारित इस निर्णय का अपना सामाजिक महत्व तो है, लेकिन इससे देश के राजनैतिक समीकरण भी बदलेंगे। प्रगतिशील सोच के साथ बढ़े इस कदम का वैसा ही प्रतिरोध हर उस कट्टर ताकतों द्वारा वैसा ही होगा जैसे समाज के हर सुधारों का अब तक पिछले 2500 वर्षों से होता आया है। बिहार सरकार को चाहिये कि जनसंख्या के अनुसार लोगों को उनका हक दिलाने के लिये आवश्यक कदम तत्काल उठाये और अन्य राज्यों को भी प्रेरणा दे।

'सामाजिक न्याय की भूमि' कहे जाने वाले बिहार के मुख्य सचिव द्वारा जारी किये गये आंकड़े पूरी भारतीय राजनीति में उथल-पुथल मचाने के लिये काफी हैं क्योंकि इससे ओबीसी को भारतीय समाज में अपने आकार व ताकत का अहसास होने जा रहा है। इन आंकड़ों में बताया गया है कि राज्य में ओबीसी की संख्या सर्वाधिक है। यह अनुमान पहले भी था लेकिन वह गणना के माध्यम से ही सिद्ध किया जा सकता था। इसलिये भारतीय जनता पार्टी इसका विरोध करती आई जबकि बिहार की जनता दल यूनाइटेड व राष्ट्रीय जनता दल गठबन्धन की सरकार (नीतीश व तेजस्वी यादव) इसके पक्ष में थे। पिछले दिनों बने संयुक्त विपक्षी गठबन्धन इंडिया (इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इन्क्लूजिव एलाएंस) ने इसका समर्थन किया। राहुल गांधी ने इसके पक्ष में जोरदार आवाज उठाई। पिछले साल की सितम्बर के पहले हफ्ते से निकाली कन्याकुमारी से कश्मीर तक की चार हजार किलोमीटर की यात्रा के दौरान उन्होंने यह बात तो उठाई ही, बाद की तमाम सभाओं एवं वार्ताओं में भी वे आबादी के अनुसार हिस्सेदारी की वकालत करते रहे हैं। लोकसभा के भीतर अपने भाषण में उन्होंने जब यह आंकड़ा प्रस्तुत किया कि भारत सरकार के कुल 90 सचिवों में केवल तीन ही अन्य पिछड़ा वर्गों (ओबीसी) के हैं जो कुल बजट का मात्र 5 फीसदी ही नियंत्रित करते हैं, तो यह बात सबके लिये चौंकाने वाली थी और सत्ता पक्ष के पास इसका कोई जवाब ही नहीं था। राहुल ने यह बात भी कही कि पिछड़ा व अति पिछड़ा वर्गों के लिये नौकरियों में वाजिब तरीके से आरक्षण तत्काल लागू किया जाये जिससे उन्हें न्याय मिल सके। उन्होंने यह भी चेतावनी दे रखी है कि अगर केन्द्र सरकार इसे लागू नहीं करती तो उनकी पार्टी सत्ता में आने पर कर देगी। चूंकि 2021 में कोविड के कारण जनगणना ही नहीं हुई है तो यह पता करना मुश्किल है कि ओबीसी कितने है। इसके लिये राहुल का कहना है कि 2011 की जनगणना के अनुसार ही इसे लागू कर दिया जाये।



डॉ. दीपक पाचपोर

> **राजनैतिक समीकरण तो पीछे चलकर आएंगे, इसका बड़ा असर पिछड़े व वंचितों के जीवन स्तर में सुधार को लेकर होगा। सामाजिक न्याय का रास्ता इस तरह से प्रशस्त होगा कि नौकरियों में अधिक भागीदारी से पिछड़े व अति पिछड़े वर्गों का सशक्तिकरण होगा तथा जिस समतामूलक समाज की कल्पना सुधारवादी नेताओं व महापुरुषों ने की थी, उसका मार्ग प्रशस्त होगा।**

राहुल की इस मांग के साथ उनकी पार्टी के अतिरिक्त पूरा इंडिया गठबन्धन खड़ा है। वैसे भी वर्तमान परिदृश्य में कांग्रेस का ट्रैक रिकार्ड बेहतर दिखाई दे रहा है क्योंकि उसके चार मुख्यमंत्रियों में से तीन ओबीसी वर्गों से हैं- छत्तीसगढ़ के भूपेश बघेल, राजस्थान के अशोक गहलोत और कर्नाटक के सिद्धारमैया। राहुल-नीतीश के इस दांव से भाजपा का परेशान होना स्वाभाविक है क्योंकि ओबीसी का एक बड़ा वर्ग पिछले कुछ समय से भाजपा का कोर वोट बैंक बना हुआ है जबकि नेतृत्व सवर्णों के हाथ में है या वर्ण व्यवस्था का समर्थक है जो उनका सशक्तिकरण कतई नहीं चाहेगा। उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी इसे स्वीकार नहीं करेगा। दिखावे के लिये कर भी ले तो इसे यथार्थ के धरातल पर नहीं उतारेगा। अगर भाजपा शासित राज्यों में इसकी मांग उठती है और ओबीसी नये सिरे से देशव्यापी जातिगत जनगणना की मांग कर सकता है (जो करनी भी चाहिये), तो इसका परिणाम यह हो सकता है कि भाजपा से जुड़े ओबीसी समुदाय दूसरे उन दलों में जा सकते हैं जो उनके आरक्षण एवं सशक्तिकरण के समर्थक हैं। इसलिये भाजपा नेताओं का व्यथित होना स्वाभाविक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तो इसे इंडिया (उनकी शब्दावली में घमंडिया) की जाति-आधारित राजनीति करार दिया है जबकि खुद मोदी एक चुनावी सभा में यह कहकर वोट मांग चुके हैं कि 'जो इस प्रदेश में साहू है, वही गुजरात में मोदी है'। इसी नाम को लेकर उनके इशारे पर राहुल गांधी के खिलाफ पूरे मोदी समुदाय की अवमानना का मामला दर्ज कराया गया है जिसके चलते उनकी सांसदी छिन जाती है। यह अलग बात है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा सजा पर रोक लगने से वह बहाल भी हो जाती है। भाजपा के मुखर सांसद गिरिराज सिंह ने इन आंकड़ों को भ्रम फैलाने फैलाने वाला कृत्य बताया जबकि सच्चाई यह है कि इससे सभी वर्गों के आंकड़ों सम्बन्धी भ्रम को दूर करने में मदद मिली है। बिहार में 1978 में कुल आरक्षण के भीतर 12 प्रतिशत अति पिछड़ों व 8 फीसदी पिछड़ों के लिये आरक्षण की व्यवस्था की गई थी। 'आरक्षण में आरक्षण' का यह फार्मूला लोगों के विरोध का कारण बनता रहा है और इन्हें अदालतों में चुनौतियां भी मिलती रही हैं। बिहार ने रास्ता साफ कर दिया है जो कर्पूरी ठाकुर ने दिखाया था और अब नीतीश अन्य राज्यों को दिखला रहे हैं।

इस मामले में राजनैतिक समीकरण तो पीछे चलकर आएंगे, इसका बड़ा असर पिछड़े व वंचितों के जीवन स्तर में सुधार को लेकर होगा। सामाजिक न्याय का रास्ता इस तरह से प्रशस्त होगा कि नौकरियों में अधिक भागीदारी से पिछड़े व अति पिछड़े वर्गों का सशक्तिकरण होगा तथा जिस समतामूलक समाज की कल्पना सुधारवादी नेताओं व महापुरुषों ने की थी, उसका मार्ग प्रशस्त होगा। एक यह भी तर्क दिया जाता है कि अब सरकारी नौकरियां रह कहां गई हैं जो इतनी बड़ी संख्या में आरक्षण के हकदार लोगों को दी जा सकें, तो कहा जा सकता है कि पिछड़े व अति पिछड़े वर्गों का जब नौकरियों के लिये दबाव होगा तो सरकार को शासकीय सेवाओं में नौकरियां बढ़ानी पड़ेंगी। फिर इसके लिये चाहे नीतियों में बदलाव ही क्यों न करना पड़े। फिलहाल तो मोदी सरकार का रुझान निजीकरण की ओर है जिसके चलते उसके पास शासकीय उपक्रमों का मानव संसाधन घटाकर उन्हें घाटे में लाने का फार्मूला है। कम्पनियों को घाटे में लाकर उन्हें औने-पौने में अपने मित्र कारोबारियों को बेच देना ही भाजपा की औद्योगिक नीति है।

देखा जाए तो यह कदम एक बड़े वर्ग की सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक समझ में इज़ाफ़ा करने वाला साबित होगा। ओबीसी को यह समझ में आयेगा कि उसका इस्तेमाल भाजपा केवल सवर्णों की ताकत बढ़ाने एवं सवर्णों के हाथ में देश के सारे संसाधन सौंप देने का खेल करती आई है। नीतीश के इस कदम से ओबीसी के बल पर सामाजिक ध्रुवीकरण का भाजपायी दांव आगामी पांच विधानसभा चुनाव में तो नाकाम होगा ही, 2024 का लोकसभा चुनाव भी वह हार सकती है।

(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)

# मायावती ने शुरू किया बड़ा अभियान, किसी गठबंधन से कोई संबंध नहीं

■ प्रदीप कपूर

पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष, मायावती ने अब लोक सभा चुनाव 2024 के लिए उत्तर प्रदेश में एक बड़ा अभियान शुरू किया है, यह स्पष्ट करने के बाद कि वह किसी भी गठबंधन में शामिल नहीं होंगी। आजकल वह जमीनी स्तर पर अपनी पार्टी को मजबूत करने में व्यस्त हैं।

राजनीतिक नेताओंऔर मीडियाकर्मियों के मन में व्याप्त संदेह दूर करने के लिए, मायावती ने बार-बार कहा है कि बसपा लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी, तथा वह न तो भाजपा नेतृत्व वाले राजग और न ही विपक्षी गठबंधन इंडिया के साथ शामिल होगी और न ही रणनीतिगत तालमेल ही बिठायेगी।

> **2019 के चुनावों में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन के माध्यम से बसपा ने वर्तमान लोकसभा में अपनी सीटें शून्य से बढ़ाकर 10 कर लीं, लेकिन चुनाव के तुरंत बाद, मायावती ने यह कहते हुए गठबंधन को भंग कर दिया कि समाजवादी पार्टी बसपा उम्मीदवारों को वोट स्थानांतरित करने में विफल रही। सच तो यह है कि सपा से गठबंधन के कारण ही बसपा को मुस्लिम समुदाय का समर्थन मिला।**

मायावती ने आरोप लगाया कि एनडीए या इंडिया दोनों गठबंधन गरीब विरोधी, जातिवादी, सांप्रदायिक और पूंजीवाद समर्थक हैं इसलिए उनसे पार्टी उनके साथ हाथ नहीं मिलायेगी। मायावती ने उन ताकतों की भी निंदा की जो उन्हें भाजपा समर्थक बताने में लगे हुए थे क्योंकि उन्होंने इंडिया में शामिल होने से इनकार कर दिया था।

गौरतलब है कि कांग्रेस और भाजपा दोनों ने चुनाव प्रचार के आखिरी दिनों में लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन की उम्मीद के साथ मायावती या बसपा पर कोई भी प्रतिकूल टिप्पणी करने से परहेज किया है। केवल समाजवादी पार्टी और उसके नेता अखिलेश यादव ने बार-बार कहा कि बसपा तो भाजपा की ही बी टीम है।

मायावती जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए पार्टी कैडर के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। उन्होंने पार्टी नेताओं और समन्वयकों को कम से कम 500 लोगों की भागीदारी के साथ प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने के निर्देश जारी किये हैं। इन शिविरों में पार्टी कार्यकर्ताओं के परिवार के सदस्यों के भी शामिल होने की उम्मीद है।

प्रशिक्षण शिविरों में केवल दलित समाज पर ध्यान केंद्रित करने और प्रतिभागियों को पार्टी की विचारधारा के बारे में शिक्षित करने के निर्देश जारी किये गये हैं। गौरतलब है कि बसपा का गठन 1984 में हुआ था और चुनाव में पार्टी की सफलता में प्रशिक्षण शिविरों ने अहम भूमिका निभाई थी।

मायावती ने पार्टी नेताओं से उन नेताओं तक पहुंचने को भी कहा है जिन्होंने पार्टी छोड़ दी है या निराश होकर घर बैठने का फैसला किया है। पार्टी कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर उन्हें पार्टी उम्मीदवारों के लिए काम करने के लिए प्रेरित करने पर अधिक जोर दिया जा रहा है।

2019 के चुनावों में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन के माध्यम से बसपा ने वर्तमान लोकसभा में अपनी सीटें शून्य से बढ़ाकर 10 कर लीं, लेकिन चुनाव के तुरंत बाद, मायावती ने यह कहते हुए गठबंधन को भंग कर दिया कि समाजवादी पार्टी बसपा उम्मीदवारों को वोट स्थानांतरित करने में विफल रही। सच तो यह है कि सपा से गठबंधन के कारण ही बसपा को मुस्लिम समुदाय का समर्थन मिला।

लोकसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग में मायावती ने बढ़त बना ली है। पार्टी नेताओं और समन्वयकों की कई बैठकें हुई हैं, जो विचार-मंथन सत्र में शामिल हुए हैं, जिसमें मायावती के भतीजे आकाश भी शामिल हैं, जो अपनी चाची के लिए चुनाव लड़ रहे हैं।

मायावती अब चुनाव जीतने के लिए दलित समाज, पिछड़ों और मुस्लिम समुदाय पर निर्भर है। एक समय में ब्राह्मण चेहरा और पार्टी में नंबर दो की हैसियत रखने वाले सतीश मिश्र अब महत्वपूर्ण नहीं रहे। उन्होंने शक्तिशाली ब्राह्मण समुदाय को एकजुट करने के लिए भाईचारा बैठकें आयोजित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिसने 2007 में अपने दम पर पार्टी को यूपी में सत्ता में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

## पावन प्रसंग

# अहिंसा कायरता नहीं सिखलाती

अहिंसा की दृष्टि विराट है। उसमें संकीर्णता की जरा भी गुंजाइश नहीं है। यह तो गंगा की उस विमल विशाल धारा के सदृश्य मुक्त व स्वतंत्र है। उसे बंधनप्रिय नहीं है। यदि अहिंसा को किसी प्रांत, भाषा, पंथ या सम्प्रदाय की परिधि में बंद कर दिया गया तो उसकी वही स्थिति वही होगी, जो समुद्र के जल को किसी गड्ढे में बंद कर देने पर होती है। यह तो विश्व का सर्वमान्य सिद्धांत है। अहिंसा का सिद्धांत अनोखा सिद्धांत है। इतने बड़े पैमाने पर विशेष कर इतनी बड़ी शक्ति के हाथों अंग्रेजों से स्वराज प्राप्त करने में उसका उपयोग और भी अनोखा था।

अहिंसा का क्षेत्र काफी विस्तृत है वह विश्वव्यापी है। यह मानवता का उज्जवल प्रतीक है। इसके द्वारा ही जैन समाज की सारी व्यवस्थायें व प्रवृत्तियां युगों युगों से सुचारू रूप से चली आ रही है। अहिंसा कायरता नहीं सिखलाती है। वह तो वीरता सिखलाती है। अहिंसा वीरों का धर्म है अहिंसा का स्वर है। मानव तो अपनी स्वार्थ लिप्सा में डूबकर दूसरों के अधिकार को न छीनो किसी देश या समाज के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप मत करो। किसी भी समस्या को शांतिपूर्वक समझाने का प्रयास करो और शांति के लिए तुम अपना बलिदान अवश्य दो। किंतु अपनी स्वार्थ एवं वासनापूर्ति के लिए किसी को मत लूटो। इस पर ही यदि समस्या का उचित समाधान नहीं हो पा रहा है और देश जाति और धर्म की रक्षा करना अनिवार्य हो तो उस स्थिति में वीरता परक कदम उठा सकते हो।

अहिंसा के नाम पर कायर बनकर मुंह छिपाकर मत बैठो। अहिंसा यह कभी नहीं कहती कि मानव अन्याय को सहन करो क्योंकि जैसे अन्याय करना स्वयं में पाप है। वैसे ही अन्याय को कायर होकर सहन करना भी एक महापाप है। वह अहिंसा क्या है जिसमें अन्याय के प्रतिकार की शक्ति नहीं है। देश की आजादी को सुरक्षित रखने की क्षमता नहीं है। वह अहिंसा अहिंसा नहीं है वह तो नाम मात्र की अहिंसा है।

श्रमण संस्कृति के भगवान महावीर ने क्रांति की अलख जगाई, गांव-गांव घूमकर मानव समाज को अहिंसा और प्रेम का संदेश सुनाया। महावीर के समसामयिक महात्मा बुद्ध भी एक युग पुरुष थे। बुद्ध समाज की बुराईयों के साथ लड़े थे। संघर्ष किया था। करुणामूर्ति ईसा मसीह भी एक बहुत बड़ी शक्ति थे। विश्व को प्रेम और क्षमा का अमर संदेश प्रदान करते हुए कहा 'यदि दुश्मन तुम्हारे एक गाल पर तमाचा मारे तो तुम दूसरा गाल भी आगे कर दो। गांधी जी ने अंग्रेजों का सामना किया एक बहुत बड़ी शक्ति के साथ लड़े थे, पर अहिंसक बनकर लड़े। मानवीय जीवन के जितने भी क्षेत्र व विषय हैं उन सब में अहिंसा का प्रवेश है। सभी क्षेत्र अहिंसा की क्रीड़ा भूमि है।

**कांतिलाल मांडोत**

## आपके पत्र

# मातृशक्ति वंदन में ही गांधी जी का अभिनंदन!

हर साल 2 अक्टूबर को हम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को याद करते हैं। ये दिन हमें राष्ट्र के प्रति समर्पित होने की सीख देता है। इस वर्ष गांधी जयंती का दिन इस लिहाज से अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि भारतीय संसद ने इस बार 'नारी शक्ति वंदन विधेयक' पारित कर नारी सशक्तिकरण की दिशा में मिसाल कायम की है। गांधीजी के जीवन में मातृशक्ति का विशेष योगदान रहा है और उन्होंने विधायिका में महिला भागीदारी बढ़ाने की आवाज़ कई बार बुलंद की थी। दरअसल महात्मा गांधी अपनी पीढ़ी के उन चुनिंदा शख्सियत में से एक थे, जिन्होंने भारतीय समाज में महिलाओं की केंद्रीय भूमिका को उस वक्त पहचाना जब कांग्रेस के अंदर महिला भागीदारी और सवालों को लेकर कोई स्पष्ट रूपरेखा नहीं थी। 1931 में आयोजित दूसरे गोलमेज सम्मेलन में महात्मा गांधीजी ने विधायिका में महिला आरक्षण के पक्ष में कहा था कि, 'मैं उस विधायिका का बहिष्कार करूंगा, जिसमें महिला सदस्यों की उचित हिस्सेदारी नहीं होगी।' गांधीजी के इस विचार से हम समझ सकते हैं कि सामाजिक जीवन में महिलाओं की हिस्सेदारी को लेकर औपनिवेशिक काल में गांधी जी कितने मुखर थे।

महात्मा गांधी जी के जीवन-चरित्र पर प्रकाश डालते हैं, तो हम पाते हैं कि सुकरात और लियो टॉलस्टॉय का जितना असर उनके व्यक्तित्व पर था उससे कहीं अधिक वो अपनी माता पुतलीबाई, पत्नी कस्तूरबा सहित हर उस खास और आम स्त्रियों से प्रभावित थे। जो आज़ादी के आंदोलन में उनके आस-पास थीं। कहीं न कहीं यही वजह थी कि उन्हें समाज में महिलाओं की दिशा और दशा का भलीभांति ज्ञान था। गांधीजी अक्सर कहते थे कि, 'महिला-पुरुष की संयुक्त साझेदारी के बिना महिला सशक्तिकरण संभव नहीं है।' उनके अनुसार, यह साझेदारी आर्थिक, राजनीतिक और शैक्षिक स्तर पर महिलाओं को मजबूत बनाये बिना संभव नहीं है और यह आज का सुखद आश्चर्य है कि प्रधानमंत्री मोदी इन सभी पहलुओं पर मातृशक्ति को मजबूत बनाने में अनवरत प्रयास कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने जन धन योजना के माध्यम से मातृशक्ति को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का बीड़ा उठाया। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत महिलाओं को घर की चाबी सौंपकर महिलाओं को आर्थिक अधिकार दिलाया। तीन तलाक से निजात दिलाकर मुस्लिम महिलाओं के जीवन में नई उमंग और सामाजिक समरसता का बीजारोपण किया। स्वच्छता अभियान के माध्यम से यह संदेश दिया कि घर और समाज को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी सिर्फ महिलाओं की नहीं, अपितु पुरुषों का भी इसमें योगदान होना चाहिए। बेटी-पढ़ाओ, बेटी बचाओ योजना ने लड़कियों को पढ़ने-पढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। 9.6 करोड़ महिलाओं को उज्ज्वला योजना के अंतर्गत लाकर महिलाओं के जीवन पर छाए संकट के बादल को न सिर्फ दूर किया गया, बल्कि उनके जीवन में नया उजाला लाने का प्रयास हुआ ताकि महिलाएं भी बेहतर और सुरक्षित जीवनयापन कर सकें।

'लैंगिक न्याय' की जो परिकल्पना गांधी जी ने आज़ादी के पूर्व की थी। उसे मूर्तरूप देने का काम आज़ादी के अमृतकाल में किया गया। ऐसे में नि:संदेह जब भारत देश अपनी आजादी का शताब्दी वर्ष मना रहा होगा तो मातृशक्ति के उस महोत्सव में पूरी भागीदारी होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एजुकेशन, इम्पलायमेंट एवं एम्पावरमेंट को आधार बनाकर विकास की मुख्यधारा में महिलाओं को लाने का कार्य किया है। आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कमतर नहीं नजर आती हैं। चंद्रयान की सफलता में भी नारी शक्ति का अहम योगदान रहा। तभी तो रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने चंद्रयान-3 मिशन की सफलता का श्रेय भारत की नारी शक्ति को दिया और राष्ट्र को एक नई पहचान प्रदान करने के लिए उनके समर्पण और बलिदान की सराहना की। इतना ही नहीं उन्होंने 'नारी शक्ति वंदन' विधेयक को इसरो की महिला वैज्ञानिकों के साथ-साथ संपूर्ण महिला वैज्ञानिक समुदाय के लिए कृतज्ञ राष्ट्र का उपहार बताया। जो यह दर्शाता है कि वर्तमान समय में नारी शक्ति के स्वाभिमान को कितना महत्व दिया जा रहा है।

महात्मा गांधी जी ने महिलाओं के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक अधिकारों की जो लड़ाई आज़ादी के पूर्व शुरू की थी। वह वर्तमान में छायादार वृक्ष बनकर फलीभूत हो रही है और अब महिला आरक्षण के लागू होने के पश्चात महिलाएं सिर ऊंचा कर संसद में अपना उचित प्रतिनिधित्व कर पाएंगी।

**- सोनम लववंशी, स्वतंत्र लेखिका एवं शोधार्थी**

# खेल जगत

## कबड्डी के पहले मैच में भारत ने बांग्लादेश को 55-18 से हराया



**हांगझोऊ,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने 19वें एशियाई खेलों में मंगलवार को पूल ए मैच में बांग्लादेश पर 55-18 की आसान जीत के साथ शानदार शुरुआत की। भारत ने खेल के शुरुआती चरण में बांग्लादेश के खिलाफ चीजें मजबूत रखी और मैच के पांचवें मिनट में बोर्ड पर अपना पहला अंक प्राप्त करने में सफल रहे। अनुभवी रेडर नवीन कुमार ने सुपर रेड पूरी की, जिसके बाद ऑल-आउट करके भारत का स्कोर 11- 2 कर दिया। बांग्लादेश ने भारतीय कप्तान पवन सहरावत के खिलाफ सुपर टैकल किया और पहले हाफ के अंत तक मैच में बने रहे। हालांकि, स्कोर भारत के पक्ष में 24-9 था। दूसरे हाफ में भारत ने अपनी बढ़त बरकरार रखी, जिससे उन्हें अपने रेडरों को मैट पर रोटेट करने का मौका मिला। सचिन और आकाश ने मिलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। फिर, 2018 के कांस्य पदक विजेताओं ने स्कोर को 37-10 तक ले जाने के लिए एक और ऑल-आउट किया।

# पारुल ने चीन में लहराया तिरंगा, 5,000 मीटर की रेस में जीता गोल्ड



**हांगझोऊ,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत की पारुल चौधरी ने चीन में इतिहास रच दिया है। उन्होंने एशियम गेम्स के 5,000 मीटर रेस में गोल्ड मेडल जीता है। इससे पहले, उन्होंने 3,000 मीटर रेस में भी भारत को सिल्वर मेडल दिलाया था। आखिरी 50 मीटर में पारुल ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 5,000 मीटर दौड़ में जापान की रिरिका हिरोनका को हराकर भारत के लिए गोल्ड मेडल जीता।

पारुल दौड़ के बीच में छठे स्थान पर थी और फिर धीरे-धीरे आगे बढ़ती रही। उन्होंने आखिरी 50 मीटर में रफ्तार पकड़ी और अंत में मात्र 10 मीटर में उन्होंने जापानी प्रतिद्वंद्वी को पछाड़ते हुए 15:14.75 के समय के साथ गोल्ड मेडल जीता।

जापान की रिरिका हिरोनका 15:15.34 के साथ दूसरे स्थान पर रहीं और सिल्वर पर अपना कब्जा जमाया, जबकि कजाकिस्तान की कैरोलिन चेपकोच किपकिरुई ने 15:25.12 के साथ ब्रॉन्ज जीता। इस यादगार जीत के बाद पारुल ने कहा, एक दिन पहले 3000 मीटर स्टीपलचेज में गोल्ड मेडल से चूकने के बाद मैं थोड़ी निराश थी। फिर, मैंने 5000 मीटर में गोल्ड के लिए अपना लक्ष्य तय किया।

उन्होंने कहा कि भले ही मैं छठे स्थान पर खिसक गई थी, लेकिन मुझे पदक की दौड़ में वापसी का पूरा भरोसा था। हांगझोऊ में एथलेटिक्स में यह भारत का तीसरा स्वर्ण पदक है। भारत ने एथलेटिक्स में अब तक 10 रजत और आठ कांस्य पदक भी जीते हैं।

इस बीच, मोहम्मद अफसल पुलिककलाकथ ने एशियन गेम्स 2023 में 1:48.43 के समय के साथ पुरुषों की 800 मीटर में रजत पदक जीता। भारत के कृष्णन कुमार 1:48.80 समय के साथ पांचवें स्थान पर रहे। 27 वर्षीय मोहम्मद अफसल इस साल की शुरुआत में एशियाई चैंपियनशिप में सातवें स्थान पर रहे थे, जहां उन्होंने 1:48.77 का समय दर्ज किया था। महिलाओं की ऊंची कूद में 16 वर्षीय पूजा 1.80 मीटर की सर्वश्रेष्ठ हाई जम्प के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। रुबिना यादव ने हांगझोऊ 2023 में नौवें स्थान पर रहते हुए 1.75 मीटर की सर्वश्रेष्ठ हाई जम्प लगाई।

## अन्नू रानी ने जीता सोना



अन्नू रानी ने भाला फेंक स्पर्धा में सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 62.92 मीटर के साथ स्वर्ण पदक जीता। भारत ने दो रजत और दो कांस्य पदक भी जीते।

एशियाई खेलों के इतिहास में यह पहली बार था कि भारतीय महिलाओं ने 5000 मीटर दौड़ और महिलाओं की भाला फेंक में पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया है। दो स्वर्ण पदकों के अलावा, भारत ने मंगलवार को एथलेटिक्स में दो रजत और दो कांस्य भी जीते। इसके साथ एशियन गेम्स 2023 मेडल टैली में भारत के एथलेटिक्स पदकों की संख्या 22 हो गई है, जिसमें चार स्वर्ण, 10 रजत और आठ कांस्य शामिल हैं। अन्नू रानी के लिए यह बिल्कुल अलग था। भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी के नाम 63.82 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है, लेकिन राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने के बाद से वह 60 मीटर का आंकड़ा पार नहीं कर सकी थीं।

मंगलवार को, अन्नू रानी ने अपने चौथे प्रयास में 62.92 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने से पहले दूसरे प्रयास में 61.28 मीटर का थ्रो किया। श्रीलंका की दिलहानी लेकामगे (61.57 मीटर) और चीन की हुइहुई ल्यू (61.29 मीटर) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते।

# तीरंदाजी में ज्योति, अभिषेक, ओजस व्यक्तिगत कंपाउंड फाइनल में



**हांगझोउ** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। तीरंदाजी में मंगलवार को ज्योति सुरेखा वेन्नम, अभिषेक वर्मा, ओजस प्रवीण देवताले व्यक्तिगत कंपाउंड फाइनल में पहुंच गये है। ज्योति सुरेखा वेन्नम ने अदिति गोपीचंद स्वामी को हराकर महिलाओं के स्वर्ण पदक मैच में जगह बनाई। इसके साथ ही भारतीय तीरंदाजों ने कंपाउंड स्पर्धा में तीन पदक पक्के कर लिए हैं। पुरुषों की व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा के फाइनल में विश्व चैंपियन ओजस देवताले ने 150 का स्कोर करते हुए फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में उनका मुकाबला हमवतन अभिषेक वर्मा से होगा। इस तरह भारत को इस स्पर्धा में स्वर्ण और रजत दोनों ही भारत को पदक मिलेंगे।

महिलाओं की व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा में, ज्योति सुरेखा वेन्नम ने मौजूदा तीरंदाजी विश्व चैंपियन अदिति गोपीचंद स्वामी को हराकर स्वर्ण पदक मैच में जगह बनाई। पुरुषों की व्यक्तिगत कंपाउंड प्रतियोगिता में, ओजस देवताले ने क्वार्टरफाइनल में कज़ाकिस्तान के अकबरअली कराबायेव को 150-142 से हराने के बाद सेमीफाइनल में रिपब्लिक ऑफ कोरिया के पूर्व विश्व चैंपियन जेवोन यांग के ख़िलाफ़ 150-146 के अंतर से जीत दर्ज करते हुए फाइनल में जगह बनाई।

इस बीच, अभिषेक वर्मा ने क्वार्टरफाइनल में 147 पर स्कोर बराबर होने के बाद शूटआउट के माध्यम से कज़ाकिस्तान के एंड्री ट्युटुन को हराया। इसके बाद, अनुभवी भारतीय तीरंदाज ने जेहून जू को सेमीफाइनल में 147-145 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। वहीं ज्योति सुरेखा वेन्नम ने क्वार्टरफाइनल में कज़ाकिस्तान की एडेल ज़ेक्सेनबिनोवा को हराने के बाद सेमीफाइनल में अदिति गोपीचंद स्वामी के ख़िलाफ़ 149-146 से जीत दर्ज की। शनिवार को होने वाले फाइनल में ज्योति सुरेखा वेन्नम का मुक़ाबला दक्षिण कोरिया की चेवोन सो से होगा।

अदिति गोपीचंद स्वामी सात अक्टूबर को कांस्य पदक के लिए इंडोनेशिया की रतिह ज़िलिज़ाती फादली से मुकाबला करेंगी। भारतीय तीरंदाज अतानु दास और धीरज बोम्मदेवरा को पुरुषों की व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही इस स्पर्धा में भारत का अभियान समाप्त हो गया।

इससे पहले, भजन कौर और अंकिता भकत क्रमशः महिलाओं की व्यक्तिगत रिकर्व के राउंड ऑफ 16 और राउंड ऑफ 32 में हारकर बाहर हो चुकीं हैं। ओलंपियन अतानु दास क्वार्टरफाइनल के शूट-ऑफ में चीनी तीरंदाज क्यूई जियांगशुओ के ख़िलाफ़ 6-5 से हार गए, जबकि धीरज बोम्मदेवरा को अंतिम आठ के शूट-ऑफ में कज़ाकिस्तान के इलफ़त अब्दुलिन के ख़िलाफ़ हार का सामना करना पड़ा।

# स्केटिंग में भारतीय महिला और पुरुष टीम ने जीते कांस्य पदक



**हांगझोउ** 3 अक्टूबर (एजेंसियां) भारतीय शटलर एचएस प्रणय और पीवी सिंधु ने मंगलवार को एशियाई खेलों की बैडमिंटन स्पर्धा में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों से मुकाबले जीतकर पुरुष और महिला एकल प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज दो बार ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने बैडमिंटन में मंगलवार को अपने राउंड ऑफ 32 मैच में चीनी ताइपे की सु वेन ची को हराकर महिला एकल स्पर्धा में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की।

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पिछले साल कॉमनवेल्थ गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने के बाद से चोटों से जूझ रही हैं, लेकिन आज के मैच में वह अच्छी लय में दिखीं। पीवी सिंधु ने 42 मिनट तक चले मुकाबले में सु वेन ची को सीधे गेम में 21-10, 21-15 से मात दी। भारत के शीर्ष पुरुष एकल बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणॉय ने भी अगले राउंड में जगह बना ली है। पहले गेम की शुरुआत में शानदार बढ़त बनाने के बाद सिंधु ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और ब्रेक तक पांच अंकों की मज़बूत बढ़त हासिल की। 28 वर्षीय भारतीय शटलर ने सिर्फ 18 मिनट का समय लेकर 21-10 से पहला गेम अपने नाम किया।

दूसरे गेम में जीत की लय बरक़रार रखते हुए पीवी ने चीनी ताइपे की खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी। वहीं, सु वेन ची ने मैच में वापसी करने की पूरी कोशिश की।

इस दौरान सु वेन ची ने पीवी सिंधु को परेशान करने के लिए कुछ ड्रॉप शॉट्स भी खेले। 2018 एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाली पीवी सिंधु ने दूसरे गेम की शुरुआत में तीन अंकों की बढ़त बनाई। सु चेन ने कुछ प्रयास ज़रूर किए लेकिन सिंधु के जबरदस्त शॉट ने चीनी ताइपे की शटलर को कोई मौक़ा नहीं दिया और सिंधु ने दूसरे गेम को 21-15 से जीत लिया। पुरुष एकल मैच में एचएस प्रणॉय ने भी शानदार जीत दर्ज की और राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया। प्रणॉय ने 25 मिनट तक चले मैच में मंगोलिया के मुन्खबत बटदाव को सीधे गेम में 21-9, 21-12 से शिकस्त दी। मौजूदा विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता प्रणॉय कल राउंड ऑफ 16 में जॉर्डन के बहादीन अलशैनिक या कजाकिस्तान के दिमित्री पानारिन से भिड़ेंगे। किदांबी श्रीकांत आज पुरुष एकल राउंड ऑफ 32 में रिपब्लिक ऑफ कोरिया के युंगयु ली का सामना करेंगे।

# बोरगोहेन को जीत के साथ मिला ओलंपिक का कोटा



**हांगझोउ** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत की लवलीना बोरगोहेन ने मंगलवार को एशियाई खेल 2023 मुक्केबाजी में महिलाओं के 75 किग्रा स्पर्धा के सेमीफाइनल में मुकाबले में थाईलैंड की बैसन मानेकोन हराकर फाइनल में प्रवेश के साथ ही पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा भी हासिल कर लिया है। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज ओलंपिक पदक विजेता और विश्व चैंपियन लवलीना बोरगोहेन ने सेमीफाइनल मुकाबले में थाईलैंड की बैसन मानेकोन को हराक फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। इस जीत के साथ, लवलीना बोरगोहेन ने अपने वर्ग के पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा भी हासिल कर लिया है। लवलीना बोरगोहेन महिला 75 सेमीफाइनल में थाईलैंड की मुक्केबाज के खिलाफ शुरुआत से ही हावी रहीं और पहले राउंड में सभी जजों ने लवलीना के पक्ष में फैसला सुनाया।

वहीं, दूसरे और आखिरी क्वार्टर में लवलीना बोरगोहेन ने अपने फुटवर्क का बेहतरीन इस्तेमाल करते हुए अपने पंचों का बखूबी इस्तेमाल किया। इस तरह भारतीय मुक्केबाज ने सर्वसम्मत निर्णय से जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक मुकाबले में जगह बनाई।

उल्लेखनीय है कि नेशनल ओलंपिक कमेटी के पास ओलंपिक खेलों में अपने संबंधित देशों के प्रतिनिधित्व के लिए विशेष अधिकार है। पेरिस खेलों में एथलीटों की भागीदारी उनकी एनओसी पर निर्भर करती है, जो कि उन्हें पेरिस 2024 में अपने प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुनती है। एशियन गेम्स 2023 में मुक्केबाजी पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए एक क्वालीफायर स्पर्धा भी है। पुरुषों की स्पर्धाओं में, सात भार वर्गों में से प्रत्येक में स्वर्ण और रजत पदक विजेताओं को पेरिस 2024 के लिए कोटा जारी किया जाएगा।

## सार संक्षेप

### ईरानी ट्राफी : सौराष्ट्र ने घुटने टेके,शेष भारत की बड़ी जीत

**राजकोट।** सौरभ कुमार (43 रन पर छह विकेट) और शम्स मुलानी (22 रन पर तीन विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी की मदद से शेष भारत ने ईरानी ट्राफी मुकाबले के तीसरे दिन मंगलवार को सौराष्ट्र को 175 रन के विशाल अंतर से हरा दिया। सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम पर शेष भारत ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुये पहली पारी में 308 रन बनाये जिसके जवाब में सौराष्ट्र की टीम पहली पारी में 214 रनो पर आउट हो गयी। 94 रन की लीड लेकर शेष भारत ने दूसरी पारी में 160 रन बनाये और सौराष्ट्र के सामने जीत के लिये 255 रन का लक्ष्य रखा लेकिन शेष भारत के गेंदबाजों ने पिच पर मिल रही स्विंग और अनियमित उछाल का भरपूर लाभ उठाया और सौराष्ट्र की पूरी टीम 34.3 ओवर के खेल में महज 79 रन स्कोर पर पवेलियन लौट गयी। सौराष्ट्र के छह बल्लेबाज अपने निजी स्कोर को दहाई तक पहुंचाने में नाकाम रहे जिनमें से दो का तो खाता भी नहीं खुल सका। सौराष्ट्र की दोनो पारियों में दस विकेट चटकाने वाले शेष भारत के सौरभ कुमार को प्लेयर आफ द मैच चुना गया।

# अरशद नदीम एशियन गेम्स से बाहर, खराब मौसम की टेंशन के बीच नीरज चोपड़ा तैयार



**हांगझोऊ,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। एशियाई खेलों में एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के पहले दिन जैसे ही भारत के ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा स्टेडियम में पहुंचे तो उनका स्वागत गीले ट्रैक ने किया। 19वें एशियाई खेलों में पुरुषों की भाला फेंक में प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लेने के लिए एथलीट तैयार हैं।

इस बीच ट्रैक-फील्ड क्षेत्र का मुआयना करने के बाद चोपड़ा ने उम्मीद जताई कि 4 अक्टूबर को मौसम अनुकूल होगा, लेकिन ऐसा लगता है कि 25 वर्षीय भारतीय स्टार को हांगझोऊ में गीले ट्रैक पर प्रतिस्पर्धा करनी होगी क्योंकि कुछ दिनों से वहां मौसम खराब है और बादल छाए हुए हैं। मंगलवार को भी एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं की शुरुआत से पहले हल्की बूंदाबांदी हुई। चोपड़ा ने कुछ दिन पहले हांगझोऊ पहुंचने के बाद मीडिया से बातचीत में कहा था, मैं बस यही उम्मीद करता हूं कि मौसम साफ रहे और बारिश न हो। गीला ट्रैक प्रतियोगिता के लिए उतनी अच्छी नहीं हैं लेकिन आपको सभी प्रकार की चुनौतियों के लिए तैयार रहना होगा। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने के लिए तैयार हूं। चोपड़ा की अंतर्राष्ट्रीय स्टारडम की यात्रा 2018 में जकार्ता में एशियाई खेलों में शानदार जीत के साथ शुरू हुई। पांच साल बाद चोपड़ा ने पहले ही खेल के सभी बड़े खिताब जीत लिए हैं। वह मौजूदा ओलंपिक चैंपियन और विश्व चैंपियन हैं। उन्होंने 2022 में डायमंड लीग फाइनल और 2018 में राष्ट्रमंडल खेल जीते हैं।

# जायसवाल के शतक व बिश्नोई के स्पिन के जादू से भारत सेमीफाइनल में



**नई दिल्ली,** 3 सितंबर (देशबन्धु)। बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के आतिशी शतक और लेग स्पिनर रवि बिश्नोई (3/23) के गेंद से कमाल से भारत की पुरुष क्रिकेट टीम ने मंगलवार को कमजोर नेपाल को 23 रन से हराकर हंगजू(चीन) में सेमीफाइनल में स्थान बना शानदार आगाज किया। भारत ने बेशक अपने %दूसरे दर्जे' की टीम उतारी है क्योंकि उसकी मुख्य टीम अपने घर में बृहस्पतिवार से शुरू हो रहे आईसीसी वन डे में खेलने में व्यस्त है लेकिन नेपाल के बल्लेबाजों खासतौर पर दीपेंद्र सिंह ऐरी ने खुल कर छक्के जड़ बड़ा जिगरा दिखाया इसके लिए उनकी तारीफ जरूर करनी चाहिए। दीपेंद्र ऐरी (2/31, 32 रन, 15 गेंद, चार छक्के) का हरफनमौला खेल भी नेपाल के काम नहीं आया। नेपाल के बल्लेबाजों ने 14 छक्के जड़े जबकि भारत के बल्लेबाजों ने 12 छक्के। सच तो यह है कि मैच भले भारत ने जीता लेकिन अपने जीवट से दिल नेपाल ने जीता। ऋतुराज गायकवाड़ (100 रन,49 गेंद, 7 छक्के, आठ चौके) के विस्फोटक शतक तथा अपने सलामी जोड़ीदार कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (25 रन, 23 गेंद, 4 चौके) के साथ 9.5 ओवर में 103 रन की भागीदारी के बाद भारत ने 16 रन के भीतर तीन विकेट गंवाए और उसका स्कोर 13 वें ओवर में 119 रन हो गया। कप्तान ऋतुराज ने तेज गेंदबाज दीपेंद्र सिंह ऐरी की गेंद की यॉर्कर को उड़ाने के फेर में नेपाल के कप्तान रोहित पौड़ल को थर्ड मैन पर कैच थमाया। तिलक वर्मा (2) रन बनाने के लिए जूझते नजर आए और सोमपाल कामी की गेंद को स्वीप करने के फेर में बोल्ड हो गया जबकि जीतेश शर्मा(5) ने लेग स्पिनर संदीप लमिछाने की गेंद को ड्राइव करने के फेर में उन्हें वापस कैच थमा दिया। यशस्वी जायसवाल पारी के 17 वें ओवर में दीपेंद्र सिंह ऐरी की गेंद उड़ाने के फेर में बोहरा को थर्ड मैन पर कैच थमा आउट हुए और भारत ने चौथा विकेट 150 रन पर खोया। यशस्वी जायसवाल सबसे कम में टी-20 में शतक जड़ने वाले भारतीय खिलाड़ी बन गए । जायसवाल ने अपना शतक 48 गेंद खेल कर पूरा किया।

## सुडोकू 6336 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 7 | 4 | 9 | 6 | 3 | 2 | 5 |
| 4 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 6 | 8 | 1 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 2 | 1 | 8 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 |
| 5 | 4 | 6 | 7 | 2 | 1 | 8 | 9 | 3 |
| 8 | 3 | 9 | 6 | 5 | 4 | 2 | 1 | 7 |
| 2 | 5 | 4 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 | 8 |
| 6 | 1 | 8 | 9 | 4 | 5 | 7 | 3 | 2 |
| 9 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 5 | 4 |


**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, VIMAL TAMRAKAR S/O LATE GIRAJA SHANKAR TAMRAKAR resident of H.NO. 80 TAMER PARA, KILLA MANDIR, WARD NO.32, DURG (C.G.) 491001 have changed my old name VIMAL TAMRAKAR S/O LATE GIRAJA SHANKAR TAMRAKAR so in future I should be recognized by my new name that is VIMAL KUMAR TAMRAKAR S/O LATE GIRAJA SHANKAR TAMRAKAR in all Government and other documents.

**VIMAL KUMAR TAMRAKAR**
H.NO. 80 TAMER PARA, KILLA MANDIR, WARD NO.32, DURG (C.G.) 491001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, VISHAL JAIN S/O KASTUR CHAND JAIN resident of 4 TIRUPATI APARTMENT WARD NO 43 NEAR PACHPEDI NAKA TAGORE NAGAR RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name VISHAL JAIN S/O KASTUR CHAND JAIN so in future I should be recognized by my new name that is VISHAL KUMAR JAIN S/O KASTUR CHAND JAIN in all Government and other documents.

**VISHAL KUMAR JAIN**
4 TIRUPATI APARTMENT WARD NO 43 NEAR PACHPEDI NAKA TAGORE NAGAR RAIPUR (C.G.) 492001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SADHNA NAIDU W/O MOHAN KOLLI NAIDU resident of H.NO 161 SECTOR 1 NEAR AESTHETIC COLLEGE GITANJALI NAGAR RAIPUR 492001 (C.G.) have changed my old name SADHNA NAIDU W/O MOHAN KOLLI NAIDU so in future I should be recognized by my new name that is SADHANA NAIDU W/O MOHAN KOLLI NAIDU in all Government and other documents.

**SADHANA NAIDU**
H.NO 161 SECTOR 1 NEAR AESTHETIC COLLEGE GITANJALI NAGAR RAIPUR 492001 (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, BHAGWAT PRASAD S/O KARTIK RAM SAHU resident of H.NO 04 GODWANA GAS GODOWN ROAD NEAR NIHAL FURNITURE KUDMUDA ROAD AMLESHWAR DURG (C.G.) 491111 have changed my old name BHAGWAT PRASAD S/O KARTIK RAM SAHU so in future I should be recognized by my new name that is BHAGWAT PRASAD SAHU S/O KARTIK RAM SAHU in all Government and other documents.

**BHAGWAT PRASAD SAHU**
H.NO 04 GODWANA GAS GODOWN ROAD NEAR NIHAL FURNITURE KUDMUDA ROAD AMLESHWAR DURG (C.G.) 491111

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, PALLAVI VIVEK PRADHANANI W/O VIVEK PRADHNANI resident of BUNGLOW NO.08 WOODS ESTATE KACHNA MAIN ROAD SARDHOO (SARDHU) RAIPUR (C.G.) 492014 have changed my old name PALLAVI VIVEK PRADHANANI W/O VIVEK PRADHNANI so in future I should be recognized by my new name that is PALLAVI PRADHNANI W/O VIVEK PRADHNANI in all Government and other documents.

**PALLAVI PRADHNANI**
BUNGLOW NO.08 WOODS ESTATE KACHNA MAIN ROAD SARDHOO (SARDHU) RAIPUR (C.G.) 492014

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, BRIJESH S/O BHAGWAT PRASAD SAHU resident of H.NO 04 GODWANA GAS GODOWN ROAD NEAR NIHAL FURNITURE KUDMUDA ROAD AMLESHWAR DURG (C.G.) 491111 have changed my old name BRIJESH S/O BHAGWAT PRASAD SAHU so in future I should be recognized by my new name that is BRIJESH SAHU S/O BHAGWAT PRASAD SAHU in all Government and other documents.

**BRIJESH SAHU**
H.NO 04 GODWANA GAS GODOWN ROAD NEAR NIHAL FURNITURE KUDMUDA ROAD AMLESHWAR DURG (C.G.) 491111

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, CHANPREET MALHOTRA D/O PRITAM SINGH MALHOTRA resident of D-91, SECTORE-05, PANCHWATI GARDEN , DEVENDRA NAGAR, RAIPUR (C.G) 492004 have changed my old name CHANPREET MALHOTRA D/O PRITAM SINGH MALHOTRA so in future I should be recognized by my new name that is CHANPREET KAUR MAKKAD W/O KULJEET SINGH MAKKAD in all Government and other documents.

**CHANPREET KAUR MAKKAD**
D-91, SECTORE-05, PANCHWATI GARDEN , DEVENDRA NAGAR, RAIPUR (C.G) 492004

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, DHANANJAY TAMRAKAR S/O VIMAL KUMAR TAMRAKAR resident of H.NO. 80 TAMER PARA, KILLA MANDIR, WARD NO.32, DURG (C.G.) 491001 have changed my old name DHANANJAY TAMRAKAR S/O VIMAL KUMAR TAMRAKAR so in future I should be recognized by my new name that is DHANANJAY KUMAR TAMRAKAR S/O VIMAL KUMAR TAMRAKAR in all Government and other documents.

**DHANANJAY KUMAR TAMRAKAR**
H.NO. 80 TAMER PARA, KILLA MANDIR, WARD NO.32, DURG (C.G.) 491001

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 2.04 प्रतिशत |
| एलटी | 1.68 प्रतिशत |
| टाइटन | 1.50 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 1.30 प्रतिशत |
| एसबीआई | 0.71 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| मारुति | 2.46 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.83 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.59 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.48 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.23 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 59900 |
| बिटुर | 59275 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,700 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 825 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम रविवार को भी स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# रेलवे ने माल ढुलाई का रिकॉर्ड कायम किया, नई समय सारणी जारी

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय रेलवे ने चालू वित्त वर्ष की प्रथम छमाही में 758.20 टन माल की ढुलाई की जो पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही में माल ढुलाई से 21.52 टन की वृद्धि दर्ज की है। भारतीय रेलवे ने नयी यात्री समय सारणी भी जारी की है। आज यहां जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष अप्रैल-सितंबर 2023 की अवधि के लिए भारतीय रेल ने 758.20 टन माल की ढुलाई की, जबकि पिछले वर्ष 736.68 टन माल की ढुलाई की गई थी जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 21.52 टन की वृद्धि दर्शाता है। रेलवे ने पिछले वर्ष के 78991 करोड़ रुपए की तुलना में 81697 करोड़ रुपए की आय अर्जित की है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में लगभग 2706 करोड़ रुपए अधिक है। इस वर्ष सितम्बर के दौरान, 123.53 टन का प्रारंभिक माल ढुलाई का लक्ष्य हासिल किया गया है जबकि गत वर्ष इसी माह में 115.80 टन माल की ढुलाई की गई थी। इस प्रकार पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 6.67 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सितंबर 2022 में माल ढुलाई से राजस्व के रूप में 12332.70 करोड़ रुपए की आय हुई थी इसकी तुलना में सितम्बर 2023 में 12956.95 करोड़ रुपए की आय अर्जित की गई है। इस प्रकार पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 5.06 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।



- **भारतीय रेलवे ने चालू वित्त वर्ष की प्रथम छमाही में 758.20 टन माल की ढुलाई की**
- **पहली छमाही में माल ढुलाई से 21.52 टन की वृद्धि दर्ज की**

भारतीय रेल ने बीते सितंबर के दौरान कोयले में 59.70 टन, लौह अयस्क में 14.29 टन, पिग आयरन और तैयार स्टील में 5.78 टन, सीमेंट (क्लिंकर को छोड़कर) में 6.25 टन, क्लिंकर में 4.89 टन, खाद्यान्न में 4.54 टन, उर्वरक में 4.23 टन, खनिज तेल में 4.0 टन, कंटेनरों में 7.28 टन और शेष अन्य सामान में 10.10 टन की माल ढुलाई की।

भारतीय रेलवे ने कहा कि 'हंग्री फॉर कार्गो' मंत्र का पालन करते हुए, भारतीय रेल ने व्यापार करने में आसानी के साथ-साथ प्रतिस्पर्धी कीमतों पर सेवा अदायगी में सुधार के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। कुशल नीति निर्माण द्वारा समर्थित ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण और व्यवसाय विकास इकाइयों के काम ने रेलवे को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को हासिल करने में मदद की। इस बीच रेल मंत्रालय ने अपनी नई अखिल भारतीय रेल समय सारणी 'ट्रेन्स एट ए ग्लांस (टीएजी)' जारी कर दी है और यह 01 अक्टूबर से प्रभावी हो गयी है। यह समय सारणी 'ट्रेन्स एट ए ग्लांस' भारतीय रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

## एनएमडीसी न स्थापना के बाद अब तक का सर्वोत्तम एच-1 प्रदर्शन दर्ज किया



**हैदराबाद,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत का सबसे बड़ा लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी ने सितम्बर 2023 माह में लौह अयस्क के 3 मिलियन टन उत्पादन और 3.11 मिलियन टन बिक्री के साथ शानदार प्रदर्शन दर्ज किया है, जो कि उत्पादन में 10 फीसदी और बिक्री में 7 फीसदी माह-दर-माह वृद्धि के साथ स्थापना के बाद अब तक का सर्वोत्तम प्रदर्शन है। इस राष्ट्रीय खनिक ने सितम्बर 2023 तक लौह अयस्क के 19.56 मिलियन टन उत्पादन और 20.53 मिलियन टन बिक्री के साथ शानदार अर्ध-वार्षिक प्रदर्शन रिकार्ड किया है। पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में उत्पादन और बिक्री आंकड़ों में क्रमशः 21 फीसदी और 25 फीसदी की महत्वपूर्ण वृद्धि के साथ इसने स्थापना के बाद अबतक का ऐतिहासिक सर्वोत्तम प्रथम अर्ध-वार्षिक (एच-1) उत्पादन और बिक्री का कीर्तिमान स्थापित किया है। कंपनी के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए श्री अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) नेकहा कि, 'एनएमडीसी परिवर्तन की राह पर अग्रसर है और हमारे आँकड़े इस बात की गवाही देते हैं। अपनी दृढ़ योजनाओं, द्रुत प्रोद्योगिकी में उन्नति और सुसंगत निगरानी के साथ हमने कंपनी के इतिहास में हमारा सर्वोत्तम एच-1 प्रदर्शन हासिल किया है। एनएमडीसी ने मानसून के दौरान भी महत्वपूर्ण वृद्धि की है और हम इस बढ़त को बरकरार रखते हुए वर्ष 2030 तक 100 मिलियन टन का लक्ष्य प्राप्त करेंगे।

इस्पात की खपत को बढ़ाने के लिए सुसंगत प्रयासों और देश में घरेलू इस्पात की मांग में वृद्धि को पूरा करने के लिए कच्चे माल की निरंतर आपूर्ति के साथ एनएमडीसी पुन: एक बार अपने पूर्व-स्थापित रिकार्ड से आगे बढ़ गया है और जिम्मेदार व पर्यावरण-हितैषी खनन पद्धतियों के उद्योग बेंचमार्क को स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## होंडा कार्स ने होंडा सिटी और होंडा अमेज़ के फेस्टिव संस्करण किये पेश

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रीमियम कार बनाने वाली कंपनी होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड (एचसीआईएल) ने आज फेस्टिव संस्करणों के तहत अपनी लोकप्रिय सेडान होंडा सिटी का 'एलिगेंट एडिशन' और मिड सेडान होंडा अमेज का 'एलीट एडिशन' पेश किया।

कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि ये अलग-अलग संस्करण सीमित संख्या में लॉन्च की जाएगी और मैनुअल ट्रांसमिशन (एमटी) और कॉन्टिन्यूअसली वैरिबल ट्रांसमिशन (सीवीटी), दोनों में पेश की जाएंगी। ये होंडा सिटी के वी ग्रेड और होंडा अमेज के वीएक्स ग्रेड पर आधारित है। ये संस्करण उपभोक्ताओं को ज्यादा सुविधाएं देने वाले प्रीमियम पैकेज में आते हैं। इन्हें सभी रंगों के विकल्पों में पेश किया गया है। कंपनी ने देश भर में अपने उपभोक्ताओं के लिए 'द ग्रेट होंडा फेस्ट' के तहत सिटी और अमेज़ के दूसरे संस्करणों पर भी स्पेशल फेस्टिव ऑफर लॉन्च करने की घोषणा की। इन फेस्टिव प्रोत्साहन के दौरान उपभोक्ता अपनी मनपसंद होंडा कार की खरीद पर सभी अधिकृत डीलरों से कई तरह के आकर्षक ऑफर 31 अक्टूबर 2023 तक हासिल कर सकते हैं।

कंपनी ने कहा कि होंडा सिटी एलिगेंट संस्करण के एमटी की दिल्ली में एक्स शोरूम कीमत 1257400 रुपए और सीवीटी संस्करण की कीमत 1382400 रुपए है। होंडा अमेज एलीट संस्करण के एमटी मॉडल की कीमत 903900 रुपए और सीवीटी की कीमत 985900 रुपए है।

## देश में इस वर्ष 3.1 करोड़ 5 जी फोन बिकेंगे

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। देश में तेजी से 5 जी सेवाओं की पहुंच बढ़ने से इस वर्ष 3.1 करोड़ 5 जी स्मार्टफोन बिकने की उम्मीद की जा रही है क्योंकि इस सेवा के लिए लोग प्रीमियम भुगतान करने को भी तैयार हैं।

एरिक्सन ने आज '5जी वैल्यू: टर्निंग परफॉर्मेंस' शीर्षक से अपनी रिपोर्ट जारी की जिसमें यह बात कही गयी है। अध्ययन के अनुसार 2023 में तकनीकी और सामर्थ्य के आधार पर 3.1 करोड़ उपयोगकर्ता 5 जी फोन अपग्रेड कर सकते हैं। भारत में 5जी उपयोगकर्ता एचडी वीडियो स्ट्रीमिंग जैसे ऐप के साथ अपने दैनिक जुड़ाव के लिए जाने जाते हैं। वीडियो कॉलिंग सेवाएं, मोबाइल गेमिंग और संवर्धित सेवाओं का उपयोग करते हैं। वे औसतन दो घंटे इंटरनेट पर बिताते हैं। अमेरिका जैसे अन्य देशों में आरंभिक 5जी अपनाने वाले बाज़ारों में उपयोगकर्ताओं की तुलना में भारत में प्रति सप्ताह इन सेवाओं का उपयोग करने वाले अधिक लोग है। इसके अलावा भारत का 5जी संतुष्टि स्तर और अनुमानित 5जी उपलब्धता शुरुआती स्तर से मेल खाती है या उससे आगे निकल गई है। रिपोर्ट को जारी करते हुये एरिक्सन कंज्यूमर लैब के प्रमुख जसमीत सिंह सेठी ने कहा कि सर्वेक्षण में शामिल 5जी उपभोक्ताओं में से लगभग 39 प्रतिशत लोगों ने माना कि 5 जी योजनाओं के डेटा के लिए प्रीमियम दर से भुगतान किया जा सकता है।



उल्लेखनीय है कि देश में 5 जी सेवाओं की शुरूआत पिछले वर्ष अक्टूबर में की गयी थी और एक वर्ष में ही रिलायंस जियो , एयरटेल और वोडाफोन आइडिया ने तेजी से इस सेवा की शुरूआत कर दी है। रिलायंस जियो और एयरटेल ने पूरे देश में 5 जी सेवायें शुरू करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। अब तक करीब तीन लाख 5 जी टावर लगाये जा चुके हैं।

## सार संक्षेप

### ह्यूंडई वेरना को मिली 5 स्टार रेटिंग

**नई दिल्ली**। यात्री वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी ह्यूंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने भारतीय ग्राहकों को ज्यादा सुरक्षित मोबिलिटी सॉल्यूशन प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुये आज कहा कि उसके सभी मॉडल और सभी वैरिएंट में स्टैंडर्ड फीचर के रूप में 6 एयरबैग मिलेंगे और उसके प्रयासों के प्रमाण के रूप में ह्यूंडई वेरना को ग्लोबल एनसीएपी की तरफ से व्यस्क एवं बच्चे की सुरक्षा के मामले में 5 स्टार रेटिंग मिली है। कंपनी ने आज यहां भारत के लिए एक सुरक्षित रोडमैप की दिशा में काम करते हुए 3 मॉडलों के साथ बीएनसीएपी में स्वैच्छिक रूप से हिस्सा लेने का ऐलान किया। आगे अन्य मॉडल को भी इसमें लाया जाएगा।
कंपनी के एमडी एवं सीईओ उनसू किम ने कहा, 'ह्यूंडई में सभी की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और स्टैंडर्ड व्हीकल सेफ्टी फीचरों के मामले में हम हमेशा नए बेंचमार्क बनाते रहे हैं। आज हमें सभी मॉडल एवं सभी वैरिएंट में छह एयरबैग को स्टैंडर्ड फीचर के रूप में पेश करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इसके अतिरिक्त जीएनसीएपी की तरफ से ह्यूंडई वेरना को व्यस्क और बच्चे की सुरक्षा के लिए मिले 5 स्टार रेटिंग के साथ सुरक्षित मोबिलिटी के मामले में हमने एक और मील का पत्थर पार किया है। हम केवल स्मार्ट मोबिलिटी सॉल्यूशन प्रोवाइडर ही नहीं, बल्कि सेफ मोबिलिटी सॉल्यूशन प्रोवाइडर भी हैं।

### ग्रो म्यूचुअल फंड ने पेश की टोटल मार्केट इंडेक्स फंड

**बैंगलोर**। ग्रो म्यूचुअल फंड ने मंगलवार को ग्रो निफ्टी टोटल मार्केट इंडेक्स फंड पेश करने की घोषणा की जो निफ्टी टोटल मार्केट इंडेक्स पर आधारित है। ग्रो म्यूचुअल की एक विज्ञप्ति के अनुसार इस कोष का बंदोबस्त कोष प्रबंधक अनुपम तिवारी देखेंगे करेंगे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि ग्रो निफ्टी टोटल मार्केट इंडेक्स फंड निफ्टी टोटल मार्केट इंडेक्स को ट्रैक करेगा। यह फंड 3-17 अक्टूबर निवेश के लिए खुला रहेगा और यूनिट्स के आवंटन की तारीख से या उससे पहले, पांच कामकाजी दिनों के भीतर ऑनगोइंग सब्सक्रिप्शन और रिडेम्पशन के लिए फिर से खुलेगा।
कंपनी का कहना है कि यह देश का पहला टोटल मार्केट इंडेक्स फंड होगा।

### ऐग्रीज़ी की घरेलू एग्री-फूड प्रोसेसिंग क्षमताओं को बढ़ाने की अपील


**नई दिल्ली**। कृषि-खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की प्रमुख कंपनी ऐग्रीज़ी ने घरेलू कृषि-खाद्य प्रसंस्करण की क्षमताओं को बढ़ाने का अनुरोध किया है। ऐग्रीज़ी के विशेषज्ञों के अनुसार इस कदम से निर्यात बढ़ेगा, देश पर आयात का बोझ कम होगा और भारतीय अर्थयवस्था को मजबूत करने में काफी मदद मिलेगी। कंपनी ने कहा कि हम लाल मिर्ची का उदाहरण लेते हैं। भारत में लाल मिर्ची की तरह-तरह की किस्में हैं जिनमें सन्नम, तेजा, ब्याड्गी, और कश्मीरी मिर्च शामिल हैं। लाल मिर्ची की इन किस्मों का भारत की कृषि पैदावार में महत्वपूर्ण योगदान है।

## ब्याज दर में जल्द कमी नहीं होने के संकेत से शेयर बाजार लुढ़का

**मुंबई,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दर में शीघ्र कोई कमी नहीं किये जाने के संकेत से विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, ऑटो, धातु और तेल एवं गैस समेत पंद्रह समूहों में हुई बिकवाली के दबाव में आज शेयर बाजार लुढ़क गया। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 316.31 अंक का गोता लगाकर 65512.10 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 109.55 अंक की गिरावट लेकर 19528.75 अंक रह गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में तेजी रही। इससे मिडकैप 0.09 प्रतिशत बढ़कर 32,368.80 अंक और स्मॉलकैप 0.61 प्रतिशत की छलांग लगाकर 37,789.58 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3956 कंपनियों के शेयरों में कारेबार हुआ, जिनमें से 1860 में बिकवाली जबकि 1907 में लिवाली हुई वहीं 189 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 37 कंपनियां गिरावट जबकि शेष सात तेजी पर रही।

बीएसई के 15 समूहों के शेयरों में बिकवाली का दबाव रहा। इस दौरान ऊर्जा 1.15, कमोडिटीज 0.20, सीडी 0.01, एफएमसीजी 0.50, वित्तीय सेवाएं 0.20, हेल्थकेयर 0.24, आईटी 0.21, दूरसंचार 0.09, यूटिलिटीज 0.72, ऑटो 1.21, बैंकिंग 0.33, धातु 0.78, तेल एवं गैस 1.30, पावर 0.82 और टेक समूह 0.18 प्रतिशत गिर गए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान जर्मनी का डैक्स 0.33, जापान का निक्केई 1.64 और हांगकांग का हैंगसेंग 2.69 प्रतिशत लुढ़क गया वहीं ब्रिटेन का एफटीएसई 0.29 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.10 प्रतिशत की बढ़त पर रहा।




कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 15 अंक फिसलकर 65,813.42 अंक पर खुला और बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 65,344.59 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। लिवाली की बदौलत दोपहर बाद यह 65,813.50 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 65,828.41 अंक के मुकाबले 0.48 प्रतिशत की गिरावट लेकर 65,512.10 अंक पर रहा। निफ्टी भी 16 अंक उतरकर 19,622.40 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,479.65 अंक के निचले जबकि 19,623.20 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,638.30 अंक की तुलना में 0.56 प्रतिशत लुढ़ककर 19,528.75 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की गिरावट पर रही 19 कंपनियों में से मारुति ने सबसे अधिक 2.46 प्रतिशत का नुकसान उठाया। साथ ही एनटीपीसी 1.83, टाटा मोटर्स 1.59, सन फार्मा 1.48, आईसीआईसीआई बैंक 1.23, एचडीएफसी बैंक 1.22, रिलायंस 1.20, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 1.14, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.08, आईटीसी 1.05, टाटा स्टील 0.78, नेस्ले इंडिया 0.64, टेक महिंद्रा 0.62, कोटक बैंक 0.56, टीसीएस 0.44, पावरग्रिड 0.28, विप्रो 0.21, भारती एयरटेल 0.16 और इंफोसिस के शेयर 0.10 प्रतिशत टूटे।

वहीं, बजाज फाइनेंस 2.04, एलटी 1.68, टाइटन 1.50, बजाज फिनसर्व 1.30, एसबीआई 0.71, अल्ट्रासिमको 0.54, एक्सिस बैंक 0.31, इंडसइंड बैंक 0.26, एचसीएल टेक 0.19, हिंदुस्तान यूनीलीवर 0.17 और एशियन पेंट ने 0.17 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## मोतीलाल ओसवाल एएमसी ने पेश किया निफ्टी 500 ईटीएफ

**मुंबई,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। सम्पत्ति प्रबंधन सेवा कंपनी मोतीलाल ओसवाल एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एमओएएमसी) ने निफ्टी 500 सूचकांक में निवेश पर आकर्षक प्रतिफल को देखते हुए निवेशकों के लिए निफ्टी 500 ईटीएफ योजना पेश करने की मंगलवार को घोषणा की। कंपनी के अधिकारियों ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इसे छह अक्टूबर को एनएसई में सूचीबद्ध कराने की योजना है। कारोबार के लिए इस कोष का संकेत नाम 'एमओनिफ्टी500' है। कंपनी ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में निफ्टी 500 इंडेक्स ने 31 अगस्त, 2023 के अंत तक वार्षिक आधार पर 25 फीसदी का रिटर्न दिया है। मध्यम से लंबी अवधि में निफ्टी 500 इंडेक्स ने ऐतिहासिक रूप से मिड और स्मॉलकैप खंड के मजबूत प्रदर्शन की मदद से निफ्टी 50 इंडेक्स से बेहतर प्रदर्शन किया है। एमओनिफ्टी500 ईटीएफ निफ्टी 500 इंडेक्स के कुल रिटर्न को साधने का प्रयास है, जिसे बाजार पूंजीकरण के आधार पर शीर्ष 500 कंपनियों के प्रदर्शन को मापने के लिए तैयार किया गया है।

कंपनी का कहना है कि निफ्टी 50 इंडेक्स की तुलना में, निफ्टी 500 इंडेक्स अच्छी तरह विविधीकृत है इसमें शीर्ष 10 होल्डिंग का हिस्सा 37 प्रतिशत है, जबकि निफ्टी 50 इंडेक्स में शीर्ष दस कंपनियों में निवेश का हिस्सा 58 प्रतिशत है। इसके अलावा, यह 21 क्षेत्रों में विविध निवेश प्रदान करता है, कुछ क्षेत्रों में कपड़ा (टेक्स्टाइल्स), उपभोक्ता सेवाएं (कन्स्यूमर सर्विसेज़), मीडिया और वन सामग्री शामिल हैं जो निफ्टी 50 इंडेक्स में मौजूद नहीं हैं। कंपनी का कहना है कि यह इंडेक्स लार्जकैप (75 फीसदी), मिडकैप (16 फीसदी) और स्मॉलकैप (9 फीसदी) का एक उत्कृष्ट मिश्रण प्रदान करता है। लंबी अवधि में निफ्टी 500 इंडेक्स ने निफ्टी 50 से बेहतर प्रदर्शन किया है। मोतीलाल ओसवाल एसेट मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध निदेशक और सीईओ नवीन अगरवाल ने कहा, 'मोतीलाल ओसवाल निफ्टी 500 इंडेक्स फंड के प्रबंधन में अपने सफल ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर, हम अपनी नई पेशकश मोतीलाल ओसवाल निफ्टी 500 ईटीएफ की घोषणा करने के लिए उत्साहित हैं।

## खाद्य तेल सस्ता

**नई दिल्ली**, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के भाव गिर गए।



तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अक्टूबर का पाम ऑयल वायदा पांच रिंगिट फिसलकर 3640 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, अक्टूबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.32 सेंट की बढ़त के साथ 57.75 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में गिरावट का रुख रहा। सरसों तेल 147 रुपए, मूंगफली तेल 146 रुपए, सोया रिफाइंड 220 रुपए और वनस्पति तेल 133 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हो गया। वहीं, सूरजमुखी तेल और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

अनाज : अनाज मंडी में दाम स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## इस वर्ष भारत की आर्थिक-वृद्धि 6.3 प्रतिशत रहेगी, निवेश, उपभोग मजबूत: विश्व बैंक

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। विश्व बैंक ने कठिन वैश्विक परिस्थितियों के बीच भारत के राजकोषीय प्रबंध और महंगाई पर अंकुश लगाने की नीतियों की तारीफ करते हुए मंगलवार को अनुमान जताया कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि होगी। वर्ष 2022-23 में भारत के जीडीपी की वृद्धि 7.2 प्रतिशत थी और देश विश्व की सबसे तीव्र गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था था।

भारत के बारे में विश्व बैंक की यहां जारी 'इंडिया डेवलपमेंट अपडेट-अक्टूबर 2023' (भारत की परिस्थितियों की ताजा रिपोर्ट) शीर्षक रिपोर्ट में व्यक्त यह अनुमान छह माह पहले के उसके अनुमान के बराबर है। रिपोर्ट में भारत में उपभोग और निवेश की मांग की स्थिति को मजबूत बताते हुए अनुमान है कि अगले वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत तथा उसके बाद के वर्ष में यह 6.5 प्रतिशत तक जा सकती है।

बैंक का अनुमान है कि भारत में आने वाले समय में मुद्रास्फीति का दबाव और कम होगा तथा यह भारत रिजर्व बैंक के लिए आसान माने जाने वाले 2-6 प्रतिशत के दायरे में रहेगी। रिपोर्ट में चालू वित्त वर्ष में खुदरा मुद्रास्फीति 5.9 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष में 4.7 प्रतिशत तथा उसके बाद के वर्ष में 4.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है। भारत में विश्वबैंक के स्थानीय निदेशक आगस्ते तानो कोउआमे ने यह रिपोर्ट जारी करते हुए कहा, 'आज दुनिया की स्थिति बहुत कठिन है। मुद्रास्फीति ऊंची है और ब्याज दरें चढ़ी हुई हैं, ऐसे में भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने कुछ समय तक चुनौतियां बनी रहेंगी।'




उन्होंने कहा कि भारत ने 2047 तक विकसित देश बनने का लक्ष्य रखा है। देश के कुछ दीर्घकालिक लक्ष्य हैं और कुछ अल्पकालिक चुनौतियां हैं। इस अवसर पर दक्षिण एशिया विषयक विश्व बैंक की मुख्य अर्थशास्त्री फ्रांजिस्का ऑनसोर्गी और इंडिया डेवलपमेंट अपडेट (आईडीयू) के लेखक ध्रुव शर्मा ने भी अपने विचार रखे। श्री शर्मा ने कहा, 'भारत में कुछ समय से मुद्रास्फीति के ऊंचा रहने और मौद्रिक नीति की कठोरता के बावजूद देश की आर्थिक वृद्धि मजबूत बनी हुई है।' उन्होंने कहा कि भारत में निवेश मजबूत बना हुआ है, राजकोषीय घाटा धीरे-धीरे कम हो रहा है और जीडीपी के हिसाब से कर्ज का अनुपात कम हो रहा है। उन्होंने कहा कि वैश्विक बाजार में मांग की कमी के बावजूद भारत में घरेलू मांग मजबूत है। पहली तिमाही के जीडीपी के पहली तिमाही के आंकड़ों में उपभोग मांग में एक साल पहले की तुलना में कुछ नरमी जरूर दिखायी देती है, यह साल पहले इसी दौरान कोविड19 की पांबदियों के खुलने के बाद आयी मांग के धीरे-धीरे शांत होने का असर है। श्री शर्मा ने कहा कि भारत में 'श्रम बाजार में काफी सुधार दिख रहा है पर कुछ निहित चुनौतियां भी हैं।' उन्होंने कहा कि नौकरियों में अशिकांश वृद्धि अभी कम गुणवत्ता की नौकरियों और घरेलू काम में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने की वजह से है।

विश्व बैंक की इस रिपोर्ट के अनुसार चालू वित्त वर्ष में कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्र की वृद्धि क्रमशः 3.5 प्रतिशत, 5.7 प्रतिशत और 7.4 प्रतिशत की वृद्धि होगी। पिछले वित्त वर्ष में ये दरें क्रमशः चार प्रतिशत, 4.4 और 9.5 प्रतिशत थी।

# छत्तीसगढ़ के बच्चों को नीट और जेईई की फ्री कोचिंग:मुख्यमंत्री

- भूपेश बघेल ने स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का किया शुभारंभ
- छत्तीसगढ़ के समस्त 146 विकासखंडों सहित चार शहरों में खुले नि:शुल्क स्वामी आत्मानंद कोचिंग सेंटर

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इंजीनियरिंग एवं मेडिकल की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए स्कूल शिक्षा विभाग की नवाचारी 'स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना' का आज अपने निवास कार्यालय से ऑनलाईन शुभारंभ किया। इस योजना के तहत प्रदेश के 146 विकासखंड मुख्यालयों और चार शहरों- रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और कोरबा सहित 150 कोचिंग सेंटर के माध्यम से शासकीय स्कूलों में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को नि:शुल्क कोचिंग दी जाएगी। मुख्यमंत्री बघेल और स्कूल शिक्षा मन्त्री रविन्द्र चौबे के समक्ष स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना संचालन के लिए स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम एवं ऐलन कैरियर कोचिंग इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना के संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा तैयार ब्रोशर का विमोचन किया। उन्होंने राज्य के विकासखंडों के कोचिंग सेंटर में उपस्थित बच्चों से चर्चा कर योजना के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान स्कूली बच्चों ने अपने बेहतर भविष्य के लिए योजना के प्रति भरपूर खुशी का इजहार करते हुए मुख्यमंत्री और स्कूल शिक्षा मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का शुभारंभ करते हुए छत्तीसगढ़ में बच्चों के कैरियर निर्माण के लिए की एक



और महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि निकट भविष्य में पीएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की सर्वसुविधा युक्त बेहतर ऑनलाईन कोचिंग की व्यवस्था भी हम सभी विकासखण्डों में करेंगे।

मुख्यमंत्री बघेल ने स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह योजना बच्चों के सुनहरे भविष्य को गढ़ने में अहम साबित होगी। उन्होंने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी है कि वह हर क्षेत्र में वातावरण का निर्माण करें। इस दिशा में हमारी सरकार द्वारा सबसे पहले कृषि के क्षेत्र में वातावरण बनाया। इससे कृषकों की संख्या और कृषि क्षेत्र की रकबा तथा उत्पादन में भी वृद्धि दर्ज की गई। इसी प्रकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए गए काम का असर लोगों को दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा के वातावरण के लिए हमारी सरकार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत स्कूलों के अधोसंरचना विकास के लिए बडी तादात में 1100 करोड़ रूपए की राशि का प्रावधान किया गया। इस राशि से स्कूलों के भवन का संधारण और कक्ष तथा अतिरिक्त कक्ष सहित आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था की गई। स्कूलों में 30 हजार शिक्षकों की भर्ती शुरू कर दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के तहत हमने एक कदम और आगे बढ़ाते हुए कोचिंग के साथ-साथ शिक्षकों की समुचित व्यवस्था की गई है। एक कोचिंग सेंटर में भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान एवं गणित विषय के लिए अलग-अलग नोडल शिक्षक चिन्हांकित कर लिए गए है। कोचिंग सेंटरों में अध्यापन कार्य का नियमित अवलोकन किया जाएगा और पालकों का फीडबैक भी लिया जाएगा ऑनलाईन कक्षाओं में टू-वे संवाद रहेगा अर्थात् विद्यार्थी विषय शिक्षकों से प्रश्न पूछ सकेंगे। इस दौरान विद्यार्थियों का लगातार आंकलन किया जाएगा।

प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा डॉ आलोक शुक्ला ने स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना के संबंध में बताया कि प्रदेश के 146 विकासखंड और चार शहरों रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और कोरबा सहित 150 कोचिंग सेंटर को इंटरनेट कनेक्शन और कम्प्यूटर से जोड़ दिया गया है। यहां कक्षा 12वीं में गणित एवं जीव विज्ञान संकाय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को कोचिंग दी जाएगी। यह नि:शुल्क कोचिंग हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम के छात्रों के लिए दी जाएगी। इस योजना के तहत अब तक 9 हजार 13 बच्चों का पंजीयन हो चुका है। इनमें नीट के लिए 6 हजार 553 और जेईई की कोचिंग के लिए 2 हजार 460 ने पंजीयन कराया है।

# 14 लाख कीमत की 15 नग मोटरसाइकिल के साथ दो युवक गिरफ्तार

- मुखबीर की सूचना पर पुलिस की कार्रवाई

**सरायपाली,** 3 अक्टूबर (देशबंधु) 14 लाख कीमत की 15 नग मोटरसाइकिल के साथ 2लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की

आरोपी महेंद्र वैष्णव एवं गोविंद वैष्णव चोरी की मोटरसाइकिल बेचने की फिराक में घूम रहे हैं जिस पर तत्काल पुलिस अधिकारियों को अवगत कराया गया एवं थाना सरायपाली से टीम गठित कर स्टाफ रवाना किया आरोपियों के कब्जे से 15 नग मोटरसाइकिल हीरो होंडा स्प्लेंडर. हीरो एचएफ डीलक्स. बजाज प्लैटिना. सीडी डॉन. होंडा शाइनकुलरकम 14 लाख रुपए जप्त कर संदेहियो को धारा 91 सीआरपीसी का नोटिस देकर पूछताछ किया गया जो अपने-अपने मेमोरेंडम में थाना सरायपाली .बसना. सकरा रायगढ़ सारंगढ़ से घूम घूम कर उक्त वाहनों को चोरी करना बताया महेंद्र वैष्णव पिता देवदास वैष्णो ( 30 )निवासी ग्राम बेहरापाली थाना सरायपाली एवं आरोपी गोविंद वैष्णव पिता कार्तिक वैष्णव (32 ) निवासी ग्राम बानीगिरोला थाना सरायपाली से पूछताछ पश्चात इस्तगासा क्रमांक 09/23 धारा 41(1 -4)/ 379 34 भादवि के तहत गिरफ्तार किया गया

कुछ वाहन जो की चोरी के संबंध में थाना सरायपाली में अपराध पंजीबद्ध है जिसका पृथक-पृथक न्यायिक रिमांड लिया गया।

उपरोक्त पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के दिशा निर्देश पर टीम गठित कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरेपूंजे के नेतृत्व में एसडीओपीअभिषेक केसरी के मार्गदर्शन में किया गया जिसमें थाना सरायपाली के निरीक्षक शिवानंद तिवारी. उपनिरीक्षक असरार अली. सहायक उपनिरीक्षक श्रवण दास.सोनचंदडहरिया बलराम साहू. प्रधान आरक्षक 201 स्वाई प्रधान आरक्षक डीएम भोई. आरक्षक अनंत गेण्ड्रे चन्द्रमणी यादव. हितेश .दिनेश बुडेक .भुपेश प्रधान .ओमप्रकाश टंडन एवं अन्य स्टॉफ की सराहनीय भुमिका रही

# विक्रम मंडावी से अस्पताल में मिलने पहुंचे भूपेश

## कल सड़क हादसे में हुए थे घायल



**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज राजधानी रायपुर स्थित निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी और छत्तीसगढ़ शाकम्भरी बोर्ड के अध्यक्ष रामकुमार पटेल से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना ।

विधायक विक्रम मंडावी सोमवार की शाम सड़क हादसे में घायल हो गए जिससे उनके कंधे में चोट लगी है ।विधायक मंडावी को सड़क हादसे के बाद बेहतर उपचार के लिए रायपुर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है।

# भाजपा में प्रत्याशी नहीं बनाए जाने से सिंधी व गुजराती समाज नाराज

- प्रदेश प्रभारी ओम माथुर को लिखी चिट्ठी

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के संभावित प्रत्याशियों की सूची में स्थान नहीं मिलने पर प्रदेश के दो महत्वपूर्ण समाजों ने नाराजगी जताई है। सिंधी और। गुजराती समाज ने इस संबंध में छत्तीसगढ़ भाजपा प्रभारी ओम माथुर को पत्र लिखा है।

छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के संयोजक गोविंद वाधवानी ने ओम माथुर को लिखे पत्र में कहा कि छत्तीसगढ़ में सिंधी समाज की जनसंख्या 10 लाख है। और 20 विधानसभा सीटों पर वे प्रभाव रखते हैं। इसके बाद भी संभावित सूची में एक भी सिंधी समाज का उम्मीदवार नहीं है। अगर समाज के एक भी व्यक्ति को तवज्जों नहीं दी गई तो चुनाव में भाजपा को समर्थन देने पर समाज निर्णय ले सकता है इसके लिए कल रायपुर में पूरे छग के प्रतिनिधियों की

बैठक बुलाई गई है ।उसमे टिकट नहीं देने पर क्या किया जाना है उस पर फैसला लिया जाएगा। इसलिए पार्टी एक बार फिर विचार करे और समाज को सम्मान दे।

वहीं सर्व गुजराती समाज के प्रदेश सचिव अरविंद भानुशाली ने माथुर को लिखकर बताया कि संभावित सूची में गुजराती समाज से एक भी नाम नहीं होने से समाज के लोग निराश हैं ।समाज ने कम से कम दो सीट देने मांग की है ।समाज की ओर से धरसींवा से देवजी भाई पटेल प्रत्याशी रहे हैं। इस बार पटेल के अलावा धमतरी से प्रितेश गांधी भी दावेदारी कर रहे हैं।

# रेलों के अनियमित चालन, कभी भी निरस्त किये जाने से आम जनता हलाकान:मुख्यमंत्री

- भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर कराया अवगत
- पत्र में लिखा, रेलवे द्वारा पैसेंजर ट्रेनों के यात्रियों से भी एक्सप्रेस ट्रेन का किराया वसूला जा रहा
- जनता की पीड़ा को देखते हुए प्रधानमंत्री से रेलवे को आवश्यक निर्देश प्रदान करने का किया अनुरोध

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। ट्रेनों के अनियमित चालन, कभी भी निरस्त किये जाने और पैसेंजर ट्रेनों के यात्रियों से भी एक्सप्रेस ट्रेन का किराया लिये जाने जैसी दिक्कतों से आम जनता को हो रही परेशानी के संबंध में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा है कि रेलवे प्रशासन द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य से गुजरने वाली अनेक लम्बी दूरी की ट्रेनों तथा स्थानीय यात्री ट्रेनों को विगत लम्बी अवधि से बिना किसी पूर्व सूचना एवं औचित्य पूर्ण कारण के निरस्त करने की कार्यवाही की जा रही है। शेष ट्रेनों के भी अत्यधिक विलम्ब से चलने के कारण राज्य के लाखों ट्रेन यात्रियों के मन में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। रेलवे प्रशासन एवं केन्द्र सरकार से अनेक बार अनुरोध करने के बाद भी हालात में कोई सुधार नहीं हो रहा है। व्यापक जनहित के इस विषय पर केन्द्र सरकार की उदासीनता से जनमानस अत्यधिक उद्वेलित है।

उन्होंने लिखा कि यात्री ट्रेनों के अव्यवस्थित संचालन का मुख्य कारण राज्य के खनिजों की अन्य राज्यों को ले जाने वाली माल गाड़ियों की संख्या में वृद्धि होना तथा परिचालन में उन्हें यात्री ट्रेनों की तुलना में प्राथमिकता दिया जाना है। यात्रियों के असंतोष का एक अन्य कारण यह भी है कि रेलवे द्वारा पैसेंजर ट्रेनों के यात्रियों से भी एक्सप्रेस ट्रेन का किराया वसूला जा रहा है। यात्री ट्रेनों के परिचालन में ऐसी अव्यवस्था तथा अराजकता देश के अन्य किसी प्रदेश में नहीं है। प्रदेश के इतने गंभीर मामले का इसने समय से हल नहीं निकलने से राज्य की जनता में आक्रोश एवं असंतोष बढ़ता जा रहा है।

श्री बघेल ने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया है कि राज्य की जनता की पीड़ा के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए बिना किसी और विलम्ब के सभी यात्री ट्रेनों का परिचालन पूर्ववत आरंभ करने तथा ट्रेनों की घंटों लेट लतीफी पर रोक लगाने हेतु रेलवे मंत्रालय को आवश्यक निर्देश प्रदान किया जाए, जिससे कि जनता के व्यापक असंतोष एवं आन्दोलन को समाप्त किया जा सके।

**NECC**


| 04.10.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.03 | 85 | 170 |
| चिल्हर | 6.25 | 100 | 195 |

डिलीवरी 518 सैकड़ा

दर्जन अंडा 75 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.

CSPFA



प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

देशबन्धु | रायपुर, बुधवार, 4 अक्टूबर 2023 | 3

# प्रादेशिकी

जगदलपुर-कांकेर-कोण्डागांव-बीजापुर-दंतेवाड़ा

उल्टा पुल्टा

पूजा के समय पत्नी ने पति से पूछा।
**पत्नी**- सुनो जी आपको आरती याद है न?
**पति**- हां... वो पतली सी, वही न?
इसके बाद भगवान की बाद में , पति की 'पूजा' पहले हुई।

संपादकीय

## बड़े सपनों के लिये बड़े अपराध

लालच ही मनुष्य को अपराध की राह पर ठेलती है। ऐसा कुछ भी पाने की इच्छा जो जायज न हो अथवा जिस पर खुद का कानूनी या नैतिक हक न हो, उसे पाने की कोशिश करना या प्राप्त कर लेना गैरकानूनी है। चोरी, लूट, डकैती, धोखाधड़ी, ठगी इसलिये आपराधिक कृत्यों में आते हैं क्योंकि जो कुछ लूटा या हथियाया जाये वह दूसरों का होता है। वैसे यह भी सच है कि कई लोग मजबूरी के चलते अपराध की दुनिया में आ जाते हैं या फिर उन्हें ऐसे कामों में डाल दिया जाता है। ऐसे लोग कम ही होते हैं जो इसे अपना पेशा बना लेते हैं। अब एक नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है। लोग अब सिर्फ बुनियादी ज़रूरतों को पूरा करने के लिये अपराध नहीं कर रहे हैं वरन अपने बड़े सपनों को पूरा करने के लिये बड़े अपराध करने में भी नहीं हिचकिचा रहे हैं।

भिलाई में पीजी के रूप में रहने वाले लोकेश श्रीवास को गिरफ्तार कर उससे 25 करोड़ रुपये मूल्य के जेवर व नकदी बरामद की गई। उसके बारे में पुलिस ने जो खुलासे किये हैं वे चौंकाने वाले हैं और यह बतलाने के लिये काफी है कि समाज किस अवस्था में पहुंच चुका है। भिलाई के साथ दिल्ली व रायपुर से कई चोरियों को अंजाम देने वाला लोकेश कवर्धा में एक आलीशान सेलून खोलने का आकांक्षी था और इसी उद्देश्य से वह बड़ी चोरियां कर रहा था। अमूनन बड़ी घटनाएं करने वाले छोटे-बड़े समूहों में कार्रवाइयां करते हैं। इसके विपरीत लोकेश हर चोरी को अकेला करता आया है। उसकी महत्वाकांक्षा इतनी बड़ी थी कि वह सोने की कैंची, कंघी व उस्तरा से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भी बाल काटना चाहता है। इस सपने को पूरा करने के लिये वह अपराध कर राशि एकत्र कर रहा था। फिलहाल वह पुलिस की गिरफ्त में है जिसे दिल्ली से गिरफ्तार किया गया।

यह कृत्य बतलाता है कि अति महत्वाकांक्षा बहुत खराब होती है। जो लोग धन कमाने के लिए शार्टकट अपनाते हैं वे गलती करते हैं- यह इस घटना से साबित होता है। जीवन में बड़े सपनों को पूरा करने के लिये अपराध के जरिये रास्ता बनाना ठीक नहीं होता। सही योजना, समर्पण और कड़ी मेहनत के अलावा कोई दूसरी राह ठीक नहीं होती। गलत तरीकों से प्रारम्भिक स्तर पर कुछ सफलताएं मिल भी जाती हैं परन्तु वे स्थायी नहीं होती। टिकाऊ कामयाबी के लिये जीवन मूल्यों को अपनाना पड़ता है और उसी के अनुसार आगे बढ़ना होता है। वैसे तो सोने की कंघी, कैंची और उस्तरे से प्रधानमंत्री के बाल काटने की हसरत पालना ही बहुत हास्यास्पद है। अव्यवहारिक भी है। ऐसी कोई इच्छा है तो उसे पाने हेतु जायज रास्ता अपनाना चाहिये।

# शहर जिला कांग्रेस ने नगरनार स्टील प्लांट के निजीकरण के विरोध में कराया नगर बंद

## निजीकरण ना करें पीएम मोदी, प्रदेश सरकार नगरनार इस्पात संयंत्र खरीदने के लिए तैयार : जिलाध्यक्ष मौर्य





**जगदलपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर शहर जिला कॉंग्रेस कमेटी के निर्देशन पर शहर जिलाध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में नगरनार स्टील प्लांट के निजीकरण के विरोध और एनएमडीसी के मुख्यालय को हैदराबाद से जगदलपुर लाने सहित अन्य मांगों को लेकर कांग्रेस ने सम्पूर्ण जगदलपुर बस्तर बंद करवाया । जिलाध्यक्ष मौर्य ने कहा कि नगरनार इस्पात संयंत्र के निजीकरण का विरोध कांग्रेस पार्टी लगातार कर रही है और प्रदेश सरकार तो संयंत्र खरीदने के लिए भी तैयार है लेकिन केंद्र की सरकार भाजपा अपने पूंजीपति मित्रों को फायदा पंहुचाने के लिए इसे निजी हाथों में देने में तुली हुई है। स्टील प्लांट को बेचने के लिए केंद्र सरकार ने टेंडर भी जारी कर दिया है साथ ही इसके डिमार्जर की प्रकिया भी की जा रही है। पीएम मोदी और भाजापा बस्तरवासियों के साथ धोखा कर रहे हैं। श्री मौर्य ने आगे कहा कि बस्तर के 35 लाख लोगों का सपना टूट रहा है। केंद्र के नेताओं को पता है कि इस प्लांट के निजीकरण से 100 प्रतिशत उन्हें ही फायदा होगा। बस्तर वासियों की उम्मीद को टूटने से बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा बंद का आयोजन किया गया है और इस महाबंद को विभिन्न सामाजिक संगठनों, मुख्य मार्ग व्यापारियों सहित बस्तर की जनता का कांग्रेस के बंद को पूर्ण समर्थन मिला भी है और बस्तर की जनता भी जानना चाहती है की पीएम मोदी आखिर प्लांट को क्यों बेच रहे है पर अब बस्तर की जनता जागरूक है और बस्तर के लोग इस प्लांट का निजीकरण होने नहीं देंगे। बस्तरवासियों की हित के लिए कांग्रेस सरकार सदैव तत्पर व कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। साथ ही सुशील मौर्य ने जगदलपुर बस्तर चैंबर ऑफ कॉमर्स, जूनियर चैंबर ऑफ कॉमर्स, बस्तर परिवहन संघ, झाड़ेश्वर परिवहन समिति, लघु व्यपारी संघ, संजय मार्केट समिति, ऑटो संघ सहित विभिन्न समितियों व संगठनों सहित जगदलपुर की जनता का कांग्रेस के महाबंद को आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन के बावजूद भी अपना बहुमूल्य व ऐतिहासिक समर्थन दिया है, जिसके लिये पूरा कांग्रेस परिवार आभार व्यक्त किया। इस दौरान जिला प्रभारी शकील रिज़वी, ग्रामीण जिलाध्यक्ष बलराम मौर्य, विधायक रेखचन्द जैन, महापौर सफिरा साहू, निगम अध्यक्ष कविता साहू व युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई के पदाधिकारी सहित वरिष्ठजनों व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**बस्तर के 35 लाख लोगों का सपना व बस्तरवासियों की उम्मीद को टूटने से बचाने हेतु कांग्रेस पार्टी ने करवाया महाबंद**

# बीमा कंपनी देगी 3 लाख की क्षतिपूर्ति और भरेगी 25 हजार का जुर्माना




**जगदलपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा 3 अक्टूबर को एक प्रकरण में नेशनल इंश्योरेंस बीमा कंपनी को आवेदिका को 3 लाख की क्षतिपूर्ति और ? 25 हज़ार का जुर्माना अदा किए जाने का आदेश पारित किया गया है।

प्रकरण के तथ्य संक्षिप्त में इस प्रकार है कि कोंडागांव निवासी आवेदिका तीजवती दीवान के पति के नाम पर एक बोलेरो वाहन का बीमा, विपक्ष बीमा कंपनी द्वारा किया गया था। आवेदिका के पति की उक्त वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने पर मृत्यु हो गई थी। आवेदिका द्वारा इस संबंध में विपक्ष बीमा कंपनी के समक्ष ऑनर ड्राइवर एवं ओडी क्लेम के संबंध में दावा प्रस्तुत किया गया था। जिस संबंध में बीमा कंपनी द्वारा बीमा पॉलिसी में दूसरे व्यक्ति का नाम अंकित होने से ऑनर ड्राइवर क्लेम निरस्त कर दिया था तथा ओडी क्लेम की क्षति राशि भी प्रदान नहीं की गई थी। जिसे क्षुब्ध होकर आवेदिका द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना है कि आवेदिका, मृतक की विवाहित पत्नी है अत: वह क्षतिपूर्ति राशि ?3 लाख विपक्ष बीमा कंपनी से प्राप्त करने की अधिकारी है। बीमा कंपनी द्वारा लिया गया अवलंबन कि उक्त वाहन को बीमा शर्तों के उल्लंघन में चलाया जा रहा था। बीमा कंपनी सिद्ध करने में असफल रही है इस हेतु उसे 25 हज़ार के जुर्माने से दंडित भी किया गया है। जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ द्वारा उक्त आदेश जारी किया गया है।




जगदलपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जगदलपुर आम सभा के मंच पर कांकेर के विधायक प्रत्याशी ने नरेंद्र मोदी को बस्तरिया कोटी पहनाया वहीं बस्तर विधायक प्रत्याशी मनीराम कश्यप ने बस्तर की गौर सिंग की टोपी पहनाते हुए उनका स्वागत किया और आशीर्वाद लिया।

# आयुष्मान कार्ड द्वारा दिए जाने वाले सुविधा एवं टीबी मुक्त पंचायत के बारे में बताया



**जगदलपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के अंतर्गत संचालित आयुष्मान भव: के कार्यक्रम में 1 अक्टूबर को जिले के कुल 293 स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया । उक्त पखवाड़े में गांव के लोगों को स्वच्छता के संबंध में जागरूक किया गया एवं स्वच्छता न होने से होने वाले बीमारियों के बारे में बताया गया । स्वच्छता पखवाड़ा में स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा श्रम दान भी किया गया। 2 अक्टूबर, को गांधी जयंती के दिन जिले के कुल 241 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के अंतर्गत ग्रामों में आयोजित ग्राम सभा में लोगों को आयुष्मान कार्ड द्वारा दिये जाने वाले सुविधा एवं टी.बी. मुक्त पंचायत के बारे में बताया गया। उक्त ग्राम सभा में लोगों को आयुष्मान कार्ड भी वितरण किया गया एवं स्वास्थ्य केन्द्र से संबंधित समस्याओं के बारे में चर्चा भी किया गया। साथ ही ग्राम सभा में उपस्थित लोगों से अंगदान के लिये शपथ ली गई। इसी तरह शहरी क्षेत्र के सभी नगर निगम एरिया में वार्ड सभा का आयोजन किया गया ।

# प्रधानमंत्री ने बस्तरवासियों को स्टील प्लांट न बेचने की गारंटी न देकर निराश किया : जैन



**जगदलपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। मंगलवार को यहां लालबाग मैदान में आयोजित भाजपा की परिवर्तन यात्रा पूरी तरह से फ़्लॉप रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुनने पहुंचे लोगों को उनकी बात सुनकर घोर निराशा हुई है। बस्तरवासियों समेत युवकों को नगरनार स्टील प्लांट न बेचने की गारंटी प्रधानमंत्री नहीं दे पाए इससे साबित होता है कि वे कितने मजबूर हैं । यह कहना है संसदीय जगदलपुर विधायक रेखचंद जैन का।

मीडिया को जारी एक बयान में श्री जैन ने कहा है कि वनोपज, रोजगार और तमाम बिंदुओं जिन पर भी प्रधानमंत्री ने संबोधन दिया, वह झूठ का पुलिंदा साबित हुआ है। प्रधानमंत्री ने संबोधन में यह तो कहा कि नगरनार स्टील प्लांट पर आदिवासियों का अधिकार है लेकिन वे बस्तर की 35 लाख जनता को स्टील प्लांट न बेचने की गारंटी नहीं दे पाए। साल 2023 में नगरनार स्टील प्लांट का संचालन कराने के लिए जो बोली आहुत की गई है, उसके बोलीदारों में प्रधानमंत्री श्री मोदी के अभिन्न मित्र की कंपनी भी शामिल है। श्री मोदी को जनता के सामने स्पष्ट करना था कि नगरनार स्टील प्लांट को न तो किसी निजी हाथ में सौंपा जाएगा और न ही इसका विनिवेशीकरण किया जाएगा। सच्चाई तो यह है कि स्टील प्लांट के निजीकरण व विनिवेशीकरण की जनक भाजपा है और इन दोनों की नीतियों को श्री मोदी के कार्यकाल में विस्तार दिया गया है।

यही नहीं, नगरनार स्टील प्लांट से उत्पन्न होने वाले रोजगार को लेकर भी प्रधानमंत्री गलत आंकड़े परोसते रहे। जहां एक ओर वे अंचल के हजारों-लाखों युवकों को स्टील प्लांट से रोजगार मिलने का सब्जबाग दिखाते रहे वहीं दूसरी ओर इस प्लांट में नौकरी के लिए जूझ रही नगरनार क्षेत्र की बेटियों के समर्थन में कुछ भी नहीं कहा जबकि एनएमडीसी के द्वारा ऐसा किया जाना संभव है। संयंत्र स्थापना के लिए भूमि देने वाले परिवारों की बेटियों के प्रति भाजपा एवं प्रधानमंत्री का यह नजरिया लोगों को काफी चुभ रहा है। श्री जैन ने प्रधानमंत्री पर वनोपजों की खरीदी मामले में भी झूठ बोलने का आरोप लगाया है। विधायक ने कहा है कि प्रधानमंत्री को जनता को यह बताना था कि छत्तीसगढ़ में 15 साल तक शासन करने वाली भाजपा तथा मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह के कार्यकाल में कुल कितने प्रकार के वनोपजों की खरीदी की जा रही थी ? सच तो यह है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 65 से अधिक वनोपजों की खरीदी सुनिश्चित कर बस्तर समेत राज्य के वनांचलों में रहने वाले लाखों आदिवासी परिवारों की बड़ी सहायता की है। प्रधानमंत्री श्री मोदी को जनता के सामने यह तथ्य रखना था कि 1991 में अविभाजित माध्यप्रदेश के समय जब तत्कालीन राज्यपाल कुंवर महमूद अली खां जगदलपुर आए थे तो एयरपोर्ट में एक भाजपा नेता को आदिवासियों का शोषक बताकर उसे नमक के बदले चिरौंजी खरीदने वाला बताया था। पूरे भाषण के दौरान प्रधानमंत्री गोल-गोल बातें करते रहे जिससे सभा में पहुंची जनता स्वयं को ठगा हुआ महसूस करती रही।

# टिकट के इंतजार में दावेदार हो रहे परेशान



**अधर में कांग्रेस-भाजपा दोनों की सूची**

**दंतेवाड़ा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव को लेकर जारी राजनीतिक हलचल के बीच कांग्रेस और भाजपा दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दल के दावेदार सूची के इंतजार में परेशान हैं। भाजपा की सूची लीक होने और वायरल होने के बाद स्थिति और बिगड़ती जा रही है। अधिकृत जानकारी के अभाव में दावेदार ही नहीं कार्यकर्ता भी सक्रिय नहीं हो पा रहे।

अक्टूबर प्रारंभ हो चुका है। 15 अगस्त के बाद भाजपा ने अपनी पहली सूची जारी की थी, जिसमें 21 उम्मीदवारों के नाम थे। इसके बाद दूसरी सूची का इंतजार होने लगा। दंतेवाड़ा में 12 सितंबर को परिवर्तन यात्रा की शुरूआत भाजपा ने की। इसकी शुरूआत करने गृहमंत्री अमित शाह नहीं आए, फिर भी यात्रा प्रारंभ हुई और बिलासपुर में इसका 30 सितंबर को समापन हुआ। दावेदार उम्मीद कर रहे थे, कि दूसरी सूची 30 सितंबर के बाद कभी भी आएगी। आज जगदलपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रवास था। इसके बाद सूची के लिए अटकले लग रही थीं, लेकिन सोमवार को जिस तरह सोशल मीडिया में भाजपा के संभावित उम्मीदवारों की सूची दिन भर तैरती रही, इससे केन्द्रीय नेतृत्व नाराज हो गया और अब सूची फिर लटक गई है। हालांकि दंतेवाड़ा भाजपा पिछले दो-तीन महीनों से सक्रिय हुई है। प्रादेशिक और राष्ट्रीय मुद्दों पर आक्रामक तेवर दिखाई दिये। स्थानीय स्तर पर भी कुछ मुद्दों को लेकर भाजपाई अब बोलने लगे हैं। दावेदारों की बात करें तो यहां श्रीमती ओजस्वी मंडावी, नंदलाल मुड़ामी, रामू नेताम, चैतराम अटामी जैसे प्रमुख नाम सामने आए हैं और माना जा रहा है कि इन्हीं में से किसी एक को टिकट मिलेगा। वैसे भाजपाई अपना उम्मीदवार कमल फूल को बता रहे हैं और अब उसी हिसाब से चुनाव की तैयारी में जुटे हुए हैं।

इधर बात कांग्रेस की करें तो यहां भी घमासान है। हालांकि यह बात पूरे दावे से कांग्रेस से की जा रही है कि दंतेवाड़ा विधानसभा का टिकट कर्मा परिवार से बाहर नहीं जाएगा, लेकिन कर्मा परिवार में कौन ? इस पर मौन बरकरार है। 19 दावेदारों के आवेदन से ही यह लगने लगा था कि यहां टिकट का फैसला आसान नहीं होगा, इसी वजह से तीन नाम का पैनल बनाने में भी काफी मेहनत करनी पड़ी। कई बार की स्क्रीनिंग के बाद भी किसी एक नाम पर अब तक सहमति नहीं बन पायी है। शहीद महेन्द्र कर्मा के सुपुत्र छविन्द्र कर्मा को ही यहां कांग्रेस मैदान में उतार सकती है, यह कहा जा रहा है। इसी तरह वर्तमान विधायक श्रीमती देवती कर्मा भी खुलकर छविन्द्र के लिए बोल नहीं पा रही हैं।

एक तीसरा नाम भी चर्चा में है जो कर्मा परिवार से बाहर का है। जानकारी यह भी मिल रही है कि इस नाम को राजधानी में गंभीरता से भी लिया जा रहा है। बहरहाल टिकट की इस रस्साकशी में फिल्ड में कांग्रेस, चुनावी हिसाब से अपने आपको तैयार कर रही है। स्थानीय संगठन, प्रदेश से मिले निर्देशों के हिसाब से सभी कार्यक्रमों को सफलता पूर्वक संपन्न कर रहा है। उम्मीदवार चाहे कोई भी हो, संगठन की यह सक्रियता यहां कांग्रेस को विजयी बनाने में महत्वपूर्ण साबित होगी।

# दंतेवाड़ा के 328 छात्रों को नीट और जेईई की नि:शुल्क कोचिंग



- मुख्यमंत्री ने की स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना की शुरूआत
- समग्र शिक्षा, पापुनि एवं ऐलन कैरियर कोचिंग इंस्टीट्यूट के बीच एमओयू
- चारों ब्लाक मुख्यालय में राजधानी से ऑनलाईन क्लास

**दंतेवाड़ा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इंजीनियरिंग एवं मेडिकल की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए स्कूल शिक्षा विभाग की नवाचारी स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का आज अपने निवास कार्यालय से ऑनलाइन शुभारंभ किया। इस योजना के तहत प्रदेश के 146 विकासखंड मुख्यालयों और चार शहरों रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और कोरबा सहित 150 कोचिंग सेंटर के माध्यम से शासकीय स्कूलों में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को नि:शुल्क कोचिंग दी जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री बघेल और स्कूल शिक्षा मंत्री श्री रविन्द्र चौबे के समक्ष स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना संचालन के लिए स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम एवं ऐलन कैरियर कोचिंग इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। दंतेवाड़ा जिले के स्वामी आत्मानंद कोचिंग, शासकीय विद्यालयों में कक्षा 12वी में अध्ययनरत जीव विज्ञान व गणित संकाय के उन विद्यार्थियों के लिये है, जो नीट और जेईई की प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं। छात्रों को इन प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी ऑनलाइन रायपुर के शिक्षकों द्वारा नि:शुल्क प्रदान की जायेगी। यह कोचिंग प्रतिदिन साय: 4.30 बजे से 6.30 बजे तक चारों विकासखण्ड मुख्यालय के निर्धारित केन्द्रों में ऑनलाइन मोड पर होगी। इसमे जिले के कुल 328 छात्र एवं छात्राएं लाभान्वित होगे।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस अवसर पर स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना के संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा तैयार ब्रोशर का विमोचन किया। उन्होंने राज्य के विकासखंडों के कोचिंग सेंटर में उपस्थित बच्चों से चर्चा कर योजना के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान स्कूली बच्चों ने अपने बेहतर भविष्य के लिए योजना के प्रति भरपूर खुशी का इजहार करते हुए मुख्यमंत्री और स्कूल शिक्षा मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का शुभारंभ करते हुए छत्तीसगढ़ में बच्चों के कैरियर निर्माण के लिए की एक और महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि निकट भविष्य में पीएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की सर्व सुविधा युक्त बेहतर ऑनलाईन कोचिंग की व्यवस्था भी हम सभी विकास खंडों में करेंगे। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह योजना बच्चों के सुनहरे भविष्य को गढ़ने में अहम साबित होगी। >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# साहू संघ की संभागीय टीम में दंतेवाड़ा को प्राथमिकता



**पहली बार बड़ी संख्या में सौंपे गए दायित्व**

**सामाजिक संगठन को आगे बढ़ाने में निभायेंगे प्रमुख भूमिका**

**दंतेवाड़ा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष टहल सिह साहू, अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा, युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती मोहन कुमारी साहू व प्रदेश संयोजक (युवा प्रकोष्ठ) पवन साहू एवं अध्यक्ष बस्तर संभाग युवा प्रकोष्ठ उत्तम साहू के अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ, युवा प्रकोष्ठ के बस्तर संभाग पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई ।

संभागीय टीम में जीतेश साहू उपाध्यक्ष दंतेवाड़ा, संगठन सचिवे पद पर ठाकुर राम साहू बचेली, जीवन साहू किरंदुल, संयुक्त सचिव के पद पर अनिल साहू किरंदुल, इंद्रजीत हिरवानी साहू बचेली, मीडिया प्रभारी के पद पर शुभम साहू दंतेवाड़ा, सह मीडिया प्रभारी प्रेम साहू दंतेवाड़ा, भूपेंद्र साहू दंतेवाड़ा, कार्यकारिणी सदस्यों में श्रीमती लक्ष्मी साहू कारली दंतेवाड़ा, श्रीमती पम्मी साहू दंतेवाड़ा, योगेश्वर प्रसाद साहू किरंदुल, चंद्रेश सागर साहू गीदम, जितेंद्र साहू दंतेवाड़ा, श्रीमती भारती साहू कारली दंतेवाड़ा, श्रीमती तिजेश्वरी साहू दंतेवाड़ा, शंम्भू साहू दंतेवाड़ा, दुर्गेश साहू गीदम को शामिल किया गया है।

पहली बार बस्तर क्षेत्र के दंतेवाड़ा जिले से साहू समाज के अधिक संख्या में संभागीय पदाधिकारियों की नियुक्ति पर दंतेवाड़ा जिले के पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी। इसमें जिला साहू संघ के अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार साहू, दंतेवाड़ा तहसील एवं जिला के वरिष्ठ सलाहकार एन. आर. साहू एवं दंतेवाड़ा तहसील के अध्यक्ष नरेंद्र साहू, दंतेवाड़ा तहसील की महिला उपाध्यक्ष श्रीमती वेद साहू एवं प्रदेश के युवा प्रकोष्ठ के संयुक्त सचिव दंतेवाड़ा तहसील उपाध्यक्ष >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# मरार समाज को 42 लाख के निर्माण कार्यों की सौगात मिलना बड़ी उपलब्धि



## मंत्री मोहन मरकाम का जताया आभार

**कोण्डागांव,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोसरिया मरार पटेल समाज जिला कोंडागांव के जिला स्तरीय सामाजिक भवन का लोकार्पण कोंडागांव विधान सभा के विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के केबिनेट मंत्री मोहन मरकाम के हांथों सम्पन्न हुआ, साथ ही जनवरी में शाकम्भरी उत्सव के दिन मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यक्रम में शिरकत किये मोहन मरकाम को शाकम्भरी मंदिर निर्माण हेतु राशि की मांग की गयी थी, जिसे त्वरित स्वीकृति प्रदान करते हुए 07 लाख रुपए देने की घोषणा किये थे, मंदिर निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी मंत्री मोहन मरकाम द्वारा किया गया, मरार समाज ने मोहन मरकाम के प्रति आभार जताते हुए कहा कि सामाजिक लोगों ने जब-जब आपके समक्ष कोई मांग रखी, आपने उसे पूरा किया है। आपने मुलमुला, बड़े कनेरा, मसोरा, शामपुर, माकड़ी सहित क्षेत्र के कई गावों मे हमें सामाजिक भवन दिया है आपके नेतृत्व में हमने मुख्य मंत्री भूपेश बघेल से भेंट मुलाकात कर जो जो मांगे रखी, उसे पूरा किया। भवन निर्माण हेतु 10 लाख रुपए कोंडागांव से शाकम्भरी बोर्ड में सामाजिक सदस्य को जगह सब्जी मंडी सर्व पिछड़ा वर्ग समाज भवन के लिए 2 करोड़ राशि जैसे सभी मांगों को पूरा किया है, आगामी समय में भी समाज की ओर से आपसे यही उम्मीद बनी रहेगी। वहीं मंत्री मरकाम ने कहा मरार समाज से बस्तर में निवासरत सभी समाज के लोगों का एक अलग लगाव है, मरार के मौर के बिना न तो शादी होता है, न ही मरार के फुल के बिना देवी देवता के कार्यक्रम सम्पन्न होते हैं और न ही मरार के रोटी के बिना हमारे स्थानीय बस्तरिया लोगों के मृत्यु पश्चात शांति भी नहीं मिलती, मरार के बिना हम आदिवासी संस्कृति अधूरी है और मुझे व्यक्तिगत रूप से भी दो दफे लड़े चुनावों मे आपके समाज का भरपूर सहयोग मिला है और मुझे आपने जब जब भी मुझे कुछ मांग किया, उसे पूरा करने का यथासम्भव प्रयास किया है, अभी कुछ ही दिनों में चुनाव है, भूपेश बघेल की अगुआई में छत्तीसगढ़ में विकास की गंगा बह रही है, पुनः कांग्रेस की सरकार स्थापित करने आप लोगों का आशीर्वाद मिले, ताकि छत्तीसगढ़ में विकास की गति यथावत बनी रहे।

लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में मंगलराम कौशिक, हमीर पटेल, रोहित पटेल, मूलचंद पटेल, कमलकांत पटेल, यज्ञप्रसाद पटेल, घनश्याम कौशिक, कृष्णा पटेल, ब्रिजेश कौशिक, राजेंद्र पटेल, डालेंद्र पारासर, अनुराग पटेल, रितेश पटेल, रामदेव कौशिक, उषा पटेल, देशवती पटेल, भावना पारासर, विनीता पटेल, गोवर्धन पटेल, मनीराम पटेल, नंदू पटेल सहित भारी संख्या में सामाजिक जन मौजूद रहे।

# मंत्री मरकाम ने निर्मित निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन व लोकार्पण



**कोण्डागांव,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोंडागांव विधायक एवं केबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन मोहन मरकाम अलसुबह शहर के दौरे पर निकले और विभिन्न समाज को करोडों रुपए की राशि से हो रहे निर्माण कार्यों का भूमिपूजन लोकार्पण किया, जिसमें राजपूत समाज भवन लोकार्पण लागत राशि रु.10 लाख, विवेकानंद सेवा समिति भवन रु.10 लाख, मरार समाज भवन भूमिपूजन रु.7 लाख, लोकार्पण रु.35 लाख बंगाली समाज काली बाड़ी 7 लाख, सतनामी समाज भवन भूमिपूजन 7 लाख यादव समाज भवन भूमिपूजन 7 लाख लोकार्पण 15 लाख कोपाबेड़ा मे सामुदायिक भवन निर्माण 7 लाख भूमिपुजन सरगीपाल सामुदायिक भवन 7 लाख जामकोट पारा सांस्कृतिक भवन भूमिपूजन 5 लाख आड़काछेपड़ा सामुदायिक भवन भूमिपूजन 7 लाख ग्राम पंचायत एरला मे हायर सेकेण्डरी स्कूल उन्नयन 14 लाख कि राशि से निर्माण होने जा रही पंचायत भवन का भूमिपूजन किया वहीं ग्राम पंचायत इंगरा, पीड़ापाल, हीरापुर में वन अधिकार पत्र बाँटे व कई निर्माण कार्यों का भूमिपुजन किया साथ ही माकड़ी ब्लॉक के विभिन्न उपखण्ड रांधना काटागांव सोडमा मे आयोजित ठाकुर जोराहनी कार्यक्रमों में शिरकत किया सामाजिक भवनों का लोकार्पण किया। मंत्री मोहन मरकाम इन दिनों केवल नए निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं पूर्ण कार्यों के लोकार्पण में लगातार लगे हुए हैं ताकि आचार संहिता के चलते पंचायत एवं सामाजिक प्रतिनिधियों का कोई कार्य प्रभावित न हो पूछने पर मंत्री मोहन मरकाम ने कहा छत्तीसगढ़ सरकार कि पहली प्राथमिकता क्षेत्र व प्रदेश का विकास है, क्षेत्र कि जनता ने आशीर्वाद देकर हमें काम करने का अवसर दिया है। हम जनता के सोच के अनुरूप कार्य करने का प्रयास कर रहे हैं सामाजिक भवनों के बनने से सामाजिक जनों को सामाजिक एकता के लिए हो रहे समय समय पर बैठकें व सुख दुःख अन्य सामाजिक कार्य अच्छे से सम्पन्न हो पाएंगे।

# गांधी की प्रतिमा के पास साफ-सफाई किया गया

**जगदलपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 जगदलपुर के सीनियर एवं जूनियर एनसीसी कडेटो द्वारा 1 अक्टूबर को शाला परिसर ,राजेंद्र नगर वार्ड के चौक चौराहों की साफ सफाई कर जागरूकता रैली निकाल कर लोगों से अपने आस पास को साफ़ सफाई रखने की अपील की ।2 अक्टूबर गांधी जी की 154 वीं जयंती पर गांधी जी की प्रतिमा के आस पास साफ सफाई कर माल्यार्पण कर पुष्प से सजा कर गांधी के जन्म दिवस को मनाया। राष्ट्रपिता के पद चिन्हों पर चलते हुए स्वच्छ्ता को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। प्राचार्य सुधा परमार ने गांधी के पदचिन्हों पर चलते हुए । दृढ़ निश्चय रहते हुए कार्य करने की सीख दी। सम्पूर्ण कार्यक्रम 1 सीजी गर्ल्स बटालियन परचनपाल कमान अधिकारी कर्नल अमित कुमार आदर्श,तथा 10 सीजी स्वतंत्र कंपनी के कमान अधिकारी कर्नल डी.बी.भास्कर के निर्देशन में कराया गया। मार्गदर्शन प्राचार्य सुधा परमार एनसीसी अधिकारी कैप्टेन हेमपुष्पलता ध्रुव ने किया।



# आकांक्षी विखं कार्यक्रम अंतर्गत संकल्प शिविर आयोजित



**कोण्डागांव,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)।स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला कोण्डागांव के अंतर्गत संचलित आयुष्मान भवः अभियान के तहत कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में भारत सरकार के निर्देशानुसार आकांक्षी जिलों में संकल्प शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत आकांक्षी विकास खण्ड माकड़ी में संकल्प शिविर मेला का आयोजन किया गया है। उक्त मेले में माता एवं शिशु स्वास्थ्य, परिवार नियोजन टीबी रोग जांच एवं एनसीडी कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य जांच की गई। जिसमें बीपी, मधुमेह एवं तीनो प्रकार के कैंसर का ईलाज किया जा रहा है। इसके लिए जिला अस्पताल के जनरल सर्जन, स्त्रीरोग विशेषज्ञ एवं शिशु रोग विशेषज्ञ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंच कर अपनी सेवायें दे रहे हैं साथ ही अन्य आधारभूत स्वास्थ्य सुविधाएं भी जनसमुदाय को मेला के द्वारा पहुंचाई जा रही है। मेले के अंतर्गत स्वास्थ्य शिक्षा एवं विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रम के बारे में वृहद स्तर पर जानकारी दी जा रही है। जिला कोण्डागांव के समस्त जनसमुदाय से अपील है कि स्वास्थ्य मेलों में उपस्थित होकर स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त करें।

# करमरी में निकाली गई स्वस्थ पंचायत रैली



**कोण्डागांव,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशन में कोण्डागांव मे चल रहे आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं नीति आयोग की सहयोगी संस्था पिरामल फाउंडेशन के द्वारा सीईओ प्रेम प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में श्स्वस्थ पंचायतश् थीम पर जिले के 12 ग्राम पंचायतों का चयन करके उन पर काम कर रही है, जिसमें माकड़ी विकास खंड के 10 पंचायत और कोण्डागांव विकास खंड के 02 पंचायतों का चयन कर इस पर कार्य किया जा रहा है। इसके लिए लोगों को घर घर जाकर जागरूक किया जा रहा है। सभी श्स्वस्थ पंचायतों में गाँधी फैलो और ग्रामीणों के साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं। जिसके तहत महात्मा गांधी के जयंती अवसर पर ग्राम पंचायत करमरी ग्राम में को श्स्वच्छ पंचायतश् थीम पर गाँव के ग्रामीणों के साथ मिलकर एक जागरूकता रैली निकली गई थी। जिसका उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था स इस दौरान सरपंच खगेश्वर नेताम, उपसरपंच चुन्नी लाल नायक, प्रोग्राम लीडर प्रदीप राव, प्रोग्राम मैनेजर चार्ल्स जिम्मी, गांधी फेलो नेहा और संजू के सहयोग से ग्रामीणों ने रैली निकाली।

# माता रुक्मणी आश्रम शहर में निकाली प्रभात फेरी



**जगदलपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। गांधी जयंती के अवसर पर माता रुक्मणी आश्रम के संस्थापक पद्मश्री धर्मपाल सैनी के नेतृत्व में संस्था के शिक्षक और विद्यार्थी गण सुबह प्रभात फेरी निकालकर गोल बाजार में स्थित राजघाट अर्थात जिस जगह पर महात्मा गांधी की कलश को रखा गया है उस स्थल पर पहुंचकर साफ सफाई किया और सर्वधर्म प्रार्थना कर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देते हुए उनके दिखाएं पांच चोन पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान श्री सैनी ने कहा कि बस्तर जिले में जो गांधी जी के अस्थि कलश आए थे वह वापस नहीं गए। जगदलपुर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विलक नारायण अग्रवाल के द्वारा दिल्ली से गांधी जी के अस्ति कलश लाई गई थी और उसे यहीं पर स्थापित कर दिया गया है। प्रतिवर्ष गांधी जयंती के अवसर पर यहां गांधी जी को श्रद्धांजलि दी जा रही है।

## विहंगम योग आध्यात्मिक संस्थान स्वर्वेद महामंदिर शताब्दी शुभारंभ महोत्सव में हजारों की संख्या में जाएंगे

**जगदलपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। रेल यात्रा को लेकर तैयारी हेतू संभागीय आश्रम जगदलपुर में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई । अब तक के इतिहास में ऐसे पहली यात्रा होगी की विहंगम योग आध्यात्मिक संस्थान बस्तर संभाग के शिष्य साधक गुरु भाई बहन 22 बोगियों की तीन ट्रेन बुकिंग कर हजारों की संख्या में स्वर्वेद महामंदिर धाम वाराणसी आश्रम जायेंगे और वहाँ होने वाले विश्व कल्याण के लिए 25 हजार कुंडीय विश्व शांति वैदिक महायज्ञ यज्ञ स्वर्वेद ज्ञान में भाग लेंगे।

# विधायक चंदन कश्यप ने गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया



## नपा नारायणपुर का आयोजन

**नारायणपुर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती के अवसर पर जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में पुराना सर्किट हाउस के सामने नगर पालिका नारायणपुर द्वारा स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक चंदन कश्यप ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रपिता की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए विधायक चंदन कश्यप ने देश के स्वतंत्रता आंदोलन में महात्मा गांधी के योगदान को याद करते हुए कहा कि सत्य एवं अहिंसा के बल पर महात्मा गांधी ने भारत को आजादी दिलाई। विधायक कश्यप ने कहा कि महात्मा गांधी ने भारत के स्वाधीनता आंदोलन को नई दिशा दी और सत्य, प्रेम एवं अहिंसा का मार्ग अपनाकर पूरे विश्व में मिसाल कायम की। छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलकर प्रदेश को समृद्ध एवं खुशहाल बना रहे हैं। इस अवसर पर नारायणपुर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रजनु नेताम, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव राजेश दीवान, जिला पंचायत अध्यक्ष श्यामबत्ती नेताम, उपाध्यक्ष देवनाथ उसेंडी ,जनपद अध्यक्ष पड्डीराम वड्डे , नगर पालिका उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष प्रमोद नैनवाल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष कोर्राम, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रघु मानिकपुरी ,बस्तर सांसद प्रतिनिधि अजय देशमुख, युवा कांग्रेस अध्यक्ष बोधन देवांगन, पूर्व अध्यक्ष अमित भद्र, प्रदेश युवक कांग्रेस महासचिव सोनिका पोर्ते, जिला पंचायत सदस्य गंगा शोरी, जिला महासचिव दीपक गांधी, एनएसयूआई प्रदेश सचिव जय वट्टी, एनएसयूआई उपाध्यक्ष सुक्कू सलाम ,जनपद सदस्य उमेश कर्मा, एल्डर मैन गजा पटेल, नगर पालिका पार्षद गण बागेश्वरी पटेल, जोशीलाल पात्र, राखी राणा,विजयसलाम ,जयंती जैन,ममता सिंह राठौड़ , एल्डरमैन गजानंद पटेल किरण वड्डे, रसीला कश्यप, लछन्तीन दुग्गा, दीपक अचला, हिमांशु गावडे अजय राय, रामचंद्र यादव, देशमुख, अंकित दिल्लीवार, जवाहर यादव, विकास शर्मा, सुकुमार मंडल आदि उपस्थित हुए।

# स्वामी आत्मानंद विद्यालय दहिकोंगा में मनाई गई गांधी व शास्त्री जयंती

**कोण्डागांव,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वच्छता ही सेवा की भावना के साथ 2 अक्टूबर को स्वच्छता अभियान चलाया गया। 2 अक्टूबर को सत्य अहिंसा के पुजारी व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं जय जवान जय किसान की आवाज बुलंद करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जयंती अवसर पर स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल दहीकोंगा में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक, स्काउट गाइड के छात्र-छात्राएं एवं विद्यालयीन छात्र छात्राओं द्वारा गांधी एवं शास्त्री जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित व पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। दोनों महापुरुष के सिद्धांतों पर उद्बोधन पश्चात स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत स्वच्छता रैली निकाली गई तथा ग्राम पंचायत दहीकोंगा में श्रमदान करते हुए मंदिर परिसर, बाजार परिसर एवं स्कूल परिसर की साफ सफाई की गई। अंत में मानव श्रृंखला से निर्मित गांधी जी के चश्मे का आकार देकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया।



इस अवसर पर संस्था के प्रभारी प्राचार्य अमलेश बारले, वरिष्ठ व्याख्याता कमलेश्वर कुमेटी, श्रीमती शशि मंडावी, राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती ज्योति देवांगन, रश्मिगिरी गोस्वामी, वर्षा मंडावी, ऋतु वर्मा, ज्योति सागर, हेमलाल देशमुख, योगेश्वर सिन्हा, शुभम निषाद, साधना सिंह, दीप्ति साहू, प्राची यादव, मुस्कान स्वाइन, दिव्या वर्मा, प्रियंका बघेल एवं विद्यालयीन छात्र-छात्राएं स्वप्रेरित व जागरूक होकर स्वच्छता अभियान में सहभागिता प्रदान किया।

# स्वच्छता पखवाड़ा में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**कोण्डागांव,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तथा स्वीप नोडल अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा एवं संयुक्त कलेक्टर एवं उप निर्वाचन अधिकारी सीमा ठाकुर के मार्गदर्शन अंतर्गत जिले में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम के तहत नगरपालिका परिषद में कोण्डागांव में चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम में शामिल हुई स्वच्छता दीदीयों, स्वच्छता सुपरवाइजर एवं नगरपालिका परिषद के अधिकारी कर्मचारियों के समक्ष मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम चलाया गया। इस कार्यक्रम में शामिल हुए प्रत्येक स्वच्छता दीदी ने अपने हांथों में बैनर पोस्टर ले कर अपने मत का करो सही उपयोग ना करे इसका दुरुपयोग, आज का युवा है सबसे आगे मतदान करने मे क्यों पीछे भागे, अपने मत का करो सही दान उसे समझो अपना आत्म सम्मान जैसे कई नारे लगाकर लोगो को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया साथ ही साथ अपने अपने घर, मोहल्ला पारा में जाकर लोगो को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने हेतु जागरूक करने की प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम में ने नगरपालिका परिषद के परिसर मे उपस्थित स्वच्छता दीदियों से कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाने निष्पक्ष,स्वतंत्र एवं बिना किसी डर,भय,दबाव व बिना किसी प्रलोभन मे ना आकर अपने मत का सही उपयोग करते हुए शत प्रतिशत मतदान करें एवं इस लोकतंत्र के महापर्व की सफलता में अपनी सहभागिता को सुनिश्चित करे। इस अवसर पर टी.ऐंकट राव, नगरपालिका परिषद से संतोष, नरेश ठाकुर समेत स्वच्छता दीदीया, स्वच्छता सुपरवाइजर एवं नगर पालिका परिषद के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# जल जंगल जमीन की लड़ाई लड़ने वालों का साथ नहीं दे रही सरकार : विक्रांत

**कोण्डागांव,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सीपीआई एवं सहयागी संगठनों ने मंगलवार को कोंडागांव में स्थानीय जन समस्याओं को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन रैली का आयोजन करके राज्यपाल व मुख्य मंत्री को सम्बोधित ज्ञापन को एस.डी.एम. कार्यालय में पहुंचकर सौंपा और समस्याओं के समाधान की मांग की।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तिरुमलाई रामन राष्ट्रीय महासचिव नौजवान सभा ने तमिल में मडक्कम (लाल सलाम) कहते हुए सभी का अभिवादन कर उन्होंने कहा पहली बार संगठन के निर्देश पर छत्तीसगढ़ राज्य का दौरा कर रहा हूं, मैं बहुत खुश हूं आप लोगों के साथ, कार्य का दबाव होने के बावजूद आपके साथ हमेशा खड़ा रहूंगा। विक्रांत शर्मा प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय नौजवान सभा ने कहा कि कुछ लोगों ने हमारे कामरेड पर हमला किया और जब घायल कामरेड थाने में रिपोर्ट लिखाने पहुंचा तो पुलिस ने 6 घंटे बाद रिपोर्ट लिखा, क्या यही न्याय है ? जब भूपेश बघेल सत्ता में आए उससे पहले उन्होंने वादे किए थे छत्तीसगढ़ की जनता को हम न्याय देंगे, आपने भी सुना होगा ग्रामीणों को नक्सली बोलकर मार दिया गया, उनकी लाशों को जला दिया गया, क्या यही न्याय है ? साथियों समझना पड़ेगा सरकार किसके लिए काम कर रही है ? आप लोग जल जंगल जमीन की लड़ाई लड़ रहे हैं, सरकार आपके साथ नहीं है, सरकार आपके साथ रहती तो जहां पेड़ कट रहे हैं वहां वन विभाग के लोग कटाई करने वालों पर कार्रवाई करते।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला सचिव तिलक ने बस्तर संभाग में होने वाले सरकारी नियुक्तियों में स्थानीय बेरोजगारों को प्राथमिकता देने, वनों के अवैध अतिक्रमण पर तत्काल रोक लगाने, 2005 से पूर्व वन भूमि पर काबिज लोगों को वन अधिकार पट्टा देने, रसूखदारों द्वारा गरीबों की जमीन छिनने के प्रयासों पर तत्काल रोक लगाने, जिला प्रशासन द्वारा प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण करने, नगरनार प्लांट के निजीकरण पर रोक लगाने, बस्तर के मूल निवासियों को अनुसूचित जन जाति में शामिल करने एवं जिले में वाटर षेड योजना के तहत हुए कार्यों की जांच व जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। कार्यक्रम में समरसाह, रामलाल, सरादू, जयप्रकाष, मुकेष, दिनेष, नंदु, लक्ष्मण, बिरज, षैलेष, आदि सहित ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों कम्युनिश्ट मौजुद रहे।

# लोगों को ग्राम सभाओं में किया गया जागरूक



**कोण्डागांव,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष में समस्त गांवों में ग्राम सभा का प्रस्तावित ग्राम सभा में आयुष्मान भवः कार्यक्रम अतंर्गत समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं के द्वारा ग्राम सभाओं में भागीदारी ली गई, जिसके साथ ही ग्राम सभाओं में समस्त स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में वृहद स्तर पर जानकारी सांझा किया गया एवं ग्राम सभा में आयुष्मान कार्ड का वितरण ऑनलाईन किया गया साथ ही आयुष्मान कार्ड द्वारा प्राप्त योजनाओं से लाभान्वित मरीजों की लाइन लिस्ट भी ग्राम सभा में चस्पा करने के साथ ही ग्राम सभाओं स्वास्थ्य केन्द्रों के मूलभुत सुविधाओं हेतु चर्चा भी किया गया। आयुष्मान कार्ड से छूटे ग्रामीणों को आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु उत्साहित किया गया साथ ही आयुष्मान कार्ड के तहत सुविधाएं देने वाले निजी अस्पतालों की जानकारी भी ग्राम सभा में दिया गया। ज्ञात हो कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला कोण्डागांव के अंतर्गत आयुष्मान भवः अभियान में कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक भावना महलवार के निर्देशानुसार जिला कोण्डागांव के समस्त विकासखण्ड के समस्त गांव एवं घर तक पहुंच कर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा स्वास्थ्य सुविधा का लाभ दिया जा रहा है।

उल्टा पुल्टा

एक सुन्दर महिला क्रिकेट का मैच देख रही थी और चेहरे पर भारत का झंडा और नक्शा बनवा रखी थी!
तभी एक बजुर्ग उसके पास गया और चेहरे को चुम कर बोला- कितना सुन्दर है मेरा भारत देश!

संपादकीय

## बड़े सपनों के लिये बड़े अपराध

*लालच ही मनुष्य को अपराध की राह पर ठेलती है। ऐसा कुछ भी पाने की इच्छा जो जायज न हो अथवा जिस पर खुद का कानूनी या नैतिक हक न हो, उसे पाने की कोशिश करना या प्राप्त कर लेना गैरकानूनी है। चोरी, लूट, डकैती, धोखाधड़ी, ठगी इसलिये आपराधिक कृत्यों में आते हैं क्योंकि जो कुछ लूटा या हथियाया जाये वह दूसरों का होता है। वैसे यह भी सच है कि कई लोग मजबूरी के चलते अपराध की दुनिया में आ जाते हैं या फिर उन्हें ऐसे कामों में डाल दिया जाता है। ऐसे लोग कम ही होते हैं जो इसे अपना पेशा बना लेते हैं। अब एक नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है। लोग अब सिर्फ बुनियादी ज़रूरतों को पूरा करने के लिये अपराध नहीं कर रहे हैं वरन अपने बड़े सपनों को पूरा करने के लिये बड़े अपराध करने में भी नहीं हिचकिचा रहे हैं।*

*भिलाई में पीजी के रूप में रहने वाले लोकेश श्रीवास को गिरफ्तार कर उससे 25 करोड़ रुपये मूल्य के जेवर व नकदी बरामद की गई। उसके बारे में पुलिस ने जो खुलासे किये हैं वे चौंकाने वाले हैं और यह बतलाने के लिये काफी है कि समाज किस अवस्था में पहुंच चुका है। भिलाई के साथ दिल्ली व रायपुर से कई चोरियों को अंजाम देने वाला लोकेश कवर्धा में एक आलीशान सेलून खोलने का आकांक्षी था और इसी उद्देश्य से वह बड़ी चोरियां कर रहा था। अमूनन बड़ी घटनाएं करने वाले छोटे-बड़े समूहों में कार्रवाइयां करते हैं। इसके विपरीत लोकेश हर चोरी को अकेला करता आया है। उसकी महत्वाकांक्षा इतनी बड़ी थी कि वह सोने की कैंची, कंघी व उस्तरा से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भी बाल काटना चाहता है। इस सपने को पूरा करने के लिये वह अपराध कर राशि एकत्र कर रहा था। फिलहाल वह पुलिस की गिरफ्त में है जिसे दिल्ली से गिरफ्तार किया गया।*

*यह कृत्य बतलाता है कि अति महत्वाकांक्षा बहुत खराब होती है। जो लोग धन कमाने के लिए शार्टकट अपनाते हैं वे गलती करते हैं- यह इस घटना से साबित होता है। जीवन में बड़े सपनों को पूरा करने के लिये अपराध के जरिये रास्ता बनाना ठीक नहीं होता। सही योजना, समर्पण और कड़ी मेहनत के अलावा कोई दूसरी राह ठीक नहीं होती। गलत तरीकों से प्रारम्भिक स्तर पर कुछ सफलताएं मिल भी जाती हैं परन्तु वे स्थायी नहीं होती। टिकाऊ कामयाबी के लिये जीवन मूल्यों को अपनाना पड़ता है और उसी के अनुसार आगे बढ़ना होता है। वैसे तो सोने की कंघी, कैंची और उस्तरे से प्रधानमंत्री के बाल काटने की हसरत पालना ही बहुत हास्यास्पद है। अव्यवहारिक भी है। ऐसी कोई इच्छा है तो उसे पाने हेतु जायज रास्ता अपनाना चाहिये।*

# ट्रेड यूनियन-किसान संगठनों ने प्रदर्शन कर मनाया काला दिवस

## न्यूज क्लिक के पत्रकारों के घरों पर छापे का विरोध



**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच, संयुक्त किसान मोर्चा तथा वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के आव्हान पर आज देश भर में अजय मिश्रा को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने और सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वाले न्यूज़ क्लिक से जुड़े पत्रकारों प्रवीर पुरकायस्थ, उर्मिलेश, प्रनजय गुहाठाकुरता, भाषा सिंह, अभिसार शर्मा के घरों में दिल्ली पुलिस के छापों का कड़ा विरोध किया गया।

ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच के संयोजक धर्मराज महापात्र ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि सभी संगठनों के कार्यकर्ता बाबा साहब अंबेडकर के प्रतिमा के समक्ष रायपुर में यह विरोध प्रदर्शन किया गया। 3,अक्टूबर, वर्ल्ड फेडरेशन आफ ट्रेड यूनियंस के स्थापना दिवस पर पूरी दुनिया में श्रमिक वर्ग तानाशाही, दमन के खिलाफ श्रम अधिकार के साथ कार्य और लोकतंत्र पर हमलों के विरुद्ध दुनिया भर में भी प्रदर्शन आयोजित किए।

रायपुर में प्रदर्शन के दौरान हुई सभा को सीटू राज्य सचिव धर्मराज महापात्र व अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने केंद्र सरकार के तानाशाही प्रवृतियों की जमकर आलोचना करते हुए कहा कि जो भी सरकार की नीति पर सवाल करे या उनकी गलतियों का पर्दाफाश करे उसे यू ए पी ए कानून और दिल्ली पुलिस, ई डी या सी बी आई से डराना चाहती है।वक्ताओं ने एक स्वर से सभी पत्रकारों की रिहाई से मांग करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अजय मिश्र मंत्री के वर्खास्तगी की मांग की।

सभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि लखीमपुरखीरी के तिकोनिया कांड में मारे गये किसानों के आरोपियों को सख्त सजा दी जाए।।किसानों से किया गया वादा एम एस पी की गारंटी तथा फसल की लागत का डेढ़ गुना दाम तय किया जाए। बिजली (संशोधन) विधेयक बिल 2022 की वापसी तथा किसानों पर हुए मुकदमें वापस लिए जाएं। प्रदर्शन में ट्रेड यूनियन नेता विभाष पैतुंडी, उबेद खान, गजेंद्र पटेल, के के साहू, संदीप सोनी, आरिफ दहिया, डी सी पटेल, डी सी मजूमदार, राजू अथर्व अवस्थी, ईश्वर सेन, आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।

# काले धन पर आयोग की पैनी नजर खाते में संदिग्ध लेन-देन की होगी जांच

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर संदिग्ध बैंकों खाते में बड़ी राशि के लेन.देन पर बैंकों की नजर रहेगी।केंद्रीय चुनाव आयोग के दिशा.निर्देशों के बाद बैंकों की फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट के अधिकारी आयोग और निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों को रिपोर्ट देंगे। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव नवंबर महीने में होगा।ऐसे में बैंकों को अभी से अलर्ट कर दिया गया है।इस संबंध में केंद्रीय चुनाव आयोग के आला अधिकारियों के साथ आरबीआइए राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ;एसएलबीसी द्ध और प्रमुख बैंकों के अधिकारियों के साथ बैठकें हो चुकी है।काले धन को खपाने या संदिग्ध लेन.देन पर संबंधित फर्म या व्यक्तियों को नोटिस दी जाएगी। लेन.देन के गंभीर मामलों की जांच पुलिस को सौंपी जाएगी। सीधे बैंक खातों में लेन.देन के साथ ही आनलाइन ट्रांजिक्शन पर भी बैंकों की नजर रहेगी।निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों के मुताबिक चुनाव में लुभावने वादों के साथ लोगों को धन बल से आकर्षित करने की आशंका बनी रहती है।ऐसे में चुनाव आयोग हर दृष्टि से निगरानी की कोशिश कर रहा है।

**तीन महीने में 1.08 लाख नए खाते**

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के मुताबिक छत्तीसगढ़ में मार्च.2023 के मुकाबले जून.2023 तक 1०08 लाख नए खाते खुले हैं।मार्च.2023 में प्रदेश में डेबिट कार्ड की संख्या 1 करोड़ 80 लाख 40 हजार 383 थीए जो कि जून तक 1 करोड़ 81 लाख 48 हजार 878 हो चुकी है।राज्य की आबादी 3 करोड़ के करीब हैं।

बैंकिंग अधिकारियों के मुताबिक एक ही व्यक्ति के पास एक से अधिक बैंक खातों की वजह से एक से अधिक डेबिट कार्ड हो सकते हैं।श्रमिकों से लेकर ज्यादातर सरकारी कार्यों की राशि खाते में आ रही है। इसलिए भी संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। यह सच है कि तीन महीने में 1 लाख से अधिक डेबिट कार्ड खाता धारकों को दिए गए हैं।

**आचार संहिता पहले हफ्ते में संभावित**

राज्य में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अक्टूबर महीने के पहले हफ्ते में ही आचार संहिता की संभावना जताई जा रही है। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक संभवतरू पांच से सात अक्टूबर के बीच आचार संहिता लागू हो सकती है।इसके मद्देनजर चुनाव आयोग ने व्यय प्रेक्षकों की नियुक्ति की तैयारी कर ली है। केंद्रीय चुनाव आयोग से गठित प्रेक्षकों की टीम अगले हफ्ते प्रदेश में निर्वाचन अधिकारियों की बैठक में नए नियमों को लेकर दिशा.निर्देश देंगे। उल्लेखनीय है कि अब विधानसभा चुनाव में खर्च की सीमा 28 लाख से बढ़ाकर 40 लाख रुपये किया गया है।

# दो साल होगी पीएससी के दस्तावेज को नष्ट करने की अवधि

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पीएससी अभ्यर्थियों के हित में बड़ा फ़ैसला लिया है। सीएम के निर्देश पर राज्य शासन ने दस्तावेज़ विनिष्टीकरण की अवधि को दो साल किए जाने का प्रस्ताव पीएससी को भेजा है।यह राज्य बनने के पूर्व से चली आ रही व्यवस्था में बदलाव का प्रस्ताव है।

दरअसल पिछले दिनों क्क्स्ट घोटाले की बात सामने आने के बाद ये खबरें भी आयी थी कि क्क्स्ट ने आनन-फानन में आंसर सीट को नष्ट करने की निविदा भी जारी कर दी है, ताकि सबूत मिटाये जा सके।हाईकोर्ट में चल रही बहस के दौरान वकील ने इस बात पर भी कोर्ट का ध्यान आकृष्ट किया था। इधर कथित घोटाले के आरोपों के बीच आंसर सीट व अन्य



**राज्य सरकार ने पीएससी को प्रस्ताव भेजा**

दस्तावेज के विनिष्टीकण की अवधि को बढ़ाने की भी मांग उठ रही थी। अब मुख्यमंत्री ने एससी अभ्यर्थियों के हित में बड़ा फ़ैसला लेते हुए राज्य शासन ने पीएससी को प्रस्ताव भेजा है कि दस्तावेज़ विनिष्टीकरण की अवधि को दो साल किया जाये।राज्य बनने के पूर्व से चली आ रही व्यवस्था में बदलाव का प्रस्ताव भेजा गया है। आपको बता दें कि राज्य में पीएससी परीक्षा को लेकर कथित तौर पर भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं।ये मामला हाईकोर्ट में भी चल रहा है।

इधर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दो टूक कहा था कि इस मामले में अगर कोई शिकायत मिली, तो जांच भी करायी जायेगी और शिकायत सही मिलने पर कार्रवाई भी की जायेगी। हालांकि मुख्यमंत्री ने कहा है कि इस मामले में अभी तक कोई शिकायत उन्हें मिली नहीं है।

# केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर राज्यस्तरीय युवा उत्सव में होंगे शामिल



**रावतपुरा सरकार विवि रायपुर में होगा आयोजन**

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)।केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा युवा कार्यक्रम व खेल मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर नेहरू युवा संगठन, रायपुर के तत्वावधान में 5 एवं 6 अक्टूबर को रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय, रायपुर में आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय युवा उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ के 28 जिलों से लगभग 500 युवक एवं युवतियां इस युवा उत्सव में भाग लेंगे। युवा उत्सव के दौरान चित्रकला, कविता, मोबाइल फोटोग्राफी, भाषण एवं सामूहिक नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय युवा उत्सव में शामिल होने का अवसर मिलेगा।

# 'सीएम की टिकट कन्फर्म' बाकी किसी की नहीं

## सिंहदेव के बयान पर चंद्राकर ने कहा- उनकी कही बात हल्की नहीं होती

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)।उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के बयान 'मुख्यमंत्री की टिकट कन्फर्म है बाकी किसी की कन्फर्म नहीं' पर अजय चंद्राकर ने बयान दिया है।



उन्होंने कहा कि टीएस सिंहदेव की प्रशंसा प्रधानमंत्री मोदी भी कर चुके हैं। वो कोई बात बोलते हैं तो हल्की बात नहीं बोलते। मुख्यमंत्री की तरह हवा हवाई बात नहीं करते।इसलिए उनकी बातों में गंभीरता है।

लोकसभा सीटों के लिए कांग्रेस दावेदार ढूंढ रही है, इसके लिए 6 अक्टूबर को पर्यवेक्षक आने वाले हैं, इस पर चंद्राकर ने कहा कि लोकसभा में कांग्रेस इस बार 11 सीट भी नहीं जीतेगी।फिर हम उनके लिए जेल की व्यवस्था करेंगे। उप जेल की व्यवस्था करेंगे। कांग्रेस ने कितना पैसा खाया इसका भी जिक्र होना चाहिए।

**कांग्रेस हमारी नकल करने की कोशिश कर रही :चंद्राकर**

कांग्रेस की सूची को लेकर अजय चंद्राकर ने कहा कि एक दो सीटों को छोड़ दे तो कांग्रेस 90 सीटों पर फंसी हुई है। सीट का पैसा कौन देगा, कितना देगा यह चर्चा हो रही है।किसकी थैली में कितना वजन होगा इस पर विचार हुआ है। कांग्रेस हमारी नकल करने की कोशिश कर रही है। टीएस सिंहदेव के बयान पर अजय चंद्राकर ने कहा- उनकी कही बात हल्की नहीं होती।

# बिलासपुर से बंद की गई अन्य शहरों की विमान सेवा फिर से शुरू करने की मांग, अनुबंध बढ़ाने की भी कही बात

**भूपेश ने केंद्रीय विमानन मंत्री को लिखा पत्र**

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। रायपुर-जगदलपुर-हैदराबाद एयर रूट पर विमान सेवा के लिए अलायंस एयर से अनुबंध की अवधि बढ़ाने तथा बिलासपुर एयरपोर्ट से देश के प्रमुख शहरों में विमान सेवा आरंभ करने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने बंद किये गये बिलासपुर-इंदौर-बिलासपुर और बिलासपुर-भोपाल-बिलासपुर विमान सेवा फिर से शुरू किये जाने का अनुरोध भी किया है। मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा है कि जगदलपुर विमान सेवा के चलते बस्तर को देश के पर्यटन नक्शे में आने का मौका मिला है और बस्तर की संस्कृति राष्ट्रीय पटल पर उभरी है। बिलासपुर से भी नागरिक सुविधाओं को देखते हुए प्रमुख शहरों से विमान सेवाएं आरंभ किये जाने की जरूरत है।

पत्र में मुख्यमंत्री ने लिखा है कि देश के आम आदमी को सस्ती हवाई सेवा का लाभ दिलाने के लिये सरकार द्वारा प्रारम्भ की गयी रिजनल कनेक्टिविटी योजनांतर्गत छत्तीसगढ़ में जगदलपुर व बिलासपुर एयरपोर्ट से घरेलू विमान सेवा प्रारंभ होने से प्रदेश की जनता को सस्ती घरेलू विमान सुविधा उपलब्ध हुआ है। योजनांतर्गत विमान सेवाओं के संचालन हेतु एयरपोर्ट के विकास सहित आरसीएस विमान सेवाओं के लिये निर्धारित वायबीलिटी गॅप फण्डिंग के समयबद्ध भुगतान की जिम्मेदारियों का निर्वहन राज्य शासन द्वारा प्रतिबद्ध रूप से किया जा रहा है। आरसीएस योजना अंतर्गत सितम्बर 2020 में अलायंस एयर कम्पनी द्वारा उनके 72 सीटर विमान के माध्यम से रायपुर जगदलपुर हैदराबाद सेक्टर में नियमित घरेलू विमान सेवा संचालन प्रारंभ किया



गया था, जो 3 साल तक लगातार सफलतापूर्वक संचालित होती रही इस विमान सेवा से बस्तर जैसा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र राष्ट्रीय वैमानिकी पटल पर शामिल हुआ तथा क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों में वृद्धि के साथ स्थानीय संस्कृति का प्रचार प्रसार सम्पूर्ण देश में हुआ। आरसीएस योजनांतर्गत रायपुर जगदलपुर हैदराबाद सेक्टर में उड़ान सेवा के लिए विमान सेवा प्रदाता कम्पनी अलायंस एयर से योजना के प्रावधान अनुसार 03 वर्ष के लिए विमान सेवा संचालन का अनुबंध किया गया था, जिसकी अवधि सितम्बर 2023 में पूर्ण हो चुकी है। अत: वर्तमान में अलायंस एयर द्वारा रायपुर जगदलपुर- हैदराबाद आरसीएस उड़ान सेवा बंद कर दी गई है तथा राज्य शासन द्वारा अनुरोध किये जाने पर तदर्थ रूप से रायपुर जगदलपुर हैदराबाद सेक्टर में सामान्य विमान सेवा का संचालन किया जा रहा है।जिसे अन्य कोई लाभदायक आरसीएस वायुमार्ग / सेक्टर का प्रस्ताव प्राप्त होने पर विमान सेवा प्रदाता कम्पनी द्वारा बंद कर दिया जावेगा। ऐसे में बस्तर जैसे नक्सल प्रभावित व संवेदनशील क्षेत्र पुन: सस्ती घरेलु विमान सेवा के लाभ से वंचित हो जायेगी तथा क्षेत्र में पर्यटन एवं वाणिज्यिक गतिविधियों का विकास अवरुद्ध हो जायेगा। राज्य सरकार द्वारा बिलासपुर एयरपोर्ट को 4C-IFR श्रेणी में विकसित करने हेतु कार्यवाही की जा रही है। इस प्रक्रिया में एयरपोर्ट में 3C-IF क्रमापदण्ड अनुसार नाईट लैडिंग सुविधा के लिए लाईटिंग का कार्य किया जा रहा है।बिलासपुर एयरपोर्ट से विमान सेवाओं की सभावना को देखते हुये पूर्व में केन्द्र सरकार से पत्राचार द्वारा बिलासपुर से देश के अन्य प्रमुख शहरों के लिए विमान सेवा संचालन प्रारंभ करने और बंद किये गये बिलासपुर-इंदौर बिलासपुर व बिलासपुर भोपाल-बिलासपुर विमान सेवा पुन: प्रारंभ करने का अनुरोध किया गया है।

# भाजपा प्रत्याशियों की दूसरी सूची रोकी गई, अगले हफ्त होगी जारी

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)।भाजपा प्रत्याशियों की दूसरी सूची रोक दी गई है।भाजपा की 67 सीटों पर प्रत्याशियों के नाम लीक हो गए थे।मीडिया में प्रत्याशियों के नाम प्रकाशित होने के बाद कई जगहों पर असंतोष की खबर आई है।एक दर्जन से अधिक नेताओं ने अलग-अलग स्तरों पर आपत्ति जताई थी। सूत्रों के मुताबिक सूची लीक होने पर कुछ नेताओं ने सीधे राष्ट्रीय अध्यक्ष, और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से शिकायत की है। इसके बाद मंगलवार की शाम जारी होने वाली सूची रोक रोक दी गई है।

**■ शिकायत के बाद हाईकमान का फैसला**

इस सूची में सिंधी व गुजराती समाज से किसी को प्रत्याशी नहीं बनाया गया है।समाज के पदाधिकारियोने टिकट नहीं दिए जाने पर सीधे चेतावनी दी है।यह दोनों समाज भाजपा सर्मथक माने जाते है।लिहाजा समाज की नाराजगी, कुछ प्रमुख नेताओं की शिकायत, और संभावित सूची जारी होने के बाद असंतोष को देखकर रोकने का फैसला लिया गया। कहा जा रहा है कि अधिकृत सूची जारी होने में एक हफ्ते का समय लग सकता है।कहा जा रहा है कि जिन स्थानों पर ज्यादा असंतोष की खबर आई है वहां नये सिरे से प्रत्याशियों के नाम पर विचार किया जाएगा।सर्वे रिपोर्ट के आधार पर प्रत्याशी तय किए जाएंगे। इस पूरी प्रक्रिया में हफ्ते भर का समय लग सकता है। पार्टी पहले 21 प्रत्याशियों की सूची जारी कर चुकी है, यहां भी कुछ जगहों पर विवाद हो रहा है। मगर घोषित प्रत्याशी नहीं बदले जाएंगे।

# डीडी नगर में स्वास्थ्य केन्द्र का लोकार्पण

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। संसदीय सचिव एवं विधायक विकास उपाध्याय ने आज रायपुर शहर के वार्ड क्रमांक 41 अंतर्गत पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर सेक्टर-4 में सुविधायुक्त शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का लोकार्पण किया। उन्होंने बताया कि यह शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण 65 लाख रूपये की लागत से निर्मित हुआ है। यहां एक छ: बिस्तर युक्त सर्व सुविधा संपन्न अस्पताल है ।जहाँ 24 घंटे आपातकालीन चिकित्सा एवं संस्थागत प्रसव की सुविधा उपलब्ध



रहेगी। साथ ही साथ जन सामान्य को विभिन्न प्रकार की बीमारियों के उपचार हेतु नि:शुल्क 172 प्रकार की दवाईयाँ प्रदाय की जायेगी। अस्पताल में कुल 62 प्रकार के पैथालॉजिकल जाँच की सुविधा स्थानीय स्तर पर भी उपलब्ध रहेगी। जिसकी जाँच रिपोर्ट मरीज को उसी दिन प्राप्त हो जाएगी। अन्य जाँच सुविधा हमर लैब से संयोजित करते हुए सुनिश्चित कराई जाएगी, जिससे मरीज को अगले दिवस प्रतिवेदन रिपोर्ट प्राप्त हो सकेगा। इस अस्पताल में चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य पैरामेडिकल स्टाफ सहित लगभग 12 स्टाफ कार्यरत् रहेंगे।

# राजधानी में बड़ी सी दूरबीन लेकर विकास ढूंढने निकले राजेश मूणत

## पूर्व मंत्री ने कहा- विकास खोज रहे लेकिन सड़क में गड्ढे ही मिल रहे है



**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर की सड़कों पर मंगलवार को भाजपा नेता और पूर्व मंत्री राजेश मूणत बड़ी सी दूरबीन लेकर निकले। उन्होंने कहा कि, विकास ढूंढने निकले हैं।लेकिन कुछ मिल नहीं रहा सिर्फ सड़कों पर गड्ढे ही गड्ढे मिल रहे और नालियां भरी पड़ी है।

अपने समर्थकों के साथ मिनी ट्रक में सवार होकर राजेश मूणत निकले थे।उनके पीछे और भी गाड़ियों में कुछ नेता इसी तरह दूरबीन पकड़े नजर आए। मूणत ने कहा कि कांग्रेस की सरकार एक भी नया काम रायपुर में नहीं कर पाई सिर्फ झूठे वादे करती है। उन्होंने कहा कि, रायपुर शहर को सिर्फ बदहाल करने का काम कांग्रेस ने किया है।वह विकास हम ढूंढ रहे हैं जिन्हें करने का दावा कांग्रेस करती है।

मूणत ने कहा- ना रोड बनी, ना नाली बनी, ना खंबे लगे ना शहर के अंदर सौंदर्यीकरण हुआ। सिर्फ गड् ?ढा ही गड्ढा मिल रहा है। नाली लबलबाती मिल रही है। ना एक गार्डन बनाया, जो गार्डन थे उनकी हालत बदतर हो गई। लोग परेशान हैं राजधानी का हाल बिगाड़ दिया है। रायपुर शहर, छत्तीसगढ़ की राजधानी है साहब। आप रहो ना रहो हम ना रहे ना रहे, रायपुर तो रहेगा। पश्चिम विधायक को लेकर कहा वो खाली फोटो लगाने में मशगूल हैं। एक काम तो गिनाकर दिखाएं, क्या कोई गार्डन बनाया, क्या कोई सड़क बनाई, नया कोई स्कूल खुलवा दिया क्या, नया कोई बाईपास बनवा दिया क्या, कुछ नहीं किया।

राजेश मूणत ने कहा- साइंस कॉलेज के पास चौपाटी बना दी और नगर निगम झूठ बोलकर इसका टेंडर कर रही है कि यहां यूथ हब बन रहा। चौपाटी बनाकर टेंडर निकाल दिया और गुंडो के हवाले करने जा रहे हैं। मैं खुलकर बोलता हूं सरकार, या इनके विधायक मुझे एक काम गिनाकर दिखा दें, जिसका भूमिपूजन किया और फिर लोकार्पण किया हो। दूरबीन से कांग्रेस के शासनकाल में हुआ विकास ढूंढने निकले भाजपा का काफिला विवेकानंद आश्रम से शुरू होकर लाखे नगर,नालंदा परिसर, महोबा बाजार, कोटा, रामनगर पहाड़ी चौक से होते हुए भारत माता चौक पर पहुंचा। श्री मूणत ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उनका आमंत्रण स्वीकार ना करके अपना झूठ स्वीकार कर लिया है। श्री मूणत ने कहा कि हमे कांग्रेस का एक भी विकास कार्य नही दिखा,केवल विज्ञापनों,होर्डिंग, पोस्टर में छपी कांग्रेस नेताओं की तस्वीरों में ही विकास दिखाई दिया। जनता ने तय कर लिया है कि उन्हें नाम वाला नही, बल्कि काम वाला विकास चाहिए। इस अभियान के दौरान राजेश मूणत के साथ मुख्य रूप से मंडल के अध्यक्ष प्रीतम ठाकुर,भूपेंद्र ठाकुर, अनील सोनकर, पार्षद मृत्युंजय दुबे,दीपक जायसवाल,राजेश ठाकुर,,भोलाराम साहू, बसंत वर्मा,पश्चिम विधानसभा प्रभारी ओंकार बैस,प्रफुल्ल विश्वकर्मा,गोवर्धन खंडेलवाल,बजरंग खंडेलवाल, नवीन शर्मा, गोपी साहू,पुरषोत्तम देवांगन, खेमलाल साहू,पवन केशरवानी,प्रभा दुबे,जयराम दुबे समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

# नामीबिया व दक्षिण अफ्रीका के बाद अब केन्या से लाए जा सकते है चीते, शुरू हुई बातचीत

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। पहले ही साल नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से लाए गए कुल 20 चीतों में से छह की मौत के बाद चीता प्रोजेक्ट में अब कुछ बड़े बदलाव की तैयारी है, जिसमें मौजूदा चीतों को मौसम की अनुकूलता देखकर ही खुले जंगल में छोड़ा या फिर उन्हें बाड़ों (इनक्लोजर) में रखा जाएगा। इसके साथ ही चीतों की जो नई खेप आने वाली है वह भी नामीबिया या फिर दक्षिण अफ्रीका के अतिरिक्त किसी दूसरे देश से भी लाई जा सकती है।



**केन्या से लाया जा सकता है नई खेप**

फिलहाल जो संकेत मिल रहे है उसमें केन्या से इन्हें लाया जा सकता है। जहां मौजूदा समय में चीतों की संख्या करीब 12 सौ के करीब है। इनमें से ज्यादातर खुले जंगल में ही रहते है। वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक, चीता प्रोजेक्ट के तहत वैसे भी देश में अगले दस सालों तक हर साल दस से बारह चीतों को लाने की योजना है, लेकिन इस दौरान यह ध्यान दिया जा रहा है कि जो भी चीते आए वह भारतीय जलवायु में ढल सके।

**नए सिरे से की जा रही है तैयारी**

फिलहाल अब तक लाए गए 20 चीतों में छह चीतों की जिस तरह से मौत हुई है, उन सभी कारणों को ध्यान में रखते हुए नए सिरे से तैयारी की जा रही है। प्रोजेक्ट से जुड़े विशेषज्ञों की मानें तो जिन छह चीतों की मौत हुई है, उनमें से बड़ी संख्या में चीतों की मौत भीषण गर्मी और उमस के मौसम में अचानक से शरीर में उगे बालों के चलते हुई है।

**इन जगहों पर है बसाने की तैयारी**

चीतों में अमूमन में ऐसे बाल सर्दियों में आते है। लेकिन जलवायु में बदलाव के चलते यह गर्मी में ही आ गए थे। इसके चलते उन्हें पहनाए गए कालर बेल्ट उनके बालों से उलझने लगे। इस रगड़ में उनके बाल कटने लगे और बाद में बालों के उखड़ने वाली जगहों पर इंफेक्शन फैल गया। जब तक यह बात पता चलती तब तक एक-एक कर कई चीतों ने दम तोड़ दिया था। इस बीच चीतों की आने वाली नई खेप को मध्य प्रदेश के गांधी सागर अभयारण्य और कूनो में बनने वाले सफारी में बसाने की तैयारी है।

# केंद्र सरकार नगरनार को बेचने की प्रक्रिया शुरू कर चुकी है : कांग्रेस

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बस्तर में एक बार फिर झूठ बोला कि नगरनार संयंत्र को उनकी सरकार निजीकरण नहीं कर रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मोदी सरकार ने नगरनार इस्पात संयंत्र के निजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री ने राजनैतिक बयानबाजी में झूठ बोलकर अपने पद की गरिमा को गिराया है। मोदी सरकार नगरनार इस्पात संयंत्र को बेचना चाहती है तथा इस संयंत्र को खरीदने के लिये उद्योगपतियों ने सर्वे भी शुरू कर दिया है। उद्योगपतियों को बोली लगाने के लिये नियम शर्ते भी मोदी सरकार ने बना दिया है। प्रधानमंत्री बस्तर और प्रदेश की जनता को जवाब दें कि वे झूठ क्यों बोल रहे हैं?



**मोदी ने नगरनार को लेकर सफेद झूठ बोला**

श्री शुक्ला ने बताया कि 14 अक्टूबर 2020 में भारत सरकार ने एनएमडीसी (नगरनार) स्टील प्लांट में 50.79 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने का निर्णय लिया था। उक्त कार्य हेतु भारत सरकार के वित्त विभाग के अधीन ''निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग'' (डीआईपीएएम) को सौंपा गया। यह निर्णय प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति द्वारा लिया गया।

इस बैठक में नगरनार स्टील प्लांट के राजनीतिक विनिवेश का कार्य सितंबर 2021 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया। (पीआईबी रिपोर्ट) उक्त निर्णय के क्रियान्वयन हेतु ''दीपम'' (डीआईपीएएम) ने 2 दिसंबर 2022 को नगरनार की रणनीतिक बिक्री हेतु प्रारंभिक बोलियां आमंत्रित की गयी। इस निविदा के संबंध में निजी निवेशकों को अन्य जानकारी प्राप्त करने हेतु प्रश्न जमा करने की अंतिम तारीख 29 दिसंबर 2022 तथा बोली जमा करने की अंतिम तिथि 27 जनवरी 2023 रखी गयी थी। श्री शुक्ला ने कहा कि समाचार पत्रों की खबरों के अनुसार विदित होता है कि नगरनार स्टील प्लांट को खरीदने के लिये पांच निजी कंपनियों ने प्रस्ताव प्रस्तुत किये हैं। उनमें से प्रमुख हैं जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड, जे.एस.डब्ल्यू. एस्सार तथा अडानी समूह शामिल है। एनएमडीसी के चेयरमैन अमिताभ मुखर्जी ने मीडिया से चर्चा करते हुये बताया था कि एनएमडीसी स्टील प्लांट के विनिवेशक की प्रक्रिया में प्लांट की कमिशनिंग के बाद तेजी आयेगी। इस बात की संभावना है कि राज्य में विधानसभा चुनाव होने के बाद दिसंबर में उन कंपनियों से फाइनेंसियल बिड आमंत्रित किये जाए, जिनको ''दीपम'' ने शॉर्टलिस्ट किया है। भारत सरकार द्वारा इसी वित्तीय वर्ष अर्थात् 31 मार्च 2024 के पूर्व नगरनार स्टील प्लांट के निजीकरण का कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।इसके निजीकरण की प्रक्रिया अंतिम चरण तक पहुंच गई है।

# अग्रसेन जयंती पर टाटीबंध में रक्तदान शिविर आयोजित

**रायपुर,** 3 अक्टूबर। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ इकाई, अग्रवाल सभा रायपुर, एमएमआई हॉस्पिटल रायपुर, एवं टाटीबंध मोहल्ला समिति के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सम्मेलन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष ईश्वर प्रसाद अग्रवाल एवं राष्ट्रीय मंत्री परमानंद जैन ने बताया पूरे भारत में सम्मेलन द्वारा अग्रसेन जयंती के अवसर पर रक्तदान पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है।जिसके तहत पूरे प्रदेश में 50 से अधिक एवं रायपुर संभाग में 16 स्थान पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रथम बिल्हा में 49 यूनिट एवं रायपुर टाटीबंध में 42 यूनिट रक्तदान किया गया। ईश्वर प्रसाद अग्रवाल ने कहा रक्तदान एक महादान है जो इंसान को जिंदगी प्रदान करती है। इसी के तहत सम्मेलन पूरे भारत में यह आयोजन रक्तदान पखवाड़ा के रूप में आयोजित कर रहा है ।रायपुर संभाग में खरोरा, बिल्हा, रायपुर के अनेक मोहल्लों ,तिल्दा भिलाई, दुर्ग, धमतरी ,बागबाहरा, देवभोग आदि स्थानों पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है।आज के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ईश्वर प्रसाद अग्रवाल ,परमानंद जैन, किशन अग्रवाल ,मुरली अग्रवाल सतपाल जैन, रमेश चंद्र अग्रवाल, प्रमोद जैन, कर्तव्य अग्रवाल, मोहल्ला समिति से बृजमोहन अग्रवाल,सुरेश अग्रवाल,दिलीप केडिया आदि उपस्थित थे।



# विकास की गति बनाए रखने ऊर्जा की उपलब्धता जरूरी : सिंहदेव

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। उपमुख्यमंत्री श्री टी एस सिंहदेव ने कहा है कि विकास की गति बनाए रखने के लिए ऊर्जा की निर्बाध उपलब्धता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राज्य का सौभाग्य है कि हम स्वयं भी रोशन हो रह हैं और दूसरों तक उजाला पहुँचा रहे हैं। श्री सिंहदेव आज राजधानी के भनपुरी क्षेत्र में 33/11 केव्ही उपकेन्द्र के भूमिपूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने क्षेत्र की जनता के प्रति सजग रहने के लिए क्षेत्रीय विधायक श्री सत्यनारायण शर्मा की प्रशंसा करते हुए इस उपकेन्द्र की स्थापना को एक उल्लेखनीय कार्य बताया। इससे पहले उपमुख्यमंत्री श्री सिंहदेव ने उपकेन्द्र निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। उपमुख्यमंत्री श्री टी एस सिंहदेव ने आगे कहा कि ऊर्जा विभाग के भारसाधक मंत्री के तौर पर जो अवसर मिला है उसमें वे ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति को प्राथमिकता प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में जिस भी क्षेत्र में विकास हो रहा है उसमें बिजली की भूमिका प्रमुख है। कार्यक्रम को विधायक श्री सत्यनारायण शर्मा ने भी संबोधित किया। उन्होंने बताया कि लंबे समय से क्षेत्रवासियों की उपकेन्द्र की मांग थी पर स्थान की अनुपलब्धता के कारण संभव नहीं हो रहा था। पेचिदगियों के समाधान के बाद इस स्थान की उपलब्धता पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए श्री शर्मा ने बताया कि इस उपकेन्द्र के बन जाने से क्षेत्र के 15 हजार से अधिक विद्युत उपभोक्ताओं को निर्बाध तथा गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति हो सकेगी। इससे पहले छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री मनोज खरे ने अतिथियों का स्वागत किया।

**भनपुरी में 33/11 केव्ही उपकेन्द्र के लिए उपमुख्यमंत्री के किया भूमिपूजन**

# युको बैंक की शाखाओं के लिए राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। तेलीबंधा स्थित यूको बैंक की अंचल कार्यालय मे राजभाषा माह के समापन पर यूको बैंक की शाखाओं के लिए राजभाषा पखवाडा का आयोजन किया गया । डीजीएम यूको बैंक श्रीमती लकि नायक के मार्गदर्शन में सहायक महाप्रबंधक एन पी सिंह जी ने विधिवत कार्यशाला का उद्घाटन किया एवं कार्यशाला का संयोजन अमित सरवर वरिष्ठ प्रबंधक राजभाषा, यूको बैंक ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सह वक्ता रजनीश कुमार यादव, मुख्य प्रबंधक राजभाषा, भारतीय स्टेट बैंक रहे,जो विशेष रुप से ऑनलाइन माध्यम से हैदराबाद से जुड़कर विषय पर प्रकाश डाला। सहायक महाप्रबंधक एन पी सिंह ने मुख्य अतिथि रजनीश यादव का स्वागत सम्मान किया एवं अपने स्वागत भाषण में हिंदी के वर्तमान आवश्यकता को समझने और पूर्ण मनोयोग से उसका पालन अनुपालन करने के लिए सभी प्रतिभागियों से आग्रह किया। राजभाषा के नीति नियम, अधिनियम, संकल्प, सहित रजनीश ने व्यवसाय विकास में हिंदी की भूमिका के बारे में सविस्तार चर्चा किया। रजनीश यादव जी के व्याख्यान और विषय पर सारगर्भित चर्चा से सभी स्टॉफ सदस्य लाभान्वित हुए। सभी शाखा प्रमुखो ने हिंदी के बारे में अपने -अपने विचार और मत भी रखे। सभी प्रतिभागियों ने उत्साहजनक तरीके से राजभाषा के कार्यों को आगे बढ़ाने की बात कही और सभी पूरी ऊर्जा और उमंग के साथ कार्यशाला में अपनी प्रतिभागिता दिए। वरिष्ठ प्रबंधक राजभाषा अमित सरवर यूको बैंक के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन पश्चात कार्यक्रम समापन किया गया।



## एमजंक्शन की स्टील कॉन्फ्रेंस में डीकार्बनाइजेशन और स्थायित्व पर रहा फोकस

**रायपुर,** 3 अक्टूबर। भारत की सबसे बड़ी बी2बी ई-कॉमर्स कंपनी एमजंक्शन सर्विस लिमिटेड ने 27 और 28 सितंबर को नई दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में इंडियन स्टील मार्केट्स कॉन्फ्रेंस के 10वें संस्करण का आयोजन किया। इस साल के कॉन्फ्रेंस की थीम थी इंडियन स्टील- इनोवेटिंग सॉल्यूशंस फॉर स्मार्टर एण्ड सस्टेनेबल फ्यूचर'' (भारतीय इस्?पात - ज्यादा स्मार्ट एवं स्थायी भविष्य के लिए नए-नए समाधानों का आविष्?कार करना) ।स्?टील मंत्रालय के सचिव एवं आईएएस नागेन्द्र नाथ सिन्हा, सेल के चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश और एमओआईएल के सीएमडी एवं एमईसीओएन के अतिरिक्?त प्रभारी श्री ए.के. सक्सेना ने उद्योग के अन्य दिग्गजों के साथ स्टील सेक्टर के डीकार्बनाइजेशन की चुनौतियों से जुड़े मुद्दों और डीकार्बनाइजेशन पर उद्योग के प्रमुखों के बीच सहयोग की आवश्यकता पर बात की ।सेल के चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश ने कहा कि स्टील के बाजार को विस्तारित करने के तरीकों को तलाशते हुए, स्टील निर्माताओं को खनन से लेकर नवीकरण योग्य ऊर्जा की खपत तक स्टील के उत्पादन की महत्व श्रृंखला पर गौर करने की आवश्यकता है।

## सार-संक्षेप

**जयपुर रग्स ने रंग उत्सव का इनॉग्रेशन किया**

**रायपुर,** 3 अक्टूबर। भारत-हैंडमेड रग्स मैन्युफैक्चरिंग में मशहूर लीडर, जयपुर रग्स, 27 सितंबर से शुरू होने वाले अपने एनुअल रंग उत्सव के बहुप्रतीक्षित 2023 एडिशन की घोषणा करते हुए बेहद रोमांचित है। इस वर्ष, रग उत्सव कस्टमर्स के लिए एक शानदार एक्सपीरियंस देने का वादा करता है, जिसमें रग कैटेगरी की विशाल रेंज पर स्पेशल डिस्काउंट, टैलेंटेड बुनकरों के साथ इंटरैक्टिव सेशन और जयपुर रग्स मेरिटोरियस स्कॉलरशिप प्रोग्राम के माध्यम से शिक्षा को सपोर्ट करने के लिए एक नेक पहल भी शामिल है।

**सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका पर सुनवाई 9 को**

**रायपुर** 3 अक्टूबर। 450 करोड़ के कोयला लेवी वसूली मामले में सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका पर सुनवाई आज सुप्रीम कोर्ट में पूरी नहीं हो पाई। सौम्या बीते दो दिसंबर से जेल में है। ईडी के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ सौरभ पांडे ने बताया कि याचिका पर आगे की सुनवाई 9 अक्टूबर को होगी। कोल केस में आईएएस समीर विश्नोई, कारोबारी सूर्यकांत तिवारी, सुनील अग्रवाल सहित अन्य को भी आरोपी बनाया गया है। ये सभी गिरफ़्तारी के बाद से जेल में हैं।

# श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन की नई दरें निर्धारित

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। श्रमायुक्त छत्तीसगढ़ द्वारा लेबर ब्यूरो शिमला द्वारा जारी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक और परिवर्तनशील महंगाई भत्ते के आधार पर विभिन्न अनुसूचित नियोजनों में कार्यरत श्रमिको के लिए एक अक्टूबर 2023 से 31 मार्च 2024 तक के लिए न्यूनतम वेतन दरें निर्धारित की गई है। यह दरें 45 अनुसूचित नियोजनों, कृषि नियोजन, अगरबत्ती नियोजन तथा तम्बाखू विनिर्माण (जिसमें बीड़ी बनाना भी शामिल है) के लिए प्रतिदिन और प्रतिमाह श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन मान की नई दरें निर्धारित की गई है। इसमें जोन 'अ' श्रमिक के अंतर्गत उच्च कुशल मजदूरों का वेतनमान 12,830, कुशल मजदूरों का 12,050, अर्धकुशल मजदूरों का 11,270 और अकुशल मजदूरों का 10,620 रूपए प्रतिमाह वेतन दरें निर्धारित की गई है। इसी तरह से अगरबत्ती उद्योग में नियोजित श्रमिको के लिए दरों में वृद्धि की गई है।



इन्हें भी पढ़ें - ष्टत्र ह्रश्वङ्कस्र - मुख्यमंत्री बघेल ने सक्ती जिले को 1 अरब 45 करोड़ 5 लाख रूपए से अधिक के विकास कार्यों की दी सौगात, मालखरौदा को नगर पंचायत बनाने की घोषणा

न्यूनतम वेतन की निर्धारित दरों के लागू होने पर अब अकुशल श्रमिक जोन 'अ' के लिए 10 हजार 620 रूपए, जोन 'ब' के लिए 10 हजार 360 रूपए और जोन 'स' के लिए 10 हजार 100 रूपए प्रतिमाह न्यूनतम वेतन निर्धारित किया गया है। इसी तरह से अर्द्धकुशल श्रमिको को जोन 'अ' के लिए 11 हजार 270 रूपए, जोन 'ब' के लिए 11 हजार 10 और 'स' के लिए 10 हजार 750 रूपए प्रतिमाह न्यूनतम देय होगा। इसी तरह से कुशल श्रमिको जोन 'अ' के लिए 12 हजार 050 रूपए, 'ब' के लिए 11 हजार 790 रूपए और जोन 'स' के लिए 11 हजार 530 न्यूनतम वेतन देय होगा। उच्च कुशल श्रमिको को जोन 'अ' के लिए 12 हजार 830 रूपए, 'ब' के लिए 12 हजार 570 रूपए और जोन 'स' के लिए 12 हजार 310 रूपए प्रतिमाह न्यूनतम वेतन मिलेगा।

ष्टत्र ह्रश्वङ्कस्र कृषि श्रमिको के लिए निर्धारित न्यूनतम वेतन अकुशल कृषि श्रमिकों के लिए प्रतिमाह 140 रूपए की वृद्धि हुई है। श्रमायुक्त ने बताया है कि एक अक्टूबर से प्रभावशील यह न्यूनतम वेतन दरें श्रम विभाग छत्तीसगढ़ शासन की वेबसाईट222-ष्द्द्यड्डद्धश्ह्वह्ल-ठ्ठद्बष्-द्बठ्ठपर भी उपलब्ध है। साथ ही श्रमायुक्त कार्यालय इंद्रावती भवन खण्ड तीन, द्वितीय तल नवा रायपुर से भी सम्पर्क कर जानकारी ली जा सकती है।

# आप पार्टी ने जारी की प्रत्याशियों की दूसरी सूची

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। चुनावों के पहले राजनीतिक दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है वही सियासी दल अपने अपने उम्मीदवारों की सूची भी जारी कर रहे है। बात करें छत्तीसगढ़ की तो आम आदमी पार्टी ने अपनी दूसरी लिस्ट जारी कर दी है।



आप ने की विधानसभा उम्मीदवारों की दूसरी सूची में- प्रतापपुर (06) से राजा राम श्याम, से सारंगढ़ (17) से देव प्रसाद कोशले, खरसिया (18) से विजय जयसवाल, कोटा (25) से पंकज जेम्स, बिल्हा (29) से जसबीर सिंह, बिलासपुर (30) से डॉ. उज्जवला कराडे, मस्तूरी (32) से धरम दास भार्गव होंगे च्आपज् उम्मीदवार रायपुर ग्रामीण (48) से तरूण वैध, रायपुर पश्चिम (49) से नंदन सिंह, अंतागढ़ (79) से संत राम सलाम, केशकाल (82) से जुगलकिशोर बोध, चित्रकूट (87) से बोमाडा राम मंडावी को प्रत्याशी बनाया गया है।

## कलेक्टर ने अंतरिक्ष ज्ञान अभियान की मोबाईल वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज अंतरिक्ष ज्ञान अभियान के मोबाईल वैन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस वैन के माध्यम से छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में स्थित स्कूलों में विद्यार्थियों को विज्ञान की अवधारणाओं और देश में चलाए गए विभिन्न अंतरिक्ष अभियान जैसे चन्द्रयान इत्यादि की जानकारी दी जाएगी, साथ ही जिज्ञासा का भी समाधान किया जाएगा। यह वैन 35 दिनों तक प्रदेश के सभी जिलों में जाएगा। आज जे.आर. दानी उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला और जे.एन. पाण्डेय उच्चतर माध्यमिक शाला में इसका प्रदर्शन किया गया। यह अभियान इगनाईटिंग ड्रीम ऑफ यंग माईन्ड के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अबिनाश मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती, अंतरिक्ष ज्ञान अभियान के को-फाउंडर रत्नेश मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## निधन

**घासीनबाई चंद्राकर**



**महासमुंद,** 3 अक्टूबर। स्थानीय इमलीभाठा निवासी श्रीमती घासीनबाई चंद्राकर 64 वर्ष का 1 अक्टूबर को निधन हो गया। वे पन्नालाल चंद्राकर की धर्मपत्नी व कमलेश चंद्राकर, शकुन चंद्राकर, बानू चंद्राकर की मां थी।

**जयचंद लूनिया**



**महासमुंद,** 3 अक्टूबर। स्थानीय बीटीआई रोड महावीर कालोनी निवासी एवं महासमुंद बीज भंडार के संचालक जयचंद लूनिया 55 वर्ष का 3 अक्टूबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार 4 अक्टूबर को सुबह 9 बजे भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे शांशाक उर्फ सोनू लूनिया के पिता व उमेश लूनिया, पंकज लूनिया के बड़े भाई थे।

**गोमती बाई ध्रुव**

**महासमुंद,** 3 अक्टूबर। ग्राम कुकराडीह निवासी 90 वर्षीय श्रीमती गोमती बाई ध्रुव का निधन 2 अक्टूबर को निधन हो गया। वे मानसिंग, भगवानी ध्रुव की मां थी। अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया।

## धारदार चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। थाना गंज पुलिस टीम द्वारा थाना गंज क्षेत्रांतर्गत तेलघानी नाका पास चेकिंग के दौरान अवैध रूप से चाकू लेकर घुमते आरोपी फालगुनी दीप उर्फ अमन दीप पिता नीलकंठ दीप उम्र 23 साल निवासी फाफाडीह रमण मंदिर थाना गंज जिला रायपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें 01 नग चाकू जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना गंज में धारा 25 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।



# स्वस्थ व मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान आवश्यक

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। देश की आजादी के बाद सबसे बड़ी क्रांति यह थी कि लोक सभा तथा राज्यों की विधान सभाओं के निर्वाचन के लिए सार्वजनिक वयस्क मताधिकार को अपनाया गया। घोर पिछड़ेपन, घोर दरिद्रता तथा घोर निरक्षरता वाले, नए-नए स्वाधीन हुए देश में हर नागरिक को जिसकी आयु 21 वर्ष से कम न हो (अब घटाकर 18 कर दी गई है) और जो किसी विधि के अधीन अनिवास, चित्तविकृति, अपराध या भ्रष्ट अवैध आचरण के आधार पर अन्यथा अयोग्य न हो, वोट का अधिकार देना संविधान निर्माताओं के लिए एक बहुत बड़ी आस्था और जनसाधारण में विश्वास का काम था (अनुच्छेद 326)। अनुच्छेद 324 कहता है कि एक निर्वाचन आयोग होगा। वह संसद और प्रत्येक राज्य विधानमंडल के वास्ते तथा राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति के पदों के वास्ते सभी निर्वाचनों का अधीक्षण, निदेशन और नियंत्रण करेगा।

देश की आजादी के बाद जुलाई 1948 को ही भारतीय नेताओं ने चुनावी प्रक्रिया की तैयारियां शुरू कर दी थी। हालांकि, तब-तक चुनाव कराने के लिए कोई कानून नहीं थे। डॉ. भीमराव अम्बेडकर के नेतृत्व में, ड्राफ्टिंग कमिटी (मसौदा समिति) ने कड़ी मेहनत कर संविधान का मसौदा तैयार किया था, जो 26 नवंबर, 1949 को पारित हुआ। हालांकि, इसे लागू 26 जनवरी, 1950 से किया गया। भारत को उस दिन चुनाव कराने के लिए नियम और उप-नियम मिले और देश आखिरकार 'भारत गणराज्य' बना। यह एक असाधारण सफ़र की महज़ शुरुआत थी। वैसे तो 15 अगस्त 1947 को भारत आज़ाद हो गया था लेकिन पहले चुनाव 1951 में हो पाए। यह जानना जरूरी है कि आज़ाद भारत के पहले आम चुनाव 25 अक्टूबर, 1951 और 21 फ़रवरी, 1952 के बीच हुआ था।

संविधान लागू होने के बाद निर्वाचन आयोग का गठन किया गया। चुनाव कराने की ज़िम्मेदारी भारतीय नौकरशाह, सुकुमार सेन को दी गई। इस तरह वे भारत के पहले मुख्य चुनाव आयुक्त बने।

इसमें सबसे बड़ी चुनौती थी भारत की आबादी, जो उस समय करीब 36 करोड़ थी। दुनिया की आबादी का करीब 17 फ़ीसदी हिस्सा मतदान करने वाला था। यह उस समय का सबसे बड़ा चुनाव था। चुनाव में करीब 1,874 उम्मीदवार और 53 राजनैतिक पार्टियां उतरी थीं, जिनमें 14 राष्ट्रीय पार्टियां थीं और इन दलों ने 489 सीटों पर चुनाव लड़े थे।

संविधान के लागू होने पर, भारत ने वोट डालने के लिए उसी उम्र को योग्य माना जो दुनिया भर में अपनाई जा चुकी थी। इससे 21 साल से ज्यादा उम्र वाले लगभग 17.3 करोड़ लोग वोट डालने के लिए योग्य पाए गए। जनगणना के आंकड़ों के आधार पर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र तय किए जाने थे, जो 1951 में हो पाया। अशिक्षित आबादी, चुनाव चिह्न डिज़ाइन, मतपत्र और मतदान पेटी, मतदान केंद्र आदि समस्या व चुनौती थी। साथ ही यह पक्का करना था कि मतदान केंद्रों के बीच सही दूरी हो। मतदान अधिकारियों को नियुक्त कर प्रशिक्षण सहित अनेक परेशानियों और चुनौतियों का सामना भी करना पड़ा।

- पहले आम चुनाव में पहली बार 45.7 प्रतिशत मतदाता वोट डाले
- हर वोट देश के नवनिर्माण में महत्वपूर्ण

हालांकि इन चुनौतियों को पार करने में समय लगा। आखिर में जब चुनाव हुए, तो योग्य आबादी में से 45.7 प्रतिशत मतदाता, पहली बार वोट डालने के लिए अपने घरों से बाहर निकले। इस तरह भारत, दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र बना, जहां लोगों ने, लोगों के लिए एक सरकार चुनी। एक वोट या एक मतदान देश व प्रदेश के लिए क्या उपयोगी साबित होगी? मतदान का महत्व कितना है ? और क्यों हैं ? इस विषय पर अनेक पुस्तकें लिखे जा चुके हैं, लेकिन क्या देश व प्रदेश हित के लिए मतदान करना वास्तव में एक जरूरी है? ऐसे सामान्य प्रश्न में ही गम्भीर उत्तर छुपा हुआ है। जिस तरह से फसलों के लिए पानी, पानी के लिए पेड़-पौधे-हरियाली, खेती लिए इंसान की जरूरत है और इंसान के लिए अनाज-पानी, आवास, शिक्षा, अस्पताल, सड़क, बिजली, रोजगार जैसी बुनियादी जरूरतों की आवश्यकता होती है। ऐसे में स्वस्थ व मजबूत लोकतंत्र के लिए प्रत्येक वोट महत्वपूर्ण है। निर्वाचन आयोग, राजनीतिक दलों व आम मतदाताओं की भूमिका, सक्रियता,संवेदनशीलता से भरे होते हैं। अलग-अलग वर्ग के मतदाताओं को कई बार भ्रम की स्थितियों का सामना करना पड़ता है। इस पर निर्वाचन आयोग लगातार सुधार व नियम-प्रक्रियाओं में संशोधन समय-समय पर करते हैं ताकि मतदाता आसानी से अपने मत या वोट के महत्व को बेहतर तरीके से समझ सके।

लोकतंत्र की सफलता तभी होगी जब लोग मतदान करेंगे। देश की प्रगति के लिए सबको मिलकर वोट देना चाहिए। मतदान सभी का संवैधानिक अधिकार है। इसका उपयोग सभी लोगों को स्वेच्छा के साथ करना चाहिए। हम खुशनसीबों में से हैं कि हमें सरकार चुनने का अधिकार मिला है। हमें इसकी सराहना और कदर करनी चाहिए। यह भारतीय लोकतंत्र की खूबसूरती ही है कि कोई हवाई जहाज का मालिक हो या ठेला चलाने वाला आम नागरिक, सबको वोट देने का अधिकार है। सभी का मत बराबर है।

अतएव देश व प्रदेश के समुचित विकास, स्वस्थ व मजबूत लोकतंत्र के लिए हर मतदाताओं को मतदान करना आवश्यक है।

# एसआई भर्ती परीक्षा का रिजल्ट जारी करने को लेकर मुख्यमंत्री व सिंहदेव निवास पहुंचे अभ्यर्थी

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। एसआई भर्ती परीक्षा के रिजल्ट की मांग को लेकर आज रायपुर में मुख्यमंत्री निवास और उप मुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव के बंगले के बाहर भीड़ लगी रही। यह सभी सब-इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थी हैं। जो चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले रिजल्ट जारी करने और जॉइनिंग देने की मांग कर रहे हैं।

सब इंस्पेक्टर, सूबेदार और प्लाटून कमांडर भर्ती के लिए शारीरिक परीक्षा से लेकर इंटरव्यू तक की प्रक्रिया 8 सितंबर को पूरी हो चुकी है। अगर आचार संहिता लगती है तो उनकी भर्ती रुक सकती है। इसलिए अभ्यर्थियों ने गुजारिश करते हुए कहा कि रिजल्ट जारी करवा दो।एस आई भर्ती परीक्षा कि सभी प्रक्रिया पूरी हो गई है, लेकिन अंतिम चयन सूची अभी तक जारी नहीं की गई है।



**किसी से कोई आश्वासन नहीं मिला:** अभ्यर्थियों का कहना है कि, इससे पहले भी हम विधायक और मंत्रियों से मुलाकात कर चुके हैं, लेकिन हमें किसी ने कोई भी आश्वासन नहीं दिया है। रिजल्ट आखिर क्यों रोका गया है समझ नहीं आ रहा है। हम सभी बेहद परेशान हैं। रमन सरकार के दौरान अगस्त 2018 में सब इंस्पेक्टर, सूबेदार और प्लाटून कमांडर के 655 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। आचार संहिता और प्रदेश में सरकार बदलने के बाद भर्ती प्रक्रिया रोक दी गई थी। अभ्यर्थियों के आंदोलन के बाद कांग्रेस सरकार ने 2021 में पदों में बढ़ोतरी की थी और 975 पदों के लिए विज्ञापन जारी किया था।भर्ती के लिए फिजिकल जुलाई 2022 में हुआ। मुख्य परीक्षा 26 से 29 मई 2023 को हुई। शारीरिक परीक्षा 18 से 30 जुलाई 2023 तक हुई। साक्षात्कार परीक्षा 17 अगस्त से 8 सितंबर 2023 को हुई थी। अभ्यर्थी अब अंतिम चयन सूची की मांग कर रहे हैं।

**आचार संहिता से पहले जॉइनिंग देने की मांग**

**हाईकोर्ट में लगी याचिकाएं खारिज:** हाईकोर्ट में भर्ती के खिलाफ याचिकाएं लगाई गई थी। जिसमें याचिकाकर्ताओं का कहना था कि, पुलिस भर्ती प्रक्रिया में छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल की ओर से भारी अनियमितता बरती जा रही है। प्लाटून कमांडर के पद पर महिलाओं की भर्ती की जा रही है। लिखित परीक्षा के अंक भी जारी नहीं किए जा रहे हैं। लेकिन सुनवाई करते हुए भर्ती के खिलाफ लगी याचिकाओं को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है।

**प्लाटून कमांडर को लेकर विवाद:** याचिका के अनुसार कुल पदों में से 247 पद प्लाटून कमांडर के लिए आरक्षित किया गया है। विज्ञापन में स्पष्ट किया गया था कि महिला उम्मीदवार प्लाटून कमांडर के पद पर भर्ती के लिए पात्र नहीं होंगी। इसके बाद भी चार हजार से अधिक महिलाओं को पात्र मान लिया गया है। इससे पात्र पुरुष उम्मीदवार चयन प्रक्रिया से बाधित हो गए हैं। इसके साथ ही एक्स सर्विस मैन के लिए 1900 पद स्वीकृत हैं, जबकि कुल पात्र उम्मीदवारों की संख्या ही 450 के करीब हैं।

# राजधानी में शारदीय नवरात्रि की तैयारी शुरू



**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर सहित पूरे देश में नौ दिनों तक शारदीय नवरात्रि की धूम रहेगी। माहौल पूरी तरह से भक्तिमय रहेगा, साल 2023 में नवरात्रि की शुरुआत 15 अक्टूबर से हो रही है जो 23 अक्टूबर तक चलेगी रायपुर के महामाया मंदिर,काली मंदिर,दंतेश्वरी मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में तैयारियां शुरू कर दी गई है। मंदिरों की साफसफाई, रंग रोगन, ज्योति कलश के साथ ही तमाम तरह की तैयारियां शुरू हो गई है। सिद्ध पीठ मां महामाया देवी मंदिर में नवरात्रि पर्व को लेकर तैयारियां जोर शोर से की जा रही है मंदिर की साफसफाई, लिपाई पुताई, रंग रोगन के साथ ही ज्योति कलश की रसीद भी काटी जा रही है ज्योति कलश जलाए जाने वाले कक्षों की भी साफसफाई की जा रही है दीपक प्रज्वलित करने के साथ ही भोग भंडारा और श्रृंगार के लिए भी रसीद भक्तों को दिए जा रहे हैं। काली पंडित के पुजारी पंडित मामा ने बताया कि नवरात्रि को लेकर काली मंदिर में साफ सफाई करने के साथ ही रंग रोगन का काम शुरू कर दिया गया है काली मंदिर में तेल के ज्योति कलश के लिए 900 रुपए लिए जा रहे है घी के ज्योति प्रज्वलित करने पर भक्तों से 2100 रुपए लिए जा रहे हैं मंदिर के पुजारी ने बताया कि इस साल काली मंदिर में लगभग 4000 ज्योति कलश जलाने की उम्मीद है भक्तों की संख्या में भी वृद्धि देखने को मिलेगी।

# साढ़े 6 लाख की नशीली दवाओं के साथ पंजाब के दो तस्कर गिरफ्तार

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में पुलिस ने नशे के खिलाफबड़ी कार्रवाई की है। रायपुर पुलिस ने दो अंतरराज्जीय नशे के सौदागरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों तस्कर कुलविन्दर सिंग और निशानजी सिंह पंजाब के रहने वाले हैं। तस्करों के कब्जे से भारी मात्रा में नशीली गोलियां समेत मादक पदार्थ जब्त किया गया है। पुलिस ने बताया कि दोनों तस्करों के पास से 61 ग्राम हेरोइन] 570 नशीली अल्फाजोरम और लोमोटिल टेबलेट समेत 2 मोबाइल जब्त किए गए हैं। जब्त सामान की कीमत करीब साढ़े 6 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस इस मामले का आज राजफाश कर सकती है। यह मामला आमानाका थाना इलाके का है।



# शिवसेना की महिलाओं ने दिया बढ़ते अपराध के खिलाफ धरना

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। शिवसेना छत्तीसगढ़ उद्धव वाला साहब ठाकरेद्ध की रायपुर महिला इकाई की महिलाओं ने जयस्तंभ चौक में छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराध के खिलाफ धरना देकर प्रदर्शन किया। इस दौरान महिला इकाई की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति सिंह ने पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर महिलाओं को सुरक्षा देने की मांग की।ज्योति सिंह ने इस दौरान कहा कि छत्तीसगढ़ जैसे शांत शहर में बलात्कार की घटनाएं लगातार बढ़ती ही जा रही है। रायपुर में 5 साल की मासूम के साथ बलात्कार की घटना बर्बरता की सारी हदें पार कर दी है। इसके पहले भी राखी बांधकर आ रही दो बहनों के साथ चाकू की नोक पर गैंगरेप हुआ यह पुलिस और प्रशासन दोनों की तरफ सवालिया निशान खड़ा करता है आखिर ऐसा क्या हुआ कि यहां महिलाओं के साथ अत्याचार अपनी सारी सीमाएं लांघ रहा है। क्या पुलिस सुस्त है या प्रशासन मस्त है इसलिए महिला शिवसेना ने प्रशासन और पुलिस को दुरुस्त करने की मांग करते हुए घटना की निंदा करते हुए जयस्तंभ चौक में विरोध प्रदर्शन करते हुए धरना दिया।



पुलिस प्रशासन के सामने नारे लगाते हुए महिलाओं को सुरक्षा देने की पुरजोर मांग करते हुए महिला सेना प्रदेश अध्यक्ष ज्योति सिंह, जिला महासचिव रुखसार खान, महानगर प्रमुख रितु बाघमार, जिला उपाध्यक्ष प्रीति रावत, जानकी कौशल्या, प्रीति अक्षरा, किरण राव, सुशीला धुर्वे, मनी साहू, प्रीति यादव, सावित्री, सुनीता, ललिता, लोकेश्वरी सहित सैकड़ो महिला कार्यकर्ताओं ने महिलाओं को सुरक्षा देने पुलिस को ज्ञापन सौंपा।

# पीएचडी प्रवेश परीक्षा में सात विभागों में सभी छात्र फेल

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की तरफसे पीएचडी प्रवेश परीक्षा ली गई। परीक्षा में 714 छात्रों ने हिस्सा लियाए जिसमें 140 छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। मैथ्स, बायोटेक्नोलाजी, बाटनी, डिफेंस स्टडीज, भूगोल, मैनेजमेंट और फिजिकल एजुकेशन, इन सात विषयों में एक भी छात्र पीएचडी प्रवेश परीक्षा में पास नहीं हुए। कई ऐसे भी विषय हैंए जिनमें सिर्फएक या दो छात्र पास हुए हैं। पास हुए छात्रों को विश्वविद्यालय की तरफसे प्रमाण पत्र दिया जाएगा। पीआरएसयू में 35 विषयों के लिए पीएचडी प्रवेश परीक्षा अगस्त में ली गई थी। इसमें 100 अंकों के प्रश्न पूछे गए थे। उत्तीर्ण होने के लिए सामान्य वर्ग को 50 और आरक्षित वर्ग को 45 प्रतिशत अंक प्राप्त करना जरूरी था। विभागों में प्रोफेसरों की संख्या के हिसाब से पीएचडी सीटें तय होती हैं। एक प्रोफेसर आठ छात्रों को पीएचडी करवा सकते हैं। वहीं एसोसिएट प्रोफेसर छह और असिस्टेंट प्रोफेसर चार छात्रों को पीएचडी कराने की पात्रता रखते हैं। जिन विभागों में छात्र पास नहीं हुए वहां नेट या सेट उत्तीर्ण छात्रों को प्रवेश यूजीसी नेट और सेट उत्तीर्ण छात्र पीएचडी में सीधे प्रवेश की पात्रता रखते हैं। उन्हें विश्वविद्यालय की तरफ से आयोजित परीक्षा में शामिल होने की आवश्यकता नहीं होती है।

**एग्जाम में 714 छात्रों ने लिया था हिस्सा**



जिन विभागों में एक भी छात्र प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हुए हैंए वहां पर नेट या सेट पास छात्रों को सीधे प्रवेश दिया जाएगा। जानकारों ने बताया कि लगभग हर वर्ष प्रवेश परीक्षा में अगर एक भी छात्र पास नहीं होते तो नेट या सेट उत्तीर्ण छात्र आकर सीधे प्रवेश ले लेते हैं। प्रवेश परीक्षा हर वर्ष होती हैए इसलिए सीटें खाली नहीं रहती हैं।

**अलग-अलग विभागों में सफल छात्र**

कामर्स-16, ला- 14, हिंदी-13, एजुकेशन-नौ, रीजनल स्टडीज एंड रिसर्च-नौ इतिहास-नौ जूलाजी-आठ समाजशास्त्र-छह माइक्रो बायोलाजी-छह बायो केमिस्ट्री-पांच मनोविज्ञान-पांच फार्मेसी-पांच एंथ्रोपोलाजी-चार भाषा विज्ञान.तीन।

# डाक्टर के पेनकार्ड से जीएसटी की चोरी, अपराध दर्ज

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। दुबे कॉलोनी स्थित एक निजी अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टर के पेन कार्ड से लाखों की जीएसटी चोरी का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक किसी अग्यात व्यक्ति ने कैपिटल होम्स सड्डू निवासी डॉ दीपक जायसवाल के पैन कार्ड का नंबर हासिल कर उसका अपने कारोबार में उपयोग किया। इसके जरिए जीएसटी की चोरी की। इसका खुलासा तब हुआ जब डा दीपक ने जीएसटी रिटर्न का फार्म जमा किया। उन्हें बताया गया कि उनके नाम से दो जीएसटी नंबर है। इसकी जानकारी मिलने पर डॉ दीपक ने विस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। साथ ही दीपक ने जीएसटी आफिस में भी विस्तृत विवरण का आवेदन दिया है। यह धोखाधड़ी 1 अक्टूबर को हुई थी। पुलिस ने धारा420 का अपराध दर्ज कर लिया है। धोखाधड़ी का एक अन्य मामला अवति एलिगेंस कालोनी कचना के आठ निवासियों के साथ किया गया। रिषभ बोथरा नाम के एजेंट ने सोसाइटी के बहुत से निवासियों के लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनाने 23 सितंबर को संपर्क किया। उस दिन रहवासियों से 24600 नगद और आनलाइन रुपए लिए। और सभी को जाली लाइसेंस थमा दिया। इसका खुलासा होने पर सोसायटी के राजेश शर्मा ने कल विस थाने में रिषभ के खिलाफ 420 का मामला दर्ज कराया। टीआई ने बताया कि जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। कोतवाली पुलिस ने सुरेन्द्र पटनायक के खिलाफकार लेकर किराया और लोन न पटाने का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार राजपुरए लैलूंगा निवासी रजीता चौहान से जुलाई.22 को सुरेन्द्र ने क्रेटा कार लिया था। उसने 20 हजार रुपए मासिक किराया और हर महीने 17 हजार रुपए लोन की किस्त पटाने का वादा किया था।

# वेतन-एरियर्स के नाम 28 हजार रिश्वत लेने वाले रेलवे अधिकारी को चार वर्ष की कैद

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। पांच साल पहले रिश्वत लेते सीबीआइ के हत्थे चढ़े रेलवे अधिकारी प्रमोद कुमार को कोर्ट ने चार साल कैद और 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित करने की सजा सुनाई है। अर्थदंड की राशि नहीं देने पर आरोपी को छह माह अतिरिक्त कारवास की सजा भुगतनी होगी। रेलवे अधिकारी ने अपने ही विभाग के लिपिक से एक लाख 50 हजार रुपये वेतन और एरियर्स की बकाया राशि दिलाने के एवज में रिश्वत मांगी थी। शिकायत पर सीबीआइ ने पूरे मामले की जांच करने के बाद रेलवे अधिकारी को योजनाबद्ध तरीके से रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा था। वहीं प्रकरण की जांच करने के बाद 29 जून 2017 को कोर्ट में चालान पेश किया। इसकी सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से 12 गवाह पेश किए गए। सीबीआइ की विशेष न्यायाधीश ममता पटेल ने सीबीआइ की केस डायरी और गवाहों के बयान के आधार पर फैसला सुनाया। वरिष्ठ लोक अभियोजक रजत कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन के बिलासपुर स्थित डिवीजनल पर्सनल आफिसर कार्यालय में प्रमोद कुमार आफिस सुपरिटेंडेंड के पद पर थे। उनसे विभागीय लिपिक ने अपना बकाया वेतन और एरियर्स की राशि दिलाने संपर्क किया। इस दौरान प्रमोद कुमार ने बकाया राशि का भुगतान करने के एवज में 30 हजार रुपये की रिश्वत मांगी। लेकिन 28 हजार रुपये देने पर बिल पास करने का आश्वासन दिया। साथ ही रकम लेकर 21 फरवरी 2017 को बिलासपुर के सिटी बस स्टाप पर बुलवाया। इस दौरान सीबीआइ ने योजनाबद्ध तरीके से रिश्वत लेते हुए प्रमोद कुमार को रंगे हाथों पकड़ा। तलाशी में उसके पास से रिश्वत की रकम बरामद होने पर उसे गिरफ्तार किया गया था।

# लावारिस हालत में अंग्रेजी शराब का जखीरा जप्त

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। अवैध रूप से शराब की खरीदी.बिक्री करने वाले लोगों के संबंध में पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं प्रभारी ए.सी.सी.यू सहित थाना प्रभारियों द्वारा इस संबंध में सूचना संकलन कर मुखबीर लगाने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी जानकारी एकत्रित किए जा रहे है। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई की थाना राखी क्षेत्रांतर्गत ग्राम खण्डवा पास किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा लावारिस हालत में शराब रखा गया है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण नीरज चंद्राकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराधपिताम्बर पटेल एवं नगर पुलिस अधीक्षक अटल नगर नवा रायपुर जितेन्द्र चन्द्रकार द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी राखी को सूचना की तस्दीक कर आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। जिस पर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना राखी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताये उक्त स्थान जाकर देखने पर पाया गया कि रोड किनारे अंग्रेजी शराब की कई पेटियां लावारिस हालत में रखी हुई है। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा लावारिस हालत में रखे गोवा ब्राण्ड की अंग्रेजी शराब कुल 20 पेटी 960 पौवा कीमती लगभग 1,50,000 रूपये जप्त कर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना राखी में धारा 34;2 आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर अज्ञात आरोपी की लगातार पतासाजी कर गिरफ्तार करने के हरसंभव प्रयास किये जा रहे है।




20 पेटी 960 पौवा गोवा ब्राण्ड का अंग्रेजी शराब सड़क पर मिला

# जैतूसाव मठ में मनाई गई गांधी जयंती



**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। जैतूसाव मठ ट्रस्ट पुरानी बस्ती में महात्मा गांधी जयंती का आयोजन मंदिर ट्रस्ट एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सैनिक उत्तराधिकारी संस्था के द्वारा गांधी जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक सत्यनारायण शर्मा, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजश्री महंत रामसुंदर दास विशिष्ट अतिथि के रुप में ग्राम उद्योग फेडरेशन के अध्यक्ष अजय तिवारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का आरंभ महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। मंदिर के गांधी भवन में स्काउट गाइड के आयुक्त सुरेश शुक्ला के नेतृत्व में स्काउट गाइड के स्वयंसेवकों ने गांधी के प्रिय भजन एवं सर्व धर्म प्रार्थना का गायन किया। इस कार्यक्रम में 93 वर्षीय त्रिम्बक नारायण अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे वे अपने स्कूल की पढ़ाई के दौरान गांधी जी के रेलवे यात्रा करते समय 1942 में रायपुर रेल्वे स्टेशन में दर्शन किया था। उन्हें साल फल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। जैतूसावमठ छत्तीसगढ़ का एक प्रमुख आंदोलन का केंद्र बन गया था यही कारण है कि इस मठ में मध्य प्रांत और राष्ट्रीय स्तर के नेताओं का आगमन होता रहा है। यहां पर राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद एवं श्री जवाहरलाल नेहरू एवं श्रीमती इंदिरा गांधी भी आ चुकी हैं। महंत की प्रेरणा प्राप्त कर राष्ट्रीय आंदोलन में भाग लेने वाले पुरानी बस्ती के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नंदकुमार दानी राम सखा अग्रवाल बद्री प्रसाद अग्रवाल के आंदोलन में योगदान का स्मरण किया गया एवं उनके चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर दाऊ बद्री प्रसाद अग्रवाल के कार्यों एवं उनके विचारधारा पर आधारित डॉक्टर के के अग्रवाल के द्वारा लिखी गई पुस्तक दाऊ बद्री प्रसाद अग्रवाल स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं कुश्ती के महानायक नामक पुस्तक का विमोचन भी किया गया।

# अवैध शराब के साथ युवक पकड़ाया

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। अन्य राज्यों से आने वाले शराब की तस्करी रोकने के साथ ही अवैध रूप से शराब की खरीदी.बिक्री करने वाले लोगों के संबंध में पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं प्रभारी ए.सी.सी.यू सहित थाना प्रभारियों द्वारा इस संबंध में सूचना संकलन कर मुखबीर लगाने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी जानकारी एकत्रित किए जा रहे है। इस दौरान थाना खरोरा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना खरोरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम फरहदा शमशान घाट के पास खपरी रोड खाद गोदाम किनारे एक व्यक्ति अपने पास शराब रखा है तथा अवैध रूप से बिक्री कर रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी खरोरा के नेतृत्व में थाना खरोरा पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताए उक्त स्थान पर जाकर व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम अनिल उर्फदेवेन्द्र दीवान निवासी ग्राम फरहदा खरोरा का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें बोरी की तलाशी लेने पर बोरी में देशी शराब रखा होना पाया गया। शराब रखने बिक्री करने के संबंध में अनिल उर्फदेवेन्द्र दीवान से वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर आरोपी अनिल उर्फदेवेन्द्र दीवान को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें 52 पौवा अंग्रेजी शराब कीमती 5720 .रूपये एवं शराब बिक्री रकम 9080 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34;2 आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।



उल्टा पुल्टा

एक सुन्दर महिला क्रिकेट का मैच देख रही थी और चेहरे पर भारत का झंडा और नक्शा बनवा रखी थी!
तभी एक बजुर्ग उसके पास गया और चेहरे को चुम कर बोला- कितना सुन्दर है मेरा भारत देश!

संपादकीय

## बड़े सपनों के लिये बड़े अपराध

*लालच ही मनुष्य को अपराध की राह पर ठेलती है। ऐसा कुछ भी पाने की इच्छा जो जायज न हो अथवा जिस पर खुद का कानूनी या नैतिक हक न हो, उसे पाने की कोशिश करना या प्राप्त कर लेना गैरकानूनी है। चोरी, लूट, डकैती, धोखाधड़ी, ठगी इसलिये आपराधिक कृत्यों में आते हैं क्योंकि जो कुछ लूटा या हथियाया जाये वह दूसरों का होता है। वैसे यह भी सच है कि कई लोग मजबूरी के चलते अपराध की दुनिया में आ जाते हैं या फिर उन्हें ऐसे कामों में डाल दिया जाता है। ऐसे लोग कम ही होते हैं जो इसे अपना पेशा बना लेते हैं। अब एक नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है। लोग अब सिर्फ बुनियादी ज़रूरतों को पूरा करने के लिये अपराध नहीं कर रहे हैं वरन अपने बड़े सपनों को पूरा करने के लिये बड़े अपराध करने में भी नहीं हिचकिचा रहे हैं।*

*भिलाई में पीजी के रूप में रहने वाले लोकेश श्रीवास को गिरफ्तार कर उससे 25 करोड़ रुपये मूल्य के जेवर व नकदी बरामद की गई। उसके बारे में पुलिस ने जो खुलासे किये हैं वे चौंकाने वाले हैं और यह बतलाने के लिये काफी है कि समाज किस अवस्था में पहुंच चुका है। भिलाई के साथ दिल्ली व रायपुर से कई चोरियों को अंजाम देने वाला लोकेश कवर्धा में एक आलीशान सेलून खोलने का आकांक्षी था और इसी उद्देश्य से वह बड़ी चोरियां कर रहा था। अमूनन बड़ी घटनाएं करने वाले छोटे-बड़े समूहों में कार्रवाइयां करते हैं। इसके विपरीत लोकेश हर चोरी को अकेला करता आया है। उसकी महत्वाकांक्षा इतनी बड़ी थी कि वह सोने की कैंची, कंघी व उस्तरा से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भी बाल काटना चाहता है। इस सपने को पूरा करने के लिये वह अपराध कर राशि एकत्र कर रहा था। फिलहाल वह पुलिस की गिरफ्त में है जिसे दिल्ली से गिरफ्तार किया गया।*

*यह कृत्य बतलाता है कि अति महत्वाकांक्षा बहुत खराब होती है। जो लोग धन कमाने के लिए शार्टकट अपनाते हैं वे गलती करते हैं- यह इस घटना से साबित होता है। जीवन में बड़े सपनों को पूरा करने के लिये अपराध के जरिये रास्ता बनाना ठीक नहीं होता। सही योजना, समर्पण और कड़ी मेहनत के अलावा कोई दूसरी राह ठीक नहीं होती। गलत तरीकों से प्रारम्भिक स्तर पर कुछ सफलताएं मिल भी जाती हैं परन्तु वे स्थायी नहीं होती। टिकाऊ कामयाबी के लिये जीवन मूल्यों को अपनाना पड़ता है और उसी के अनुसार आगे बढ़ना होता है। वैसे तो सोने की कंघी, कैंची और उस्तरे से प्रधानमंत्री के बाल काटने की हसरत पालना ही बहुत हास्यास्पद है। अव्यवहारिक भी है। ऐसी कोई इच्छा है तो उसे पाने हेतु जायज रास्ता अपनाना चाहिये।*

# दुर्ग जिले के चार स्कूलों में ऑनलाईन कोचिंग प्रारंभ

## मुख्यमंत्री ने किया स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का शुभारंभ



**दुर्ग,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इंजीनियरिंग एवं मेडिकल की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए स्कूल शिक्षा विभाग की स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का आज अपने निवास कार्यालय से ऑनलाईन शुभारंभ किया। इस योजना के तहत प्रदेश के 146 विकासखंड मुख्यालयों और चार शहरों- रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और कोरबा सहित 150 कोचिंग सेंटर के माध्यम से शासकीय स्कूलों में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को कोचिंग दी जाएगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का शुभारंभ करते हुए छत्तीसगढ़ में बच्चों के कैरियर निर्माण के लिए की एक और महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि निकट भविष्य में पीएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की सर्वसुविधा युक्त बेहतर ऑनलाईन कोचिंग की व्यवस्था भी हम सभी विकासखण्डों में करेंगे।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले में चार स्कूलों में ऑनलाईन कोचिंग प्रारंभ की गई है, जिसमें पाटन में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल और दुर्ग में दो स्कूल जे.आर.डी. माध्यमिक शाला एवं कन्या माध्यमिक शाला, धमधा में कन्या महाविद्यालय शामिल है। इन स्कूलों में जेईई व नीट की तैयारी कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने पाटन स्कूल के बच्चों से चर्चा कर योजना के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान बच्चों ने अपने बेहतर भविष्य के लिए योजना के प्रति भरपूर खुशी का इजहार करते हुए मुख्यमंत्री और स्कूल शिक्षा मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

दुर्ग में इस कार्यक्रम की तैयारी नोडल अधिकारी जे.आर.डी. की प्राचार्य एस.संगीता नायर के मार्गदर्शन में की गई थी। इस अवसर पर उपस्थित रहने वालों में लखन लाल साहू, उपप्राचार्य, व्याख्यातागण आर.के.दुबे, जोसेफ चाको, रश्मि साहू, कल्पना यादव, अरूणा वर्मा, अनिल गौतम, अनिल गौतम, आईटी विभाग से श्वेता साहू, दीपक साहू, कृतार्थ दुबे थे। उपरोक्त जानकारी किरण चांदवानी यूआरसी दुर्ग कार्यक्रम प्रभारी ने दी है।

## आर्गेनिक सी मार्ट का किया अवलोकन



गंजमंडी परिसर में भव्य सी मार्ट का अवलोकन आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया। वे सी मार्ट दुर्ग के पहले ग्राहक भी बनें। दरअसल दुर्ग जिले में उत्पादित बेहतरीन और अनूठी सामग्रियों के एक ही स्थान पर विक्रय की उपलब्धता के लिये राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में सुपर मार्केट की तर्ज पर सी मार्ट की स्थापना की गई है।

सी मार्ट में लघु, कुटीर उद्योगों एवं परम्परागत शिल्पियों, बुनकरों दस्तकारों, कुंभकारों के साथ ही महिला समूहों गौठान में निर्मित सामग्रियों के साथ ही वन विभाग के उत्पादों की बिक्री भी की जाती है।

इस अवसर पर विधायक अरूण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आर.एन.वर्मा, सभापति राजेश यादव, एमआईसी के प्रभारी, पार्षदगण व एल्डरमेन उपस्थित थे। इस अवसर पर कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा, आयुक्त लोकेश चंद्राकर, सीईओ अश्वनी देवांगन, भी मुख्यमंत्री के साथ रहकर उन्हें सी मार्ट की खूबियां एवं व्यवस्थाओं से अवगत कराते रहे।

उल्लेखनीय है कि 67 लाख की लागत से निर्मित इस आर्गेनिक सी मार्ट में किसानों द्वारा उत्पादित आर्गेनिक उत्पादकों की विक्रय की व्यवस्था की गई है। ज्ञातव्य है कि जिले में कुल 155 जैविक बाड़ियां है जिसमें 60 जैविक बाड़ियां में साग सब्जी फल का उत्पादन हो रहा है। जिले में 12 सौ पंजीकृत किसान खेती कर रहे है। सी मार्ट में इन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य मिल रहा है।



## सीएम ने न्यायालय परिसर में ई लाईब्रेरी का किया उद्घाटन

■ **बार रूम 4 के लिये किया भूमिपूजन, दी ढाई करोड़ से अधिक की सौगात**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां जिला न्यायालय परिसर में आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता संग्राम में अधिवक्ताओं के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज के विकास में पहले इनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी और आज भी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में डर सबके भीतर है पर इसके विरूद्ध किसी न किसी को आगे आना होगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज संध्या जिला न्यायालय परिसर में 33 लाख रूपयों से नवनिर्मित अधिवक्ता संघ की ई लाईब्रेरी का लोकार्पण तथा 2 करोड़ 19 लाख रूपयों की लागत से बार रूम क्रमांक 4 की पुरानी बिल्डिंग के नये सिरे से निर्माण कार्य हेतु भूमिपूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इनके अलावा मंच पर विधायक दुर्ग अरूण वोरा विधायक भिलाई देवेन्द्र यादव, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आर.एन.वर्मा, महापौर धीरज बाकलीवाल, सभापति राजेश यादव, एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। स्वागत भाषण एवं अधिवक्ता संघ का प्रतिवेदन कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही अधिवक्ता संघ की अध्यक्ष नीता जैन ने किया।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने अपने भाषण की शुरूआत दुर्ग में न्यायालय परिसर में ई लाईब्रेरी की स्थापना एवं बार रूम के पुर्ननिर्माण हेतु भूमिपूजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि शपथ ग्रहण समारोह में जो वादा मैने किया था वह आज पूरा हो रहा है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में न्यायालयीन व्यवस्था से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज भी समाज में सबसे ज्यादा बुद्धिजीवियों को माना जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के संविधान में व्यवस्था है कि यदि आप आरोपी है तो इसके विरूद्ध अपनी बातें रखने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में भय सबके अंदर है पर इसके विरूद्ध किसी न किसी को आगे आना ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## छत्तीसगढ़ अग्रहरि वैश्य समाज के सुजीत गुप्ता बने प्रदेश अध्यक्ष



**दुर्ग,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ अग्रहरि वैश्य समाज के सुजीत गुप्ता दुर्ग निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित हुए है। इसी प्रकार प्रदेश महिला अध्यक्ष कमलिनी अग्रहरि बिलासपुरए प्रदेश युवा अध्यक्ष अंकित शाह भिलाईए प्रदेश महामंत्री प्रवीण अग्रहरि रायगढ़, प्रदेश कोषाध्यक्ष मनोज अग्रहरि बेलगहना चुने गए है। यह चुनाव दुर्ग में पर्यवेक्षक अरुण अग्रहरि जबलपुर, संगीता अग्रहरि नागपुर, अरविंद अग्रहरि स्लीमनाबाद और चुनाव अधिकारी समाज के प्रदेश संरक्षक राजकुमार अग्रहरि, केके अग्रहरि के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। निर्वाचन उपरांत समाज के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष सुजीत गुप्ता ने समाज के लोगों को विश्वास दिलाया कि वे समाज की मजबूती के लिए बेहतर कार्य करेंगे और समाज के लोगों की अपेक्षाओं पर सौ फीसदी खरा उतरेंगे। निर्वाचन की प्रक्रिया में प्रदेशभर के समाज के ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## सूने मकान से लाखों के जेवरात के साथ 60 हजार नकद पार

**दुर्ग,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। पद्मनाभपुर थाना अंतर्गत केलाबाड़ी निवासी बीएफओ फारेस्ट सजीदा बानो के सूने मकान से पिछले दिनों लगभग 4 लाख रूपये मूल्य के जेवरात एवं 60 हजार रूपये नकदी रकम की चोरी हो गई। पद्मनाभपुर पुलिस ने सजिदा बानो की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर विवेचना करते हुए चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार चोरी की यह घटना लगभग 20 दिनों पहले की है। सजिदा बानो अपने मायके राजनांदगांव गई हुई थी। वे जब घर लौटी तो देखा कि मकान के पीछे के गेट का ताला व गेट दोनों टूटे हुए थे। मकान के भीतर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। यहीं आलमारी में रखे 60 हजार रूपये नकद व 4 लाख रूपये के जेवरात व 2 मोबाईल गायब थे। घर ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## जिले भर से जुटे पेंशनरों ने अपनी मांगो पर की आवाज बुलंद



**दुर्ग,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। गांधी जयंती के अवसर पर भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ जिला शाखा दुर्ग ने जलाराम सांस्कृतिक भवन सिविल लाईन में वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय राज्य पेंशनर महांसघ छत्तीसगढ़ अध्यक्ष और छत्तीसगढ़ संयुक्त पेंशनर्स फेडरेशन संयोजक वीरेंद्र नामदेव थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक डोमलाल कोर्सेवाडा ने की। विशेष अतिथि के रुप में भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी मिश्रा और साहित्यकार सीताराम साहू शामिल हुए। इस अवसर पर अतिथियों ने पेंशनर हित में आवाज बुलंद की। उन्होने कहा कि पेंशनरों को उनका अधिकार मिलना चाहिए। इसके लिए वे राज्य शासन से चर्चा कर उन्हें समस्त सुविधाएं उपलब्ध करवाएंगे। कार्यक्रम में जिला अस्पताल के सहयोग से पेंशनरों के स्वास्थ्य की जांच की गई और उन्हें आवश्यक परामर्श दिए गए।

पेंशनरों के आंखों की भी जांच की गई। नेत्र परीक्षण में वरिष्ठ नेत्र सहायक अधिकारी वीएस राव ने अपनी सेवा दी। उन्होने मोतियाबिंद प्रकरणों से संबंधित पेंशनरों को जिला अस्पताल में ऑपरेशन करवाने की सलाह दी।

वार्षिकोत्सव में भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ के दुर्ग जिला अध्यक्ष बीके वर्मा, सचिव पीआर साहू, वरिष्ठ सदस्य आरके भटनागर के अलावा जिलेभर से बड़ी संख्या में पेंशनर्स शामिल हुए।

## तीन दिवसीय भरतनाट्यम पदम कार्यशाला शुरू

**दुर्ग,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। कला अकादमी छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद संस्कृति विभाग और शासकीय डॉक्टर वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय भरतनाट्यम पदम कार्यशाला की शुरुआत मंगलवार को हुई। महाविद्यालय में 5 अक्टूबर तक चलने वाली इस कार्यशाला की शुरुआत करते हुए प्राचार्य सुशील चंद्र तिवारी ने आयोजन की सराहना और कहा कि यह कार्यशाला छात्राओं के लिए उपयोगी साबित होगी। कला अकादमी के अध्यक्ष योगेंद्र त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस कार्यशाला से छात्राओं को शास्त्रीय नृत्य पद्धति पर बहुत कुछ सीखने मिलेगा। उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गठित कला अकादमी की गतिविधियो से भी उपस्थित लोगों को अवगत कराया। उप प्राचार्य डीसी अग्रवाल ने भी छात्राओं को कार्यशाला के लिए शुभकामनाएं दी।



इससे पहले नृत्य विभाग की प्रमुख डॉ. ऋचा ठाकुर ने अपने स्वागत उद्बोधन मे आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं को शास्त्रीय नृत्य पद्धति भरतनाट्यम के तकनीकी पक्ष की जानकारी देते हुए कहा कि विभिन्न स्टेप्स को मिलाकर यदि हम परफॉर्म कर रहे हैंए तो उसे तमिल में मार्गम कहा गया है। यह नृत्य पक्ष से लेकर अभिनय पक्ष तक और विलंबित से द्रुत गति तक जाता है। इस कार्यशाला में महाविद्यालय की 40 से ज्यादा छात्राएंए नृत्यति कला क्षेत्रम की छात्राएं व शहर के अन्य हिस्सों से आई छात्राएं हिस्सा ले रही हैं। कार्यशाला में महाविद्यालय के संगीत विभाग प्रमुख मिलिंद अमृत फ्लेए शिल्पकार मयूर गुप्ता और कोरियोग्राफर अनिल तांडी सहित प्राध्यापकगण व अन्य लोग भी मौजूद थे।

**भावनाओं और कहानियों को व्यक्त करते हैं पदम में**-कार्यशाला में नृत्य गुरु जी.रतीश बाबू ने पहले दिन भरतनाट्यम में पदम का महत्व ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु आवेदन 10 अक्टूबर तक आमंत्रित

**दुर्ग,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस 3 दिसम्बर के अवसर पर दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदाय किए जाते हैं। यह योजना उत्कृष्ट दिव्यांग कर्मचारियों, दिव्यांगजनों के लिए कार्य करने वाली स्वैच्छिक संस्थाओं, एवं नियोक्ताओं को पुरस्कृत करने के साथ ही सर्वश्रेष्ठ जिले का चयन करने से दिव्यांग व्यक्तियों के समग्र पुनर्वास हेतु समुदाय को प्रेरित करने का अवसर प्राप्त होता है।

इस हेतु दुर्ग जिले के इच्छुक स्वैच्छिक संस्था जो दिव्यांगजनों के हित में कार्य कर रहेए दिव्यांग कर्मचारियों एवं नियोक्ताओं से दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु अपना आवेदन उप संचालक समाज कल्याण विभाग दुर्ग में 10 अक्टूबर तक जमा करना होगा। अधिक जानकारी के लिए उप संचालक समाज कल्याण विभाग दुर्ग से संपर्क किया जा सकता है।

## महात्मा गांधी स्कूल परिसर में अवैध कब्जे का आरोप

### आम आदमी पार्टी ने संभागायुक्त को ज्ञापन देकर की जांच की मांग

**दुर्ग,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी की दुर्ग जिला इकाई ने आज संभागीय आयुक्त, कलेक्टर एवं नगर निगम आयुक्त को अलग अलग ज्ञापन सौंपकर महात्मा गांधी की जमीन पर अवैध कब्जा और अवैध निर्माण किये जाने की शिकायत की है। आम आदमी पार्टी के स्थानीय जिला पदाधिकारियों ने इस मामले में शाला प्रबंधन, नगर निगम प्रबंधन से लेकर जिला प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठाते हुए पूछा है कि इस मामले में सभी महत्वपूर्ण लोग चुप्पी क्यों साधे हुए है ?



आम आदमी पार्टी के दुर्ग लोकसभा इकाई अध्यक्ष डॉ. एस.के.अग्रवाल, आरटीआई विंग के प्रदेशाध्यक्ष मेहरबान सिंग एवं उपाध्यक्ष संजय सिंग ने ज्ञापन में उक्त पूरे मामले की जांच कर दोषी लोगों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है।

डॉ. अग्रवाल एवं टीम ने कहा है कि उक्त शाला परिसर में चल रहे निर्माण कार्य की सक्षम स्तर पर अनुमति लेने से लेकर पूरे निर्माण कार्य की जांच की जायें। शाला की भूमि एवं भवन को बचाने की दिशा में भी पूरी कार्रवाई की जायें। जिन लोगों को जिस साइज की दूकानें पूर्व में आबंटित की गई है उनकी निष्पक्ष नाप जोख कर अतिरिक्त रूप से किये गये विधि विरूद्ध निर्माण कार्य करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जायें।

## हेमचंद विवि के भू-विज्ञान की छात्रा कर रही बस्तर की कांगेर घाटी के नई गुफा पर शोध

**दुर्ग,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। हेमचंद यादव वि.वि., दुर्ग अंतर्गत मान्यता प्राप्त शोधकेन्द्र शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के भू-विज्ञान विभाग की शोधछात्रा कुमारी स्वपना गुप्ता बस्तर क्षेत्र में स्थित कांगेरघाटी में विद्यमान लगभग 15 चुना पत्थर की गुफाओं में से तीन नई गुफाओं पर शोध कर रही है। इस शोध के अंतर्गत कुमारी स्वपना गुप्ता गुफा के निर्माण प्रक्रिया, वहां पायी जाने वाली भू-वैज्ञानिक संरचनाएं, स्टैलेक्टाईट तथा स्टैलेग्माईट आदि महत्वपूर्ण संरचनाओं का विस्तार से अध्ययन करेंगी। यह जानकारी देते हुए स्वपना गुप्ता के शोधनिर्देशक एवं वि.वि. के सहशोधनिर्देशक, साइंस कॉलेज, दुर्ग के भूविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष, डॉ. एस. डी. देशमुख ने बताया कि वें लोग पिछले 3 वर्षों से कांगेरवेली नेषनल पार्क के अंदर स्थित गुफाओं का विस्तृत अध्ययन कर रहे है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन भी बस्तर क्षेत्र में विद्यमान चुना पत्थर की गुफाओं को विष्व पर्यटन के मानचित्र में महत्वपूर्ण स्थान दिलाने हेतु प्रयासरत् है। शोधार्थी स्वपना गुप्ता एवं भूविज्ञान विभाग शासकीय पीजी कॉलेज, जगदलपुर के प्राध्यापक, प्रो. अमितांशु शेखर झा ने संयुक्त रूप से बताया कि कांगेरघाटी में विद्यमान गुफाओं के अध्ययन से इनके संरक्षण एवं स्थानीय युवाओं के लिए जियोटूरिज्म की बढ़ती संभावनाओं के लिए मार्गप्रशस्त होगा। युवाओं को रोजगार प्राप्ति के साथ-साथ इस क्षेत्र विषेष को आर्थिक लाभ भी मिलेगा।



अब तक कांगेरघाटी क्षेत्र में कुल 15 गुफाओं की उपस्थिति दर्ज की जा चुकी है। जिसमें से 12 गुफाओं से संबंधित अनेक जानकारियां शोधार्थी द्वारा एकत्रित की जा चुकी है। वर्तमान में शोधार्थी स्वपना गुप्ता द्वारा 3 नई गुफाओं पर विस्तृत अध्ययन जारी है। इन गुफाओं की भू-वैज्ञानिक मैपिंग का कठिन कार्य भी शोधछात्रा द्वारा किया गया है। उल्लेखनीय है कि वर्षा के जल की चुना पत्थर क्षेत्रों में रासायनिक क्रिया के फलस्वरूप इन वृहद गुफाओं का निर्माण हुआ है। ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# संयुक्त ट्रेड यूनियन का जंगी प्रर्दशन

## 8 यूनियन नेताओं ने लम्बित वेतन समझौते सहित बोनस व अन्य मांगों के समर्थन में दिया ज्ञापन



**भिलाईनगर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र के लगभग 8 यूनियनों के पदाधिकारियों व कर्मियों ने कर्मचारियों के लम्बित वेतन समझौते और बोनस की मांग को मुर्गा चौक में जंगी प्रर्दशन किया। यूनियन नेताओं ने पदयात्रा करते हुए इस्पात भवन की ओर कुच किया किन्तु जनसंपर्क विभाग के पास सीआइएसएफ के जबानों ने रोक दिया। इससे पहले ही जीएम आइआर जेएन ठाकुर, सीजीएम पर्सनल संदीप माथुर भी पहुंच गए। यूनियन नेताओं को अनुसार ईडी पीएंडए पवन कुमार शहर से बाहर होने पर कार्यवाहक ईडी निशा सोनी ने इस्पात भवन में ज्ञापन लेने से मना कर दिया था। बतौर कार्यवाहक ईडी वह ज्ञापन लेने को तैयार नहीं हुईं। दो.तीन दिन बाद जब चाहें बैठक कर लें। तभी सीजीएम पर्सनल संदीप माथुर ने वहां पहुंचकर। यूनियन के नेताओं ने किसी तरह लोगों को समझाकर मामला शांत कराया गया। जनसंपर्क विभाग के पास ही सड़क पर यूनियन नेताओं से सीजीएम ने ज्ञापन लिया। इसके बाद सेल प्रबंधन और स्थानीय प्रबंधन को कोसते हुए यूनियन नेता ड्यूटी की ओर रवाना हो गए। आज के प्रर्दशन में इंटक, सीटू, एटक, एचएमएस, एक्टू, लोकतांत्रिक इंजीनियरिंग एवं इस्पात मजदूर यूनियन, इस्पात श्रमिक मंच एवं स्टील वर्कर्स यूनियन के नेता शामिल हुए। कर्मियों के 39 महीने के एरियर्स, नाइट शिफ्ट एलाउंस, हाउस रेंट अलाउंस सहित वेज रीविजन के मुद्दे एवं बोनस के लिए जल्द एनजेसीएस की बैठक बुलाने की मांग। सेल कर्मियों के वेज रिवीजन के लिए एमओयू 22 अक्टूबर 2021 को हुआ था। सेल प्रबंधन द्वारा यह कहा गया कि अगले तीन.चार महीने में कर्मियो के 39 महीने के एरियर्स, नाइट शिफ्ट एलाउंस, हाउस रेंट अलाउंस इत्यादि बचे हुए मुद्दे पर सब कमेटी की बैठक कर वेज रिवीजन पूरा कर लिया जाएगा। लेकिन 2 वर्ष बाद भी वेज रिवीजन पूरा नहीं हुआ। सभी ट्रेड यूनियन द्वारा लगातार इन मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया जाता रहा। प्रदर्शन के दौरान इंटक से वंश बहादुर सिंह, पूरन वर्मा, शेखर शर्मा, संजय साहू, रेशम राठौर, सीटू से जेपी त्रिवेदी, विजय जांगडे, डीवीएस रेड्डी, सविता मालवीय, अशोक खातरकर, इस्पात श्रमिक मंच से राजेश अग्रवाल, शेख महमूद, लोइमू से राजेंद्र सिंह परगिहा, सुरेंद्र मोहंती, डीके सोनी, एचएमएस से एच.एस. मिश्र, डीके सिंह, एक्टू से श्याम लाल साहू, अशोक मिरी, जेएन कुर्रे, एटक से विनोद कुमार सोनी, विनय मिश्र, स्टील वर्कर्स यूनियन से नंद किशोर गुप्ता, टंडन दास, संजय गुप्ता आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## मनोत्तेजक औषधियों के कारोबारी पर पुलिस की कार्रवाई

**भिलाई,** 3 अक्टूबर। जिला दुर्ग में नषे के खिलाफ मुहिम चलाने व कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के द्वारा नशे के कारोबारियों की पतासाजी कर उनके विरूद्ध कार्यवाही करने निर्देश प्राप्त हुये थे। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर संजय ध्रुव एवं उप पुलिस अधीक्षक अपराध राजीव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई वी.डी. त्रिपाठी के मार्गदर्शन में एवं थाना वैषाली नगर प्रभारी उप पुलिस अधीक्षक प्रदीप सोरी व ए.सी.सी.यू प्रभारी निरीक्षक प्रभारी संतोष मिश्रा के नेतृत्व में ए.सी.सी.यू एवं थाना वैशाली नगर की एक संयुक्त टीम गठित कर टीम को कार्यवाही हेतु लगाया गया था। टीम को जानकारी मिली की सड़क 18 सुभाष चौक बी.एस.पी. स्कूल मैदान के पास 2 व्यक्ति नशीली औषधियों को बेचने हेतु ग्राहक की तलाश कर रहे, कि सूचना मिलने पर टीम द्वारा सड़क 18 सुभाष चौक बी.एस.पी. स्कूल मैदान के आस-पास घेराबंदी कर विनोद तिवारी एवं सुरेन्द्र सिंह को पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से मनोत्तेजक औषधियां 557 नग (स्पास ट्रैंकन प्लस कैप्सूल व अल्फाजोलम टेबलेट) वाण्ज्यिक मात्रा से अधिक कीमती तकरीबन 7680 रूपये, नगदी रकम 8600 रूपये, मोबाईल व एक्टीवा वाहन जुमला कीमती तकरीबन 75000 रूपये को बरामद कर जप्त किया गया। आरोपियों के विरूद्ध थाना वैशाली नगर में धारा 8(21 (ख)एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में एसीसीयू से सउनि शमित मिश्रा, प्र.आर. सत्येन्द्र मंढरिया, आरक्षक अरविंद मिश्रा, अमित दूबे, रिंकू सोनी, नितिन सिंह, डी.प्रकाश, राकेश चौधरी व थाना वैशाली नगर से सउनि सुरेश पाण्डेय, दिनेश कुमार,भागवत कुमार, जितेन्द्र सिंह, हेमेन्द्र बंछोर की उल्लेखनीय भूमिका रही।

## छग ओलम्पिक द्वारा 8 को नगर में मैराथन दौड़

**भिलाईनगर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ ओलम्पिक एसोसियेशन के तत्वावधान में 8 अक्टूबर को संध्या 4 से फिट भिलाई मूवमेंट के अंतर्गत 6 किमी की भिलाई मैराथन दौड़ का आयोजन इस्पात क्लब सेक्टर.1 क्रिकेट ग्राउण्ड से ए मार्केट सेक्टर-1 होते हुये इक्विपमेंट चौक सेक्टर-1 से सेक्टर-2 चौक से सेंट्रल एवेन्यु रोड होते हुये पुलिस पेट्रोल पंप कोतवाली सेक्टर-6 से बाएं मुड़कर कलामंदिर से मोन्यूमेंट पार्क होते हुये शहीद गार्डन, सिविक सेंटर में समाप्त होगी। मैराथन दौड़ में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को ऑनलाईन एवं ऑफलाईन के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कराना होगा। दौड़ में भाग लेने वाले रजिस्ट्रेशन कराने वाले सभी खिलाड़ियों को टी.शर्ट एवं चेस्ट नंबर प्रदान किया जायेगा। ऑफलाईन रजिस्ट्रेशन हेतु खिलाड़ी ईमेल के माध्यम से क्वाटर-14/बी, सड़क-22, सेक्टर-1 मो.नं. 9754056667 से सम्पर्क कर सकते है। मैराथन दौड के प्रथम समूह सब.जूनियर बालक एवं बालिका 10 वर्ष से 14 वर्ष तक, द्वितीय समूह जुनियर बालक एवं बालिका 15 वर्ष से 18 वर्ष तक, तृतीय समूह यूथ पुरुष एवं महिला 19 वर्ष से 29 वर्ष तक, चतुर्थ समूह सीनियर पुरुष एवं महिला 30 वर्ष से अधिक शामिल है। दौड़ की समाप्ति के पश्चात समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह शहीद पार्क, सिविक सेंटर में संध्या 6 बजे से विधायक देवेन्द्र यादव के मुख्य आतिथ्य में किया जायेगा। इस अवसर पर महापौर नीरज पाल विशेष रुप से उपस्थित रहेंगे। देवेन्द्र यादव की अध्यक्षता में विस्तार से चर्चा की गई। इस असवर पर बशीर अहमद खान, सहीराम जाखड़, सुमित पवार महासचिव, व्ही.आर. चन्नावर, वाय राजा



राव , मोहन लाल, चवन राम साहू, जी.पी.तिवारी, दलजीत सिंह थिंड, ख्वाजा अहमद, समीर खान गिरिराव सचिव, राकेशपुरी गोस्वामी, एस.के. डी. मिश्रा,जावेद खान, राम प्रताप गुप्ता, जसवंत सिंह, उमेशगिरी गोस्वामी, व्ही. जॉनसन सोलोमन, दीपक गुप्ता, विनोद नायर, राजेश सरकार सहित विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारीगण उपस्थित थे। भिलाई मैराथन दौड़ से संबंधित जानकारी के लिये श्री बशीर अहमद खान-9039982262, सहीराम जाखड़-9407982144, सुमित सिंह पवार-9584331000, आर.के. पिल्लई-9424105012, एस.एन.दलई-.9329023320, अनिरुद्ध, दलजीत सिंह थिंड-7987126033,.9302836136 से सम्पर्क कर सकते है।

## अवैध मकान को लेकर सेल ओए ने लिखा पत्र



**भिलाईनगर** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। आफिसर्स एसोसिएशन व सेफी चेयरमेन नरेन्द्र कुमार बंछोर ने संयंत्र प्रबंधन से थर्ड पार्टी को दिए गए मकानो की समीक्षा करने का आग्रह किया है। बीएसपी प्रबंधन से जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों हेतु आवास 32 बंगले में चिन्हित करने का किया है। अधिकारियों के आवासों का अत्याधिक थर्ड पार्टी आबंटन एवं आबंटन के पश्चात उन क्वाटरों पर कब्जे की प्रवृत्ति से उत्पन्न समस्याओं का उल्लेख करते हुए बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज को ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में थर्ड पार्टी कब्जेधारियों के कारण बीएसपी के अधिकारियों को बेहतर मकान उपलब्ध नहीं हो पाने की समस्या से अवगत कराते हुए इसके समाधान हेतु इन मकानों को थर्ड पार्टी के कब्जे से मुक्त कराने की मांग की है। नगर सेवा विभाग की अनेक कोशिशों के पश्चात भी भिलाई टाउनशिप के ये बड़े मकान प्रभावशाली प्रशासनिक अधिकारियों के कब्जे से नहीं निकाले जा सके हैं। इन परिस्थितियों में इस्पात संयंत्र के अधिकारी अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। 2014 से एचण्आरण्एण् बंद कर दिया गया है। इस कारण संयंत्र के अधिकारी प्राइवेट कालोनियों में भी मकान नहीं खरीद पा रहे हैं।

## शौचालय में ताला लगाने से लोग हो रहे परेशान



**भिलाईनगर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। निगम भिलाई के वार्ड 38 में स्थित पावर हाउस बस स्टैंड एवं रवि शंकर शुक्ल मार्केट सहित क्षेत्र का एकमात्र सुलभ शौचालय कांप्लेक्स को 9 महिने से सौंदर्यकरण के नाम पर ताला बंद कर दिया है। जिसके कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है। सामाजिक कार्यकर्ता सुमन शील आज शौचालय के अभाव में जूझ रहे लोगों से रूबरू हुए। उन्होने निरीक्षण के दौरान स्थानीय व्यापारी उज्जवल सेन, डिपिन, सुखविंदर सिंह सहित अनेको ने बताया कि 9 महिने में ताला लगा हुआ है। सुलभ का लगा हुआ लोहे के बड़े ग्रिल गेट को तोड़कर छोटा सा ग्रील गेट लगाने कार्य किया गया है। उन्होनें आरोप लगाया कि केयरटेकर के बैठने वाले पक्के छज्जे भवन को तोड़कर निम्नस्तर का टीन का सेट डालने का कार्य हुआ है । शिव सोनी, मिंटू, राजू गुप्ता, संदीप आदी ने बताया कि लाखो रुपए खर्च करने के बावजूद शौचालय में बैठने वाली मुर्गा सेट को सुधारने का ना ही कोई कार्य हुआ है और ना ही सिपेज व जर्जर अवस्था में बने हुए केयर टेकर के विश्राम रूम तक को सुधारने का कोई काम किया गया है । नए दरवाजा को दिखाने के लिए शौचालय में लगे अच्छे खासे दरवाजे को हटा दिया गया है पर अभी तक नया दरवाजा लगाने का कोई कार्य किया गया है। शौचालय 9 महीने से बंद होने के चलते स्थानीय लोगों को शौचालय एवं बाथरूम के लिए जहां कई तरह के परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। वही राहगीर को शौचालय के अभाव में मार्केट के दुकानों के सामने शौचालय एवं बाथरूम करने की बाते सामने आई है। निरीक्षण के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता सुमन शील के साथ मोहन रेड्डी, राजू गुप्ता, बब्बू, प्रभाकर सहित अनेकों मौजूद थे ।

## वैशाली नगर मे कांग्रेस ने भरोसा यात्रा में निकाली बाइक रैली



**भिलाईनगर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर वैशाली नगर विधान सभा क्षेत्र में गाँधी जयंती एवम लालबहादुर शास्त्री की जयंती अवसर पर जलेबी चौक कैम्प 1 से कांग्रेस भरोसा यात्रा बाईक रैली निकाली गई। भिलाई जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चन्द्राकर ने गांधी और शास्त्री के जयंती पर माल्या अर्पण कर रैली का प्रारंभ किया गया। रैली में सैकड़ो कांग्रेस के कार्यकर्ता बाईक पर कांग्रेस का झंडा लगा कर कांग्रेस के महापुरुषों के नामो का नारा लगाते हुए वैशाली नगर विधान सभा के प्रमुख सड़को से रैली गुजरी क्षेत्र चौक चौराहे के प्रमुख चौक में स्थापित देश के सपूतो के मूर्ति पर माल्या अर्पण करते हुए 30 किलोमीटर लगाते हुए रैली सुपेला घड़ी चौक चंदूलाल चन्द्राकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सम्पन्न किया गया। अध्यक्ष मुकेश चन्द्राकर रैली का नेतृत्व, लालजी चंद्रवासी, नीता लोधी, गिरवर बंटी साह, विजय साहू, अरुण सिसोदिया, राजेन्द्र महिलांगे, इंद्रजीत सिंग छोटू, तुलसी साहू, संदीप निरंकारी, रीता रानी गेरा, केशव चौबे, लालचंद वर्मा, चन्द्रशेखर गवई, अब्दुल कादिर सिद्दीकी, मोहन लाल गुप्ता, बृजमोहन सिंग, समय लाल साहू, गिरिराव, मलकीत सिंग, अमीत जैन युवा कांग्रेस ईश्वरी बढ़ानी, नंदकुमार कश्यप, रामा विश्वकर्मा, प्रमोद प्रभाकर आदि उपस्थित थे।

## महात्मा गांधी-लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई

**भिलाईनगर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। पूर्व मंत्री बदरूदीन कुरैशी कैम्प-1 गांधी चौक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा में एवं पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री के तैल्यचित्र पर माल्यअर्पण किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी अपनी इमानदारी के लिए विख्यात थे। देश की आजादी के लिए अपना सर्ववस्व न्यौछावर कर दिया। आज हम जिस आजादी की ठंडी हवा में सांस ले रहे है वह गांधी जी के बदौलत है लेकिन कुछ लोगों ने स्वच्छता अभियान के अंर्तगत ऐसे स्थानों में गांधी जी के फोटो का स्कैच चश्मे को लोगो बनाकर शुलभ शौचालयों में लगाया जा रहा था। डस्टबीनों, मलिन स्थलों में देखकर आत्मग्लानि हुआ और मैंने संकल्प लिया। मैनें बिलासपुर हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर किया बिलासपुर हाईकोर्ट ने केन्द्र सरकार से लेकर राज्यों में मलीन, गंदे स्थानों सुलभ शौचालयों जैसे स्थानों में बनाये गये गांधी जी के स्कैच और लोगो को हटाने का निर्देश दिया। इस आधार पर पूरे देश से हटाया गया। पूर्व मंत्री श्री कुरैशी ने कहा कि आज भारत में जो भी तरक्की हो रही है, उसके पिछे महात्म गांधी की सोच व कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादूर शास्त्री की सकारात्मक सोच का ही नतीजा है। उन्होनें कह कि महात्म गांधी जी को आंदोलन के कारण ही आज हम खुले आसमान में सास ले रहा है। आज लालबहादूर शास्त्री की जयंती पर उन्होनें कहा कि प्रधानमंत्री रहने के बाद 1965 में हम अमेरिका के लाल गेंहू खाया करते थे और अनाज की कमी के कारण हिन्दुस्तान का आधे से ज्यादे व्यक्तियों को भी भरपेट अनाज नहीं मिल पाता था, शास्त्री जी ने देश में किसानों को जय जवान जय किसान का नारा दिया और उन्ही के अव्हान पर आज देश की 140 करोड़ जनसंख्या होने के बावजूद लोगों को पर्याप्त अनाज मिल रहा है यह शास्त्री जी की देन है। इतना चावल और गेंहू आज देश में पैदा होता है कि 5 साल भी अकाल पड़ जाये तो देश में अनाज की कमी नहीं होगी। कार्यक्रम में मुकेश चंद्राकर, तुलसी साहू, अब्दुल कादिर सिद्धिकी, समयलाल साहू, बैजनाथ शुक्ला, ईश्वरचंद्र त्रिपाठी, संजय लाखे, ज.आर. साहू, नईम बेग, ईश्वरी बडडानी, दिदार भाई, गायत्री देवागंन, उमा देवी धर्मेंद वैष्णव, परवेज आलम, वाई.के. सिंह, राजेश शमा, गरीब दास, जवाहर लाल, मुन्नी लाल शर्मा, लक्ष्मी यादव, मृत्युंजय भगत, संतोष साहू, चैतराम, राजेश चैधरी, राजेश गुप्ता, परविन्दर सिंह, मो. सलीम उपस्थित थे।




## स्वच्छता से स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षित : सीमा



**भिलाईनगर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासन के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा विशेष अभियान के तहत छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी वैशालीनगर जोन सहायक अभियंता कार्यालय अधिकारी, कर्मियों एवं समाज सेवी संस्था जन विकास संगठन अभियान द्वारा संयुक्त रूप से एक एवं दो अक्टूबर को विद्युत मंडल कार्यालय परिसर में सफाई हेतु अपना श्रमदान कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनके जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। सहायक अभियंता श्रीमती सीमा बघेल ने जन संदेश में कहा कि स्वच्छता से स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षित रहता है। कनिष्ठ यंत्री गिरवर सिंह साहू और समाजसेवी एम. चन्द्रशेखर रेड्डी ने भी सौंदर्यीकरण एवं सुरक्षित जीवन के प्रति विचार व्यक्त करते जन जागरूकता की भूमिका निभाये। स्वच्छता अभियान पखवाड़ा पर उक्त परिसर स्थित सोनम उद्यान, अनुसुईया उपवन, अनिता गार्डन, चिमन नाग, अशोक वाटिका, कर्मचारी गुलशन एवं एकता पार्क सहित सड़कों में झाड़ू लगा कचरों को सामूहिक श्रमदान कर साफकिया गया। इस कार्यक्रम में दीपिका दीक्षित, संतोष कुमार राजपूत, दीपक मालवीय, सुभाष शर्मा, अजय सिंह, रविन्द्र प्रसाद, कुंदन बेसोड, टकेश्वर विश्वकर्मा, टेकराम जांगड़े, ओम प्रकाश साहू, योगेश, प्रशांत पटेल, जयपाल गोवर लिमेश विश्वकभी शामिल थे।

## भोजपुरी परिषद महिला प्रकोष्ठ का परिवार मिलन



**भिलाईनगर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ भोजपुरी परिषद द्वारा आयोजित प्रदेश अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा ने भोजपुरी महिला परिचय सम्मेलन में धूमधाम से संपन्न हुआ। परिषद के सभी प्रमुख सदस्य व पदाधिकारी मुख्य संरक्षक संजय ओझा, मुख्य सलाहकार निशिकांत शर्मा, उपाध्यक्ष वीरेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष सुभाष शर्मा, सचिव मिर्तुंजय भगत, सुभाष सिंह, मोतीलाल बैठा, रतन कुमार पोद्दार, जहीर खान, फारुक, शंभू नेता, हरिराम विश्वकर्मा, मनोज कुमार चौधरी, मछंदर प्रसाद, रामप्रवेश बैठा, हरेन्द्र यादव, रविंद्र यादव, सुशील शर्मा, अशोक विश्वकर्मा, युवा परिषद से पीयूष सिंह,सुमित कुमार बैठा, विवेक शर्मा, ऋतिक बैठा उपस्थित थे। प्रभुनाथ बैठा ने संगठन पर विस्तृत जानकारी दी। महिला संगठन बिना भोजपुरी परिषद अधूरा ह, इस लिए आप सभी बहने बिना किसी भेदभाव के महिलाओं को जोड़िए ताकि हम अपनी सस्कृति को बचा सकें। संजय ओझा ने महिलाओं को हमेशा साथ देने की बात कही। बीरेंद्र यादव ने कहा संगठन में शक्ति है। हम सभी एकता का संदेश दे। गणेश शुक्ला, जहिर खान ने कहा सभी सदस्य अपने अपने परिवार के महिलाओं को जोड़िए तो हम सभी जल्द मजबूत होगें। महिला विंग के प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती कंचन सिंह, संरक्षक श्रीमति ममता ओझा, कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती रीना विश्वकर्मा, सुचित्रा शर्मा, रिंकू सिंह, विमला शर्मा, आशा यादव, मंजू बैठा, पूर्णिमा यादव शर्मा, मंजू शुक्ला, रुखसाना खातून, आरेफा जहिर कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती रीना बिश्वकर्मा, राजकुमारी बैठा, अंजली बैठा, आरती सिंह, आरती शर्मा, मोनिका विश्वकर्मा, तारा विश्वकर्मा। मंच संचालन श्रीमती सुचित्रा शर्मा ने किया।

## जन संस्कृति मंच के आयोजन में जुटे साहित्यकार

**भिलाईनगर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। जन संस्कृति मंच की समीक्षा.गोष्ठी कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार में सम्पन्न हुई। कैलाश बनवासी के द्वितीय उपन्यास श्रंग तेरा मेरे आगे पर आयोजित इस गोष्ठी में वक्ताओं द्वारा उपन्यास पर समीक्षा प्रस्तुत की गई। आज के बेहिसाब मजहबी नफरत और हिंसा के खिलाफ यह उपन्यास एक सार्थक प्रतिवाद रचता है। कथाकार कैलाश बनवासी ने अपने उपन्यास श्रंग तेरा मेरे आगे पर अपनी बात रखते हुए बताया। यह उपन्यास दीवानगी का आख्यान है, वह भी जो सर चढ़कर बोले। प्रेम को लेकर इस खोज में मैं अकेले नहीं हूँ। मुख्य अतिथि विनोद तिवारी ने अपनी आलोचना में कहा दरअसल बनी बनाई दुनिया के खिलाफ नई दुनिया रचता है रचनाकार। उपन्यास में वर्षा का चरित्र जो रचा गया है, वह आदर्शीकरण और उदात्तीकरण का नमूना है। दुनिया का हर उपन्यास आत्मकथात्मक होता है। प्रो.सियाराम शर्मा ने अपने आलोचकीय वक्तव्य में कहा प्रेम उम्र धर्म, जाति के बंधनों को हमेशा अस्वीकार करता है। अशोक तिवारी ने बताया बनवासी इस प्रेम कथा के समानांतर उपन्यास में शिक्षा विभाग की ट्रांसफर, पोस्टिंग की उठापटक, भ्रष्टाचार तथा जोड-तोड़ का कच्चा चिट्ठा खोलकर रख देते हैं। डा. अंजन कुमार ने कहा इस फासीवादी लूट, नफरत और हिंसा से भरे समय में सुनील और नसीम की यह प्रेमकथा इन सारे भेद को मिटाते हुए नफरत की आग से बंजर होती जमीन पर प्रेम को रोपने का प्रयास करती है। उस सौहार्द और साझा संस्कृति को बचाना चाहती है जो हमारी धरोहर है। जयप्रकाश ने गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कहा.ष्मुझे उपन्यास के सीक्वल आने की संभावना दिखाई दे रही है। यह आत्मकथात्मक उपन्यास है। इसमें उनका आत्म अनुभव है।समीक्षा गोष्ठी का संचालन भुवाल सिंह ने व आभार प्रदर्शन जन संस्कृति मंच दुर्ग.भिलाई के अध्यक्ष अभिषेक पटेल ने किया।

## हिंदी भाषण स्पर्धा के विजेता हुए सम्मानित



**भिलाईनगर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। फेरो स्कैंप निगम में पंकज त्यागी महाप्रबंधक का.एवं प्रशा. की अध्यक्षता एवं डॉ. सुनिता वर्मा विभागाध्यक्षा स्वरूपानंद महाविद्यालय एवं श्रीमती रिमझिम वैष्णव, पुरुषोत्तम साहू एवं छगन लाल नागवंशी की उपस्थिति में हिंदी भाषण प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। पंकज त्यागी ने कहा कि राजभाषा माह के दौरान आज हिंदी भाषण प्रतियोगिता हिंदीतर भाषी वर्ग के छात्र.छात्राओं सहित निगमन कार्यालय एवं भिलाई इकाई के हिंदी भाषी एवं हिंदीतर भाषी वर्ग के कार्मिकों के लिए आयोजित किया जा रहा है। इसका मुख्य उददेश्य है कि कार्मिकों की भाषा कौशल का विकास हो, कार्मिकों के ज्ञान में अभिवृद्धि हो। उन्होंन कहा कि स्वच्छता ही सेवा है के मूल मंत्रों का सदैव अनुसरण करें और अपने तथा आसपास की साफ-सफाई कर एक सुंदर राष्ट्र का निर्माण करें। मुख्य अतिथि डॉ. सुनिता वर्मा, निर्णायक रिमझिम वैष्णव एव पुरुषोत्तम साहू ने अपने-अपने विचार रखे। राजभाषा माह 2023 के हिंदी भाषण प्रतियोगिता के विषय पर्यावरण सुरक्षा, जल जीवन का आधार, राष्ट्र निर्माण में युवाओं का योगदान, राष्ट्रभाषा हिंदी, चंद्रयान की सफलता भारत की क्षमताओं का नया अध्याय विषयों पर स्वपानंद महाविद्यालय के हिंदीतर भाषी वर्ग के विदयार्थियों भाषण प्रस्तुत किया। पंकज त्यागी ने देवेन्द्र कुमार मधुकर को स्वच्छता सेवा एवं स्वरूपानंद महाविद्यालय के छात्रओं और निर्णायकों को सम्मानित किया। अतिथियों का स्वागत विष्णु प्रसाद अनंत, सुब्रत मुखर्जी फूलों का पौधा प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन छगन नागवंशी ने किया।

# हाईटेक बस स्टैण्ड में होगी स्टापेज, पुराने स्टैंड में वाहन खड़ी करने पर होगी कार्रवाई

**कवर्धा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। नवीन हाईटेक बस स्टैण्ड को पुराने बस स्टैण्ड कवर्धा में प्रवेश देने के लिए व विभिन्न रूटो पर संचालन किये जाने हेतु बस मालिक संघ/बस ऑपरेटर संघ को नियम एवं शर्तो के अधीन रखते हुए नगर पालिका द्वारा निर्देश जारी किये गये थे कवर्धा के पुराने बस स्टैण्ड में बेतरतीब वाहन खडा किये जाने व शहर में जाम की स्थिति निर्मित होने का संदेश, चूंकि सोशल मिडिया व अखबारों के माध्यम से प्राप्त हुआ। जिसके कारण जिला प्रशासन की छबि के साथ-साथ नगर पालिका की छवि धुमिल हुआ है। जिसे ध्यान में रखते हुए दिनांक 28 सितंबर 2023 को अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कवर्धा की अध्यक्षता में परिवहन अधिकारी, यातायात प्रभारी, बस मालिक व ऑपरेटर संघ की बैठक नगर पालिका कार्यालय में आयोजित कर हाईटेक बस स्टैण्ड एवं पुराना बस स्टैण्ड का सुचारू रूप से संचालन किये जाने हेतु आठ सदस्यीय टीम का गठन किया गया। नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी काय्रवाही भी होगी।

## बस स्टैण्ड संचालन हेतु अब 8 सदस्यीय टीम का गठन

**पुराने बस स्टैण्ड पर वाहन खड़ी न करने निर्देश**

जारी निर्देश में बताया गया कि पुराने बस स्टैण्ड में अब वाहन खडा नही किया जाना है वाहन खडा होने की स्थिति में आठ सदस्यीय टीम एवं जिला प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी। सीएमओं ने बताया कि नवीन हाईटेक बस स्टैण्ड से गुजरने वाले सभी बसों को शहर के अंदर प्रवेश देने व पुराने बस स्टैण्ड में 05 मिनट का स्टापेज कर यात्रियों व बस मालिकों को सुविधा प्रदान करने किया जाना है।

**नियम शर्तो का हो पालन**

नगर पालिका परिषद कवर्धा में 28 सितंबर का आयोजित बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने बताया कि नगर पालिका द्वारा जारी नियम शर्तो के अधीन 05 मिनट का स्टापेज किये जाने हेतु समय निर्धारित किया गया था चूंकि सोशल मिडिया सहित अन्य माध्यमों में शहर की छवि धूमिल हुई जिसे ध्यान में रखते हुए बस संचालक व ऑपरेटर संघ की बैठक आयोजित कर पुन: पूर्व शर्तो की अधीन बस संचालन किये जाने की अनुमति दी गई है उन्होनें बताया कि संयुक्त चर्चा अनुसार अब रायपुर जाने वाले बस का मार्ग बायपास ठाठ होटल से लोहारा नाका चौक पुराना बस स्टैण्ड 05 मिनट का स्टापेज नवीन बाजार होते हुए रायपुर के लिए रवाना होगें। इसी तरह राजनांदगांव एवं दुर्ग की ओर चलने वाली बसो का मार्ग बायपास होते हुए महेन्द्र शो-रूम नवीन बाजार होते हुए पुराना बस स्टैण्ड 05 मिनट का स्टापेज लोहारा नाका चौक होते हुए राजनांदगांव, दुर्ग के लिए रवाना एवं बिलासपुर व जबलपुर की ओर चलने वाले बसों का मार्ग बायपास हेतु महेन्द्रा शो रूम नवीन बाजार पुराना बस स्टैण्ड में 05 मिनट का स्टापेज एवं सिग्नल चौक होते हुए बिलासपुर, जबलपुर के लिए रवाना होगें।

**शर्तो के अधीन बनी सहमति**

बस ऑपरेटर, बस मालिक संघ, आम जनता,स्कूल आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं व शिक्षकों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए यात्री बसों का मार्ग को कवर्धा शहर में प्रवेश देने एवं पुराना बस स्टैण्ड के पास 05 मिनट का स्टापेज देने पर अस्थायी सहमति बनी है हाईटेक बस स्टैण्ड एवं पुराना बस स्टैण्ड का सुचारू रूप से संचालन किये जाने हेतु आठ सदस्यीय टीम का गठन किया गया है आठ सदस्यीय टीम में निम्नानुसार अधिकारियों नरेश कुमार वर्मा-मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद कवर्धा, माहेश्वर सिंह-यातायात प्रभारी जिला-कबीरधाम, मोहन साहू-जिला परिवहन अधिकारी जिला-कबीरधाम, विनोद गुप्ता-बस मालिक संघ, यशवंत ठाकुर-बस मालिक संघ, करण बंजारे-बस मालिक संघ, विजय पाली-बस ऑपरेटर संघ, जाहिद खान-बस ऑपरेटर संघ के सदस्यों को शामिल किया गया है।

# सलोनी उपजेल में लगाई गई लोक अदालत, एक मामले का निपटारा

**खैरागढ़,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर में 2 अक्टूबर सोमवार को उपजेल खैरागढ़ में महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर जेल में लोक अदालत का आयोजन किया गया। एडीजे व सीजेएम के समक्ष कम संगीन अपराधों में शामिल अपराधियों को पेश किया गया।

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के अध्यक्ष आलोक कुमार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के निर्देशानुसार उपजेल खैरागढ़ में राज्य स्तरीय जेल लोक अदालत का आयोजन हुआ जिसमें अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्र कुमार कश्यप व विवेक गर्ग सीजेएम खैरागढ़, जेल में उपस्थित हुए एवं छ.ग. उच्च न्यायालय द्वारा संचालित निर्देशानुसार जेल में लोक अदालत का आयोजन किया गया, उपरोक्त न्यायालय के समक्ष कम संगीन अपराधों में शामिल अपराधियों को पेश किया गया। जिसमें से 01 मुकदमे का मौके पर ही निपटारा किया गया जिसमें सीजेएम कोर्ट 01, कुल 01 प्रकरण इस जेल में लोक अदालत में सफलतापूर्वक निपटे।



## जेल में लोक अदालत करने वाला छग बना पहला राज्य

आगे अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्र कुमार कश्यप ने विचाराधीन बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि जो बंदी अपने वेयर से अधिवक्ता नियुक्त करने में समर्थ नहीं हैं वह अपना एक आवेदन ताल्लुक विधिक सेवा समिति में द्वारा द्वारा जेल अधीक्षक के माध्यम से समिति में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं जहां से आप को आप के केस में पैरवी करने अधिवक्ता निशुल्क नियुक्त किया जाता है।

आगे अध्यक्ष /न्यायाधीश तालुक विधिक सेवा समिति खैरागढ़ द्वारा विचाराधीन बंदियों का हालचाल पूछा गया और उनके स्वास्थ्य के बारे में भी जाना गया साथ ही उनकी समस्याओं को भी सुना गया और रहने स्वास्थ्य केंद्र एवं पाकशाला का निरीक्षण किया गया और पूरे जेल का भी भ्रमण किया। यहां की व्यवस्था को और सुव्यवस्थित और सुदृढ़ करने के लिए सुझाव और दिशा निर्देश दिए। उक्त जेल लोक अदालत में पैरालीगल वालंटियर गोलूदास साहू, प्रसन्न श्रीवास्तव, अमर जायसवाल, जेल अधीक्षक योगेश कुमार बंजारे उपजेल खैरागढ़, सिपाही यशवंत कुमार नायक, प्रेम सागर साहू, प्रकाश कुर्रे,चुरामन प्रसाद कुर्रे, सोहन साहू उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर नें एक बड़ी ही शानदार पहल शुरु की है। जिसके तहत छत्तीसगढ़ में अब हसे में जेल लोक अदालत लगाई जाएगी। जिसके तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के अंतर्गत आने वाले उप जेल खैरागढ़ में भी लोक अदालत का आयोजन किया गया। जहां जिसका मुख्य उद्देश्य जल्दी से जेल में रहे कैदियों के साथ न्योचित उपाय किए जाएं। इस पहल की शुरुआत हो गई है। आपको बता दें कि इसकी शुरूआत छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के न्यायमूर्ती गौतम भादुड़ी रायपुर सेंट्रल जेल पहुंच कर जेल लोक अदालत का शुभारंभ किये थे। ऐसा दुसरी बार हो रहा है, जब राज्य स्तरीय कोई ऐसी पहल की जा रही हो

जेल लोक अदालत प्रदेश में राज्यस्तरीय लोक अदालत में निरुद्ध बंदियों की रिहाई के सम्बंध में विचार किए जाएंगे। विचार विमर्श किए गए। लेकिन कोई कदम नहीं उठाया गया। लेकिन अब यह पहल उन सभी कैदियों के लिए वरदान साबित होने वाली है। जिन्होने सुधार ग्रह में रह कर अच्छे आचरण और जीवन जीने के पाठ को सीख लिया है

**जेल में लोक अदालत करने वाला छत्तीसगढ़ बना पहला राज्य**

जेल में लोक अदालत के माध्यम से कैदियों के लिए उचित निर्णय और उनके बारे में सही जानकारी को लेकर यह पहल करने वाला छत्तीसगढ़ पहला राज्य बन गया है। जानकारों की मानें तो महीने के हर दूसरे शनिवार को लोक अदालत का काम किया जाएगा। जिसमें प्रदेश भर में कैदियों से जुड़े मसले सुने जाएंगे।

# लोजपा ने गांधी जयंती पर कार्यकर्ताओं का किया सम्मान



**गुण्डरदेही,** 3 अक्टूबर। महात्मा गांधी के जयंती अवसर पर लोजपा ने महात्मा गांधी व लोजपा संस्थापक पद्मविभूषण स्व रामविलास पासवान के तैल चित्र पर माल्यार्पण उनके द्वारा किए गए कार्यो को याद किया प्रदेश अध्यक्ष तोमन लाल साहू जिलाध्यक्ष बुधराम साहू द्वारा सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ को गमछा भेंट कर सम्मान किया गया श्री तोमन लाल साहू ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शो में चलने की बात कही साथ ही कार्यकर्ताओ को लोगों में किसी प्रकार भेद भाव किए बिना जनहित में कार्य करने व अगामी विधानसभा चुनाव में लोगो में प्रेम और सोहद्र बनाएं रखने को कहा प्रदेश महासचिव महिला प्रकोष्ठ विजय लक्ष्मी साहू ने लोगों में हमेसा से प्रेम भाई चारा व सहयोग की भावना से कार्य करने को कहा कार्यक्रम मे प्रदेश सचिव नारद साहू राजू सिन्हा यशवंत मंडल गिरीश साहू पुनाराद साहू नारद साहू धरमवीर साहू भूपेन्द्र चंद्राकर रूपेश सोनी मुकेश निषाद लेमन यदु सहित सैकड़ो पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए परमेश्वर पटेल का चयन



**गुरुर,** 3 अक्टूबर। बालोद जिला के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय अरमरीकला के परमेश्वर पटेल दुर्ग संभाग की ओर से राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता मे शामिल होगा, जो जगदलपुर में 5 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक आयोजित है।

अरमरीकला विद्यालय के व्यायाम शिक्षक शैलेंद्र सिन्हा ने बताया कि छात्र परमेश्वर ब्लॉक स्तर, जिला स्तर संभाग पर बेहतरीन प्रदर्शन कर चयन हुआ है, बहुत ही ज्यादा मेहनत किया है, निश्चित ही विद्यालय सहित गाँव को गौरवान्वित किया है।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एएस कौशिक, पीएल.साहू, जीआर साहू सहित विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है।

## नई राजनीतिक पार्टी हमर राज पार्टी का होगा शुभारंभ

**गुरुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में चुनाव नजदीक आते ही अब प्रमुख राजनीतिक पार्टियों सक्रिय हो गई है। भाजपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी के बाद अब छत्तीसगढ़ में नई राजनीतिक पार्टी हमर राज पार्टी का शुभारंभ होगा।

इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज जिला बालोद के तत्वावधान में 5 अक्टूबर दिन गुरुवार को गुरुर नगर के बस स्टैंड में नगरी के प्रख्यात जय गढ़िया बाबा आदिवासी लोक नृत्य सेवा समिति सराईटोला नगरी जिला धमतरी के आदिवासी नर्तक दल जिसकी प्रस्तुति राज्योत्सव, छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में, राष्ट्रीय स्तर पर आकर्षक प्रस्तुति दे चुके पारंपरिक वेशभूषा व आदिवासी वाद्ययंत्रों से सुसज्जित आदिवासी नृत्य, रेला पाटा की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम शाम 5 बजे से शुरू होगी। उक्त जानकारी सर्व आदिवासी समाज जिला बालोद के अध्यक्ष यूआर गंगराले ने दिया।

# शासकीय नेमीचंद महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता



**दल्लीराजहरा,** 3 अक्टुबर (देशबन्धु)। शास. नेमीचंद जैन महाविद्यालय दल्लीराजहरा में प्राचार्य अरुण कुमार वी. के मार्गदर्शन में सितंबर माह के प्रत्येक सप्ताह में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता हेतु विभिन्न प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गई। जिसमें सभी संकायों के विद्यार्थियों ने रुचिपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संयोजन स्वीप प्रभारी राजेश कुमार ठाकुर द्वारा किया गया। इस दौरान माह के प्रत्येक बुधवार को प्रतियोगिता जैसे पोस्टकार्ड लेखन, वाकधान, चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता इत्यादि कराया गया, जिसमें प्रथम विजेता- रोहन शर्मा, मधु मिश्रा, उमेश्वर कुमार, द्वितीय विजेता- अंकिता रामटेके, रोहित मंडावी, रोशनी चक्रधारी, काजल भांडेकर, तृतीय विजेता- भुनेश्वरी यादव, खुशी गुप्ता, भावना साहू, देवोलीना भट्टाचार्य रहे। इन प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल की भूमिका में सहायक प्राध्यापक डॉ. कविता सिंह, डॉ. अनुग्रहिता जॉन, डॉ. सरिता स्वामी,डॉ. प्रवीण गुप्ता, दिनेश माखीजा, यामिनी देवी, कांति ठाकुर, कमल बोदले, श्री किशोर पटेल, श्री शिकलेश नुरूटी का विशेष योगदान रहा।

## सार-संक्षेप

### गौ तस्करी व हत्या की विरोध में शिवसेना ने किया सांकेतिक पुतला दहन

**बालोद,** 3 अक्टूबर। प्रदेश में गौ हत्या और गौ तस्करी के बढ़ते अपराध के खिलाफ़ शिवसेना पार्टी द्वारा जिला मुख्यालय बालोद के जय स्तंभ चौक पर सांकेतिक पुतला दहन किया गया। शिवसेना जिलाध्यक्ष विजय पारख, प्रदेश सचिव शंकर चैनानी, कामगार सेना जिलाध्यक्ष रोहित साहू, बालोद गौ सेवक नरेन्द्र जोशी, डौंडी लोहारा ब्लॉक अध्यक्ष युमल विश्वकर्मा, शिवसेना नेता नितीन नायडू, लोकेश साहू, राजेश पटेल सहित बहुत से शिवसैनिक कार्यकर्ताओं ने गौ धन की रक्षा सुरक्षा के लिए शासन प्रशासन का ध्यानाकर्षित किया। शिवसेना के नेताओं ने जिले के गौठानों में पर्याप्त और सुरक्षित चारा पानी, उचित रखरखाव हेतु शेड निर्माण किये जाने की मांग की। जिलाध्यक्ष विजय पारख, प्रदेश सचिव शंकर चैनानी ने छत्तीसगढ़ में पशुओं के बाज़ार आदि पर कड़ाई से रोक लगाये जाने की मांग करते हुए कहा कि शिवसेना बहुत जल्द ऐसे गौ तस्करों के खिलाफ़ उग्र प्रदर्शन करेगी। जिलाध्यक्ष विजय पारख ने कहा कि शासन प्रशासन को गौ वंश की सुरक्षा के लिए सजगता और सक्रियता से काम करना होगा।

# मुख्यमंत्री द्वारा स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का शुभारंभ



**सहसपुर लोहारा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा इंजीनियरिंग एवं मेडिकल के प्रतिभागी परीक्षाओं के लिए शिक्षा विभाग की नवाचारी च्स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का प्रात: 11 बजे मुख्यमंत्री निवास कार्यालय से ऑनलाइन शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे एवं विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस योजना में ख्याति प्राप्त एलन कैरियर इंस्टिट्यूट ने सीएसआर के तहत नि:शुल्क कोचिंग देने सहमति दी है। प्रदेश के शासकीय स्कूलों में अध्यनरत 12वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाने के लिए छत्तीसगढ़ शासन और एलन इंस्टिट्यूट के मध्य एम ओ यू पर हस्ताक्षर किया गया। गौरतलब है कि स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शासकीय स्कूलों में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए इंजीनियरिंग तथा मेडिकल पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा की ऑनलाइन कोचिंग योजना की घोषणा की थी। स्कूल शिक्षा विभाग की स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना के अनुसार प्रदेश के कक्षा दसवीं में 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले कक्षा 12 वीं में अध्ययनरत विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों को निशुल्क कोचिंग दी जाएगी। प्रदेश के 150 केन्द्रों में से एक स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सहसपुर लोहारा में विनोद कुमार श्रीवास्तव डी एम सी जिला कबीरधाम, सुनील कुमार मेहरा बी आर सी स. लोहारा, जयंत कुमार शर्मा प्रोग्रामर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय कबीरधाम, नोडल प्राचार्य मनहरण लाल तुर्कले की उपस्थिति में विकासखंड सहसपुर लोहारा के जे ई ई में पंजीकृत 12 एवं निट में पंजीकृत 68 छात्र छात्राएं वर्चुअली इस कार्यक्रम में सहभागी बने। इस अवसर पर नोडल शिक्षकगण आदित्य सोनी विषय गणित, पियूष दुबे विषय भौतिक शास्त्र, श्रीमती शदब खातून विषय रसायन शास्त्र, सुरेन्द्र वर्मा विषय जीव विज्ञान तथा सिराज खान उपस्थित थे।

# आयुष्मान भव: अभियान जिले में हो रहा हेल्थ मेला का आयोजन

**कवर्धा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश पर आयुष्मान भव: अभियान के अंतर्गत आयुष्मान भव: गतिविधियों में जिले के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों में 17 सितंबर 2023 से लगातार सप्ताह में एक दिन हेल्थ मेला का आयोजन किया जा रहा है, जो 31 दिसंबर 2023 तक निरंतर चलता रहेगा। आज तक 318 से ज्यादा हेल्थ मेला का आयोजन किया जा चुका है, जिसमे 8000 से ज्यादा लोगो का जांच किया जा चुका है साथ ही आयुष्मान कार्ड व आभा आईडी भी प्रदाय किया जा रहा है। इसके साथ ही रक्त दान शिविर का भी आयोजन किया गया।

## 31 दिसंबर तक होगा हेल्थ मेला का आयोजन

कबीरधाम जिले में विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं व स्वास्थ्य देखभाल की क्रियान्वयन के लिए आयुष्मान भव: अभियान का संचालन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत आयुष्मान मेला का आयोजन जिले में दो स्तर पर किया जा रहा है, जिसके प्रथम स्तर पर आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में जैसे एन सी डी, टीवी, लेप्रोसी तथा मातृत्व व शिशु स्वास्थ्य सेवाएं आम लोगों को उपलब्ध कराई जा रही है। इसी प्रकार द्वितीय स्तर पर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में साप्ताहिक रूप से स्वास्थ्य विभाग के शिशु रोग, शल्य चिकित्सा, जनरल मेडिसिन, नाग कान गला रोग, चर्म रोग तथा दांत चिकित्सा सहित अन्य रोग के विशेषज्ञ के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ चिकित्सकों के माध्यम से मरीजों की स्क्रीनिंग एवं जांच कर आवश्यक स्वास्थ्य लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है। कबीरधाम जिले के सभी विकासखंड के स्वास्थ्य केंद्रों में आयुष्मान भव: अभियान अंतर्गत स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है अभियान के अंतर्गत सभी उप स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं जिला चिकित्सालय में विभिन्न योजनाओं के अलग-अलग क्रियाकलापों के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ आम जनों को दिया जा रहा है।

## निधन

### घासीनबाई चंद्राकर



**महासमुंद,** 3 अक्टूबर। स्थानीय इमलीभाठा निवासी श्रीमती घासीनबाई चंद्राकर 64 वर्ष का 1 अक्टूबर को निधन हो गया। वे पन्नालाल चंद्राकर की धर्मपत्नी व कमलेश चंद्राकर, शकुन चंद्राकर, बानू चंद्राकर की मां थी।

### जयचंद लूनिया



**महासमुंद,** 3 अक्टूबर। स्थानीय बीटीआई रोड महावीर कालोनी निवासी एवं महासमुंद बीज भंडार के संचालक जयचंद लूनिया 55 वर्ष का 3 अक्टूबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार 4 अक्टूबर को सुबह 9 बजे भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे शांशाक उर्फ सोनू लूनिया के पिता व उमेश लूनिया, पंकज लूनिया के बड़े भाई थे।

### गोमती बाई ध्रुव

**महासमुंद,** 3 अक्टूबर। ग्राम कुकराडीह निवासी 90 वर्षीय श्रीमती गोमती बाई ध्रुव का निधन 2 अक्टूबर को निधन हो गया। वे मानसिंग, भगवानी ध्रुव की मां थी। अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया।

## प्रादेशिकी का शेष...

### सीएम ने न्यायालय परिसर में ...

होगा। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने न्यायालयीन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में अधिवक्ताओं के योगदान के लिये सभी को शुभकामनाएं दी।

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा ने अपने उद्बोधन में न्यायालयीन व्यवस्था में आवश्यकताओं के लिये मुख्यमंत्री की पहल पर प्रकाश डाला। समारोह में जिला एवं सत्र न्यायाधीश रीता यादव एवं अन्य न्यायाधीश जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित थे।

जिला अधिवक्ता संघ के कार्यक्रम में परिषद के सचिव रविशंकर सिंह, उपाध्यक्ष प्रशांत जोशी, महिला उपाध्यक्ष सुनीता कसार, कोषाध्यक्ष अनिल जायसवाल, रामकली यादव, सहसचिव कृष्णराज चंदेल, सुदर्शन महलवार, राजीव पाण्डेय, सांस्कृतिक सचिव मोनिका सिंह, लाइब्रेरी सचिव कुलेश्वर साहू, द्रोण कुमार ताम्रकार एवं युवा अधिवक्ता आशीष तिवारी, रत्नाकर राव, के साथ ही वरिष्ठ एवं युवा अधिवक्तागण, महिलाएं एवं नागरिकगण उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ अग्रहरि वैश्य समाज के ...

लोगों ने हिस्सा लिया। समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अनिरुद्ध अग्रहरि, डॉ निर्मला अग्रहरि, मंजू अग्रहरि, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सरिता अग्रहरि रायपुर, राधेश्याम अग्रहरि, रामनिवास अग्रहरि, शिवशंकर अग्रहरि, सौरभ अग्रहरि भिलाई, अवध शाह, श्यामबिहारी शाह, महेंद्र शाह, राजेंद्र शाह, संजय अग्रहरी, संतोष अग्रहरि, विकास अग्रहरि, ट्विंकल अग्रहरि बिलासपुर, रोशन अग्रहरि, देवेंद्र अग्रहरि, राजेंद्र अग्रहरि, राधेश्याम अग्रहरि रायगढ़, कन्हैयालाल अग्रहरि, लोकेश अग्रहरि कोटा, मनोज अग्रहरि बेलगहना, आशुतोष अग्रहरि मनेंद्रगढ, रमाशंकर अग्रहरि दुग, राजा बाबू अग्रहरि, भैरवप्रसाद अग्रहरि, खेमचंद अग्रहरि, रामशरण अग्रहरि, शैलेंद्र अग्रहरी, दिलीप अग्रहरि, रचना अग्रहरी, मनीषा अग्रहरि, सुनीता अग्रहरि, विभा अग्रहरि, विजिया अग्रहरि के अलावा अन्य सामाजिक सदस्यों ने बधाई दी है।

### सूने मकान से लाखों के जेवरात ...

में रखी बाईक के साथ तोड़फोड़ भी की गई।

राजनांदगांव से लौटने के बाद सजिदा बानो ने पद्मनाभपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद संबंधित मकान के आसपास के सीसीटीवी खंगालने में जुटी हुई है। पद्मनाभपुर पुलिस से संपर्क करने पर थाना प्रभारी ने बताया कि मामला पुराना है। अत: पूरे मामले की विवेचना की जा रही है। घटना स्थल के आसपास की जांच की जा रही है।

### तीन दिवसीय भरतनाट्यम ...

बताया। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आम तौर पर अन्य नृत्यों की तुलना में पदम बहुत धीमी गति से चलने वाले होते हैं। यह पूरी तरह से अभिव्यक्ति और कहानी कहने और एक भावनात्मक एकालाप या संवाद व्यक्त करने पर केंद्रित हैं। कई पद एक नायिका की अवधारणा पर केंद्रित होते हैं जो अपने नायक के प्रति अपने प्रेम को व्यक्त करती है। अक्सर नायक हिंदू पौराणिक देवताओं में से एक होता है। उन्होंने बताया कि कुछ पदम शिशु कृष्ण और उनकी माँ यशोदा के बीच के संबंध को दर्शाते हैं। वहीं कुछ राम और सीता के बीच व्यापक रूप से प्रेम को दर्शाते है। उन्होंने कहा कि पदम का सार भावनाओं और कहानियों को व्यक्त करना है।

### हेमचंद विवि के भू-विज्ञान की छात्रा ...

शोधकार्य के अंतर्गत देश के विभिन्न हिस्सों जैसे विशाखापटनम् के समीप स्थित बोरा केव तथा छत्तीसगढ़ की कुटुम्बसर गुफा, गंडई क्षेत्र में स्थित मंदीपखोल गुफा आदि की संरचनाओं से इन नई गुफाओं की संरचनाओं का तुलनात्मक अध्ययन जारी है। इस शोधकार्य से संबंधित 4 शोधपत्र उच्च स्तरीय राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके है।

# कांग्रेस के भ्रष्टाचार पर धरना प्रदर्शन, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

## ग्राम पंचायतों में ठेका प्रथा निर्मित, सरपंचों को बनाया मुकदर्शक : भाजपा प्रत्याशी ठाकुर

**डौण्डी /दल्लीराजहरा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा संगठन द्वारा भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर डोंडी के जवाहर पारा चौक के पास धरना प्रदर्शन किया गया पश्चात प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रैली के रूप में स्थानीय जनपद कार्यालय पहुंचकर राज्यपाल के नाम 10 सूत्रीय मांग पत्र तहसीलदार को ज्ञापन सोपा गया और कहा कि उक्त शिकायत की कॉपी ईडी को भी सोपेंगे तथा आने वाले दिनों में बड़ा आंदोलन करेंगे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन के दौरान कहा कि डोंडी ब्लॉक घोटाला के लिए गढ़ बन गया है हर कार्य के लोगों को रिश्वत देने पड़ते है भाजपा प्रत्याशी देवलाल ठाकुर ने कहा कि डौण्डी विकास खण्ड के ग्राम पंचायत सिंघोला के आश्रित ग्राम सुकड़ीगहन में बांस हस्ताकला व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं केन्द्र की स्थापना के लिए डी. एम. एफ.मद से मिले 49.12 लाख रुपये गड़बड़ी करने वालों को खुलेआम छूट दे रखे हैं और शासकीय अधिकारी द्वारा आदिवासियों को नोटिस भेजे जा रहे है।ग्राम नलकसा क्षेत्र मे कड़कनाथ मुर्गी पालन गिधाली में मसाला प्रशिक्षण सिचाई सुविधाओं के लिए क्षेत्र वासियो को गुमराह करने स्कूल मरम्मत के नाम पर करोड़ों रुपये का घोटाला किया जा रहा है। डोडी ब्लॉक के जनता के हक अधिकार में डाका डाला जा रहा है। जो खुले आम क्षेत्र के धरातल में दिख रहा है। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी देवलाला ठाकुर ने देशबन्धु से कहा की क्षेत्र के किसी भी ग्राम पंचायतों का दौरा कार्यक्रम के दौरान सरपंच जनप्रतिनिधि ग्रामिण जानकारी देते है की पांच सालों के कांग्रेस शासन में हमारे क्षेत्र की विधायक मंत्री होने के बाद भी आज हम लोग मुकदर्शक बन के रह गये है। पुरे ग्राम पंचायतों में ठेका प्रथा निर्मित है। भाजपा प्रत्याशी ठाकुर ने आगे कहा की जिन आदिवासियों ने अपना एक एक मत देकर क्षेत्र की विधायक को जिताया और मंत्री पद तक पहुंचाया आज उन्ही आदीवासियों को ठग जा रहा है। ग्राम पंचायतों में ऐसे ऐसे भ्रष्टाचार घोटाले हुए है जिन्हे अनदेखा नही कर सकते है। धरना प्रदर्शन में मंडल अध्यक्ष मनीष झा राकेश दिर्वेदी पालिका अध्यक्ष सोमेश सोरी उपाध्यक्ष डॉ रूपेश नायक युवा भाजपा नेता श्याम जायसवाल अजय चौहान संजू मानकर भाजपा नेता विशाल मोटवानी स्वाधीन जैन दिनेश अग्रवाल जयेश ठाकुर हिंसाराम साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष रामकिशन सोरी बलदाऊ राजपूत मितेन्द्र वैष्णव भीखम भुआर्य पवन साहू राधिका भारद्वाज रजनी जायसवाल चंद्रलेखा पायला सहित ग्राम पंचायत सरपंच सहित सेकड़ो कार्यकर्ता शामिल रहे।



# बंगलौर में 14वें इंडियन नेशनल मेमोरी चैंपियनशिप में बेमेतरा, छ.ग. से नौ प्रतिभागी हुए शामिल

**बेमेतरा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। बंगलौर में आयोजित 14 वें इंडियन नेशनल मेमोरी चैंपियनशिप में बेमेतरा, छत्तीसगढ़ से 9 प्रतिभागियों का चयन हुआ था इस चैंपियनशियन में कुल 16 राज्यों के 270 प्रतिभागी शामिल हुए थे। इस चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के चार प्रतिभागियों ने पूरे भारत में टॉप 10 में अपना स्थान बनाया। जिसमे सर्वाधिक 7 कैटेगरी में 7 मेडल कु. आर्या चौधरी, छात्रा प्रेरणा विद्यालय, बेमेतरा, शुभम चौधरी, प्रेरणा विद्यालय, बेमेतरा, शिवम साहू, इंडियन पब्लिक स्कूल बेमेतरा, कु. रिमझिम राजपूत, छात्रा स्वामी आत्मानंद, शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम स्कूल ने एक एक मैडल प्राप्त किया। पिछले 14 वर्षों से विभिन्न राज्यों में आयोजित इस नेशनल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ राज्य से पहली बार 9 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। जिसमें एडल्ट कैटेगरी में डॉ.अवधेश पटेल, जूनियर में शिवम साहू, रिमझिम राजपूत और किड्स कैटेगरी में कु. पूर्णता पटेल, कु. दीक्षा जाधव, शुभम चौधरी, प्रत्यक्ष राजपूत, कु. काव्याशा झा, कु. आर्या चौधरी चयनित हुए थे। सभी प्रतिभागी माइंड एंड मेमोरी ट्रेनर डॉ अवधेश पटेल के मार्गदर्शन में यह प्रशिक्षण प्राप्त किए हैं। वैश्विक स्तर में यह



- 4 प्रतिभागी नेशनल टॉप टेन में स्थान बनाने में रहे सफल, छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किए
- किड्स और जूनियर कैटेगरी में कुल 10 मेडल छत्तीसगढ़ को मिला
- 10 कैटेगरी में आयोजित इस नेशनल चैंपियनशिप में प्रेरणा विद्यालय बेमेतरा की छात्रा कु. आर्या चौधरी ने सर्वाधिक 7 कैटेगरी में 7 मेडल प्राप्त की

चैंपियनशिप पिछले 32 सालों से आयोजित हो रहा है जिसमें 30 से अधिक देश शामिल होते हैं जिसमें अमेरिका, जापान, चीन, आदि देश शामिल होते हैं। पिछले 14 सालों से भारत देश से भी नेशनल और वर्ल्ड लेवल मेमोरी चैंपियनशिप में प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। 10 कैटेगरी में यह चैंपियनशिप आयोजित होता है जिसमें रैंडम वर्ड, रैंडम नंबर, स्पीड नंबर, स्पोकन नंबर, हिस्टोरिक एंड फ्यूचर डेट, स्पीड कार्ड, रैंडम कार्ड, नेम्स एंड फेसेस, अब्स्ट्रैक्ट इमेज और बाइनरी नंबर शामिल है। यह चैंपियनशिप इंडियन मेमोरी एंड स्पोर्ट्स काउंसिल द्वारा आयोजित किया गया था जिसके राष्ट्रीय प्रेसिडेंट स्चाड्रन लीडर जयसिम्हा, बंगलुरु, वाइस प्रेसिडेंट सुनील सावंत, मुंबई आदि के मार्गदर्शन में आयोजित होता है। इस आयोजन में आर्बिटर के रूप में एडमिन समाधान महाविद्यालय उमेश राजपूत शामिल हुए। बेमेतरा छत्तीसगढ़ के इन सभी प्रतिभागियों ने माइंड एंड मेमोरी ट्रेनर डॉ.अवधेश पटेल के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त किए थे और ऑनलाइन मुंबई से ट्रेनर नमिता ठाकुर मैडम और सुनील सावंत सर से प्रशिक्षण प्राप्त किए थे। प्रतिदिन प्रैक्टिस में सुभाष निर्मलकर ने सहयोग किए। इस उपलब्धि पर सभी प्रतिभागियों को समाधान महाविद्यालय परिवार और बेमेतरा के नागरिकों ने बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित किए। छत्तीसगढ़ के शिक्षा मंत्री इन सभी प्रतिभागियों को सम्मानित करेंगे।

# मंदिर ट्रस्ट की भूमि वापस करने की मांग को लेकर पार्षद नीतू आमरण अनशन पर बैठी



**बेमेतरा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। राम मंदिर ट्रस्ट की भूमि को वापस करने की मांग को लेकर पार्षद नीतू कोठारी मंगलवार को सुबह 11 बजे से आमरण अनशन पर बैठ गई है। पार्षद नीतू को समर्थन देने दिन भर भाजपा व हिंदू संगठन के नेता धरना स्थल राम मंदिर प्रांगण पहुचे। यहां सभी ने एक स्वर में राम मंदिर ट्रस्ट की भूमि वापस करने व दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग को दोहराया। पार्षद नीतू ने बताया कि बेमेतरा विधायक ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए रिश्तेदार के नाम पर जमीन का अंतरण कराया है।

कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में राम मंदिर प्रांगण में आमरण अनशन शुरू किया गया है।

**हिंदू संगठन के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी आज बेमेतरा पहुचेंगे**- विहिप जिलाध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश स्तर पर भी आंदोलन की तैयारी की जा रही है। बुधवार को हिंदू संगठन के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी रायपुर, दुर्ग समेत अन्य जिलों से बेमेतरा पहुंचेंगे। यहां पार्षद नीतू को समर्थन देने के साथ आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। विहिप जिला अध्यक्ष आदित्य राजपूत के अनुसार बेमेतरा विधायक एक ओर जहां इस प्रकरण व संबंधित व्यक्ति से अपना प्रत्यक्ष व प्रत्यक्ष रूप से कोई भी वास्ता नहीं होने का हवाला दे रहे हैं, लेकिन इस दौरान जमीन का अंतरण को नियमों के तहत होना बताकर सही ठहरा रहे हैं।

**जांच में होंगे बड़े खुलासे, सड़क का निर्माण किस नेता के दबाव में**- लोक निर्माण विभाग की ओर से निजी जमीन पर सड़क निर्माण से सवाल उठ रहे हैं। सड़क का निर्माण किसके कहने पर हो रहा है, इसकी जांच होने पर बड़े खुलासे होंगे। प्रभु श्री राम को काल्पनिक कहने वाले लोग अपने आर्थिक हितों के लिए मंदिर ट्रस्ट की भूमि को भी अदला-बदली करने से बाज नहीं आ रहे हैं। यह सारी प्रक्रिया ऐसे समय में पूरी की गई। जिस समय लोग अपनी जान बचाने के लिए घरों में दुबके हुए थे।

**मांगो के समर्थन में पार्षद नीतू को समर्थन देने पहुंचे लोग**-आमरण अनशन के पहले दिन विहिप अध्यक्ष आदित्य सिंह राजपूत, समरसता प्रमुख संजय शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, सर्व हिन्दू समाज संगठन मंत्री रोशन दत्ता, सरपंच बलराम पटेल, परस वैष्णव, महेश राजपूत, हर्षवर्धन तिवारी, राकेश मोहन शर्मा, तुषार साहू, चम्पेश्वर वर्मा, सुरेन्द्र धीवर, चंद्रशेखर सिंह, झाडू वर्मा ने किया।

# लीनेस क्लब के अध्यक्ष विनोद राघव को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ



**बेमेतरा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। वृंदावन रायपुर में लीनेस क्लब के द्वारा एरिया कॉन्फ्रेंस मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें चार जिले बेमेतरा रायपुर बिलासपुर भिलाई शामिल हुए जिसमें उत्कृष्ट कार्य करने हेतु बेमेतरा जिले की अध्यक्ष विनोद राघव को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ एवं सभी माइक्रो चेयर पर्सन क्रमशः सेवा कार्य करने पर शारदा तिवारी को रक्तदान में वर्षा गौतम को प्रतिभा सम्मान के लिए उमा तिवारी को एवं महिला सुरक्षा की जानकारी के लिए रामेश्वरी साहू को प्रतीक चिन्ह दिया गया तथा आगे भविष्य में भी इस तरह के कार्य करने हेतु उत्साह वर्धन बढ़ाया इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष विनोद राघव कोषाध्यक्ष उर्वशी दास माइक्रो चेयर पर्सन शारदा तिवारी उमा तिवारी वर्षा गौतम कनकलता मिश्रा आरती साहू मौजूद रहे।

# गुम मोबाईल कार्यक्रम में 81 मोबाईल हेंडसेट का किया गया वितरण

**बालोद,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक बालोद डॉ जितेन्द्र कुमार यादव के मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार नायक के निर्देशन व सायबर सेल प्रभारी जोगेंद्र कुमार साहू के नेतृत्व में साइबर जागरूकता अभियान में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत 81 नग गुम मोबाईल हैण्डसेट सायबर सेल टीम द्वारा दीगर राज्य एवं दिगर जिलों से रिकवर किया गया। सामुदायिक पुलिसिंग के तहत जिला बालोद में गुम मोबाईल के संबंध में पुलिस कार्यालय सायबर सेल थाना चौकी से आवेदन प्राप्त हुआ था। जिसमें कार्यवाही करते हुए सायबर सेल टीम बालोद द्वारा गुम मोबाईल हैण्डसेट कम्पनी मोटो, सैमसंग, विवो, ओप्पो, रियलमी, इनफिनिक्स एन्ड्रायड मोबाईल फोन को ट्रेस कर दीगर राज्य मुंबई महाराष्ट्र एवं अन्य जिलों कांकेर, दुर्ग, राजनांदगांव, कबीरधाम, धमतरी, मानपुर मोहला से उसे रिकवर किया गया। जिसमें 81 नग मोबाईल हैण्डसेट को मंगलवार को पुलिस कार्यालय सिवनी बालोद में सभी 81 आवेदकों को उनका गुम मोबाईल सेट प्रदाय किया गया। पूर्व मे भी पुलिस अधीक्षक बालोद के द्वारा 614 नग गुम मोबाईल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिक को सुपुर्द किया जा चुका है।



- पुलिस के हाथों अपने खोए मोबोईल पाकर लोंगों के खिले चेहरे

गुम मोबाईल कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस अधीक्षक बालोद डॉ जितेन्द्र कुमार यादव के द्वारा सभी मोबाईल प्राप्तकर्ताओं को बधाई के साथ ही साइबर ठगी के विभिन्न तरीकों को विस्तार पूर्वक बताते हुए। ठगी से बचने के गुर सुझायें। ठगी के बाद रिपोर्ट का समय अहम होता है आर्थिक ठगी के नुकसान से बचने के लिए पुलिस द्वारा सोशल मिडिया के माध्यम से चलाये जा रहे साइबर कवच अभियान से जुड़कर सतर्क रहने का सुझाव दिया गया। और बालोद पुलिस के से जुड़ कर साइबर क्राईम जागरूकता अभियान में शामिल होकर स्वयं एंव दूसरो को भी साइबर ठगी व अपराध से बचने जागरूक करने अपील किया गया। साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक जोगेंद्र साहू, सउनि धरम भुआर्य, प्रधान आरक्षक भुनेश्वर मरकाम, प्रधान आरक्षक रूमलाल चुरेंद्र, आरक्षक विवेक शाही, आरक्षक पूरन प्रसाद देवगन, आरक्षक विपिन गुप्ता, आरक्षक राहुल मनहारे, आरक्षक संदीप यादव, आरक्षक आकाश दुबे, आरक्षक मिथलेश यादव, आरक्षक योगेश पटेल, आरक्षक गुलजारी साहू, आरक्षक योगेश गेडाम सहित सभी थानों की सराहनीय भूमिका रही।

# संस्कृत भारती जनपद सम्मेलन में कु. वाची शर्मा की प्रस्तुति को सभी ने सराहा

**बालोद,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। विगत दिनों स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर शाला सभागार में संस्कृत भारती विद्या भारती और हिंदी साहित्य भारती के संयुक्त तत्वाधान में संस्कृत भारती जनपद सम्मेलन का आयोजन किया गया। संस्कृत के क्षेत्र में जन जागरण हेतु जिले भर के संस्कृत विद्वानों व संस्कृत अनुरागियों ने अन्यान्य संस्कृत श्लोक का पठन किया। वहीं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय बालोद के दसवीं कक्षा में अध्यनरत कु वाची शर्मा ने वेदांत दर्शन के पावन संस्कृत श्लोक का निरंतर पठनकर व्याख्या की। जिसे संस्कृत भारती जनपद सम्मेलन में उपस्थित समस्त विद्वानों ने कु वाची शर्मा की प्रस्तुति की प्रशंसा करते रहे तथा उन्हें सम्मानित भी किया गया।



एक भेंट में कु वाची शर्मा के पिता राजीव नारायण शर्मा ने बताया की उनकी पुत्री सभी विषयों के साथ ही संस्कृत भाषा के प्रति ज्यादा लगाव रखती है तथा घर में भी संस्कृत के श्लोक का प्रतिदिन वाचन करती है। उनके इस उपलब्धि पर परिवार जनों, गुरुजनों ने उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

# राजीव मितान क्लब के साथियों का कैबिनेट मंत्री गिरीश ने किया सम्मान

**खैरागढ़,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर में राजीव युवा मितान क्लब सम्मान समारोह, सांस्कृतिक भवन खैरागढ़ में आयोजित किया गया जिसमे मुख्य अतिथि छग खनिज विकास निगम अध्यक्ष व राजीव युवा मितान क्लब के राज्य समन्वयक गिरीश देवांगन सहित विधायक यशोदा वर्मा उपस्थित रही। इस दौरान जिले के राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों का सम्मान किया गया। अतिथियों ने आमघाट कांदा में 4 करोड़ 69 लाख की पुलिया व 15 करोड़ 55 लाख के अतिरिक्त कक्ष का भूमिपूजन किया गया।

राजीव युवा मितान क्लब के समारोह में पधारे गिरीश देवांगन ने छत्तीसगढ़ सरकार की उपलब्धियां गिनाई। इस दौरान उन्होंने मंच से सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि खैरागढ़ के नागरिकों के मर्जी के बगैर रायपुर में कोई कैंपस नही खुलेगा। राजीव युवा मितान क्लब के समस्त सदस्यो की जिम्मेदारी शासन की योजनाओ के लाभ को नागरिकों तक पहुंचाने की है। लोकहितकारी व शासन की योजनाओं की जानकारी लोगो को देना है। रीपा, राजीव गांधी किसान न्याय योजना की समस्त नागरिकों को अवगत कराकर लाभ दिलाना है। छ.ग. सरकार लोक पर्व हरेली, तीज, पोरा, छेरछेरा आदि पर लगातार काम कर रही है, रामवनगमन पथ का निर्माण करा चुकी है।



- खैरागढ़ के नागरिकों की मर्जी के बगैर रायपुर में कोई कैंपस नही खुलेगा- गिरीश देवांगन

**अतिथि, विधायक, सीएम के सलाहकार व कलेक्टर ने किया सम्बोधित**- कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ ग्राम के अंतिम छोर तक पंहुचाना है। इस दौरान मंच से पुत्र को याद कर भावुक हुई, तब उपस्थित लोगों ने ढाढस बंधाया। विशिष्ट अतिथि सीएम के सलाहकर प्रदीप शर्मा, जीव जंतु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष आलोक चंद्राकर एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला के कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सभा को सम्बोधित कर युवा मितान क्लब के बेहतर कार्यों का उल्लेख किया। कार्यक्रम में जिले के राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों को सम्मानपत्र देकर सम्मानित किया गया। सीएम के सलाहकार प्रदीप शर्मा ने कहा कि अच्छे कार्य के लिए राजीव युवा मितान क्लब के साथियों को बधाई दी। कलेक्टर ने साल्हेवारा बाढ़ पीड़ितों के बचाव व राहत कार्य मे सहयोग के लिए जिले के युवा मितानों को शाबाशी दी और लोककल्याण के कार्य मे सहयोग की बात कही।

**केसीजी में 20 करोड़ 14 लाख के विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन**- खैरागढ़ के पश्चात अतिथियों ने आमघाट कांदा में पहुँचकर 4 करोड़ 69 लाख की पुलिया और 15 करोड़ 55 लाख के अतिरिक्त कक्ष का भूमिपूजन किया। इस प्रकार जिला में 20 करोड़ 14 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। सम्मान समारोह कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र वर्मा, जनपद अध्यक्ष लीला प्रकाश मंडावी, मंडी अध्यक्ष दशमत उत्तम जंघेल, संजू चंदेल, सभापति विप्लव साहू, पूर्व विधायक गिरवर जंघेल वरिष्ठ समाजसेवी गजेंद्र ठाकरे, नीलाम्बर वर्मा, भीखम छाजेड़, आकाशदीप, रामकुमार पटेल, रमेश साहू, मोतीलाल जंघेल, मनराखन देवांगन, राजा सोलंकी, भवानी बहादुर सिंह, संयोजक मयूरी सिंह, नदीम मेमन, हरजीत सिंह, मीरा गुलाब चोपड़ा, एल्डरमेन किरण झा आरती यादव, हबीब खान, सज्जाक खान, यतेंद्रजीत सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि जिले भर से आये राजीव युवा मितान क्लब के सदस्य,सहित अन्य नागरिक गण उपस्थित रहे।

# गुण्डरदेही अर्जुन्दा व माहुद स्वास्थ्य केंद्र को मिली नई महतारी एक्सप्रेस

**गुण्डरदेही,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुण्डरदेही को एक अर्जुन्दा को एक व माहुद को एक निशुल्क 102 नए महतारी एक्सप्रेस वाहन मिली है मंगलवार को विधायक कुंवर सिंह निषाद ने तीनो वाहनो का पुजा अर्चना कर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गुण्डरदेही बीएमओ मारकंडे ने बताया कि विधायक कुंवर सिंह निषाद के प्रयास से शासन द्वारा तीन नए 102 महतारी एक्सप्रेस प्राप्त हुआ है विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि तीनो जगह गुण्डरदेही अर्जुन्दा व माहुद स्वास्थ्य केंद्र को तीन नई गाड़िया शासन से प्राप्त हुआ है जो क्षेत्र के गर्भवती महिलाओ व शिशुवती माताओ को उपचार हेतु लाने ले जाने मे मदद मिलेगी इस अवसर पर पुर्व नगर पंचायत अध्यक्ष केके राजू चंद्राकर संजु सोनकर पार्षद सलीम खान सोहन सोनी हलेश कुमार साहू बीएमओ सत्येंद्र मारकंडे डां एपी चन्द्राकर युगल किशोर साहू सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



# गांधी जयंती पर श्रीपार्श्व दिव्यांग विद्या मन्दिर में किया पौध रोपण

**बालोद,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्राम उमरदहा बालोद स्थित श्री पार्श्व दिव्यांग विद्या मंदिर में गांधी जयंती धूमधाम से मनाई गई। विद्यालय प्रांगण में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। वहीं दिव्यांग बच्चों को ड्राइंग पेंटिंग भी धमतरी, डौन्डी लोहारा व बालोद के हेल्प एंड सर्व फाउंडेशन के सदस्यों ने सिखाई। श्री पार्श्व दिव्यांग विद्या मंदिर लगभग लगभग 6 माह पहले प्रारंभ हुआ है। यहां वर्तमान में लगभग 15 बच्चे शिक्षारत हैं। 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती अवसर पर विद्यालय प्रांगण में बाफना परिवार एवं हेल्प एंड सर्व ग्रुप द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अलावा डॉ प्रदीप जैन कि सहयोग से बच्चों का ब्लड ग्रुप चेक किया गया। हेल्प और सर्व ग्रुप द्वारा बच्चों को ड्राइंग व पेंटिंग सिखाई गई।




इस अवसर पर सुलतानमल सजना देवी बाफना चैरिटेबल ट्रस्ट उमरादाह बालोद के चेयरमेन मूलचंद जैन, वाइस चेयरमैन मदनलाल जैन, प्रेसिडेंट गौतम जैन, सेक्रेटरी अरुण जैन, स्कूल के शिक्षक दुष्यंत साहू, प्रेस क्लब बालोद के अध्यक्ष प्रदीप चोपड़ा, हेल्प एंड सर्व फाउंडेशन के संयम जैन, हर्ष जैन, नमो चोपड़ा, मुकेश अग्रवाल, ऋषि जैन, अमन जैन, मुदित जैन आदि उपस्थित रहे।

श्री पार्श्व दिव्यांग विद्या मंदिर में अध्ययनरत सभी 15 बच्चे मूकबधिर हैं। उनके शिक्षक दुष्यंत साहू भी मूकबधिर है। सभी बच्चों के यहां रहने खाने पीने की भी पूरी व्यवस्था संस्था द्वारा निशुल्क दी जा रही है। संस्था के प्रेसिडेंट गौतम जैन ने बताया कि यहां पर डौन्डी, मानपुर आदि वन क्षेत्र से भी बच्चे आए हुए हैं। आसपास के गांव के भी बच्चे हैं। सभी बच्चे यहीं रहते हैं उनको संस्था द्वारा पूरी सुविधा दी जा रही है। ट्रस्ट के पदाधिकारियो ने बताया कि स्कूल फिलहाल साढ़े तीन एकड़ कैंपस में संचालित है। सर्व सुविधायुक्त भवन भी बनाया गया है। आगे इसके और विस्तार की योजना है। यहां केवल मुख बधिर बच्चों को शिक्षा दी जा रही है। उनके व्यक्तित्व विकास की ओर भी संस्था द्वारा ध्यान दिया जा रहा है। सभी सुविधाएं निशुल्क दी जा रही है।

# छत्तीसगढ़ सरकार जनता की आकांक्षाओ और उम्मीदों को कर रही पूरा: छाबड़ा

- विधायक ने ग्राम सिलघट(प) में भवन निर्माण,रोड़ निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्य निर्माण 64 लाख रुपए की दी सौगात

**बेमेतरा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सिलघट(पा) में आयोजित भूमिपूजन एवं लोकार्पण समारोह में मुख्यअतिथि आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा हुए शामिल

सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर साहू समाज सामुदायिक भवन निर्माण 05 लाख, मां महामाया मंदिर में मंच निर्माण 05 लाख रुपए का फीता काट लोकार्पण सहित बस्ती पहुंच मार्ग 49 लाख, पंचायत भवन में आहता एवं सी.सी.रोड निर्माण 05 लाख़ रुपए का नारियल तोड़ भूमिपूजन किए।

इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने संबोधित करते हुऐ कहा की आज बढ़ा हर्ष का विषय है,ग्राम सिलघट के लिए आज का यह दिन स्वर्णिम दिवस ऐतिहासिक दिन के रूप में जाना जायेगा 64 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्य साहू समाज सामुदायिक भवन निर्माण 05 लाख़, मां महामाया मंदिर में मंच निर्माण 05 लाख रुपए के विकास कार्य का लोकार्पण सहित आगनबाड़ी 01 से आगनबाड़ी 02 तक पहुंच मार्ग निर्माण 49 लाख, पंचायत भवन में आहता एवं रोड़ निर्माण कार्य 05 लाख रुपए के विकास कार्य का आज भूमिपुजन किया गया,शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामिण अंचलों तक जनसामान्य को बुनियादी सुविधा मुहैया कराना प्रदेश सरकार की पहली प्राथमिकताओ में से एक है,कोरोना काल के बावजूद राज्य के सभी क्षेत्र में विकास एवं निर्माण का कार्य अनवरत रूप से जारी रहा है, और लगातार बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में अनेकों विकास कार्यों को और गति मिल रही है,भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य के विकास एवं निर्माण कार्यों के लिए किसी भी तरह के संसाधन की कोई कमी नहीं होगी,जनता की आकांक्षाओं और उम्मीदों को छत्तीसगढ़ की सरकार पूरा कर रही है। गाँव, गरीब किसानों और मजदूरों के हित में सरकार द्वारा लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। प्रदेश में विकास कार्यों का सिलसिला लगातार चल रहा है।2018 के विधानसभा चुनाव में जनता ने कांग्रेस को 68 सीटे देकर सरकार बनाने का मौका दिया, सबसे पहले राज्य सरकार ने किसानों से वादा किया था की किसानों का कर्जा माफ करेंगे 17 दिसंबर 2018 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शपथ ग्रहण करने के बाद मंत्रालय में जाकर सबसे पहले 19 लाख किसानों का लगभग 10 हजार करोड़ रूपये का कर्ज माफ किया। दूसरा वादा था की किसानों का धान का समर्थन मूल्य 2500 रूपये में खरीदेंगे,प्रदेश कांग्रेस की सरकार ने 2500 रूपयें में धान खरीदा,साथ ही 20 चिंटल धान खरीदनें का ऐतिहासिक निर्णय लिया। हमारी सरकार आने के बाद किसानों को बहुत लाभ हुआ है,पहले भाजपा सरकार के समय 16 लाख किसान धान बेचते थे,अब कांग्रेस पार्टी के सरकार बनने से 24 लाख किसान साथी धान बेचते है, किसानों की चिंता अगर कोई करता है तो वह किसान के बेटा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करते है,,कृषि क्षेत्र , व्यापार क्षेत्र, बहुत बढ़ा है, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने रोजगार के अवसर भी प्रदान किये है,मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किसानों के मांग के अनुरूप प्रदेश में धान खरीदी का दायरा बढ़ाते हुए प्रति एकड़ 15 चिंटल से बढ़ाकर 20 चिंटल प्रति एकड़ किया गया है, साथ ही इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की राशि प्रति चिंटल 2500 रूपए से बढ़ाकर 2800 रूपए की गई है,प्रदेश में भूपेश सरकार जब से छतीसगढ में आईं है तब से गांव, गरीब, किसान खुशहाल है,सरकार का प्रमुख उद्देश्य समाज के अंतिम छोर के लोगों का विकास करना है,आज प्रदेश सरकार, पूरे देश मे सबसे ज्यादा कीमत पर किसानों का धान खरीद रही है,किसान पुत्र मुख्यमंत्री ने प्रदेश के हर वर्ग का समुचित विकास किया है,प्रदेश के भूमिहीन किसान परिवारों को प्रतिवर्ष 7 हजार रुपए दे रही है,प्रदेश में गोठानों में वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन कराकर जैविक खाद के उपयोग को बढ़ावा देकर छत्तीसगढ़ को जैविक खेती की ओर आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया है,इस अवसर पर हीरादेवी वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला,नवाज खान उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला, रामेस्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेरला,जीवन साहू सरपंच,बल्लू सिंह राजपुत, मोहित साहू सरपंच, प्रवीण शर्मा,गौरीशंकर शर्मा,राजू साहू, लोकराम साहू,चैतराम साहू,गजेंद्र साहू, मनोज शर्मा,रवि रजक,निर्मल साहू, लालचंद साहू,कृष्णा साहू,प्रकाश साहू,प्रहलाद साहू,नरेंद्र साहू, लक्षण साहू,राजकुमार साहू,सतीश साहू,शोभित साहू,रामकुमार साहू,पप्पू आडील,केजू साहू,रोहित साहू,भागीरथी साहू,टेकराम साहू,लेखराम साहु,नरोत्तम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी रहे उपस्थित।



# सीएम बघेल ने छत्तीसगढ़ को मॉडल स्टेट के रूप में पूरे देश के समक्ष प्रस्तुत किया : धनेश पाटिला

**राजनांदगांव,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। पूर्व मंत्री एवं अंत: व्यवसायी सहकारी वित्त विकास निगम के अध्यक्ष धनेश पाटिला ने कहा कि छत्तीसगढ़ को विकासशील से विकसित बनाने की ओर लोकप्रिय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का प्रयास अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय है। श्री बघेल ने अपनी जनहित ऐसी योजनाओं के माध्यम से हर वर्ग को खुश करने का प्रयास किया है। 5 साल में उन्होंने 175000 करोड रुपए खातों में डाले हैं। इससे लोगों को बड़ी राहत मिली है यही कारण है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार रिपीट होने की संभावना बलवती हो गई है। सर्वे रिपोर्ट से यही खबर मिल रही है जो छत्तीसगढ़ के विपक्ष और केंद्र की सत्ता सीन भाजपा के लिए चिंता बढ़ाने वाली है। श्री पाटिला ने कहा कि 15 साल की भाजपा सरकार के दौरान जनता में इतनी खुशी नहीं थी जितनी की कांग्रेस के 5 साल के शासनकाल में हुई है मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने किसान, मजदूर, व्यापारी, सरकारी कर्मचारी सहित सभी वर्ग के लिए विभिन्न तरह की योजनाएं लाकर उनके खातों में रकम का ट्रांसफर किया है जो कांग्रेस के प्रति विश्वास को मजबूत करने वाली है।



श्री पाटिला ने आगे कहा छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किसानों, मजदूरों, आदिवासियों से लेकर महिलाओं, युवाओं, बुजुगों और कारोबारियों का रखा ख्याल जो कहा, सो किया वादे से ज्यादा दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश सरकार की योजनाओं को कुछ इस तरह गिनाया है 93,724.79 करोड़ रुपये किसानों को धान खरीदी का भुगतान, 23,893 करोड़ रुपये 24.52 लाख किसानों को इनपुट सब्सिडी, 9,270 करोड़ रुपये 18.82 लाख किसानों का कृषि ऋण माफ, 344 करोड़ रुपये 17 लाख किसानों का वर्षों से लंबित सिंचाई कर माफ, 12,000 करोड़ रुपये सिंचाई पम्पों पर बिजली बचत, 758 करोड़ रुपये 5.63 लाख भूमिहीन कृषि मजदूरों को आर्थिक सहायता, 271.60 करोड़ रुपये गोबर विक्रेताओं को गोबर खरीदी का भुगतान, 3,348 करोड़ रुपये तेंदूपत्ता पारिश्रमिक एवं प्रोत्साहन राशि, 388 करोड़ रुपये 6 लाख वनाश्रितों से लघु वनोपज खरीदी, 179 करोड़ रुपये गौठानों में 18,164 महिला समूहों की आय, 183 करोड़ रुपये 1.35 लाख शिक्षित बेरोजगारों को भत्ता, 12 करोड़ रुपये 5,845 महिला स्व-सहायता समूहों का ऋण माफ, 2,560.73 करोड़ रुपये 2.47 लाख समूहों को बैंक क्रेडिट लिकेज से, 4,104.45 करोड़ रुपये उपभोक्ताओं को बिजली बिल में छूट, 33 करोड़ रुपये पीएससी और व्यापमं परीक्षाओं की शुल्क समाप्ति से राहत, 18.51 करोड़ रुपये नोनी सशक्तीकरण के लिए 9,257 हितग्राहियों को, 75 करोड़ रुपये 25 हजार कन्याओं की कन्यादान राशि (15 हजार से बढ़ाकर 50 हजार रु), 5 करोड़ रुपये निर्माण श्रमिकों को आवास निर्माण के लिए 25-25 हजार रु के मान से, 64 करोड़ रुपये निर्माण श्रमिकों एवं उनके आश्रितों को सहायता, 295 करोड़ रुपये विभिन्न समाजों के कार्यों हेतु स्वीकृत राशि, 52 करोड़ रुपए विभिन्न समाजों को आबंटित 2.37 लाख वर्ग फुट भूमि पर राहत, 23,420 करोड़ रुपये अन्य योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को दी गई राशि आदि।

■ विभिन्न योजनाओं के तहत हर वर्ग के खाते में 175000 करोड़ रुपए डालकर किया कांग्रेस का मार्ग प्रशस्त

# अजाक्स प्रतिनिधि मंडल ने एम.डी. कावरे से की सौजन्य मुलाकात



**राजनांदगांव,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। आयुक्त दुर्ग संभाग के पद से विशेष सचिव आवास एवम पर्यावरण विभाग में पदोन्नत होने पर , अजाक्स राजनांदगांव ने दिनाँक 02/10/2023 को महादेव कावरे (आईएएस ) से सौजन्य मुलाकात कर उनके पदोन्नति के लिए बधाई व शुभकामनाएं दिए। इस अवसर पर अजाक्स के प्रांतीय संरक्षक डॉ. के.एल. टान्डेकर , जिलाअध्यक्ष सिद्धार्थ चौरे, सचिव दिनेश सुधाकर, सह सचिव प्रशांत सुखदेवे, मीडिया प्रभारी प्रदीप कुमार रामटेके उपस्थित रहे।

# संभाग स्तर पर- सोमनी प्राचार्या उत्कृष्ट प्राचार्य से हुई सम्मानित



**राजनांदगांव,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। शास.उ.मा.शाला सोमनी के प्राचार्य श्रीमती वीथिका साहू का चयन मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान-समारोह- शिक्षण संभाग दुर्ग में उत्कृष्ट प्राचार्य हेतु किया गया।श्रीमती वीथिका साहू सोमनी प्राचार्य को उक्त सम्मान दुर्ग में विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा प्रशस्ति पत्र, शाल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिकारीगण उपस्थित थे।

श्रेष्ठ प्राचार्य का सम्मान सोमनी प्राचार्य को मिलने पर सोमनी सहित अंचल के ग्रामों,शाला परिवार, छात्रों, पालकों एवं शाला विकास समिति के पदाधिकारियों में हर्ष व्याप्त है। सभी ने उक्त पुरस्कार के लिये प्राचार्य को बधाई दी है। शाला एवं ग्राम सोमनी गौरान्वित हुआ है श्रीमती साहू प्राचार्य के रूप में जबसे पदस्थ है, शाला में अनुशासन, बोर्ड परीक्षा का परीक्षाफल हमेशा उत्कृष्ट रहा है, खेल गतिविधियों के अलावा अन्य क्षेत्रों कार्यक्रमों में सोमनी स्कूल हमेशा अग्रणी रहा है।

# फिजियोथैरेपिस्ट स्टेट कॉन्फ्रेंस में सम्मानित हुए डॉक्टर हर्ष मोतीरामानी



■ मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री भी थे कार्यक्रम में शामिल

**राजनांदगांव,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश की राजधानी रायपुर में बीते माह फिजियोथैरेपिस्ट स्टेट कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया । उक्त गौरवशाली आयोजन में प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल सहित उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव भी उपस्थित थे । अपनी तरह के पहले कॉन्फ्रेंस में राज्य भर के फिजियोथैरेपिस्ट को उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया । इसी गौरवशाली आयोजन में राजनांदगांव नगर के सुप्रसिद्ध फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. हर्ष मोतीरमानी को भी उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया ।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मुख्य आतिथ्य में राजधानी रायपुर स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा सभागार में राज्य के पहले च्च फिजियोकॉन च्च 2023 का आयोजन किया गया । इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने संबोधित करते हुए प्रदेश भर के फिजियोथेरेपिस्ट की सेवाओं को शारीरिक दर्द से लेकर लकवा , न्यूरो आदि जैसी बीमारी में मददगार बताया । विशेष रूप से कोरोनाकाल में फिजियोथैरेपिस्ट ने जिस प्रकार अपनी सेवाएं दी है और प्रभावित लोगों को देते आ रहे हैं उसकी मुख्य अतिथि सहित उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव मुक्तकंठ से सराहना की । कार्यक्रम में इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथैरेपिस्ट के अध्यक्ष डा .संजीव झा भी उपस्थित थे , उन्होंने भी सभा को संबोधित किया । डॉ हर्ष मोतीरमानी को उनकी सेवाओं के लिए अतिथि द्वय द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के पश्चात उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव ने डॉक्टर हर्ष मोतीरमानी के साथ सार्थक चर्चा भी की ।

# शिवसेना ने किया गौ हत्या के खिलाफ गौ तस्करो का पुतला दहन



**राजनांदगांव,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। लगातार हो रही गौ तस्करी और गौ हत्या को रोकने के उद्देश्य से शिवसेना पार्टी द्वारा मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया गया। पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने मानव मंदिर चौक में गौ तस्करों का पुतला दहन किया और ऐसे कृत्य में लिप्त लोगों पर धारा 302 के तहत मुकदमा चलाने की मांग की गई।

पार्टी के जिला अध्यक्षक कमल सोनी ने बताया कि इस तरह का प्रदर्शन पूरे प्रदेशभर में एक साथ मंगलवार को दोपहर 3 बजे किया गया। प्रदर्शन के दौरान राजनांदगांव विधानसभा प्रत्याशी माखन यादव, डोंगरगांव विस प्रत्याशी सुमीत बंजारे, जिला उपाध्यक्ष मोहन सिन्हा, शहर अध्यक्ष आकाश सोनी, गोपेंद्र साहू, गजेंद्र गवरे,कृष्णा,हरशु यादव, नलीकंठ यादव, शंकर वैश्य, पवन सोनी सहित अन्य शिवसैनिक मौजूद रहे।

# 20 साल बाद बरनाला डायवर्सन से किसानों के खेतो में पानी आने की उम्मीद: सुरेश



**डोगरगढ़,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। ब्लॉक के वनांचल ग्राम घोटिया बरनारा खुर्द डायवर्सन कार्य सन 2002 में तत्कालीन सिंचाई मंत्री धनेश पाटीला के समय कार्य प्रारंभ हुआ था जो छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद 16 साल तक काम रुक गया था जिससे क्षेत्र के किसान हित देखते हुए डोंगरगढ़ विधायक एवं अध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण भुनेश्वर बघेल ने सिंचाई मंत्री रविंद्र चौबे को क्षेत्र के किसान की मांग को रखा और कार्य स्वीकृत हुई टेंडर हुए जो कि पिछले 2 साल से विनीत कंट्रक्शन कंपनी कार्य कर रहे हैं जिसमें मात्र 30 मी का मिट्टी एवं पत्थर सफाई बचा हुआ है जो पुन: कम शुरू किया गया है जिससे 20 सालों से अधूरा काम पूरा होने की उम्मीद जगी है इन कार्य के लिए डोगरगढ़ विधायक भुनेश्वर बघेल ,पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, डोंगरगाव विधायक दलेश्वर साहू ,ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, किसान नेता गोकुल वर्मा लगातार सिंचाई विभाग और विनीत कंस्ट्रक्शन कंपनी के संपर्क में है जिससे किसानों को जल्द से जल्द लाभ हो सके ।

# विधानसभा स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में पहुंचे प्रतिभागी

**डोगरगढ़,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजीव युवा मितान के तत्वावधान में विधानसभा स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन कन्या शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया । जिसमें भारत में जन्मे महापुरुषों के जीवन, संघर्ष एवं छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं पर आधारित महापुरुषों के जीवन संघर्ष के ऊपर तमाम प्रश्नों को उतारा गया था जिससे प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखने को मिला । परीक्षा के पश्चात प्रतिभागियों से बातचीत में पता चला कि उन्होंने भारत की धरती में जन्मे इन महापुरुषों के बारे में पहली बार इतना पढ़ा है उन्हें एहसास हुआ कि भारत के इतने बड़े लोकतंत्र को बढ़ाने में इन महापुरुषों की अलग ही भूमिका है इसीलिए हमारा देश इतना महान है । राजीव युवा मैदान क्लब के अध्यक्ष चंद्रशेखर बोरकर ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन करने का उद्देश्य भारत की धरती में जन्मे तमाम महापुरुषों के जीवन संघर्ष के बारे में आज के युवाओं को जानना जरूरी है साथ ही साथ छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं के बारे में भी उनका ध्यान आकर्षित करना अत्यंत आवश्यक था इसलिए इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिया में लगभग 500 प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया आने वाले समय में भारत में जन्मे हर महापुरुषों के बारे में लोगों को जागरूक किया जाएगा ।



कार्यक्रम में हीरालाल मौर्य, सीमा सहारे,संदीप गजभिये, पुरुषोत्तम रामटेके,राजकमल ऊके, गाँधी तन्मय टांडिया,संजू गजभिये,प्रीति लाटिया, संतोष सहारे व कन्या शाला के प्राचार्य एल के द्विवेदी सहित शिक्षकों का विशेष योगदान रहा , कार्यक्रम को सफल बनाने में राजीव युवा मितान क्लब के उपाध्यक्ष बादल वालदे,आशीष डोंगरे,सचिव रवि यादव ,हेमन्त अम्बादे, विवेक अम्बादे,राहुल अम्बादे,समीर डोंगरे,सिमरन साखरे,बरखा राहुल डाहाट , बागड़े,शुभम खोबरागड़े, सलीम मेमन, सागर रजक, रवि यादव सहित बड़ी संख्या में राजीव युवा मितान क्लब के सदस्य उपस्थित थे !

# स्वच्छता दीदियों व राजीव युवा मितान क्लब को नलिनी ने किया सम्मानित



**डोगरगढ़,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर में महात्मा गांधी की जयंती पर छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की सचिव एव एससी डिपार्टमेंट छत्तीसगढ़ की प्रदेश उपाध्यक्ष नलिनी मेश्राम के द्वारा डोंगरगढ़ शहर के विभिन्न वार्डो में अलग अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया सर्व प्रथम महात्मा गांधी एवं लाला बहादुर शास्त्री के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुवात की गई जिसके पश्चात वार्ड नंबर 1 के एस . एल. आर. एम.सेंटर में स्वच्छता दीदियों का सम्मान किया गया वही दंतेश्वरी पारा वार्ड नंबर दो के देवार पारा में बच्चो को कापी पेन का वितरण भी किया गया साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरण तथा राजीव युवा मितान क्लब के युवाओं का भी सम्मान किया गया इस अवसर पर सुमन प्रजापति महिला कांग्रेस लोकसभा प्रभारी राजनांदगांव ,मिशन क्लीन सिटी प्रभारी नितिन बक्सी, पी आई यू, विनीता राय, राजीव युवा मितान क्लब के अध्यक्ष सागर रजक, चंद्रशेखर बोरकर, उपाध्यक्ष बादल वाल्दे, हेमंत अंबादे, विवेक वासनिक, शुभम् खोबरागड़े, मिशन क्लीन सिटी के सुपर वाइजर नावेद खान, मौसम कुंभलवार, एवं महिला स्वच्छता दीदी एवं पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।

# नपा में स्वच्छता पर रंगोली प्रतियोगिता,सफाई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र दे किया सम्मान

■ स्वच्छता में हमारा एक कदम पुरे भारत को स्वच्छ बनाने में करेगा मदद :अध्यक्ष सोरी

■ देश में स्वच्छता से ही स्वास्थ्य व समृद्धि संभव :उपाध्यक्ष नायक



**डौण्डी,**3 अक्टुबर (देशबन्धु)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को नगर पंचायत डोंडी में स्वच्छता पर रंगोली प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित किया गया। रंगोली मे भाग लिए प्रतियोगियों को सम्मान पत्र एवं सफाई कर्मियों व स्वछता दीदी का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया।और नगर पंचायत के अधिकारियों जन प्रतिनिधियों सहित कर्मियों द्वारा स्वच्छता का संकल्प लिया गया। नगर पंचायतअध्यक्ष सोमेश सोरी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाया गया।उन्होने कहा की महात्मा गांधी जिस भारत का सपना देखा था उसमें सिर्फ राजनैतिक आजादी ही नहीं थी, बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी थी।महात्मा गांधी ने गुलामी की जंजीरों को तोड़कर माँ भारती को आजाद कराया।उन्होने कहा की सर्व सुलभ प्राकृतिक समुद्री जल से बने नमक को जो सभी घरों में विधामान ,जिसे एक आंदोलन का प्रतिक बना सकते है यह गांधी ही कर सकते है।नमक कानून तोड़ने की यह घटना सभी भारतीयों को एकसूत्र में बांधने वाली घटना थी उन्होने यह भी कहा की क्या कोई देश बिना रक्त क्रांति के स्वतंत्रता व तानाशाही से मुक्ति पा सकता है इस यक्ष प्रशन का हल महात्मा गांधी बन कर उभरे है। जिनके आर्दश में चल कर अब हमारा कर्तव्य है कि देश से गंदगी को दूर करके भारत माता की सेवा करें।साथ ही कहा की मैं शपथ लेता हूँ कि मैं स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहूँगा मैं न गंदगी करूँगा न किसी और को करने दूंगा। उन्होने आगे कहा की स्वच्छता की तरफ बढ़ाया गया हमारा एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा। इसके लिए हम सब को जागरूकता के साथ दूसरे को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत उपाध्यक्ष डॉ. रुपेश नायक ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन करते हुए कहा की हमे स्वच्छता को अपने आचरण में उतारना होगा तभी हम इसके प्रति सजग रहेंगे। देश में स्वच्छता से ही.स्वास्थ्य व समृद्धि संभव है।इस अवसर पर पालिका सी एम ओ संतोष कुमार देवांगन उप अभियंता भूपेंद्र दिली लेखापाल रत्न भूषण वाहने, प्रदीप यादव सफाई दरोगा, संदीप यादव, सम्मेलॉल साहू, पीताम्बर यादव, दीपक साहू, डोमन निषाद, विमल भुआर्य, रामकुमार लाटिया, चंद्रशेखर रावटे, किशोर यादव, मोहन नागवंशी एवं समस्त अधिकारी,कर्मचारी,पार्षद गण बलिराम धनकर, मातरम दास कोसरे, पल्टन भुआर्य नगर पंचायत डोंडी के सभी कर्मचारी अधिकारी गण, जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

# 40 ग्रामीणो ने आप पार्टी का दामन थामा

**गुण्डरदेही,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्राम बोरगहन फुड़ा में आम आदमी पार्टी के युवा कार्यकर्ता एडवोकेट जसवंत सिन्हा व आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा डोर टू डोर गारंटी कार्ड का वितरण एवं जन चौपाल के माध्यम से ग्रामीण जनों को पंजाब और दिल्ली के कार्यों को विस्तर से बताया गया जिससे प्रभावित होकर बोरगहन के 40 ग्रामीणो ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया जिसमें टेकराम कोसरे नंद बघेल दिलेश चंद्राकर राहुल यादव राकेश ठाकुर सागर साहू आदित्य साहू कौशल चंद्राकर लिपेंद्र यादव वासदेव साहू योगेश साहू पारस चंद्राकर संजू ठाकुर देवकी बाई सुमित्रा साहू धनेश्वरी यादव ज्ञानेश्वरो किरण सागर रमिन बाई नन्दनी बाई ने आम आदमी पार्टी में शमिल हुए सभी नव प्रवेशी कार्यकर्ताओ को आप नेता जसवंत सिन्हा ने पार्टी की टोपी और गमछा पहनकर स्वागत किया गया इस अवसर पर कुणाल कुर्रे ओमप्रकाश सिन्हा सुरेन्द्र यादव ओमप्रकाश साहू सुमीत साहू रवि सिन्हा आदि उपस्थित थे



# केंद्र की गलत नीतियों से देश में महंगाई और बेरोजगारी बड़ी



**गुण्डरदेही,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को कांग्रेस ने भरोसा यात्रा निकाली भरोसा यात्रा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही अर्जुन्दा व देवरी के जनप्रतिनिधि तथा कार्यकर्ता शामिल हुए भरोसा यात्रा के समापन पर गुण्डरदेही में आम सभा को संबोधित करते हुए संसदीय सचिव व विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि भाजपा के बीते 15 साल के कार्यकाल में किए गए भ्रष्टाचार और कुशासन को जनता कभी भूल नहीं पाएगी केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार कि गलत नीतियों से देश में महंगाई और बेरोजगारी बड़ी है केंद्र सरकार ने वादा खिलाफी कर देश के सामने झूठ पेश किया है उन्होंने कहा कि किसान के जेब में पैसा जाता है तो दर्द भाजपाइयों को होता है। प्रदेश की भूपेश बघेल सरकार किस तरह से किसानों, मजदूरों, महिलाओं सहित सभी वर्गों और विशेष तौर पर गांव में आर्थिक मजबूती के लिए काम किया हैं भूपेश बघेल सरकार गांव, गरीब, किसान, युवा तथा महिलाओं के भरोसे की सरकार है भाजपा के नेता जब भी छत्तीसगढ़ में आते हैं झूठ बोलकर चले जाते हैं कार्यक्रम में अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बालोद चंद्रप्रभा सुधाकर जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भोजराज साहू अर्जुन्दा संतु राम पटेल देवरी अध्यक्ष कोदूराम दिल्लीवार रामस्वरूप साहू प्रकाश नाहटा हुमन साहू संजय साहू केके राजू चन्द्राकर आलोक चन्द्राकर नुरुल्ला खान जनपद सदस्य ममता चंद्राकर नपं अध्यक्ष चन्द्रहास देवांगन सागर साहू सहित कांग्रेस के पदाधिकारी जनप्रतिनिधि युवा कांग्रेस एनएसयूआई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ीसंख्या में उपस्थित थे।

## संपादकीय

### बड़े सपनों के लिये बड़े अपराध

लालच ही मनुष्य को अपराध की राह पर ठेलती है। ऐसा कुछ भी पाने की इच्छा जो जायज न हो अथवा जिस पर खुद का कानूनी या नैतिक हक न हो, उसे पाने की कोशिश करना या प्राप्त कर लेना गैरकानूनी है। चोरी, लूट, डकैती, धोखाधड़ी, ठगी इसलिये आपराधिक कृत्यों में आते हैं क्योंकि जो कुछ लूटा या हथियाया जाये वह दूसरों का होता है। वैसे यह भी सच है कि कई लोग मजबूरी के चलते अपराध की दुनिया में आ जाते हैं या फिर उन्हें ऐसे कामों में डाल दिया जाता है। ऐसे लोग कम ही होते हैं जो इसे अपना पेशा बना लेते हैं। अब एक नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है। लोग अब सिर्फ बुनियादी ज़रूरतों को पूरा करने के लिये अपराध नहीं कर रहे हैं वरन अपने बड़े सपनों को पूरा करने के लिये बड़े अपराध करने में भी नहीं हिचकिचा रहे हैं।

भिलाई में पीजी के रूप में रहने वाले लोकेश श्रीवास को गिरफ्तार कर उससे 25 करोड़ रुपये मूल्य के जेवर व नकदी बरामद की गई। उसके बारे में पुलिस ने जो खुलासे किये हैं वे चौंकाने वाले हैं और यह बतलाने के लिये काफी है कि समाज किस अवस्था में पहुंच चुका है। भिलाई के साथ दिल्ली व रायपुर से कई चोरियों को अंजाम देने वाला लोकेश कवर्धा में एक आलीशान सेलून खोलने का आकांक्षी था और इसी उद्देश्य से वह बड़ी चोरियां कर रहा था। अमूनन बड़ी घटनाएं करने वाले छोटे-बड़े समूहों में कार्रवाइयां करते हैं। इसके विपरीत लोकेश हर चोरी को अकेला करता आया है। उसकी महत्वाकांक्षा इतनी बड़ी थी कि वह सोने की कैंची, कंघी व उस्तरा से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भी बाल काटना चाहता है। इस सपने को पूरा करने के लिये वह अपराध कर राशि एकत्र कर रहा था। फिलहाल वह पुलिस की गिरफ्त में है जिसे दिल्ली से गिरफ्तार किया गया।

यह कृत्य बतलाता है कि अति महत्वाकांक्षा बहुत खराब होती है। जो लोग धन कमाने के लिए शार्टकट अपनाते हैं वे गलती करते हैं- यह इस घटना से साबित होता है। जीवन में बड़े सपनों को पूरा करने के लिये अपराध के जरिये रास्ता बनाना ठीक नहीं होता। सही योजना, समर्पण और कड़ी मेहनत के अलावा कोई दूसरी राह ठीक नहीं होती। गलत तरीकों से प्रारम्भिक स्तर पर कुछ सफलताएं मिल भी जाती हैं परन्तु वे स्थायी नहीं होती। टिकाऊ कामयाबी के लिये जीवन मूल्यों को अपनाना पड़ता है और उसी के अनुसार आगे बढ़ना होता है। वैसे तो सोने की कंघी, कैंची और उस्तरे से प्रधानमंत्री के बाल काटने की हसरत पालना ही बहुत हास्यास्पद है। अव्यवहारिक भी है। ऐसी कोई इच्छा है तो उसे पाने हेतु जायज रास्ता अपनाना चाहिये।

## उल्टा पुल्टा

पूजा के समय पत्नी ने पति से पूछा।
**पत्नी**- सुनो जी आपको आरती याद है न?
**पति**- हां... वो पतली सी, वही न?
इसके बाद भगवान की बाद में , पति की 'पूजा' पहले हुई।

# बढ़ईपारा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला परिसर में तीन स्कूल होती है संचालित

## स्कूल की दशा दयनीय, भवन जर्जर कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना, जर्जर भवन में बच्चे पढ़ने मजबूर




**छात्रों को गंदा पानी पार कर जाना पड़ता है वॉशरूम, ठहराव उक्त गंदे पानी में डेंगू का है खतरा**

**नवापारा राजिम,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर के मुख्य मार्ग सदर रोड के बढ़ई पारा में स्थित शास. प्राथमिक शाला परिसर में तीन स्कूल संचालित हो रही है। जिस भवन में शास. कन्या पूर्व माध्य. शाला संचालित हो रही है वह भवन अत्यंत जर्जर स्थिति में है। कॉरिडोर, क्लासरूम, स्टाफरूम सभी के छतों का प्लास्टर टूट टूट कर गिर रहा है। कई बार दुर्घटना होते होते बची है। पूर्व में अन्यत्र लग रही कन्या शाला को आनन फानन में यहां स्थानांतरित किया गया परंतु यहां भी पर्याप्त कमरे ना होने के कारण दो जगह अध्यापन कार्य कराया जा रहा है।

**गंदे कीचड़ युक्त रास्ते से होकर शौचालय जाने छात्राएं मजबूर:** स्कूल परिसर में दो जगह शौचालय बनें है बालकों हेतु बने शौचालय उपलोग करने लायक नहीं है। टूटा फूटा तथा गंदगी से अटा पड़ा है। छात्राओं हेतु बने शौचालय जाने वाला मार्ग गंदे पानी से भरा हुआ है। साथ ही वहां का पानी टंकी भरने की व्यवस्था नहीं होने से बाल्टी आदि में पानी भरकर उपयोग करने हेतु छात्राएं बाध्य है। जबकि स्कूल परिसर से ही शौचालय आने जाने हेतु चैनल गेट लगा है परंतु उसे वर्षों से बंद रखा गया है।

**स्कूल मैदान में पानी का भराव:** मैदान में लंबे समय से पानी भरा हुआ है निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण पानी सड़ चुका है जिससे मलेरिया, डेंगू जैसी खतरनाक बीमारी से बच्चे ग्रसित हो सकते हैं।

**सुरक्षा के पर्याप्त साधन नहीं:** सुरक्षा हेतु बाउंड्री वॉल तथा गेट की स्थिति बहुत खराब है। बाउंड्रीवाल जगह जगह से टूट चुकी है। गेट भी हमेशा खुला रहता हैं जिससे असामाजिक तत्वों तथा जानवरों का डेरा स्कूल परिसर में हमेशा रहता है। कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

इस संबंध में कन्या शाला की एचएम रेखा ठाकुर से पूछा गया कि इन अव्यस्थाओं को ठीक करने हेतु उच्च अधिकारियों को अवगत कराया है तो उन्होंने किसी भी पत्राचार से इंकार किया।

मैंने अभी अभी ज्वाइन किया है। आपके माध्यम से मामला संज्ञान में आया है। स्वयं निरीक्षण कर तत्काल समाधान करवाता हूं ।

**- मुकेश मिश्रा, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, अभनपुर**

# पिकाडेली एग्रो इण्डस्ट्रीज के पक्ष में की गई जनसुनवाई को निरस्त करने ग्रामीणों ने घेरा कलेक्टोरेट



**महासमुंद,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्राम बेलटुकरी में खुल रहे एथेनाल, स्प्रीट व अन्य अल्कोहल निर्माण के लिए पिकाडेली एग्रो इण्डस्ट्रीज द्वारा खोली जा रही फैक्ट्री का विरोध शुरू हो गया है। ग्राम बेलटुकरी के करीब 8 सौ ग्रामीणों ने लोहिया चौक से कलेक्टोरेट तक रैली निकालकर प्रदर्शन किया और कलेक्टोरेट के मुख्य द्वार पर धरना देकर बैठ गए। धरना आंदोलन साढ़े 3 घंटे तक जारी रहा इस बीच ग्रामीणों के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर से मुलाकात की लेकिन कलेक्टर नियमों के तहत कार्रवाई की बात कही। जिसके कारण ग्रामीण पुन: उग्र आंदोलन की बात कर रहे है। ग्रामीणों की मांग है कि बाहरी लोगों को सामने रखकर गलत तरीके से जन सुनवाई की गई है जिसे निरस्त किया जाए। ग्रामीणों का आरोप है कि एथेनाल की आड़ में यहां शराब फैक्ट्री खोली जा रही है। इससे पर्यावरण प्रभावित होगा और आसपास के नाले प्रदूषित होंगे। रैली का नेतृत्व मुख्य रूप से जुगनू चंद्राकर, प्रवीण चंद्राकर, पुष्पेंद्र चंद्राकर, कीर्ति बघेल, टिकेश्वरी पटेल, मानिक निषाद, सोनसाय निर्मलकर, चमन, अजय डहरिया आदि कर रहे थे। पुष्पेंद्र चंद्राकर ने बताया कि जिस समय जन सुनवाई हुई जिसकी जानकारी ग्रामीणों को नही दी न तो कोई सूचना चस्पा किया गया था और न ही गांव मुनादी कराई गई थी। जब ग्रामीणों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने जनसुनवाई का विरोध किया और बाहर निकल आए किंतु प्रशासन द्वारा कुछ बाहरी लोगों को जो बेलटुकरी के नही थे उन्हें आगे रखकर जन सुनवाई पूरा कर लिया गया। वे बाहरी व्यक्ति सरायपाली क्षेत्र के थे जिन्हें फैक्ट्री मालिक द्वारा लाया गया था। जिसकी शिकायत तुमगांव थाने में की गई है। इन्ही सब बिंदुओं >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# राष्ट्रीय आईटी सेल प्रभारी विवेक शर्मा का भव्य स्वागत



**राजिम,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। शालेय शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री विवेक कुमार शर्मा के राष्ट्रीय आई टी सेल प्रभारी पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा बनने के बाद राष्ट्रीय अधिवेशन देहरादून व पुरानी पेंशन के लिए दिल्ली में हुए ऐतिहसिक आंदोलन से लौटने पर एयरपोर्ट से नवापारा फिर राजिम में मित्रगणों, पारिवारिक जनों एवम शुभचिंतकों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया इसके पहले उत्तराखंड के राजधानी देहरादून में भी विवेक शर्मा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बी पी रावत ,महासचिव विरेन्द्र दुबे, राष्ट्रीय एवम प्रदेश के अनेकानेक पदाधिकारियों एवम कर्मचारियों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। नवापारा राजिम में स्वागत करने वालो में सुनिल तिवारी, पूर्व मेजर सूबेदार गोवर्धन शर्मा, सपन शर्मा लिलेश पारख, गोविंद राज, अशोक रावलानी, राकेश जैन, मुन्ना मिश्रा, विकास लोटिया , योगेश शर्मा, दिनेश भाई तुकाराम कंसारी, दीपक >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# संसदीय सचिव की अगुवाई में निकली कांग्रेस की भरोसा यात्रा



**भरोसा यात्रा का गांवों में गर्मजोशी के साथ किया गया स्वागत**

**महासमुंद,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर की अगुवाई में शहर सहित गांवों में कांग्रेस की भरोसा यात्रा निकाली गई। भरोसा यात्रा का गांवों पहुंचने पर ग्रामीणों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीणों को भूपेश सरकार की उपलब्धियों से रूबरू कराया गया। सोमवार को गांधी जयंती के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर भरोसा यात्रा निकाली गई। संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर की अगुवाई में सर्वप्रथम शहर के मुख्य मार्ग पर भरोसा यात्रा निकाली गई। बाद इसके कांग्रेस भवन से बरोंडा चौकए बीटीआई रोड होते परसकोल, लाफिनकला, लाफिनखुर्द, चिंगरौद, बम्हनी, नांदगांव, बेलसोंडा होते खरोरा में भरोसे की यात्रा का समापन हुआ। इस दौरान आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने भूपेश सरकार की योजनाओं व उपलब्धियां गिनाईं। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ की कमान संभाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बीते पौने पांच सालों में राज्य के विकास के लिए विशेष पहल की है। चाहे बात ग्रामीण इलाकों की हो या फिर शहरों में रहने वाले लोगों की हो। हर वर्ग के विकास के लिए भूपेश सरकार ने योजनाएं बनाई है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना से मिलने वाली 9 हजार रुपए प्रति एकड़ इनपुट सब्सिडी से किसान पहले की तुलना में काफी मजबूत हुए हैं। छत्तीसगढ़ सरकार के किसान हितैषी फैसलों की वजह से खेती.किसानी में किसानों की रुचि बड़ी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में बिजली के बिल की >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान



**महासमुंद,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में स्वच्छ भारत अभियान के ततहत आज प्राचार्य डॉ एस बी कुमार के निर्देशन में महाविद्यालय में तथा समस्त छात्राओं के द्वारा संयुक्त रूप से महाविद्यालयीन प्रांगण, अध्ययन कक्ष एवं कर्मा वाटिका में स्वच्छता अभियान चला कर स्वच्छता का सन्देश दिया। इस अवसर पर डॉ सामूहिक रूप से स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य एवं प्राध्यापको के द्वारा दैनिक जीवन में स्वच्छता के महत्व पर व्याख्यान देकर छात्राओं को स्वच्छता को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने हेतु प्रेरित किया। तत्पश्चात प्राचार्य के नेतृत्व में समस्त सहायक प्राध्यापको, महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेडक्रॉस इकाई के स्वयंसेवकों सरस्वती वर्मा ;कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना, डॉ स्वेतलाना नांगल रेड क्रॉस इकाई प्रभारी, महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक गण डॉक्टर मनोज शर्मा, ओंकार साहू, अरविंद साहू, श्रीमती कविता गहिर, सुश्री प्रेरणा एकका, तेसर साहू, खगेश्वर प्रसाद, प्रेरणा कापसे, लोकनायक तारक, अश्वनी कुमार लोधी एवं अशैक्षणिक स्टाफ >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# बलौदाबाजार जैन समाज की नई कार्यकारिणी घोषित



**दिनेश जैन पुन: अध्यक्ष एवं सचिव अमित जैन बने**

**बलौदाबाजार,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। जैन समाज में नई कमेटी का गठन हुआ। जिसके अनुसार बलौदाबाजार जैन समाज की नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष दिनेश जैन, सचिव अमित जैन, उपाध्यक्ष मनोज जैन, संजय पाटनी, प्रवीण जैन, सह सचिव सुभाष जैन, प्रचार प्रसारक सुमित जैन को मनोनीत किया गया है।

दिनेश जैन का पिछले कार्यकाल को सफल देखते हुए उन्हें सकल दिगंबर जैन समाज के सभी वर्गो के पुन: आग्रह पर अध्यक्ष पद पर निरंतर बने रहने एंव अध्यक्ष पद को स्वीकार करने की अनुरोध की। जिस पर समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन ने कहा कि मेरे लिए समाज सर्वोपरि है समाज के लिए जो अच्छे से अच्छा हो सके मैं करूंगा। मंदिर निर्माण की बात पर बताया कि हमने एक निर्माण समिति भी गठित की है जिसमें अध्यक्ष के रूप में कमेटी ने दिलीप जैन को मनोनीत किया है। आशा है दिलीप जैन और हमारे जैन समाज की कमेटी मिलकर मंदिर निर्माण के कार्य को बहुत जल्द ही पूर्ण करेंगे। समाज में सचिव का पद बदला है जिसमें उन्होंने अमित जैन को सर्व सहमति से सचिव >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# सर्व मरार पटेल महासंघ छग ने राष्ट्रीय पार्टियों से छत्तीसगढ़ में विधानसभा हेतु की 5 सीटों की मांग



**संघ के प्रदेश अध्यक्ष देवचरण पटेल ने की प्रेस वार्ता**

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव ज्यों-ज्यों नजदीक आ रहा है। सभी समाज के लोग अपने उम्मीदवार खड़ा करने राजनीतिक दलों से टिकिट की मांग की जा रही है। वहीं मरार (पटेल) समाज के लोग भी पुरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में जगह जगह प्रेस वार्ता कर पांच सीटों पर टिकट देने की मांग राजनीतिक दलों से की जा रही है। इसी कड़ी में आज 3 अक्टूबर को सर्व मरार (पटेल) समाज के प्रदेश अध्यक्ष देवचरण पटेल ने अपने पदाधिकारियों सहित पत्रकार सदन कसडोल में प्रेस वार्ता की। श्री पटेल ने बताया कि छत्तीसगढ़ में हमारे समाज के 35 से 40 लाख की आबादी है, जिसमें लगभग 25 लाख मतदाता हैं। खास बात यह है कि मरार पटेल समाज के 90 प्रतिशत लोग भाजपा समर्थिथ हैं बावजूद इसके हमारे समाज से एक भी व्यक्ति को प्रदेश भाजपा संगठन में जगह नहीं दी गई है और न ही एक भी विधानसभा या लोकसभा हेतु प्रत्याशी बनाया गया है जो आश्चर्य की बात है। हमारे समाज का राजनीतिक प्रकोष्ठ का प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल एक मात्र भाजपा मंडल अध्यक्ष था उसे भी चुनाव आते ही पद से हटा दिया गया। इससे समाज के लोग काफी आहत महसूस कर रहे हैं।

श्री पटेल ने कहा कि मरार पटेल समाज को भाजपा ने आज तक प्रतिनिधित्व किसी भी चुनाव में नहीं दिया है, किन्तु अब समाज ने तय किया है कि कांग्रेस एवं भाजपा से 5-5 सीटों की मांग की जा रही है जो भी राजनीतिक दल हमारे समाज को सम्मान देगा उनके लिए काम करेंगे। जो पार्टी हमारी मांग के अनुरूप सीट नहीं देगी, उसके लिए न काम किया जावेगा और न ही उस पार्टी को वोट दिया जावेगा। हमारे समाज का नारा भी है कि बिन मरार नहीं सरकार इसे हम चरितार्थ कर दिखाएंगे। चुनाव में भागीदारी के सम्बन्ध में पूछे जाने पर कहा कि ये हमारे समाज का अंदरूनी मामला है, इसके भी हम रणनीति बना चुके हैं किन्तु अभी खुलासा नहीं कर सकते। समाज के लोग प्रदेश में अपने बाहुल्य वाले शक्ति, जांजगीर, महासमुंद, कटघोरा, अकलतरा, कवर्धा एवं पंडरिया विधानसभा से टिकट की मांग की जा रही है और इस पर हम अडीग हैं। इस आशय की जानकारी प्रदेश के दिग्गज नेताओं से मिलकर दें दी गई है। भाजपा हमें टिकट >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# समाज के हर वर्ग का भरोसा जीता है कांग्रेस ने : हितेन्द्र ठाकुर



**भाजपा हर वर्ग को सिर्फ ठगने का काम करती रही**

**बलौदाबाजार,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार के 5 साल पूरे होने वाले हैं। कांग्रेस की ओर से प्रदेश के हर विधानसभा में गांधी और शास्त्री जयंती पर कांग्रेस भरोसे यात्रा का आयोजन किया गया। जिस पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने कहा की आज छत्तीसगढ़ के हर समाज का व्यक्ति कह रहा है कि उसे कांग्रेस पर भरोसा है क्योंकि उसने जो कहा वो किया।

श्री ठाकुर ने कहा कि दूसरी ओर जब रमन सिंह के मुख्यमंत्रित्व काल के 15 बरस पूरे होने जा रहे थे तो समाज का हर वर्ग उनसे दुखी था। भाजपा का हर नेता कमीशन खोरी में डूबा हुआ था, खुद रमन सिंह भाजपा में फैले कमीशन खोरी से दुखी थे इसीलिए तो उन्हें कहना पड़ा था एक साल कमीशन खोरी छोड़ दो 3 साल तक सत्ता से कोई नहीं हटा सकता। आगे जिला अध्यक्ष ने कहा भाजपा के 15 साल में किसानों को न 2100 प्रति चिंटल का दाम मिला और ना हर साल बोनस का वादा पूरा हुआ। दूसरी ओर कांग्रेस ने आते ही कर्ज माफी का वादा पूरा किया और प्रदेश के 18 लाख किसानों के 9000 करोड़ का कर्ज माफ किया।किसानों को 2500 प्रति चिंटल देने का वादा निभाया और इस साल तो 2640 रुपए मिल रहे हैं। भाजपा की मोदी सरकार ने बोनस पर रोक लगाई तो कांग्रेस की भूपेश सरकार ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना लागू करके इनपुट सब्सिडी देना शुरू किया। आज छत्तीसगढ़ का किसान देश का सबसे खुशहाल किसान है।

इसी तरह छत्तीसगढ़ के आदिवासी देश के सबसे खुशहाल आदिवासी है। भाजपा के राज्य में आदिवासी महुआ सड़कों पर फेंकने पर मजबूर थे अब कांग्रेस सरकार महुआ 30 किलो में खरीदती है इतना ही नहीं अब 7 की जगह 67 तरह के लघु वनोपज समर्थन मूल्य पर खरीदती है। तेंदूपत्ता के संग्राहक खुश है कि 2500 की जगह 4000 प्रति मानक बोरा मिल रहा है।

भाजपा के शासनकाल में लाखों लोगों ने राशन कार्ड कटवाए गए थे कांग्रेस की सरकार ने सबके राशन कार्ड बनवाएं इसीलिए प्रदेश में 99 प्रतिशत से अधिक लोगों का राशन कार्ड बन गए हैं और हर परिवार को 35 किलो चावल हर माह मिल रहा है आदिवासी इलाकों में नमक और गुड़ भी मिलता है।

श्री ठाकुर ने कहा कि भाजपा शासन काल में 3000 स्कूल बंद किए गए थे कांग्रेस ने न केवल बंद स्कूलों को खोला बल्कि स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल योजना से 700 से अधिक स्कूल खोले पूरे प्रदेश के स्कूलों में जीर्णोधार के लिए 1100 करोड रुपए दिए गए। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम कॉलेज भी खुले और प्रदेश के चार नए मेडिकल कॉलेज भी मिले। स्वास्थ्य के नाम पर भाजपा के शासनकाल में अंखफोड़वा कांड नसबंदी कांड गर्भाशय कांड नकली दवा कांड ही था। कांग्रेस के शासनकाल में हाट बाजार क्लिनिक शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना और दाई दीदी क्लिनिक जैसी चलित अस्पताल की सुविधा मिल रही है। कांग्रेस सरकार में धनवंतरी दवा दुकान शुरू की गई जिसमें लाखों लोगों को 71: तक सस्ती दवाइयां की सुविधा मिली है। कांग्रेस की सरकार ने प्रदेश >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# कांग्रेस भरोसा यात्रा में कार्यकर्ताओं में दिखा जबरदस्त उत्साह



**बलौदाबाजार विस में 80 किमी लंबी यात्रा का रहा सफल आयोजन**

**बलौदाबाजार,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रो में राष्ट्र पिता महात्मा गांधी एवम देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्म जयंती के अवसर पर कांग्रेस भरोसा यात्रा का आयोजन किया गया। इसी क्रम में बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र के तिल्दा ब्लॉक के सोमनाथ मंदिर से भरोसा यात्रा की शुरुआत हुई जिसका अंतिम पड़ाव बलौदाबाजार शहर के नेहरू चौक में किया गया। इस यात्रा के दौरान बलौदाबाजार विधानसभा के सभी पांचो संगठन ब्लॉक के अध्यक्षो के नेतृत्व हजारो की संख्या में कार्यकर्ता तथा प्रमुख नेता गण के अलावा बलौदाबाजार विधानसभा के प्रभारी बंटी खान भी मौजूद रहे।

सोमनाथ मंदिर से प्रारंभ यात्रा में लगभग पूरे विधान सभा क्षेत्र के मुख्य सड़क से लगे सभी गांवों का भ्रमण कर अनेक जगहों पर नुक्कड़ सभा का भी आयोजन किया गया। जिसमें गांधी चौक तिल्दा, हथबन्द, नयापारा, सेम्हराडीह, रिसदा ग्राम प्रमुख रूप से रहे। इसके पश्चात बलौदाबाजार नगर के गार्डन चौक से पूरे नगर का भ्रमण कर गांधी चौक में गांधी जी की प्रतिमा का >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# नवा रायपुर प्रभावित ग्रामीणों के चेहरे पर आई मुस्कान

## मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया के हाथों आबादी पट्टा पाकर बने भूस्वामी



**आरंग,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। नवा रायपुर अटल नगर के प्रभावित ग्रामीणों परिवारों के द्वारा अपने निवास स्थल के पट्टे की मांग लम्बे समय से की जा रही थी। पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के कार्यकाल में नया रायपुर के प्रभावित परिवारों के द्वारा पट्टा प्राप्त करने के लिये धरना प्रदर्शन भी किया। किन्तु इनकी सुध लेने वाला कोई नही था और न ही इस संबंध में कोई ठोस पहल हो पाई थी। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने के बाद नया रायपुर के प्रभावित परिवारों की आश एक बार भी जगी और अपने क्षेत्रीय विधायक व प्रदेश के नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के समक्ष ग्रामीणों ने अपनी मांग रखी। जिस पर मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के अनुशंसा एवं प्रयासों से नया रायपुर अटल नगर के प्रभावित परिवारों के मांग पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए वर्ष 2022 में लेयर-1 के कुल 12 ग्रामों में राजस्व विभाग एवं नया रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण की संयुक्त टीम के द्वारा सर्वे कराकर आबादी एवं प्राधिकरण के स्वामित्व की भूमि पर निवासरत् परिवारों को मुख्यमंत्री आबादी पट्टा योजनांतर्गत बसाहट पट्टा देने का निर्णय लिया गया। जून 2022 में सूची प्रकाशन कर दावा-आपत्ति प्राप्त की गई और अंतिम सूची में कुल 3422 लोग पात्र पाये गये, जिनमें से 899 परिवारों को पूर्व में ही आबादी पट्टा प्रदान किया जा चूका है। वर्तमान में 745 परिवारों को आबादी पट्टा हेतु पात्र पाया गया। जिन्हें मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के हाथों ग्राम कोटराभाठा में सभा के माध्यम से आबादी 54 परिवारों को पट्टा का वितरण किया गया। इसी प्रकार प्राधिकरण के स्वामित्व की भूमि पर कुल 1778 परिवारों को अधिकतम 2500वर्ग फीट भूमि का आबादी पट्टा दिया जायेगा।

कोटराभाठा में आयोजित मुख्यमंत्री आबादी पट्टा वितरण कार्यक्र में मंत्री डॉ. डहरिया ने सभा को सम्बोधित करते हुवे कहा कि नया रायपुर विकास प्राधिकरण के प्रभावित परिवारों को आबादी पट्टा वितरण का यह कार्यक्रम बहुत ही प्रतिक्षित है एवं काफी लंबा इंतजार के बाद सभी बाधाओं को पार करने के बाद आज यह साकार हुआ है। मेरे अंतर मन में इस बात का सुकुन है कि आज इसका शुभारंभ हो रहा है। आबादी पट्टा मिल जाने से यहां के निवासी भू- स्वामी बन जायेंगे। आवास एवं अन्य कार्य हेतु बैंक से लोन की भी सुविधा प्राप्त हो सकेगी। इसके अलावा ग्राम का सुनियोजित ढ़ग से विकास भी होगा। इसी प्रकार नया राजधानी क्षेत्र के कृषकों की समस्या के प्रति कांग्रेस की भूपेश सरकार पूर्ण सहानुभूति रखती है और आने वाले समय में समस्याओं का यथा संभव समाधान करने का प्रयास भी किया जायेगा।

पट्टा वितरण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कोमल सिंह साहू अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी आरंग, किसान नेता रूपन चन्द्राकर, विकास टंडन जपनद सदस्य प्रतिनिधि, हृदयलाल जांगड़े जनपद सदस्य, सुजीत घिदौड़े सरपंच, जोईधाराम साहू सरपंच, संतोष डहरिया सरपंच, ओमप्रकाश यादव पूर्व नपा. अध्यक्ष मंदिरहसौद, दौलत टंडन, गिरधर पटेल, ललित यादव, भुनेश्वर यदु, कामता रात्रे, आनंदराम साहू, पंकज चंद्राकर, गोपाल यादव, मोतीलाल बंजारे, जयराम यादव, संतु भारती, छन्नू बंजारे, ठाकुर राम पटेल, गुलशन यादव, परसराम बंजारे, कौशल यादव,कमल यादव, विक्की यादव, कौशल मिश्रा, नरसिंग भारती, अजीत कोशले, विरेन्द्र हिरवानी, भगत यादव, भारत यादव, परमानंद यादव, श एस.एस. बजाज अध्यक्ष, प्रेम पटेल महाप्रबंधक, विनोद साहू तहसीलदार, विरेन्द्र नेताम तहसीलदार, श्रुति शर्मा नयाब तहसीलदार सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# सुशील शर्मा ने विकास कार्यों का भूमिपूजन किया



**भाटापारा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। मंडी अध्यक्ष और प्रदेश कॉंग्रेस प्रतिनिधि सुशील शर्मा विधान सभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्यों की सौग़ात गाँव गाँव में दे रहे है इसके तहत आज ग्राम देवरी में लगभग 13.50 हज़ार की लागत से किसान कुटीर,ग्राम मोपका में लगभग 13.50 हज़ार की लागत से किसान कुटीर,17.50 हज़ार की लागत से सीमेंट कंकरीट सड़क निर्माण,14.20 हज़ार की लागत से शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया,इस अवसर पर सुशील शर्मा ने उपस्तिथ किसानो को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की जन कल्याण कारी योजनाओ की जानकारी देकर आगामी विधान सभा चुनाव में कॉंग्रेस पार्टी को जीता कर प्रदेश में कॉंग्रेस पार्टी की सरकार बनाने की अपील की ,सभी किसानो ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कॉंग्रेस सरकार पर अपना भरोसा जताया,सुशील शर्मा के मुख्य अतिथि में और श्रीमती सरिता सत्यनारायण ठाकुर की अध्यक्षता तथा श्रीमती चित्ररेखा साहू विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थी।सोसायटी अध्यक्ष हेमलता वर्मा,सेवक साहू,संजय वर्मा,संतोष साहू,रुपराम साहू,घनस्याम बंजारे सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्तिथ थे।

कल 4 अक्तूबर को सुशील शर्मा सुबह 11 बजे ग्राम तरेंगा में लगभग 14 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले सीमेंट कंकरीट सड़क,दोपहर 12 बजे ग्राम रोहरा में लगभग 15 लाख रुपये की लागत से शेड निर्माण,दोपहर 1 बजे ग्राम ढेकूना में 14 लाख रुपये की लागत से सीमेंट कंकरीट सड़क,दोपहर 2 बजे ग्राम दामाखेड़ा में लगभग 2 लाख रुपये की लागत से साहू समाज भवन का आहता निर्माण, दोपहर 2.30 बजे ग्राम किरवाई में लगभग 5 लाख रुपये की लागत से रामायण चौक का सीमेंट कंकरीट निर्माण,शाम 3.बजे ग्राम कामता में किसान सम्मेलन,शाम 4 बजे ग्राम सीतापार में किसान कुटीर लागत 13.30 हज़ार शाम 5 बजे ग्राम धोबनी में लोकार्पण स्कूल का करेंगे।

# खण्ड चिकित्सा अधिकारी ने निविदा निरस्त किया


कुरुद सिविल अस्पताल में भंडार क्रय निविदा में नियमों की अनदेखी

**कुरुद** 3 अक्टूबर (देशबंधु)खंड चिकित्सा अधिकारी सिविल अस्पताल कुरुद द्वारा अस्पताल में भर्ती मरीजों के भोजन व्यवस्था हेतु निविदा जारी किया गया था जिसमे भंडार क्रय नियमो का उल्लंघन के संबंध में देशबंधु दैनिक समाचार में प्रमुखता से प्रकाशित किया था जिसके असर से खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा दिनांक 3 अक्टूबर को निरस्त कर दिया लेकिन निविदा निरस्त होने से अभी वर्तमान में जिस समूह द्वारा भोजन प्रदाय किया जा रहा उसको लाभ पहुँचेगा आगामी दिवसों में आदर्श आचार संहिता लागू होने को है। निविदा को निरस्त कर नवीन निविदा कब जारी किया जाएगा इस संबंध में किसी प्रकार का सूचना नहीं दिया गया है। भोजन व्यवस्था के लिऐ निविदा जारी किया जाएगा या कोटेशन प्रक्रिया अपनाया जाएगा जिसकी जानकारी खंड चिकित्सा अधिकारी को आदर्श आचार संहिता के पूर्व सूचना जारी किया जाना चाहिए।

**देशबन्धु की खबर का असर**

# साहू समाज अभनपुर के तत्वाधान में इस वर्ष भी परिक्षेत्र के मेधावी छात्रों का सम्मान



**अभनपुर,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष अभी पूज्य महात्मा गांधी जी एवं पूज्य लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्म दिवस 2 अक्टूबर के अवसर पर परिक्षेत्र साहू समाज अभनपुर के तत्वाधान में इस वर्ष भी परिक्षेत्र के मेधावी छात्रों का सम्मान कार्यक्रम साहू भवन में किया गया इस कार्यक्रम में परिक्षेत्र के संरक्षक श्री इंद्र कुमार साहू नगर पंचायत अभनपुर के अध्यक्ष कुंदन बघेल बतौर अतिथि उपस्थित थे कार्यक्रम के दौरान सत्र 2022-23 में कक्षा 12वीं के 31 छात्र का हुआ कक्षा दसवीं के 62 छात्र-छात्राओं को जो 70त्न से अधिक हासिल किए थे उनको प्रशस्ति पत्र नगद राशि लेखन सामग्री भेंट कर सम्मानित किया गया कक्षा 12वीं की कुमारी रितु साहू की राशि प्रतिशत चिरंजीव तुषार वैभव प्रतिशत एवं कुमारी अंकित साहू 82त्न तथा कक्षा दसवीं के कुमारी धरनी साहू 91त्न चिरंजीव सौम्या कुमार 90.8 प्रतिशत तथा चिरंजीवी विनीत साहू 89.8 प्रतिशत अंक लेकर क्रमश: प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष मत द्वारा भवन में लगाए गए तेवर ब्लॉक राशि ?200000 का लोकार्पण किया गया इस कार्यक्रम में का क्षेत्र अध्यक्ष भोज राम साहू उपाध्यक्ष पवन गुरु पांच हेमलता साहू सचिन टेक चंद साहू मानसिंह साहू जीवन साहू मुकेश साहू रूपनारायण साहू सुखदेव साहू तुलसीराम साहू सहित परिक्षेत्र एवं ग्राम समाज के पदाधिकारी एवं समाज गण उपस्थित रहे।

# जागेंद्र सिन्हा हुए सम्मानित



**कुरुद,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। बीते रविवार को नव कलमकार साहित्य समिति द्वारा नव कलमकार सम्मेलन सह सम्मान समारोह का कार्यक्रम रायपुर स्थित वृंदावन हॉल में रखा गया था जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से नवोदित कवियों और लेखकों ने शिरकत किया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में श्री सुशील भोले जी जो की छतीसगढ़ी के पुरोधा साहित्यकारो में से एक हैं उपस्थित रहकर कलाकारो को आशीष प्रदान किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के नए कवि भी शामिल रहे जिनमें राजू छतीसगढ़ीया गातापार, योगिता साहू चोरभट्टी, जागेंद्र सिन्हा कन्हारपूरी, नवकलमकार समिति से सम्मानित जागेंद्र सिन्हा का कहना है की इस तरह के आयोजनों से युवाओं में लिखने की ललक बढ़ती है, तथा अपने ही प्रदेश के अन्य जिलों के कवियों से मिलकर, उनके भाव, उनके भाषाशैली को जानकर अपने रचनाओं में भी सुधार करने का अवसर मिलता है, उन्होंने कार्यक्रम के संयोजन कर रहे श्री तुकाराम साहू तरुण का आभार जताते हुए कहा कि उनका कार्य बहुत ही सराहनीय है तथा साहित्य समाज के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। जागेंद्र को उनके शुभचिंतकों में कमलेश चंद्राकर, भूपेंद्र सिन्हा,युवराज सिन्हा, सोमप्रकाश सिन्हा, नोहेंद्र यादव, नागेश साहू, ढ़ालेन्द्र सेन एवम ग्रामीण जनों ने शुभकामनाएं देकर हर्ष व्यक्त किया है।

# सुबह स्कूल, रात को मयखाना

**भाटापारा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। सुबह स्कूल, शाम ढलने के बाद देर रात तक मयखाना और स्कूल के समय व स्कूल छूटने के बाद चारागाह। जी हां, यह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का भवन है, जो ऐसी ही गतिविधियों के लिए पहचान बना रहा है।

ज्यादा दूर नहीं, खंड मुख्यालय से महज 4 किलोमीटर की दूरी पर है ग्राम तरेंगा। यहां का विद्यालय भवन, मदिरा प्रेमियों के लिए बेहद सुरक्षित ठिकाना बन रहा है, मदिरा सेवन के लिए। कहने के लिए ग्राम पंचायत नामक शासकीय संस्था काम करती नजर आती है लेकिन पंचायत की नजर से दूर है, ऐसी अवांछित गतिविधियां। लिहाजा खुलकर हो रहा है यह काम।



**यह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरेंगा है...**

### इसलिए बेखौफ

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय। अहाता केवल सामने के हिस्से में ही है। शेष तीन हिस्से खुले हुए हैं। इसलिए शाम होते ही मदिरा प्रेमी आ जुटते हैं। करीब ही शराब की दुकान है। इसलिए दूसरी ज़रूरी सामग्री के लिए भटकना नहीं होता। देर रात तक यह गतिविधियां नियमित देखी जा सकती हैं।

### स्कूल छूटने के बाद यह

दूर तक फैला, शाला का खेल मैदान,स्कूल छूटने के बाद मवेशी पालकों और घूमंतु मवेशियों के हवाले होता है। यहां ही छोडे जाते हैं मवेशी। जो देर शाम मैदान छोड़ते हैं क्योंकि च्दूसरा उपभोक्ताज् पहुंचना शुरू कर चुका होता है।

### चुप है ग्राम पंचायत

तरेंगा में भी ग्राम पंचायत है। चुने हुए जनप्रतिनिधि हैं। तीन तरफ से अहाताविहीन इस स्कूल को लेकर यह भी मालूम हो कि परिसर का उपयोग रात में कौन लोग करते है ? लेकिन जैसी चुप्पी इसने साधी हुई है, शायद ही कहीं और मिसाल मिलेगी। पूछने पर उपसरपंच दशरथ आडिल का कहना था- मुझे कुछ नहीं मालूम..। ठेकेदार ही बता पाएगा।

### जिम्मेदारी स्कूल समय तक की

शेष रह जाती है शाला विकास समिति। जैसी गतिविधियां स्कूल परिसर और खेल मैदान में चल रही है उसे देखकर समिति ने कुछ कहा होगा या किया होगा ? नजर नहीं आता। याने स्कूल संचालन की अवधि तक ही अपनी जिम्मेदारी मानती है यह समिति।

# भाव भक्ति मय वातावरण में एकता परिसर/प्रयोग आश्रम परिवार द्वारा सर्वधर्म प्रार्थना सभा सम्पन्न



**कोहका-नेवरा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। आज दो अक्टुबर 2023 दिन सोमवार की प्रातऱ्छह बजे प्रयोग आश्रम प्रांगण से सात जिला के ग्रामीण मुखियाओ, पच्चास वनाधिकार और प्रबंधन कार्यशाला के प्रशिक्षार्थियों ने राष्टपिता महात्मा गाँधी जयंती के शुभ अवसर पर जय जगत पुकारे जा की गीत गाते नारा लगातें ग्रामीण विकास प्रतिष्ठान,ग्राम सासाहोली बस्ती में प्रभातफेरी की आयोजन किया तत्पश्चात साढ़े नव बजे दस बाजे तक प्रयोग आश्रम स्वराज भवन में राष्टपिता मोहनदास करमचंद गांधी जी की तस्वीर/ मूर्ती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुजा अर्चनाएं उपरांत उनके दिखाये सत्य अहिंसा और न्याय मार्ग पर चल विचारो को आत्मसाध्य करने भाव भक्ति मय वातावरण में एकता परिसर/प्रयोग आश्रम परिवार द्वारा सर्वधर्म प्रार्थणा सभा सम्पन्न हुआ

# राज्य स्तरीय कुश्ती खेल में भरत देवांगन उत्कृष्ट विद्यालय खरोरा के छात्रों ने 1 गोल्ड और 5 सिल्वर मेडल जीतकर स्कूल का नाम किया रोशन



**खरोरा,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। भरत देवांगन उत्कृष्ट विद्यालय खरोरा के छात्रों ने राज्य स्तरीय शालेय कुश्ती प्रतियोगिता जो धमतरी में आयोजित थी उसमे हमारे विद्यालय के छात्रों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन कर या साबित कर दिया कि यहां के बच्चे हर क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखते हैं, सात बच्चों का चयन राज्य स्तरीय कुस्ती खेल में धमतरी के लिया हुआ था जिसमे 6खिलाड़ी पदक विजेता रहे,19 वर्ष वर्ग रुचिका देवांगन 59 किलो में प्रथम स्थान गोल्ड मेडलिस्ट रही और नेशनल स्कूल गेम्स जो मध्यप्रदेश में होने वाली है उसमें अपना स्थान मजबूत किया, रीत श्री76,किलो ,वंदना यादव 73किलो,,खुशबू धीवर65 किलो,दामिनी धीवर69 किलो, दिव्या देवांगन57किलो,कुछ अंक से पीछे रह गए जिसके कारण उसे द्वितीय स्थान पर संतुष्ट होना पड़ा, और सिल्वर मेडल की हकदार बनी,प्रशांत देवांगन भी अच्छा खेला पर मेडल नही ला पाया चौथा स्थान मिला, प्राचार्य श्रीमती रंजनी मिंज और,उपप्राचार्य श्री हरीश देवांगन जी के कर कमलों से सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल से सम्मान किया गया,श्री हरीश देवांगन जी ने सभी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन कर नेशनल में भी पदक लाने के लिए प्रेरित किया और कहा कि

हमेशा से यहां के छात्र विद्यार्थी शिक्षा के क्षेत्र के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी अपना परचम लहराते आए है,और साथ साथ स्कूल के व्यायाम शिक्षक श्री योगेंद्र त्रिपाठी जी का भी तारीफ किए की स्कूल के बच्चों को नए नए खेल सीखा रहें है और स्टेट और नेशनल तक पहुंचा रहें है,स्कूल के सभी शिक्षकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया

# महाविद्यालय में गांधी और शास्त्री की जयंती का आयोजन




**सरायपाली,** 3 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्व.राजा वीरेन्द्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्रीकी जयंती मनाई गई। राष्ट्रीय सेवा योजना सामान्य इकाई एवं महिला इकाई के संयुक्त तत्वाधान में दोनों महापुरुषों के जयंती का आयोजन किया गया ।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डी के मांझी सहायक प्राध्यापक वाणिज्य एवं अध्यक्षता सामान्य इकाई के कार्यक्रम अधिकारी यू के बरिहा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे यू के बरिहा ने गांधीजी की एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं को उद्धहरित करते हुए कहा की आज पूरे विश्व में दोनों महापुरुषों की जयंती को हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। महात्मा गांधी जी ने विभिन्न धर्मों, संप्रदायों एवं विचारकों की विचारों को आत्मसात कर अपने व्यवहारिक जीवन में लागू किया जिसे हम गांधीवाद के नाम से जानते हैं, गांधीवाद एक ऐसा दर्शन होते हुए भी मानव जाति की एकता और अस्तित्व को बचाने के लिए कार्य करता है ।महात्मा गांधीजी ने सत्य और अहिंसा के बल पर अंग्रेजी शासन को भारत से भगाने के लिए मजबूर कर दिया ।आज पूरा विश्व महात्मा गांधी के द्वारा किए गए कार्यों को याद कर रहा है, विश्व के सभी समस्याओं का समाधान केवल अहिंसात्मक तरीकों से किया जा सकता है ?। अल्बर्ट आइंस्टीन ने कहा था यह हाड़ मांस व्यक्ति का विचार वर्तमान समय में भी प्रासंगिक है, युद्ध और संघर्ष में अहिंसात्मक तरीके से शांति की स्थापना की जा सकती है। लाल बहादुर शास्त्री जी जब भारत के प्रधानमंत्री बने, उसे समय देश में खाद्यान्न की संकट उत्पन्न हो गई थी। गेहूं को विदेशों से आयात किया गया था, उन्होंने देश के नौजवानों को एक समय उपवास रखने का आग्रह किया ।भारत के लोगों ने शास्त्री जी का साथ दिया और शास्त्री जी ने ही च्जय जवान जय किसानज् का नारा दिया। शास्त्री जी के जैसा व्यक्ति होने पर ही भारत को सशक्त और मजबूत राष्ट बनाया जा सकता है ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डी के मांझी ने कहा युवा शक्ति को संगठित होकर देश और समाज निर्माण के लिए आगे आना चाहिए, युवाओं को शक्ति का सही उपयोग करते हुए अपना योगदान देना चाहिए। भारत युवाओं का देश होने के नाते अपने शक्ति का सही सदुपयोग व्यक्तित्व निर्माण, चरित्र निर्माण एवं राष्ट हित के लिए करना चाहिए ।युवा शक्ति जागृत हो जाने पर कोई विदेशी ताकत भारत को कमजोर करने का दुस्साहस नहीं कर सकता ।अत: युवा वर्ग को राष्टीय एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए अपना संपूर्ण योगदान देना चाहिए ।राष्टीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के द्वारा महाविद्यालय परिसर एवं चरक औषधि उद्यान का सफाई अभियान चलाया गया। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डीके मांझी दलनायक सेतकुमार कोसरिया, उपनायक भूपेंद्र सिंह, शिविर संगठक राहुल चौहान, वरिष्ठ स्वयंसेवक राहुल चौहान,महिला इकाई की दलनायक पूजा बाघ, उपदलनायक शिवानी सिन्हा, अमीषा पटेल, कैम्पस एम्बेसडर सिंधु जगत, मीरा कुमार सहित बड़ी संख्या में राष्टीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सम्मिलित हुए।